भारतशास्त्र में फ्रेडेरिक श्लेगेल (Frederich Schlegel) के कार्य ने पश्चिम के बौद्धिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा, क्योंकि बाद में यह पश्चिम के आर्य उद्भव की 'पुनः खोज' के दावे तक ले गया। जर्मन परिकल्पना में भारत को रूमानी नज़रिये से देखने के कारण यूरोपीय राष्ट्रों के कल्पित स्रोत को मानवता के काव्यात्मक उषाकाल में रख देना आसान हो गया।

श्लेगेल एक ऐसे समय में रह रहे थे जब जर्मनी और फ्रांस एक-दूसरे के घोर शत्रु थे, न सिर्फ सैनिक और राजनीतिक रूप से, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी। पुनर्जागरण काल से निकले एक राष्ट्र के रूप में और यूनान तथा रोम की महान प्राचीन सभ्यताओं के उत्तराधिकारी की तरह देखे जाने के कारण फ्रांस को बढ़त हासिल थी। स्पेन और पुर्तगाल की अपनी ही गौरवमयी पहचान अमरीका को अपना उपनिवेश बनाने वाले राष्ट्रों के रूप में थी। ब्रिटेन के पास भारत, उसके मुकुट में एक रत्न की तरह, और उसके आस-पास निर्मित एक समृद्ध साम्राज्य था। लेकिन जर्मनी के पास ऐसा कुछ भी नहीं था। बल्कि जर्मनीवासियों को फ्रांसीसी तथा अन्य पाठ्य पुस्तकों में एक बर्बर जनजाति के रूप में वर्णित किया गया था जिन्होंने प्रचण्ड आक्रमण कर महान रोमन सभ्यता को नष्ट कर दिया था।

नस्ली श्रेणियों के सिद्धान्त को विकसित करने में श्लेगेल ने एक अग्रणी भूमिका निभायी थी, आन्तरिक (यूरोपियनों के बीच) और बाहरी (गैर-यूरोपियनों के सन्दर्भ में)

दोनों रूपों में। वे भारतीय धर्मों पर विलियम जोन्स के लेखन से अवगत थे। जोन्स ने सारी मानवता के नस्ली वर्गीकरण का प्रस्ताव किया था, लेकिन यह दावा नहीं किया था कि इण्डो-यूरोपियन परिवार का उद्‌भव भारत में हुआ था।[10] शुरुआती दौर में भारत के साथ रूमानी गलबहियाँ कर लेने के बाद, श्लेगेल ने भारतीय आध्यात्मिकता को अस्वीकार किया, जिसे उनके ईसाई सिद्धान्तों में, सर्वेश्वरवाद का नाम दिया गया।

हालाँकि उन्होंने नस्ल पर जोन्स के विशिष्ट विचारों को अस्वीकृत कर दिया, श्लेगेल ने भारतीय जातीय अस्मिता से सम्बन्धित कुछ मान्यताओं को चुन भी लिया, जो 1802 से पेरिस में संस्कृत के उनके अध्ययन के साथ जा मिलीं।[11] भारत के प्रति उनकी रूमानियत जब भारतीय धर्मों की कटुतापूर्ण अस्वीकृति में बदल गयी तो उसके बाद, श्लेगेल का भारत अध्ययन, मुख्य रूप से जर्मनी के अतीत और सामन्तवाद के उद्‌भव में उनकी रुचि द्वारा संचालित रहा। उन पर सवार भारतशास्त्र का भूत अब यह प्रदर्शित करने का एक वाहन बन गया कि जर्मन संस्कृति और उसके समाजों के ढाँचे प्राचीन यूनान की तुलना में, जिसके साथ फ्रांसीसी संस्कृति और गणतन्त्रवाद गर्व से जुड़े हुए थे, अधिक न्यायसंगत और परिष्कृत थे। भारतशास्त्र ने श्लेगेल को यह दावा करने योग्य बनाया कि जर्मन संस्कृति और सामन्ती सामाजिक ढाँचे प्राचीन भारत में शुरू हुए, और इसने उन्हें एक प्रतिष्ठित प्राचीनता से मण्डित करके पुनर्जागरण-आधारित फ्रांसीसी श्रेष्ठता का प्रतिवाद करने के योग्य बनाया।

श्लेगेल की भारत सम्बन्धी मनगढ़ंत धारणाओं के आधार पर जर्मन अतीत की कल्पना

भारत के धर्मों को अस्वीकर करने और ईसाई कैथोलिक सम्प्रदाय में शामिल होने के बाद भी, श्लेगेल का भारत सम्बन्धी अध्ययन जर्मनी के बारे में उनकी नये गढ़े मिथक में जर्मन राष्ट्रवाद, मध्ययुगीनवाद, और कैथोलिकवाद को मिलाकर शामिल करने का एक महत्वपूर्ण रास्ता बना रहा।

भारत अब धार्मिक प्रेरणा का स्रोत नहीं रहा, लेकिन उसने जर्मनीवासियों और उनके मध्यकालीन सामन्तवाद को एक आदरणीय ऐतिहासिक पूर्वज प्रदान किया। जर्मन स्वच्छन्दतावाद ने भारत के प्रभाव की जो परिकल्पना गढ़ी थी, उसके पुराने संस्करण में भारत की आधारभूत प्राचीनता और 'सभ्यता के पालने' के रूप में इसकी भूमिका से जुड़ा हर्डर का विश्वास भी शामिल था। जहाँ एक ओर भारत के सन्दर्भ में पहले वाला मिथक सौन्दर्यपरक और धार्मिक था, वहीं नया मिथक जर्मन राजनीतिक श्रेष्ठता के अहंकार द्वारा संचालित था। दोनों का प्रमुख उद्देश्य यूरोपीय संस्कृति के यूनानी उद्‌भव का एक विकल्प खोजना था। एक ओर जहाँ भारत का रूमानी मिथक नव-पुरातनवाद[12] के विरुद्ध था, वहीं दूसरी ओर नया मिथक फ्रांसीसी संस्कृति की प्रतिस्पर्द्धा में जर्मन संस्कृति के स्तर को ऊँचा उठाने के लिए बनाया गया था। नया

मिथक फ्रांस और यूनानी-रोमन प्राचीनता के साथ जुड़े राजनीतिक संरचनाओं के भी विरुद्ध था।

श्लेगेल का पहला मिथक जर्मन महानता के स्रोत के रूप में भारत की ऐतिहासिक भूमिका पर निर्मित था। उन्होंने दावा किया कि आधुनिक जर्मनी के पूर्वज भारत से आये थे। उन्होंने भारत का वर्णन यूरोप के उत्तर की सुदूर और बसने में कठिन भूमि की तुलना में 'धरती के सर्वाधिक खुशहाल और उर्वर भूमि' के रूप में की। उन्होंने विख्यात उत्तरी पहाड़ों के प्रति भारतीय श्रद्धा को देखा और निष्कर्ष निकाला कि पवित्र हृदय वाले लोगों के नेतृत्व में इस स्थानान्तरण और प्रवास का उद्देश्य सिर्फ भौतिक नहीं हो सकता।[13] उत्तर की ओर जाते समय रास्ते में दूसरे बहुत-से कबीले उनसे अनुमानतः आ मिले होंगे, जिसके परिणामस्वरूप उत्तरी यूरोपियनों में जातीय विविधता पैदा हुई।

भारतीय प्रवास की दूसरी लहर पश्चिम की ओर गयी और उन्होंने यूनान और रोम की सभ्यताओं की स्थापना की। वे विधर्मी सम्प्रदाय थे जो प्रकृति की पूजा करते थे और अनुमान है कि उन्हें भयंकर धार्मिक संघर्षों के कारण भारत की धरती छोड़नी पड़ी थी।[14] श्लेगेल के लिए प्राचीन जर्मनीवासियों को एक अति सभ्य राष्ट्र के रूप में देखना महत्वपूर्ण था, प्राचीन यूनानियों और रोमवासियों से श्रेष्ठ। तभी जर्मनों के भारतीय मूल के होने का उनका मिथक उनकी सेवा कर सकता था। जहाँ एक ओर अधिकांश इतिहासकारों ने प्राचीन जर्मनों को प्राचीन यूनानी-रोमन सभ्यता को विध्वंस करने वाले बर्बरों के रूप में देखा, वहीं श्लेगेल के मिथक ने प्रस्तावित किया कि जर्मन जनजाति वास्तव में 'भद्र जंगली' थे जो यूरोप के जंगलों में प्राकृतिक भोलेपन की स्थिति में रहते हुए पतनशील रोमनों से अपनी स्वतन्त्रता का बचाव कर रहे थे। उनके पूर्वजों के चरित्र में जो भद्रता थी वह उनके भारतीय आर्य मूल से आयी। नेपोलियन-युगीन फ्रांस के अन्यायों का मुकाबला करने के श्लेगेल के राष्ट्रवादी आह्वान में इसने अच्छी भूमिका निभायी।

Fig 3.2: श्लेगेल के संशोधित सिद्धान्त के अनुसार सभ्यताओं की उत्पत्ति

यूरोप में 'आर्य' एक नस्ल बनी

संस्कृत साहित्य में हालाँकि 'आर्य' शब्द पहले से ही उपलब्ध था, उसे मैक्स मूलर ने ही सबसे पहले एक भाषा परिवार और उसे बोलने वाले लोगों के लिए एक नाम के रूप में इस्तेमाल किया। आर्य जाति की अवधारणा जल्द ही स्वयं अपना जीवन जीने लगी और बीसवीं शताब्दी के नाजीवाद के लिए आधार बन गयी। मैक्स मूलर ने यह प्रस्ताव अवश्य किया कि भाषाशास्त्रीय और जातिशास्त्रीय अध्ययनों को एक-दूसरे से दोस्ताना ढंग से अलग कर दिया जाये, लेकिन यह विचार तब आया जब उनके अध्ययनों ने नस्ल सम्बन्धी विज्ञान में घुसपैठ कर ली थी; उसके बाद भी उन्होंने स्वयं को इसके अभिप्रायों से आंशिक रूप से ही अलग रखा, जिनके बीज सबसे पहले उन्होंने ही बोये थे। नस्लवाद (और अन्ततः नाजीवाद) के लिए आधार तैयार करने में प्रख्यात विद्वानों ने लगभग एक शताब्दी से ज्यादा समय से भूमिका निभायी थी जो भारतशास्त्र और/या दक्षिण एशियाई अध्ययनों के इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जिसमें अब 'आर्य' की जगह बड़े पैमाने पर 'भारोपीय' शब्द इस्तेमाल होने लगा है। जो भी हो, जैसा कि हम छठे अध्याय में देखेंगे, आर्य परिकल्पना के साथ-

साथ इसके विपरीत द्रविड़ परिकल्पना का विचार गहरी जड़ें जमाये हुए है और यही इस पुस्तक का केन्द्र बिन्दु है।

लेकिन जहाँ एक ओर जर्मनवासियों ने आर्य पहचान को अपने राष्ट्रवादी सार तत्व के रूप में अपनाया और इसे अन्तिम सीमा तक खींचा, वहीं अंग्रेज़ों का, इस तथ्य के आलोक में कि उन्होंने भारतीयों पर शासन किया, इसके साथ एक भिन्न सम्बन्ध था। अंग्रेज़ों के लिए आर्य एक परिवार था या सगोत्रीय समूहों का एक संगठन, जिसका उपयोग परिवारों के मिलन या प्रेम सम्बन्धों की तरह भारतीयों पर ब्रिटिश शासन को वैध ठहराने के लिए किया जा सकता था, जिसमें परिवार के श्रेष्ठ सदस्य (यहाँ अंग्रेज़) परिवार के अन्य सदस्यों (यहाँ भारतीयों) की मदद कर रहे थे। अंग्रेज़ों के दृष्टिकोण में ऐसा कोई समय नहीं रहा जब इसे समान लोगों के एक परिवार की तरह देखा गया।

एक शताब्दी से कम समय में, भाषाशास्त्र नस्लवाद के एक स्रोत में बदल गया। भारत में 18वीं सदी के उत्तर काल में रह रहे अंग्रेज़ न्यायविद, सर एच.एस. मेन, ने इसे इस प्रकार स्पष्ट किया :

> भाषा के नये सिद्धान्त ने निश्चित रूप से नस्ल के एक नये सिद्धान्त को जन्म दिया है ... अगर आप उन आधारों की जाँच-पड़ताल करेंगे जिनका प्रस्ताव यूरोप में संस्कृत के अध्ययन से निकले नये ज्ञान के उदय से पहले साझी राष्ट्रीयता के लिए किया गया था तो आप उन्हें आज की दलीलों और यहाँ तक कि इस उपमहाद्वीप के एक हिस्से में बड़े जोर-शोर से दिये जा रहे तर्कों से बिल्कुल अलग पायेंगे।[15]

अर्नेस्ट रेनान और आर्य ईसा मसीह[16]

अर्नेस्ट रेनान ने अपनी शुरुआत हीब्रू विद्वान के रूप में की थी, एक ऐसे समय में जब हीब्रू प्रचलन से बाहर हो गयी थी और भारोपीय अध्ययन का बोलबाला था। जब एक बार वे सामी भाषाओं के आधिकारिक विशेषज्ञ के रूप में स्थापित हो गये, तब उन्होंने अपने ज्ञान को दोनों सभ्यताओं की तुलना, उनकी अपनी-अपनी भाषाओं के माध्यम से करने के लिए एक शक्तिशाली हथियार में बदल दिया। उन्होंने कहा कि सामी भाषाएँ कठोर एकेश्वरवाद को अभिव्यक्त करती हैं, क्योंकि काल (tense) और क्रियापद की अवस्था बतलाने वाले रूप (mood) के साथ उनके क्रियापद संयुग्मित होने में सक्षम नहीं थी। वे बहुलता निर्मित करने में असमर्थ थे; इसलिए सामी समुदाय ने कभी विविधता या बहुलता की कल्पना नहीं की, और वे प्रकृति के विविध स्वरूपों को अभिव्यक्ति देने में अक्षम रहे। दूसरे शब्दों में, रेनान के अनुसार, सामी लोगों की सरल भाषा ने उनके तर्कसंगत निष्कर्षों, पराभौतिक और रचनात्मक बौद्धिक गतिविधि को सीमित कर दिया था। इसके विपरीत, आर्यों ने अपने उन्नत व्याकरण और वाक्य विन्यास के सहारे प्रकृति में अन्तर्निहित गतिशीलता और

बहुलता को समझा। मैक्स मूलर को उद्धृत करते हुए रेनान ने आर्य देवताओं के नामों के माध्यम से प्रस्तुत प्राकृतिक घटनाक्रम की बहुलता की ओर इंगित किया। प्रत्येक शब्द के मूल में 'छिपे हैं एक देवता'। सामी और भारोपीय लोगों के बीच आश्चर्यजनक अन्तर न सिर्फ भाषा में, बल्कि धर्म में भी है : आर्य धर्म 'प्रकृति की एक प्रतिध्वनि' बनकर उभरा है और इसलिए सामी एकेश्वरवाद के विपरीत अनेक विशिष्ट देवताओं की पूजा होती है।

रेनान ने परिकल्पना पेश की कि आर्य अपनी पुरा कथाओं के कारण और देवताओं की बहुलता के कारण अधिक रचनात्मक थे, और यह रचनात्मकता उनके लिए लाभदायी बन गयी, क्योंकि इसने उन्हें बाद में पराभौतिक शास्त्र और विज्ञान की खोज करने की स्थिति तक पहुँचाया। सामी एकेश्वरवाद, जो शुरू में एक बड़ा संसाधन था, इस तरह 'मानव विकास में एक अवरोध' में बदल गया। सामी जाति के प्रारम्भिक वैभव ने अन्ततः इसके विरुद्ध काम किया। जहाँ एक ओर वे एक अद्वितीय, अकेले और निर्दोष ईश्वरत्व को सबसे पहले जानने-मानने वालों में थे, उनकी नियति प्रारम्भिक बाल्यावस्था में ही कैद हो गयी। उनके 'स्वभाव कम उपजाऊ थे जो एक सुखी बचपन के बाद सिर्फ एक औसत पौरुषता ही हासिल कर पाये'। उनकी भाषाओं की तरह उनका धर्म भी एकरस था और इसलिए गतिहीन था जिसने उन्हें मानव विकास की बाल्यावस्था से बाँधे रखा। इस तरह सामी लोगों को मानवता की प्रारम्भिक सेवा का श्रेय जाता है, लेकिन वे अन्ततः निश्चित तौर पर सभी सभ्यताओं के भारोपीय 'आधार' से कम परिष्कृत रहे।[17]

दूसरे शब्दों में, सभ्यता में प्रारम्भिक सामी योगदान को आर्य योगदान ने दबा दिया। यहाँ तक की सामी एकेश्वरवाद को एक आर्य दर्पण में प्रतिबिम्बित देखा जा सकता है। इस तरह सामी लोगों को आर्य इतिहास में शामिल कर लिया गया। रेनान ने ईसा मसीह को यहूदी धर्म से अलग कर दिया और उन्हें 'आर्य' ईसा मसीह बना दिया जिसकी परिकल्पना उन्होंने इस प्रकार की :

- आर्यों ने अपनी यात्रा बहुदेववाद से प्रारम्भ की लेकिन बाद में वे ईसाई एकेश्वरवाद में परिवर्तित हो गये।
- आर्य/ईसाई आकस्मिक भेंट की उपज के रूप में ईसाइयत ने उन विविध रूपी आर्य जनों की मनोवृत्तियों और आन्तरिक विशेषताओं को आत्मसात किया जिनका उसने धर्मान्तरण कराया था। रेनान ने लिखा कि नयी ईसाइयत 'पूरी तरह सामी भावनाओं की सीमाओं को लाँघ गयी'।
- रेनान ने सोचा कि ईसाइयत इसी कारण यहूदी धर्म से अलग हो गयी, और इस तरह यहूदी धर्म और इस्लाम की तुलना में ईसाइयत की 'सामी शुद्धता कम हो गयी', और (एक आदि पुरुष) अब्राहम से निकले तीनों पन्थों की तुलना में यह 'सबसे कम एकेश्वरवादी' रह गया।

कॉलेज दि फ्रांस (College de France) में अपने उद्घाटन भाषण में रेनान ने कहा, 'ईसाइयत की विजय तब तक सुरक्षित नहीं है जब तक यह अपने यहूदी खोखे से पूरी तरह बाहर नहीं निकलती और फिर उस स्थिति को प्राप्त नहीं कर लेती जैसा कि इसकी स्थापना करने वाले की उदात्त चेतना में था, यानी ऐसी संरचना जो सामी भावना के संकीर्ण बन्धनों से मुक्त हो।' उन्होंने यह भी लिखा : 'प्रारम्भ में मूलत: यहूदी भावना से ओत-प्रोत ईसाइयत ने समय बीतने के साथ स्वयं को उस सबसे मुक्त कर लिया जो उसने यहूदी प्रजाति से लिया था, इस हद तक कि जो ईसाइयत को अति उत्तम आर्य धर्म मानते हैं वे कई पहलुओं से सही हैं'। उन्होंने अनुभव किया कि वास्तव में ईसाइयत ने यहूदी धर्म का खण्डन किया : 'ईसाइयत ने यहूदी धर्म से अलग हटकर दूर होते हुए स्वयं को परिष्कृत किया और यह सुनिश्चित किया कि भारोपीय जाति की तेजस्विता इसके दायरे के भीतर विजयी हो'।[18]

विभिन्न सभ्यताओं के विकास पर रेनान के दृष्टिकोण को चित्र 3.3 में दर्शाया गया है।

Fig. 3.3 रेनान के तहत विभिन्न सभ्यताओं का विकास

सामी
- भाषा विज्ञान की दृष्टि से सरल और सीमित
- अपने प्रयासों और योग्यता के बिना सरल एकेश्वरवाद को परमेश्वर के उपहार के रूप में स्वीकार करने के लिए उपयुक्त
- बाल्यावस्था में ठहरा हुआ

→ **इनके उत्तराधिकारी मुसलमान हुए**

आर्य
- भाषा वैज्ञानिक रूप से जटिल, काल में गतिशील और भौगोलिक रूप से विविध
- आश्चर्यजनक रचनात्मकता; बहुदेववाद में खोया हुआ
- अमूर्त, पारभौतिक और तर्कात्मक → विज्ञान

→ **भारोपीय**

ईसाइयत (सामी + आर्य)
- जीसस 'आर्यीकृत क्राइस्ट' हैं और ईसाइयत यहूदी धर्म से अलग चला जाता है
- आर्य एकेश्वरवादी हो जाते हैं
- ईसाइकृत यूरो-आर्य विजयी होते हैं

(ईसाइयत + भारोपीय) → पिक्टल की अतिरिक्त अवधारणा : यूरो-आर्यों ने अपने 'भाइयों' पर औपनिवेशिक कब्जा किया ताकि उन्हें 'धार्मिक प्रकाश और विश्वव्यापी प्रगति' का उपहार दिया जा सके

इस प्रकार रेनान का मानव इतिहास सभ्यता की प्रगति का इतिहास है जिसमें आर्य और सामी, दो धाराएँ शामिल हैं। वंशावली सम्बन्धी इस आर्य-सामी नाटक के

लिए, रेनान और उनके समकालीन ईसाई विजय की खोज कर रहे थे जिसमें आर्य भाषायी और सांस्कृतिक पूर्वज थे, और सामी एकेश्वरवाद के शिशु-सरीखे संस्थापक।

ईसाइयत को उसकी वंशानुगत सामी त्रुटियों से मुक्त करके उसका आर्यकरण करना आवश्यक हो गया था, ताकि प्रगति की जा सके। और इस क्रम में आगे चलकर ईसा मसीह को सम्मानित करना सम्भव हो सका जबकि इस बात को अनदेखा कर दिया गया कि वे जन्म से यहूदी थे। इस तरह रेनान ने भाषाशास्त्र का उपयोग ईसाइयत को वैज्ञानिक आधार देने के लिए किया, अन्धविश्वास को खारिज करते हुए और इसे 'ज्ञानोदय' के साथ जोड़ते हुए।

फ्रेडरिक मैक्स मूलर

> जहाँ हम वेद में आर्य मानस के बाल्यकाल का अध्ययन कर सकते हैं, काण्ट के 'क्रिटीक' (Critique) में आर्य मानस की निर्दोष प्रौढ़ता का अध्ययन कर सकते हैं। —मैक्स मूलर[19]

मैक्स मूलर (1823-1900) रूमानी आन्दोलन और सभ्यता के स्रोत तक पहुँचने की उसकी चाह के वंशज थे। उन्होंने भी भाषाविज्ञान और धार्मिक शोध में प्रभावी योगदान किया था। रेनान की तरह उनके लेखन का विशाल भण्डार व्यापक रूप से पाठकों तक पहुँचा। चालीस वर्षों से अधिक समय तक दोनों विद्वानों ने आर्य और सामी खानेबन्दियों का इस्तेमाल करते हुए नस्ल की परिकल्पना पर काम किया।[20] लेकिन दोनों में काफी मतभेद भी रहे। मैक्स मूलर इस बात पर अड़े रहे कि ऐसी कोई एक संस्कृति नहीं थी जो एकेश्वरवाद के साथ अकेले उभरकर सामने आयी, यह तो मानवों की साझी सम्पदा थी, और यह भी कि भाषावैज्ञानिक ढाँचों ने इसे विविध धर्मों में ढाला जिनमें एकेश्वरवादी और बहुदेववादी स्वरूप शामिल थे।

मैक्स मूलर भारतीय सभ्यता का उपयोग ईसाइयत के विकास में बहुदेववाद को शामिल करने के लिए नहीं करना चाहते थे, जैसी रेनान की इच्छा थी। न ही उन्होंने पिक्टेट की तरह (इस पर आगे चर्चा है) दूसरा रास्ता अपनाते हुए आर्यों को एकेश्वरवादी दिखाने का प्रयत्न किया। इसके बदले उन्होंने विभिन्न धार्मिक विचारों को स्पष्ट करने के लिए भाषाशास्त्रीय भिन्नताओं पर बल दिया। सभी चीजों में देवत्व को प्रकट करने के लिए मूलर धर्मों का एक विज्ञान चाहते थे। वे चाहते थे कि तुलनात्मक तरीकों का उपयोग, जो उस समय अध्ययन का नया विभाग था, अन्य प्रकृति-विज्ञानों की तरह किया जाये और विविधता वाले इस संसार में जो कुछ प्रकट है, उसे रेखांकित करने वाली एकेश्वरता को उजागर करने का प्रयत्न किया जाये। यह दैवी व्यवस्था काल के प्रारम्भ में प्रकृति में ही अंकित थी, और अब यह तुलनात्मक भाषाशास्त्र और पौराणिक अध्ययनों का काम है कि वे इसके स्रोत पौराणिक ग्रन्थों और धर्मों में ढूँढ निकालें, जिनमें नि:सन्देह ईसाइयत की एक अनोखी जगह है।[21]

प्राचीन भारतीय ग्रन्थों में गहन रुचि रखने के साथ-साथ मैक्स मूलर औपनिवेशिक शासकों और ईसाइयत के प्रचारकों के लिए एक अधिकारी की तरह भी काम करते रहे। उनकी यह मनोदशा ओर्गोइल के ड्यूक को लिखे उनके एक पत्र में प्रतिबिम्बित होती है, जो ब्रिटेन में भारत के लिए विदेश मन्त्री थे। मूलर ने 16 दिसम्बर 1868 को लिखा : 'भारत का प्राचीन धर्म पूरी तरह ध्वस्त हो गया है और अगर ईसाइयत ऐसे समय में वहाँ प्रवेश नहीं करती तो यह किसकी गलती होगी?' अपनी पत्नी को 1868 में लिखे एक पत्र में मूलर ने यह भी लिखा : 'मैं उम्मीद करता हूँ कि मैं उस कार्य को सम्पन्न करूँगा और आश्वस्त हूँ कि मैं वह दिन देखने के लिए जीवित नहीं रहूँगा, फिर भी मेरा यह संस्करण और वेदों का अनुवाद आज के बाद भारत के भविष्य और इस देश में लाखों मनुष्यों के विकास को बहुत सीमा तक प्रभावित करेगा'। उसी पत्र में उन्होंने आगे कहा : '[वेद] उनके धर्म का मूल है और वह मूल क्या है इसे उन्हें दिखाने के लिए मैं आश्वस्त हूँ, सिर्फ एक रास्ता है कि पिछले तीन हज़ार वर्षों के अन्तर्गत जो कुछ भी इससे निकला है उसे उखाड़ दिया जाये'।[22] दूसरे शब्दों में, उन्होंने समकालीन भारतीय सभ्यता को, विशेषकर इसके अनेक देवताओं को प्राचीन वैभव के एक भ्रष्ट रूप में देखा।

एडोल्फ पिक्टेट

स्विस भाषाविद् एडोल्फ पिक्टेट (Adolphe Pictet) (1799-1875) एक अन्य बहुभाषाविद थे जो ईसाई यूरोप में आर्य विरासत की प्रशंसा करने के प्रति संकल्पबद्ध थे। वे यूरोपीय आर्य मूल और उसकी श्रेष्ठता की अवधारणा के प्रति पूरी तरह सर्मिपत थे। उनके अनुसार एक कृपा-प्राप्त नस्ल के रूप में 'जन्मजात सौन्दर्य' और 'बुद्धिमत्ता के उपहार' से धन्य और समृद्ध होकर विश्व विजयी बनना आर्यों के भाग्य में था। इस बात पर विशेष बल देने, यहाँ तक कि इससे अभिभूत हो जाने, का सम्बन्ध इस अवधारणा से था कि आर्यों की मानक धार्मिक मनोवृत्ति एकेश्वरवादी थी, जो उनमें पूरी तरह तब फलीभूत हुई जब ईसाई शासनकाल आया। उन्होंने आगे और तर्क दिया कि भारतीयों में मूलत: एकेश्वरवाद की समझ थी, लेकिन वह एकेश्वरवाद अल्पविकसित था और बाद में बहुदेववाद में बदल गया। पिक्टेट ने निष्कर्ष निकाला कि आर्य मानस की उचित धार्मिक अनुकूलता एकेश्वरवादी थी, और इस अवधारणा ने ईसाई यूरोपीय आर्यों को भारतीय आर्यों को, जो एकेश्वरवाद से नीचे गिर गये थे, अपने उपनिवेश में लाने का एक औचित्य प्रदान किया।

उनका उद्देश्य, जैसा कि रेनान और मूलर का था, भाषाशास्त्र के माध्यम से यूरोपियनों तक 'विश्व की सर्वाधिक शक्तिशाली नस्ल की जन्मस्थली, जो वही नस्ल थी जिसके हम वंशज हैं'[23] की अवधारणा और इसकी विवेचना को पहुँचाना था। उन्होंने आर्यों की विवेचना करनी चाही ताकि वे अधिकाधिक एकेश्वरवादी लगें, यह दावा करते हुए कि 'काव्यात्मक बहुदेववाद' के होने के बाद भी उनके पास एक

'आदिम एकेश्वरवाद' भी था। संस्कृत पर भाषावैज्ञानिक विश्लेषण लागू करते हुए उन्होंने दावा किया कि प्राचीन भारतीयों में आदिम एकेश्वरवाद था जिसमें जीवन्तता की कमी थी, इसीलिए वे 'प्राकृतिक परिघटनाओं की बहुलता को समझने-समझाने के एक तरीके के तौर पर' बहुदेववाद में जा गिरे। एकेश्वरवाद के उस बीज को पुनर्जीवित करने में ईसाइयत को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए जिसे सबसे पहले आर्यों ने बोया था।

पिक्टेट के अनुसार, भारोपीय विरासत में अनेकता में एकता अन्र्तनिहित थी : शुरू ही से आर्यों की बोलियों में विविधता थी, और भारोपीय लोगों में प्रागैतिहासिक राजनीतिक एकता थी। वे महसूस करते थे कि इतिहासकार का काम ईश्वर द्वारा दुनिया की हर नस्ल को सौंपी गयी भूमिका को उजागर करना है। रेनान की तरह, उन्होंने अनुभव किया कि हीब्रू और आर्यों के अपने-अपने गुण हैं।[24] स्वतन्त्रता और मुक्ति से अपने प्रेम के कारण (जो सामी लोगों के गुणों के विपरीत गुण था) पहले आर्य बहुदेववाद में रास्ता खो बैठे थे, लेकिन बाद में उन्होंने प्रकृति के भौतिक जगत पर महारत हासिल कर ली, और वे पूरे विश्वास के साथ ईसाई एकेश्वरवाद की ओर बड़े। ईसाइयत सभी धाराओं का सर्वोत्तम संयोजन है, और इसलिए मानव के भविष्य के रूप में यह मनोनीत है। ईसाइयों की नियति पूरी पृथ्वी पर शासन करने के लिए निर्धारित है।

इस प्रक्रिया में, भारत के लोग जो 'प्रारम्भिक आर्यों' की सन्तानें थीं, और जो मूल मातृभूमि का प्रतिनिधित्व करते थे, अब आधुनिक सभ्यता के 'लाभकारी प्रभावों' को हासिल करने के लिए यूरो-आर्यों द्वारा उपनिवेशित हो गये थे। यूरो-आर्य तो भारो-आर्यों के भाई हैं, और उनके लिए वे 'धार्मिक प्रकाश तथा समान प्रगति' ला रहे हैं। पिक्टेट यूरोप द्वारा भारत को उपनिवेश बनाने का महिमामण्डन करते हैं, यह टिप्पणी करते हुए कि 'यह आश्चर्य की बात नहीं, और इससे भी बड़ी बात यह देखना है कि यूरोप के आर्यों को चार-पाँच हज़ार वर्ष के बिलगाव के बाद अपने अनजान भारतीय भाइयों तक पहुँचने का वापसी का रास्ता मिला, भले ही मार्ग घुमावदार था, ताकि वे उन पर अधिकार करके उनके बीच उच्चतर सभ्यता के तत्व लायें और उनके बीच साझे मूल के प्राचीन प्रमाण की खोज करें?'[25] इसलिए भारत को उपनिवेश बनाना नैतिक है, क्योंकि ऐसा ही नियति-निर्धारित है। सभ्यता का विस्तार ईसाई उपनिवेशन के माध्यम से ही किया जाना है।

रूडोल्फ फ्रेडरिक ग्राऊ (Grau)

आर.एफ. ग्राऊ (1835-93) के साथ ही बल लगभग पूरी तरह बदल गया। एक समेकित बाइबल परम्परा को प्रस्तुत किया जाने लगा जो ईसाइयत की सामी विरासत को समुचित तौर पर स्वीकार करती है ताकि ईसाई खेमे में असहमति को घटाया जा

सके। ऐसा करके, उन्होंने तर्क दिया कि गैर-ईसाइयों, विशेषकर भारतीयों को धर्मान्तरित करने का कार्य बहुत आसान हो जायेगा।

ग्राऊ जर्मन मन्त्री थे और लूथेरन पक्षधर जो आर्यों की (जिनको उन्होंने इण्डो-जर्मन कहा) भरपूर प्रशंसा का प्रतिरोध करना चाहते थे, क्योंकि आर्यों का पक्ष लेने में ईसा मसीह को भुला देने का ख़तरा था। इसलिए उन्होंने ईश्वर और उसके द्वारा चुने गये नये लोगों (ईसाई श्रद्धालुओं) के बीच एकमात्र सम्पर्क-सूत्र के रूप में सामी लोगों को महत्व दिया। चर्च के सामी आधार से इण्डो-जर्मन समुदाय को अलग करने से आधुनिक विश्व का सन्तुलन ख़तरे में पड़ सकता था। उनके समय के अनेक यूरोपीय लोगों की तरह उन्होंने भी सामी एकेश्वरवाद अपना लिया था, लेकिन उसे यहूदियों से अलग कर दिया था, जिनसे वे घृणा करते थे। सबसे अच्छी रणनीति थी सामी लोगों के एकेश्वरवाद को ईसाई सन्दर्भ में इण्डो-जर्मन (आर्यों की) गतिशीलता से मिलाना।

ग्राऊ ने घोषित किया : 'सामी आत्मा और इण्डो-जर्मन प्रकृति का मिलन स्वर्ग में ही तय हो गया है'।[26] अलग-अलग रूपों में, दोनों में से किसी में भी वह रीढ़ नहीं थी जो ऐसा माना जाता था कि ईसाइयत ने उन्हें दी थी, लेकिन इस मिलन की कृपा से वे दुनिया पर शासन करने के लिए नियति द्वारा निर्धारित हैं। कला और विज्ञान में साकार हुई असाधारण इण्डो-जर्मन गतिशीलता ने ईसाई चर्च में ही सार्थकता हासिल की। ईसाइयत के बिना वे बर्बरता में डूब जाते। इस बिन्दु को दर्शाने के लिए उन्होंने व्याख्या की कि भारत में बहुत अधिक रचनात्मकता थी पर वह अनियन्त्रित थी और 'सामी दिलचस्पी' की ईसाइयत ही उसको अराजकता से बचा सकती थी। सांस्कृतिक समझदारी के किसी भी प्रयास के केन्द्र में सलीब को ही दृढ़ता से गाड़ना पड़ा। ग्राऊ की अनेक पुस्तकें अंग्रेज़ी में अनूदित हुईं और मिशनरियों द्वारा उनका उपयोग ईसाई प्रतीकों में वैदिक चिन्तन का समावेश करने के प्रयासों में किया गया ताकि उसे हिन्दुओं और भारत के अन्य धार्मिक लोगों का धर्मान्तरण करने के लिए लागू किया जाये।

गोबिनो और नस्ल विज्ञान

फ्रांसीसी राजदूत, दार्शनिक, इतिहासकार और उपन्यासकार जोजेफ आर्थर कॉमटे डी गोबिनो (Comte de Gobineau, 1816-82) ने दावा किया कि भारत पर आक्रमण करने के बाद यूरोपीय आर्य अपेक्षाकृत काले मूल निवासियों के साथ घुल-मिलकर दूषित हो गये थे। गोबिनो के लिए भारत का महत्व उनके अपने नस्लवादी सिद्धान्तों की पुष्टि करने के लिए एक नमूने का अध्ययन मात्र था।

सन 1853 में, उसी साल जब कार्ल मार्क्स ने व्याख्या की थी कि विदेशी आक्रमणों से अलग भारत का अपना कोई इतिहास नहीं है, गोबिनो ने अपने नस्लवादी सिद्धान्तों को चार खण्डों में पुस्तकाकार प्रकाशित करना शुरू किया

जिसका नाम था— एसे ऑन द इनइक्वॉलिटी ऑफ ह्यूमन रेसेज। उनकी इस कृति का अनुवाद कई यूरोपीय भाषाओं में हुआ, और बाद में यह नस्ल विज्ञान को सामग्री मुहैया कराने वाला मुख्य स्रोत बन गया। गोबिनो के सिद्धान्तों में भारत ने नमूने की भूमिका निभायी, क्योंकि वे आर्यों के आक्रमणों को वर्ण-व्यवस्था की व्याख्या करने के लिए उद्धृत कर सकते थे। वे उन लोगों में से थे जिन्होंने भारतशास्त्र सम्बन्धी साहित्य को अच्छी तरह पढ़ा था। उन्होंने नस्लों के भाषावैज्ञानिक वर्गीकरण को अस्वीकार कर दिया और उसके बदले में बल देकर कहा कि विश्व की सभी सभ्यताएँ गोरी नस्ल से निकली हैं, लेकिन उत्तरी यूरोप को छोड़कर सभी भौगोलिक क्षेत्र अन्तर-विवाहों के कारण पतित हो गये।[27]

गोबिनो ने बाइबल के ढाँचे के अन्दर रहकर कार्य किया, इस मान्यता से प्रारम्भ करते हुए कि 'हमारी गोरी नस्ल के जनक आदम थे' ('Adam soit l'auteur de notre espèce blanche')। उन्होंने 'गोरी श्रेणी, और उस श्रेणी में, आर्य परिवार की श्रेष्ठता' के बारे में लिखा। उनकी परिकल्पना के अनुसार तीन नस्लें थीं—श्वेत, पीत, और श्याम। उन्होंने श्वेतों को सबसे ऊपर रखा, क्योंकि उनमें संस्कृति को रचने और फैलाने की क्षमता थी। लेकिन, निम्नतर नस्लों के निवास क्षेत्रों में सांस्कृतिक विस्तार अन्तर-प्रजनन का कारक बना और इस तरह इसने श्रेष्ठ मान ली गयी नस्ल की शुद्धता में गिरावट ला दी।

अपनी परिकल्पना को सत्य प्रमाणित करने के लिए गोबिनो ने भारत का उदाहरण एक आधार के रूप में दिया। हॉबफास ने गोबिनो के सिद्धान्त को संक्षेप में इस तरह लिखा : 'आर्यों ने, जो 'गोरी नस्ल' की सर्वोच्च सम्भावना का प्रतिनिधित्व करते थे, भारतीय उपमहाद्वीप पर आक्रमण किया और मूल निवासियों के साथ घुलनामिलना शुरू कर दिया। इसके ख़तरों को भाँपते हुए, आर्य विधान बनाने वालों ने आत्म-संरक्षण के साधन के रूप में वर्ण-व्यवस्था को लागू किया। यही कारण है कि विश्व की अन्य सभ्यताओं की तुलना में भारत में अवैध सन्तानोत्पत्ति और पतन की प्रक्रियाएँ बहुत धीमी रही हैं'।[28]

दूसरे शब्दों में, शुद्ध गोरों ने निम्नतर लोगों के साथ अपनी ऊँची नस्ल के घुलने-मिलने की प्रक्रिया को धीमा करने के लिए वर्ण-व्यवस्था बनायी थी। गोबिनो ने व्याख्या की कि भारतीय ब्राह्मण इसी अन्तर-मिश्रण के कारण पतित आर्य थे। फिर भी उन्होंने तर्क दिया कि वर्ण-विलगाव न होने की स्थिति में यह पतन और ख़राब होता। गोबिनो ने भारत का उदाहरण फ्रांस की क्रान्ति के पीछे मौजूद धारणाओं, और साथ-ही-साथ मार्क्सवादी वर्ग-संघर्ष के उभरते विरुद्ध के विरुद्ध तर्क देने के लिए प्रस्तुत किया था।

विल्हेम हॉबफास ने बताया कि किस तरह मनगढ़ंत आर्य परिकल्पना इस तरह समय के साथ सरकती गयी :

गोबिनो के जीवनकाल में, यूरोपीय भाषाओं और परम्पराओं के एशियाइ मूल के पुराने सिद्धान्त, और पूर्व से पश्चिम की ओर सांस्कृतिक प्रवाह के सिद्धान्त ने पश्चिम से पूर्व की ओर प्रवाह के आदिम सिद्धान्त के बारे में अटकलों को अधिक-से-अधिक स्थान देना शुरू किया जिनमें था यूरोप, विशेषकर उत्तरी यूरोप, से आर्यों का प्रवास। यह सिद्धान्त यहाँ तक बढ़ाया गया कि इसमें उत्तरी ध्रुव से भारत की ओर प्रवास की परिकल्पना थी। इन अटकलों के अनुसार, यूरोपीय या उत्तर के आक्रमणकारियों ने अपनी श्रेष्ठ संस्कृति भारत को दी और फिर स्थानीय निवासियों के साथ घुल-मिलकर अपनी श्रेष्ठता खो दी और ऐसे वातावरण में नष्ट हो गये जो उनके लिए अनुकूल नहीं था। सन 1903 में ई.डी. मिशेलिस ने इस दृष्टिकोण का सारांश इस कथन से किया कि एशिया, और विशेषकर भारत, 'पालना' नहीं, बल्कि 'आर्यों की कब्र' था।[29]

आर्य सिद्धान्तकार और सुजनन विज्ञान

गोबिनो का नस्ल सिद्धान्त कोई अकेली परिघटना नहीं था। सन 1870 के दशक में, ऑक्सफोर्ड के व्याख्याता जॉन रस्किन ने सेसिल रोड्स जैसे अपने शिष्यों में इस अवधारणा को स्थापित कर दिया कि यूरोपीय 'सर्वोत्तम उत्तरी रक्त' के थे और उन्हें विश्व पर शासन करना चाहिए। रोड्स ने आगे चल कर अफ्रीका से लूटी गयी अपनी प्रचुर सम्पदा का उपयोग अपनी विख्यात रोड्स छात्रवृत्ति को धन देने में किया, जिसका प्रारम्भिक उद्देश्य सिर्फ गोरे युवजनों को प्रोत्साहित करना था। ऐसी नस्लवादी अवधारणाएँ सुजनन विज्ञान की लहरों पर सवार थीं जो उपनिवेशवादी यूरोप के आरामदेह कक्षों और राजधानियों में उठ रही थीं। उन्नीसवीं शताब्दी में शैक्षणिक क्षेत्रों में सुजनन विज्ञान जैसे सिद्धान्तों की बाढ़ आ गयी थी।

'सुजनन विज्ञान' या यूजेनिक्स पारिभाषिक शब्द का प्रयोग पहली बार फ्रांसिस गॉल्टन द्वारा 1883 में किया गया, जो रिश्ते में चार्ल्स डार्विन के भाई थे। डार्विन ने लिखा था कि 'मानव की सभ्य नस्लें निश्चित रूप से विश्व भर की असभ्य नस्लों को लगभग पूरी तरह समाप्त कर देंगी या बदल देंगी'।[30] सुजनन विज्ञान 'निकृष्ट नस्लों' में जन्म रोककर चुनिन्दा प्रजनन और 'श्रेष्ठ' प्रजातियों में जन्म को बढ़ावा देने की तरफ़ इशारा करता है ताकि मानव जाति की गुणवत्ता बढ़ायी जा सके। कोई नस्ल कितनी 'सभ्य' है इसे नापने के लिए गॉल्टन ने अंग्रेज़ी उच्च-वर्ग के आधार का उपयोग किया। किसी भी नस्ल का 'जंगलीपन' इस आधार पर तय किया गया कि वह ऊपर दिये गये मानदण्ड से कितना अलग है।

यह योजना सुजनन विज्ञान के एक सिद्धान्तकार जॉर्जेज वाशर डी लापॉज (1854-1936) द्वारा मानव-जातियों के वर्गीकरण के लिए एक अधिक 'वैज्ञानिक' वर्गीकरण-सिद्धान्त में बदल दी गयी। सन 1899 में, डी लापॉज ने 'आर्य और उसकी सामाजिक भूमिका' नामक अपनी पुस्तक प्रकाशित की। उनके अनुक्रम ने 'आर्य गोरी नस्ल' को

मानवों में सबसे ऊपर रखा। बाद में वे नाजी नस्लवादी अवधारणा के प्रमुख प्रेरणा स्रोतों में से एक बने। हार्वर्ड के प्राध्यापक विलियम जेड. रिप्ले ने 1899 में छपी अपनी पुस्तक, द रेसेज ऑफ यूरोप, में डी लापॉज के वर्गीकरण का उपयोग किया जिसका अमरीका में गोरे श्रेष्ठतावादियों पर भारी प्रभाव पड़ा था। मैडम ब्लावत्सकी ने, जो थियोसॉफिकल सोसाइटी की करिश्माई संस्थापक और उस समय के पश्चिम की अग्रणी रहस्यवेत्ता थीं, जिस आर्य सिद्धान्त का प्रतिपादन किया, उसका विस्तार सम्पूर्ण जर्मनी और ऑस्ट्रिया में हुआ।[31]

चेम्बरलेन : आर्य-ईसाई नस्लवाद

हूस्टन स्टीवर्ट चेम्बरलेन (1855-1927) एक ब्रिटिश लेखक थे जिन्होंने दर्शनशास्त्र, इतिहास और संस्कृति पर पुस्तकें लिखीं। वे गोबिनो की अवधारणाओं को इस प्रयास में और आगे ले गये कि उन सिद्धान्तों को अधिक 'वैज्ञानिक' और दार्शनिक आधार दिया जा सके। ऐसा करने के क्रम में नाजी नेतृत्व पर उनका आधिकारिक प्रभाव पड़ा। द फाउण्डेशन्स ऑफ द नाइन्टीन्थ सेन्चुरी (1899) उनका एक बड़ा काम था। हालाँकि वे अंग्रेज़ थे, चेम्बरलेन ने यह पुस्तक जर्मन में लिखी ताकि वे अपनी आर्य-ट्यूटॉनिक (Aryan-Teutonic) विरासत[32] पर बल दे सकें। यह पुस्तक यूरोप में तत्काल सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तक बन गयी, और 1942 तक आते-आते इसके अट्ठाईस संस्करण छप गये। प्रोटेस्टेंट उदारवादी धर्मशास्त्रीय पत्रिका डाइ क्रिस्टलिश वेल्ट ने इस पुस्तक का वर्णन एक ऐसी पुस्तक के रूप में किया जिसके लिए 'हमारे ईसाई जगत को बहुत धन्यवाद देना होगा'।[33]

द फाउण्डेशन्स ऑफ द नाइनटीन्थ सेन्चुरी ने भारत के वर्णों यानी जात-पाँत को नस्ल से जोड़ दिया, और ट्यूटॉनिक विरासत को आर्य नस्लों में सर्वाधिक विकसित के रूप में सामने रखा :

> .....आर्य जहाँ भी गये, वहाँ के स्वामी बन गये। यूनानी, लैटिन, केल्ट, ट्यूटॉन, स्लाव—ये सभी आर्य थे : जिन देशों पर उन्होंने विजय पाई उनके मूल निवासियों का शायद ही कोई अवशेष रह गया। भारत में भी ऐसा ही हुआ, यह रंग ही था जिसने विजेता गोरे आर्यों को हारे हुए अश्वेतों, दस्युओं, से अलग किया और इस तरह वर्ण का आधार तैयार किया। यह आर्य परिवार की ट्यूटॉनिक शाखा ही है जो कि सर्वप्रमुख है, और उन्नीसवीं शताब्दी की कथा ट्यूटॉन शाखा के विजय की ही कथा है।[34]

चेम्बरलेन ने भारत को एक ऐसे राष्ट्र के उदाहरण के रूप में देखा जहाँ आर्यों की 'शक्ति का मूल' सड़ गया था।[35] उनके लिए भारत के आध्यात्मिक जगत में भी ऐसा ही हुआ। ब्राह्मण की परिकल्पना इतनी 'उदात्त हो गयी कि ऐसा कुछ नहीं बचा जिससे नये जीवन की रचना हो सके'।[36] बौद्ध धर्म ने 'बुढ़ापे की मारी ऐसी संस्कृति की जीर्ण-शीर्ण अवस्था का प्रतिनिधित्व किया जो पहले से ही अपनी सम्भावनाओं

की सीमा तक पहुँच चुकी थी'।[37] आध्यात्मिक और नस्ली तौर पर पूरी तरह थक चुकी शक्ति के रूप में पूर्व की ऐसी तस्वीर के विरुद्ध, द फाउण्डेशन्स ने ईसा मसीह को 'एक नये दिन के जन्म, सलीब चिह्न की छाया में एक नयी सभ्यता के उषा काल, पुराने विश्व के अवशेषों पर खड़ी की गयी एक सभ्यता के रूप में किया जिसके लिए हमें बहुत समय तक काम करना ही चाहिए, उस आने वाले समय से पहले तक जब यह उनके नाम से जानने योग्य हो जाये'।[38] चेम्बरलेन ईसा मसीह वाले अध्याय का प्रारम्भ महाभारत से उद्धरण देते हुए करते हैं, इस तरह मानो प्राचीन भारतीय पवित्र साहित्य किसी-न-किसी रूप में ईसाइयत के आगमन की आशा रखता था।[39] यह युक्ति बाद में भारत में ईसाइयत के प्रचार के लिए पसन्दीदा हथियार बन गयी जिसका प्रयोग मिशनरी विद्वज्जनों द्वारा किया गया।

चेम्बरलेन ने ईसाइयत को एक अखिल-यूरोपीय और मूलत: ट्यूटॉनिक घटना के रूप में देखा। उन्होंने उदारवाद के खिलाफ, जिसे यहूदी षडयन्त्र के रूप में देखा गया था, एक रोक के तौर पर रोमन कैथोलिक ईसाइयत की प्रशंसा की। उन्होंने जर्मन राष्ट्रीय चर्च के सैद्धान्तिक आधार के लिए लूथारनिज्म (Lutheranism) की ओर देखा। यहूदी धर्म को अस्वीकृत करने के लिए उन्होंने संत पॉल की प्रशंसा की।[40] लेकिन गोबिनो के विपरीत चेम्बरलेन आर्य मिथक के सिलसिले में बाइबल के आधार की सीमाओं से अवगत थे, और उन्हें पूर्वाभास भी था कि एक दिन ऐतिहासिक आर्य नस्ल की अवधारणा पूरी तरह अस्वीकृत की जा सकती है। फिर भी उन्होंने अनुभव किया कि ऐसी अवधारणा यूरोप के लिए महत्वपूर्ण थी, और उन्होंने लिखा :

> हालाँकि यह प्रमाणित हो भी जाय कि अतीत में कभी आर्य जाति नहीं रही, फिर भी हम आकांक्षा रखते हैं कि भविष्य में वह होगी। यही कर्मशील आदमियों के लिए निर्णायक दृष्टिकोण है।[41]

आर्यों के वर्णन में चैम्बरलेन ने 'वैज्ञानिक', 'दार्शनिक' और ईसाई तत्वों का समावेश किया। उन्होंने विस्तार से बताया कि स्वयं को एक अखिल-यूरोपीय घटना की तरह प्रस्तुत करके, जिसने जर्मनों की नस्ली श्रेष्ठता का समर्थन किया, ईसाइयत को क्या लाभ मिलेगा। ऐसे दृष्टिकोण ने गोबिनो के खुल्लम-खुल्ला घोर आर्य नस्लवाद को सम्पूर्ण यूरोप के प्रभावी हलकों में स्वीकार्य बना दिया। मानवशास्त्री केनेथ ए.आर. केनेडी ने निष्कर्ष निकाला :

> गोबिनो और चेम्बरलेन दोनों ने आर्य परिकल्पना को, जिसकी बहुत सहज और तुच्छ-सी शुरुआत अट्ठारहवीं सदी के अन्त में जोन्स के भाषाशास्त्रीय शोध से हुई थी, ऐडॉल्फ हिटलर के जर्मन साम्राज्य के राजनीतिक और नस्लवादी सिद्धान्तों में रूपान्तरित कर दिया।[42]

नाजी जर्मनी ने चेम्बरलेन को मरणोपरान्त सम्मान दिया कि उन्होंने 'थर्ड राइख (यानी जर्मन साम्राज्य) की अवधारणा की परिकल्पना' कर ली थी।[43]

नाजी और उनके बाद

ऐसे सिद्धान्त पूरी उन्नीसवीं शताब्दी और बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ तक लगातार और विकसित होते रहे, और 1900 के आस-पास हाशिये पर चलने वाले राजनीतिक और बौद्धिक आन्दोलनों पर उनका बहुत प्रभाव रहा। सभ्यताओं और नस्लों के इतिहास की रचना करने के लिए उन्होंने भारतशास्त्र से चुनिन्दा तौर पर जानकारियाँ लीं कुछ इस तरह कि वे यूरोपीय श्रेष्ठता से मेल खायें।

इस सबने हिटलर को प्रभावित किया। जी लैन्ज-लिबेनफेल्स (1874-1954) ने ओस्टारा नामक एक पत्रिका शुरू की जिसमें उन्होंने काली-चमड़ी वाले चाण्डाल (उनके लेखन में tschandlas का प्रयोग हुआ है) और सुनहरे बालों वाले आर्यों के बारे में अपना नस्लवादी सिद्धान्त विकसित किया। सन 1908 में पत्रिका के दो अंक मनुस्मृति और प्राचीन 'इण्डो-आर्य' समुदाय में नस्ली विकास पर केन्द्रित थे।[44] हिटलर इस पत्रिका का नियमित पाठक था। ऐसी अनेक सामग्री हिटलर के तीसरे साम्राज्य के लिए आधारभूत पाठ्यसामग्री की तरह उपयोग में आयी। हॉबफास ने व्याख्या की, "भारत को बीच में लाया गया है ताकि अद्वितीय हेकड़ी वाले और विनाशकारी विचारों और कार्यक्रमों में स्पष्टता लायी जा सके और उन्हें उचित ठहराया जा सके"।[45]

जब नस्लवादी विचार जर्मनी से फासीवादी इटली में आये, तो वे वहाँ और उलझ गये। केट कोहेन ने फासीवादी इटली में यहूदियों की स्थिति पर इस प्रकार लिखा :

> आर्य शब्द जब फासीवादी इटली पर लागू किया गया तो उसने उतना ही बेतुका अर्थ ग्रहण कर लिया था : साँवले दक्षिणी कैथोलिक आर्य थे जबकि सुनहरे बालों और नीली आँखों वाले मिलानवासी यहूदी आर्य नहीं थे... फासीवादी शब्दों ने निश्चित रूप से हास्यास्पद स्थितियों को अन्तिम छोर तक धकेला : कोई भी आर्य हो सकता था, चाहे जैविक रूप से उसका ऐसा होना असम्भव ही जान पड़े। मिश्रित विवाहों से पैदा हुए बच्चे जिनका बचपन में ही बप्तिस्मा किया गया था, आधिकारिक तौर पर आर्य हो गये ... लेकिन आर्य बनने की कोशिश करना और इस आधार पर भेद करने का अपना मूल्य था... एक इतालवी आर्य का विचार, जो पहले से ही हास्यास्पद था, आर्य बनाये जाने की सम्भावनाओं के कारण और अधिक बेतुका हो गया। किसी को मात्र यही प्रमाणित करना रह गया था कि उसके पिता यहूदी नहीं, बल्कि आर्य थे और लोगों ने ऐसा यह दावा करते हुए किया कि उनका जन्म उनकी माता के व्यभिचार के परिणामस्वरूप हुआ था।[46]

इटली के एक प्राध्यापक गिऊलियो कॉग्नी ने नाजी आर्य विचारों को इटली में लाने में अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। हालाँकि बाद में वह मुसोलिनी (Mussolini) के कृपापात्र नहीं रह गये थे, इस फासीवादी तानाशाह के विचारों को

एक स्वरूप देने में वह काफी प्रभावी रहे। उन्होंने यहूदियों के बारे में कैथोलिक धर्मशास्त्रियों के रुख को जर्मन नाजीवादियों से मिलाया। जैसा कि इतिहासकार ऐरॉन जिलेट बताते हैं :

> कॉग्नी ने दावा किया कि 'अगर एक यहूदी ने ईसा मसीह से प्रेम किया ... वह सिर्फ़ इसी तथ्य के आधार पर यहूदी धर्म से बाहर हो जायेगा; उसका रूपान्तरण हो जायेगा, उसकी रगों में आर्य रक्त का बहना प्रारम्भ हो जायेगा'। यहूदी के बारे में यह धारणा मूल रूप से कैथोलिक चर्च की थी ...[47]

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद हिटलर और जनसंहार के प्रति घृणा ने नस्ल विज्ञान और सुजनन विज्ञान को यूरोपीय मुख्यधारा से समाप्त कर दिया, और आर्य नस्ल की अवधारणा को हटाने के लिए विशेष प्रयास किये गये, सिर्फ शैक्षणिक शब्दभण्डार से ही नहीं बल्कि यूरोप के जनमानस से भी।

भारतीय सभ्यता पर दोषारोपण

इस तथ्य के बाद भी कि वह यूरोपीय विद्वता ही थी जिसने भारतीय परम्पराओं को गलत ढंग से आत्मसात और विकृत करते हुए यूरोपीय राजनीतिक पहचान को लाभ पहुँचाने के लिए उनका दुरुपयोग किया, अभी तक कुछ यूरोपीय विद्वानों की प्रवृत्ति यह आरोप लगाने की है कि यूरोपीय नस्लवाद और नाजीवाद भारत की देहरी से ही आया है। कोलम्बिया विश्वविद्यालय के प्राध्यापक शेल्डन पॉलक इसी विचार को बढ़ावा देते हैं। पॉलक के अनुसार, मीमांसा स्कूल द्वारा प्रस्तुत 'उच्च ब्राह्मणवाद' ने 'उपनिवेश बनने से पहले की भारतीय विचारधारा' में योगदान किया, और नाजीवाद ने इसे अपने 'घर'-जर्मनी-में लागू करने का प्रयत्न किया।[48] पॉलक तर्क देते हैं कि यही वह कारण है जिसने अन्ततः 'जनसंहार को वैध ठहराने' तक पहुँचा दिया।[49] जो भी हो, सत्य बिलकुल अलग है। इतिहासकार राउल हिलबर्ग ने अपने तीन खण्डों में प्रकाशित मौलिक ग्रन्थ, 'यूरोपीय यहूदियों का विनाश' (The Destruction of the European Jews) में जो पेश किया था वह इतिहासकार विलियम निकोल्स (William Nicholls) के अनुसार :

> 'मध्य काल में चर्च के धार्मिक कानूनों और नाजियों के उत्तरकालीन कदमों के बीच तुलना के लिए एक अनूठी तालिका है जो असन्दिग्ध रूप से यह दिखाती है कि नाजी मौलिक नहीं थे, बल्कि उन्होंने जानी-मानी नजीर पर अमल किया'।[50]

[2010 में पॉलक (Pollock) को भारत सरकार ने पद्मश्री सम्मान दिया था।]

विल्हेल्म हॉबफास ने पॉलक के शोध ग्रन्थ का उपयोग दूरगामी प्रभाव वाली अटकलों को गढ़ने के लिए किया :

> क्या इस अन्र्तनिहित ढाँचे की पहचान 'घोर नाजीवाद' या 'गहन मीमांसा' के रूप में करने की उतनी ही छूट नहीं ली जा सकती? और हमें कुमारिल और

जोन्स को 'घोर नाजी' और एडॉल्फ हिटलर को 'गहन मीमांसक' कहने से कौन रोकेगा?[51]

हम पश्चिमी भारतविदों द्वारा 'आर्यों के आक्रमण' आदि का हवाला देते हुए भारतीय सन्दर्भ में अब भी आर्य अवधारणा का उपयोग करते रहने के अभिप्रायों को देख सकते हैं। जैसा कि अगले अध्यायों में दिखाया जायेगा। यूरोपीय नस्लवादी परिकल्पनाएँ कितनी आसानी से भारत में प्रवेश कर गयी हैं, जहाँ गोरी चमड़ी वाले 'आर्यों' और काली चमड़ी वाले 'द्रविड़ों' के सन्दर्भ में इसे पुनर्परिभाषित किया गया है। इस तरह के भेदों को सबसे पहले उपनिवेश काल में प्रोत्साहित किया गया, लेकिन भारत के विभिन्न अध्ययनों में ये आज भी मजबूती से पैर जमाने हुए हैं।

4
साम्राज्यवादी बाइबल प्रचार भारतीय मानव जाति विज्ञान का स्वरूप निर्धारण

इस अध्याय में चर्चा होगी कि किस तरह बाइबल की कहानियों को उपनिवेशित समुदायों पर ऐतिहासिक तथ्यों के रूप में थोपा गया और उनका उपयोग उपनिवेशवादी प्रभुत्व को उचित ठहराने के लिए किया गया। बाद के अध्याय यह दिखायेंगे कि किस तरह एक झूठा इतिहास भारत पर सांस्कृतिक और धर्मशास्त्रीय प्रभुत्व अब भी थोप रहा है। चित्र 4.1 इस विकासक्रम को दिखाता है। इसके प्रमुख घटक निम्न प्रकार हैं :

मूसा का मानव जाति विज्ञान

यूरोपीय विद्वानों और शोधकर्ताओं ने एशियाई और अफ्रीकी समाजों की व्याख्या नूह के जल-प्रलय, हैम के अभिशाप, और बेबल की मीनार से सम्बन्धित बाइबल के मिथकों के माध्यम से की। इसके परिणामस्वरूप जो हुआ उसे ट्राऊटमैन (Trautmann) ने 'मूसा का मानव जाति विज्ञान' कहा, जो फिर विभिन्न प्रकार के उपनिवेशित लोगों के इतिहासों और उनकी संस्कृतियों की व्याख्या करने का पैमाना बन गया। इससे मतभेद रखने वाले स्वर भी बने रहे, लेकिन उनको अनदेखा कर दिया गया या दबा दिया गया।

हैम का मिथक और अफ्रीकी उपनिवेश निर्माता

अफ्रीका ने यूरोप के सशस्त्र अभियानों के साथ-साथ दास-व्यापार के सिलसिले में किये गये धावों को भी भुगता जिसके तहत बड़ी तादाद में कैदी बनाये गये अफ्रीकी लोगों को दूरस्थ स्थानों में भेजा गया था। दासता की संस्था यूरोपीय और अमरीकी अर्थव्यवस्थाओं का एक प्रमुख घटक बन गयी। बाइबल के हैमी मिथक का उपयोग, जिसमें नूह द्वारा हैम की सन्तानों को अनन्त दासता का अभिशाप दिया गया था, यूरोपियनों ने अश्वेतों के चमड़े के रंग की व्याख्या करने और दासता की संस्था को उचित ठहराने के लिए एक स्थापित सत्य के रूप में किया। इस हैमी मिथक को आर्य आक्रमण के सिद्धान्तों से मिला दिया गया, और फिर यह भारत में जातीय विविधता के लिए प्रमुख व्याख्या बन गया। परिशिष्ट 'ग' इस वृत्तान्त में हैमी मिथक की केन्द्रीयता का रेखांकन करता है जो हाल के अफ्रीकी नरसंहारों का कारण बना।

बेबल का मिथक और भारतविद

अट्ठारहवीं शती के उत्तर के अग्रणी भारतविद, सर विलियम जोन्स, ने बाइबल की कहानी बेबल की मीनार के माध्यम से संस्कृत और यूरोपीय भाषाओं के बीच के सम्बन्ध की व्याख्या की। हिन्दू पुराणों और धर्मग्रन्थों को 'ईसाई सत्य' के भ्रष्ट रूप में वर्गीकृत किया गया, और भारत के मूल निवासियों का वर्णन हैम की सन्तानों के रूप में किया गया जो नूह के जल-प्लावन के बाद भारत गये थे। बाइबल का यह मिथक बाद में भारतीय समाज की नस्लवादी घिसी-पिटी कहानियाँ गढ़ने और नस्लवादी व्याख्याएँ करने का साँचा या मूल आधार बन गया। इसने भारत में अंग्रेज़ी राज को भी भारतीयों को जिन्होंने 'बाइबल के मौलिक सत्य' को भ्रष्ट कर दिया था, बचाने और सभ्य बनाने वाले एक मिशन के रूप में उचित ठहराया।

Fig 4.1 बाइबल के मिथकों द्वारा उपनिवेशवादी नृजाती विज्ञान का गठन होना

संस्थागत तन्त्र

शैक्षणिक संस्थानों में से अनेक, जो आज भारतीय संस्कृति का अध्ययन कर रहे हैं, उपनिवेश काल में खड़े किये गये थे। बाइबल आधारित मानव जाति विज्ञान की प्रमुख स्थापनाओं में से कई आज भी अस्तित्व में बनी हुई हैं और इससे सम्बन्धित अध्ययनों में आज भी प्रभावी हैं।

बाइबल का प्रजाति सिद्धान्त और हैम मिथक

बाइबल के अनुसार, प्राचीन काल में एक महाजलप्रलय हुआ था जिसके बाद नूह की सन्तानों ने धरती को फिर से आबाद किया। नूह के तीन पुत्र थे हैम, शेम और जाफेथ। एक बार नूह की नग्नता पर हैम हँस पड़ा, जिससे अपमानित महसूस करके उन्होंने हैम की सन्तानों को अभिशाप दे दिया कि वे हमेशा के लिए अन्य दो पुत्रों की सन्तानों के दासत्व में जीवन व्यतीत करेंगे।[1] नूह की तीन सन्तानों द्वारा विश्व को किस तरह आबाद किया गया उसके बारे में बाइबल के इस वर्णन को यूरोप में वास्तविक इतिहास के रूप में स्वीकार किया गया।

जब यूरोप के औपनिवेशकों ने विश्व के विभिन्न भागों पर कब्जा किया तब उनके मिशनरियों और व्यापारियों का सामना अपरिचित गैर-पश्चिमी संस्कृतियों से हुआ। शीघ्र ही यूरोपीय कहानियाँ गढ़ी गयीं ताकि अन्य संस्कृतियों की सम्पूर्ण जनसंख्या को नूह के तीन पुत्रों में से किसी एक की सन्तानों के रूप में बाइबल के ढाँचे में रखा जा सके। परस्पर विरोधी यूरोपीय बुद्धिजीवियों के बीच इसको लेकर बहुत विवाद हुआ कि प्रत्येक गैर-यूरोपीय समुदाय किस तरह से इस ढाँचे में आयेगा, क्योंकि तब उस समुदाय के स्थान का निर्धारण बाइबल के अनुक्रम के अनुरूप हो जायेगा। मूल निवासियों द्वारा वर्णित वृत्तान्तों को 'मिथक' और 'अंधविश्वास' कहकर अस्वीकृत कर दिया गया। यूरोपीयों ने माना कि यह उनका नैतिक अधिकार है, और वास्तव में दायित्व भी कि वे सभी संस्कृतियों का 'सही इतिहास' लिखें। ऐसे अधिकांश वर्णनों में काली चमड़ी वाले लोगों की पहचान हैम की सन्तानों के रूप में की गयी। और किसी भी संस्कृति को, जिसे हैमी कहा गया, बर्बर, असभ्य, अनैतिक, और समय-समय पर चालाकी से बुद्धिमान बताते हुए वर्गीकृत कर दिया गया और इसलिए उन्हें दासत्व के लायक बताया गया।

बाइबल के एक इतिहासकार, स्टीफन आर. हेन्स इसकी व्याख्या करते हैं कि लोगों के चरित्र को उनकी चमड़ी के रंग से जोड़ने की इस प्रवृत्ति—विशेषकर ईसाइयत स्वीकार करने की उनकी क्षमता—को शुरू से ही ईसाइयत में संस्थागत बना दिया गया था :

> दो सहस्त्राब्दियों से अधिक समय से बाइबल के पाठकों ने हैम और उनकी सन्तानों पर हर बात के लिए दोष मढ़ा है—दासता के अस्तित्व से लेकर बँधुआ प्रथा, यौन दुराचार और विकृति, जादू-मन्त्र, ज्योतिष, मूर्ति पूजा, जादूटोना और बुतपरस्ती तक। उन्होंने हैम की सन्तानों को अत्याचार, चोरी, विधर्मी गतिविधियों, ईश-निन्दा, विद्रोह, युद्ध और यहाँ तक कि देवहत्या से जोड़ दिया है।[2]

प्रोटेस्टेंट अभियान के संस्थापक मार्टिन लूथर, इसके बावजूद कि वे कट्टर यहूदी विरोधी थे,[3] स्पष्ट रूप से विश्वास करते थे कि हैम और उनकी सन्तानें 'शैतानी और

कटु घृणा' के चंगुल में थीं। बाइबल ने, इस तरह से, शरीर की विशेषताओं को नैतिक पतन के आधार के रूप में प्रयुक्त करने और दासत्व को उचित ठहराने के लिए धर्मशास्त्रीय आधार उपलब्ध कराया।

ओरिगेन ऑफ अलेग्जैंड्रिया (Origen of Alexandria, 185-254) ने, जो प्रारम्भिक ईसाई चर्च के संस्थापकों और प्रमुख धर्मशास्त्रियों में से एक थे, लिखा कि मिस्त्र के निवासी बन्धक बने, क्योंकि वे 'पतित जीवन की ओर उन्मुख हैं' और पापाचार में लिप्त हैं। उन्होंने लिखा :

> इस नस्ल के उद्भव की ओर देखें तो आप पायेंगे कि उनका पिता हैम, जो अपने पिता की नग्नता पर हँसा था, इस तरह का न्याय पाने का अधिकारी था कि उसका पुत्र चनान अपने भाइयों का नौकर बने। ऐसी स्थिति में बन्धक होने की शर्त उसके व्यवहार की दुष्टता के पहले आयेगी। इसलिए ऐसा अकारण नहीं कि बाद की बदरंग सन्तानें अपनी नस्ल की अकुलीनता का अनुकरण करें।[4]

गोल्डेनबर्ग त्वचा के रंग के प्रति ओरिगेन के दृष्टिकोण का विश्लेषण करते हुए 'बदरंग' शब्द के उपयोग की व्याख्या करते हैं :

> हमें पूछना ही चाहिए कि ओरिगेन ने मिस्त्र के लोगों के बन्धक होने का वर्णन करते हुए उनकी त्वचा के रंग का उल्लेख क्यों किया ... मैं सोचता हूँ बाइबल में दूसरी जगह काली त्वचा के उल्लेख के सन्दर्भ में ओरिगेन के व्यापक भाष्य से निकाला जा सकता है। वे व्याख्या करते हैं कि सोन की युवती के साँवले रंग 1:5 का कारण पहले की पापपूर्ण स्थिति है... 'जन्म की अकुलीनता के कारण काला'।[5]

1517 और 1840 के बीच, आकलन किया गया है कि दो करोड़ अफ्रीकियों को बन्धक बना कर और अमरीका भेज दिया गया और इस तरह से दास बनाया गया कि उसे सिर्फ एक महाविनाश ही माना जा सकता है।[6] अट्ठारहवीं शताब्दी तक आते-आते, यूरोप की अर्थव्यवस्था को सहारा देने वाली दासता के मूल संस्थान बन जाने के कारण, हैमी मिथक दासता को उचित ठहरा कर नस्ली सम्बन्धों के विमर्श पर हावी रहा। हेन्स लिखते हैं कि दासता का समर्थन करने वालों में 'डॉक्टर, वकील, राजनीतिज्ञ, पादरी और प्राध्यापक जैसे सम्माननीय पेशेवर' शामिल थे, जिन्होंने 'हैम के अभिशाप' को एक ऐतिहासिक तथ्य माना।[7]

इससे भी महत्वपूर्ण यह कि धर्मान्तरण कर ईसाई बनने वाले अफ्रीकियों ने भी स्वयं अपने इतिहास के इस विवरण को स्वीकार कर लिया, जैसा कि यूरोपीय स्वामियों द्वारा उन्हें पढ़ाया गया। इस तरह, अश्वेत दास कवयित्री फिलिस ह्वीटली ने 1773 में लिखा : 'ईसाई ध्यान रखें, केन जैसे निग्रो अश्वेत परिष्कृत किये जा सकते हैं और फरिश्तों की कतार में शामिल हो सकते हैं'।[8] सन 1843 में अमरीका में 'गुलामी जैसी कि वह नीग्रो या अफ्रीकी नस्ल से सम्बन्धित है' (Slavery as it Relates to the Negro or the African Race) शीर्षक से एक पुस्तक प्रकाशित हुई। इसके लेखक

जोसिया प्रीस्ट ने नूह द्वारा हैम को शाप दिये जाने की घटना का नाटकीकरण करते हुए अश्वेतों की गुलामी को उचित ठहराया :

> ओह हैम, मेरे पुत्र, मैंने तुम्हें और तुम्हारी नस्ल को ईश्वर के आदेश से जो शाप दिया है वह सिर्फ इस अकेले कृत्य के लिए नहीं दिया जिसे तुमने अभी-अभी किया है; बल्कि ईश्वर ने मुझे दिखाया है कि तुम्हारी सभी सन्तानें इस प्रकरण में तुम जैसे पिता के समान हो जायेंगी, सृष्टि करने वाले द्वारा यह निर्धारित कर दिया गया है कि तुम और तुम्हारे लोग मानवों के सभी परिवारों में सबसे नीचे की दशा को प्राप्त होंगे, यहाँ तक कि जंगली पशुओं की तरह बन्दी बनाये जायेंगे, और मानव समाज के दर्जे में नीचे गिर जायेंगे, भौतिक अस्तित्व की अनिवार्य स्थिति से भी परे और नीचे ... और शान्ति और युद्ध दोनों स्थितियों में उन्हें तिरस्कृत, अपमानित और दलित नस्लों की तरह रहना पड़ेगा।[9]
>
> यह पुस्तक अमरीका में उस समय की सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तक हो गयी :

वर्ष 1843-45 के दौरान इसे न्यू यॉर्क में तीन बार पुनर्मुद्रित किया गया, और 1852-64 में अकेले केन्टकी में इसके छह संस्करण छपे थे।[10] बाद में इस पुस्तक को 'गुलामी का बाइबल आधारित बचाव' (Bible Defense of Slavery) कहा गया, और इसके लेखक जोसिया प्रीस्ट एक प्रसिद्ध व्यक्ति बन गये।

1895 में एक और सच्चे ईसाई टूप टेलर ने एक छोटी पुस्तिका लिखी जो बहुत लोकप्रिय हुई और उसके अनेक पुनर्मुद्रण हुए। इसका शीर्षक था—The Prophetic Families or The Negro – His Origin, Destiny and Status। इसमें बताया गया कि किस तरह हैम का अभिशाप कैनान से होते हुए समूची नीग्रो नस्ल पर आया :

> कैनान, जो निश्चित ही नीग्रो परिवार के पिता हैं, एक ऐसी नियति को आत्मसात कर चुके थे जो सिर्फ किसी निकृष्ट व्यक्ति के ही अनुकूल था। भविष्यवाणी इस कथन के साथ शुरू होती है, 'कैनान अभिशप्त हो; वह अपनी बिरादरी में नौकरों का एक नौकर बने' ... हम देखें कि किस तरह इस काव्य में अन्तर्निहित दैव विधान को नीग्रो और सिर्फ नीग्रो द्वारा पूरा किया गया।[11]

विलियम जोन्स द्वारा बाइबल के मानव जाति विज्ञान के अनुरूप भारतीयों का मानचित्र बनाना

नस्लों के लिए एक 'पारिवारिक वृक्ष' के ढाँचे की अनुक्रमणिका बनाने के विचार के पश्चिमी मानस में आने का एक लम्बा इतिहास है। मूसा या मोजेज को पारम्परिक रूप से 'उत्पत्ति ग्रन्थ' (The Book of Genesis) का लेखक माना जाता है, जो राष्ट्रों और नूह की सन्तानों से निकली नस्लों का वर्णन करता है। ट्राऊटमन इस विचार के सन्दर्भ में 'बाइबल मानव जाति विज्ञान' कहकर बात करते हैं।[12]

अरस्तू के 'सभ्यताओं के पैमाने' को जब बाइबल के मानव जाति विज्ञान से मिला दिया गया तो इसने पश्चिम को एक ऐसे क्रम को स्वीकार करने के लिए तैयार कर दिया जिसमें गोरे लोग स्वाभाविक रूप से सबसे ऊपर रखे गये थे। सन 1780 से लगभग 1850 तक यह सामान्य यूरोपीय नमूना बन गया, जैसे-जैसे उपनिवेशवादी भारतविद सिद्धान्त गढ़ते गये और विवेचना करते गये कि किस तरह बाइबल के ढाँचे में भारतीयों का मानचित्र सबसे अच्छे तरीके से बनाया जा सकता है। इन विद्वज्जनों में अन्य और कई भारतविदों के अलावा विलियम जोन्स, मैक्स मूलर, ब्रायन हाऊटन हॉजसन, और बिशप रॉबर्ट कॉल्डवेल थे। जैसा कि आगे दिखाया जायेगा, उनके गहरे प्रभाव ने आधुनिक भारतीय अस्मिताओं को विभाजित और विखण्डित करके छोड़ा।

विलियम जोन्स ने इस ढाँचे को एक साँचे की तरह अपनाया जिसके अनुरूप उन्होंने विश्व की भाषाओं का मानचित्र तैयार किया।[13] इस प्रकार भारतीय भाषाविज्ञान का मानचित्र बाइबल के मानव जाति विज्ञान के अनुरूप तैयार किया गया। संस्कृत की प्रशंसा करने और यह तर्क देने के लिए जोन्स विख्यात हैं कि यूरोपीय पुनर्जागरण आंशिक रूप से प्राचीन भारतीय ग्रन्थों के अध्ययन के माध्यम से आया। लेकिन भारतीयों के नस्ली विवरण तैयार करने की उनकी परियोजना के लिए उन्हें कम ही जाना जाता है, जो, जैसा कि ट्राउटमन ने बताया, 'प्राच्य विद्या विशारदों द्वारा एकत्रित की गयी सामग्री से बाइबल का तर्कसंगत बचाव ...'[14] बन गया। नूह के तीन पुत्र— हैम, शेम और जाफेथ—बाइबल के ढाँचे में सभी सभ्य लोगों के पूर्वज माने गये। जोन्स से हैम की सन्तानों के रूप में भारतीयों का, शेम की सन्तानों के रूप में अरब वासियों का, और जाफेथ की सन्तानों के रूप में टार्टर जनों का मानचित्र तैयार किया।[15] जोन्स ने यह दावा करने के लिए संस्कृत की सामग्री की अपनी नयी-नयी खोज का उपयोग किया कि हिन्दुओं का चरित्र हैम जैसा था, और यह कि संस्कृत साहित्य बाइबल की घटनाओं से जुड़ा है।

शब्दों की ध्वनियों में संयोग से प्रकट होने वाली समानता के बाहरी आकलन के माध्यम से जोन्स ने हिन्दू देवता राम को बाइबल के रामा से जोड़ा, और राम के पुत्र कुश को बाइबल में हैम के पौत्र कुसा से, आदि-आदि। समान ध्वनि वाले नामों और संयोगवश आये समध्वनीय शब्दों का उपयोग करते हुए जोन्स ने उनके बाइबल मूल के बाहरी आकलन की कोशिश की। उनका सिद्धान्त था कि नूह के जलप्लावन के बाद शीघ्र ही राम ने भारतीय समाज का पुनर्गठन किया। इसलिए भारत बाइबल से जुड़ी सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है। उनकी परियोजना के तहत भारतीय अवधारणाओं और शब्दावलियों की पुष्टि करने के लिए बाइबल से सम्बन्ध ढूँढ निकाले गये। उनका उद्देश्य यह प्रमाणित करना था कि संस्कृत ग्रन्थों ने बाइबल में दिये गये मोजेज के वर्णन की पुष्टि की है।

ऐसा करने के क्रम में, जोन्स ने मनु को आदम माना और विष्णु के प्रथम तीन अवतारों को नूह के जलप्लावन की कहानी में ढूँढा। उसके बाद जोन्स ने एक अन्य

मनु का सृजन किया, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया कि वे नूह ही थे। इस विलक्षण विवरण में, नाव पर सवार आठ मनुष्यों की बाइबल की कहानी वास्तव में मनु के साथ जलयान में जा रहे सात ऋषियों के बारे में है।[16] विष्णु के चौथे अवतार नरसिंह को नमरूद के रूप में अनूदित किया गया, जो हैम के वंशज थे और बेबल की मीनार से सम्बद्ध थे। दूसरे शब्दों में, संस्कृत साहित्य की वैधता और प्रासंगिकता को मापा गया और आधार यह बनाया गया कि बाइबल की मूल कथा में संयोगवश यह कहाँ और कितना मेल खाता है।[17]

वे भारतीय तत्व जो बाइबल में स्वाभाविक रूप से सटीक नहीं बैठे, उनको या तो जबरन सटीक बैठाने के लिए तोड़ा-मरोड़ा गया, या सीधे अस्वीकृत कर दिया गया। उदाहरण के लिए, जोन्स ने बाइबल के समय के पैमाने का उपयोग किया जिसे पहले के ब्रिटिश प्रोटेस्टेंट लोगों द्वारा स्थापित किया गया था, जैसे आर्चबिशप यूशर के सत्रहवीं शताब्दी का ऐलान कि ईश्वर ने विश्व की रचना ईसा पूर्व 4004 में की थी, और नूह का जलप्लावन ईसा पूर्व 2349 में हुआ था। इसका प्रयोजन था भारतीय युग गणना को अस्वीकृत कर देना क्योंकि उसमें बड़ी अवधि शामिल है जो लाखों और अरबों वर्षों के बारे में बताती है (जो, संयोगवश, ब्रह्माण्ड की आयु के सन्दर्भ में समकालीन वैज्ञानिक आकलनों के काफी निकट है)। अगर संस्कृत ग्रन्थों में किसी बात का उल्लेख था जो किसी तरह बाइबल में सटीक नहीं बैठा तो उस पर मिथक का ठप्पा लगा दिया गया। जिस किसी बात को 'सटीक' बैठा दिया गया वह जोन्स के अनुसार भारतीयों का इतिहास हो गया। इसी तरह से वैदिक और पौराणिक ग्रन्थों को बाइबल के कालक्रम में पचा लिया गया। काल पैमाने के बाइबल केन्द्रित ढाँचे ने ही कई दशकों बाद मैक्स मूलर को भारत पर कथित आर्य आक्रमण की तिथि को तय करने तक पहुँचा दिया, जो आज तक विद्वानों को प्रभावित करता है।

अनेक शताब्दियों की अवधि में भक्तों और मनीषियों द्वारा विशाल मात्रा में तमिल भक्ति और रहस्यमय साहित्य रचा गया था, जो तमिल आध्यात्मिकता का आधार है। हालाँकि वे तमिल में लिखे गये हैं, इस साहित्य की प्रकृति भारतव्यापी है। इस प्रकार, तमिल में लिखे गये सभी शैव स्रोत शिव के बारे में बताते हैं जो हिमालय पर रहते हैं; यहाँ तक कि उन्हें ‘आर्य’ के रूप में भी सम्बोधित करते हैं। ईसाई मत-प्रचारकों और

द्रविड़वादियों ने इसके स्रोत को गढ़ लिया, और उनमें लिखी बातों की व्याख्या तोड़-मरोड़ कर की ताकि वे उनके उद्देश्यों पर पूरे उतरें।

तिरुकुरल का ईसाईकरण

जॉर्ज यूग्लो पोप (George Uglow Pope, 1820-1908) एक अन्य प्रसिद्ध मिशनरी भारतविद[15] थे जिन्होंने यह दावा करने में अग्रणी भूमिका निभायी कि तमिल प्राचीन कालजयी साहित्य अ-भारतीय और अ-हिन्दू है और ईसाइयत से जुड़ा हुआ है। पोप का पहला अनुवाद तमिल कालजयी रचना तिरुकुरल (जिसे प्राय: सीधे-सीधे कुरल कहा जाता है) का था, जो नैतिकता और व्यवहार पर लिखा तमिल ग्रन्थ है। इसकी रचना महान सन्त तिरुवल्लुवर ने की थी। युगों से यह तमिल साहित्य की सर्वाधिक दुलारी रचनाओं में से एक रही है, जैसा कि द इन्साइक्लोपीडिया ऑफ इण्डियन लिटरेचर में तिरुकुरल की प्रविष्टि की समापन टिप्पणी में व्याख्यायित है : 'अगर किसी तमिलभाषी से 2000 वर्षों के तमिल साहित्य में किसी एक पुस्तक का नाम लेने को कहा जाता है, तो तिरुकुरल उसका तत्काल उत्तर होगा। कुरल, जो एक अणु में सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को समाहित करता है—यह श्रद्धांजलि सहस्र वर्षों से अधिक पुरानी है'।[16]

जब एक बार कुरल को हिन्दू धर्म से अलग करने में सफलता प्राप्त हो गयी, तो उसके बाद पोप ने इस मिशनरी मामले को और आगे धकेला। उन्होंने घोषणा की कि तिरुकुरल ईसाई प्रभाव का परिणाम था, कि तिरुवल्लुवर एक महान अग्रदूत थे जिन्होंने ईसाइयत से नैतिकता सीखी, और वे इसे अपनी कविताओं के माध्यम से बाँट रहे थे ताकि भोले-भाले तमिल जन ईसाई नैतिकता से लाभ उठा सकें। तिरुकुरल के अपने अनुवाद की भूमिका में पोप ने एक परिदृश्य रचा कि तिरुवल्लुवर ने किस तरह ईसाई प्रवाचकों से 'सरमन ऑन द माउंट' (Sermon of the Mount) लेकर अपनी रचना की :

> चिन्तनशील और आवेशित कर देने वाले कवि तिरुवल्लुवर के बारे में हम यह परिकल्पना करने के लिए विवश हो गये हैं ... ईसाई शिक्षकों के साथ समुद्र तट पर विचरण करते हुए और ईसाई विचारधाराओं को आत्मसात करते हुए, अलेक्जैण्ड्रियन स्कूल की विशिष्टताओं से रँगे, और दिन-प्रतिदिन उन्हें अपने अद्‍भुत कुरल में ढालते हुए ... पूर्व की एक पुस्तक जिसकी शिक्षा ईसा मसीह के 'सरमन ऑन द माउंट' की गूँज है।[17]

उन्होंने बेझिझक घोषित किया कि तिरुकुरल ने अपनी प्रेरणा ईसाई स्रोतों से प्राप्त की :

> उस समय ईसाई प्रभाव पड़ोस में क्रियाशील थे, और बहुत-से हिस्से अपनी मूल भावना में आश्चर्यजनक रूप से ईसाई हैं। यह कहने में मैं किसी तरह की झिझक

महसूस नहीं करता कि ईसाई ग्रन्थ उन स्रोतों में शामिल थे जहाँ से कवि ने अपनी प्रेरणा ली।[18]

उन्नीसवीं शताब्दी के भारत में ईसाई मत-प्रचारकों ने ऐसे विचारों को प्रोत्साहित किया।[19] उनकी मूलभूत परिकल्पना ने दावा किया कि सेंट टॉमस ने, जो स्वयं ईसा मसीह के अनुयायी थे, भारत में सन 52 से प्रवचन देना शुरू किया था। इस पर आठवें और नौवें अध्याय में विस्तार से विवेचना की जायेगी। लेकिन इन विचारों को शताब्दियों पूर्व मुख्यधारा की ईसाइयत द्वारा खण्डित कर दिया गया था, यहाँ तक कि कई बार उन्हें पाखण्ड की भी संज्ञा दी गयी थी। मिशनरी पक्षधर द्रविड़वादी विद्वानों ने भी ऐसे नकली दावों को स्वीकार करने में कठिनाई महसूस की।[20]

ईसाई प्रभाव के सिद्धान्त को खारिज करने वालों में से बहुतों ने तिरुकुरल के एक जैन ग्रन्थ होने का दावा किया,[21] क्योंकि जैन धर्म एक ख़तरा नहीं था जिस पर काबू पाना था, जबकि हिन्दू धर्म ऐसा ख़तरा था। वास्तव में, यह रुझान, खोजने पर, स्वयं बिशप कॉल्डवेल से शुरू हुआ देखा जा सकता है, जिन्होंने अटकल लगायी कि ऐसे उदात्त विचारों से युक्त नैतिकता पर एक ग्रन्थ देसी तमिल परम्परा में से नहीं निकल पाया होगा। तिरुकुरल को जैन मूल का बताना उनके इस विश्वास में सटीक बैठता था कि तमिल जातीय रूप से घटिया थे। इसने उन्हें प्राचीन कालजयी तमिल साहित्य के रचनाकाल को बहुत बाद का बताने पर मजबूर कर दिया।[22]

कॉल्डवेल इस बात के प्रति आश्वस्त थे कि ब्राह्मणवादी प्रभाव की अनुपस्थिति में द्रविड़ों को ईसाई बनाने के उनके मार्ग की मुख्य बाधा थी 'उनकी (तमिलों की) सघन अज्ञानता'।[23] इसलिए, तिरुकुरल को जैन मिशनरियों से जोड़ना, जो दक्षिण भारत में प्राचीन काल से ही रह रहे थे, कुरल को ऐसी नैतिक संहिता प्रदान करेगा जो आदिम/द्रविड़ नैतिकता से अपेक्षाकृत उच्चतर होगी, लेकिन तब भी ईसाइयत से श्रेष्ठ नहीं होगी। ध्यान रहे कि स्वयं कॉल्डवेल में जैन धर्म के प्रति कोई सम्मान नहीं था, और वे इसे अनीश्वरवाद का ही एक रूप मानते थे। फिर भी, जैनियों की तर्ज पर बनायी गयी तमिल विचारधाराओं की रूपरेखा एक उपयोगी उपकरण था। ब्रुक और शिमड इस ईसाई मत-प्रचारक रणनीति की ओर कॉल्डवेल के ही शब्दों में इंगित करते हैं :

> ...आशा की जा सकती है कि द्रविड़ मानस अपनी लम्बी अवधि के आलस्य से जगा दिया जायेगा, और उन्हें पहले से अधिक उज्ज्वल जीवन में प्रवेश करने के लिए प्रेरित कर दिया जायेगा। अगर राष्ट्रीय मानस और हृदय को उस सीमा तक मथ दिया गया जैसा कि हज़ार वर्ष पहले इसमें जैन धर्म के तत्वों के आ मिलने के समय हुआ था...यह आशा करना मुनासिब होगा कि ईसाइयत के भव्य और हृदय को मथ देने वाले सत्य के प्रचार से और भी महत्वपूर्ण परिणाम आयेंगे।[24]

इस प्रकार कुरल के जैन मूल के होने का दावा हिन्दू धर्म का मुकाबला करने का एक अन्तरिम वाहन था, इस उम्मीद में कि इससे पूरी तरह ईसाई कब्जा एक सच्चाई

बन जायेगा जो तब तक क्षितिज पर मँडरा रहा था। पोप का ईसाई-मूल का सिद्धान्त धीरे-धीरे ईसाई मत-प्रचारकों और शिक्षाविदों का कुटीर उद्योग हो गया जो इस कपोल-कल्पना को तब तक दुहराते रहे जब तक कि यह 'स्थापित सत्य' नहीं बन गया। समय बीतने के साथ इससे मतभेद रखने वाली विद्वता, खेल के मैदान को विभाजनकारी विचारकों के हवाले करते हुए, धुँधली होती चली गयी।

कुरल की हिन्दू प्रकृति को मिटाना

विद्वानों की आने वाली पीढ़ियों पर इस विकृति के घातक प्रभाव का आकलन करने के लिए तिरुकुरल के सुस्पष्ट हिन्दू संस्कार को समझना ही होगा। उदाहरण के लिए, हिन्दू धर्म सुख या 'काम' को जीवन के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता प्रदान करता है। तिरुकुरल के तीसरे अध्याय के 250 दोहों में इसकी झलक मिलती है, जो काम पुरुषार्थ को समर्पित हैं, और पोप जैसे मिशनरियों द्वारा अपनाये और प्रचारित किये जाने वाले प्रोटेस्टेंट शुद्धतावाद के बिलकुल विपरीत हैं। कामिल ज्वेलेबिल स्पष्ट करते हैं कि यह 'उन्नीसवीं शताब्दी की ईसाई उन्मुख नैतिकता' थी जिसने प्रारम्भिक मिशनरी अनुवादकों को यह घोषित करने पर विवश कर दिया कि कुरल का तीसरा अध्याय (काम पुरुषार्थ) 'अनुवादकों के बिना बदनामी मोल लिए' अनुवाद करने के योग्य नहीं है। दूसरे शब्दों में, इस तीसरे अध्याय का अनुवाद करने पर अनुवादकों को बदनामी सहनी पड़ेगी। पोप ने स्वीकार किया कि उनके अपने ईसाई-पूर्वाग्रह ने 'कुछ वर्षों तक कुरल के तीसरे भाग को पढ़ने से वंचित रखा'।[25] पोप द्वारा अपनी ईसाई संकीर्णता पर अन्ततः विजय प्राप्त करने और कुरल के तीसरे अध्याय के अनुवाद किये जाने के बाद भी उन्होंने इसके लिए इस आशा में क्षमा याचना की कि 'यही माना जायेगा कि मैंने ऐसा करके एक अच्छी सेवा ही की है'।[26]

तिरुकुरल में अनेक अध्याय ऐसे भी हैं जो जैन अहिंसा की मूलभूत अवधारणा के सीधे विपरीत हैं। उदाहरण के लिए, खेतों की जुताई करने के विरुद्ध एक जैन निषेध है, क्योंकि यह मिट्टी में रहने वाले जीवों को क्षति पहुँचाता है।[27] कुरल इसका उल्लंघन करता है। यह अहिंसा के जैन सिद्धान्त का विरोध यह सलाह देते हुए करता है कि राजा को हत्यारों को प्राणदण्ड दे देना चाहिए, ठीक उसी तरह जैसे फसल वाले खेतों से खर-पतवार हटा दिये जाते हैं।[28]

इसके अलावा, कुरल अपने अनेक दोहों में पुराणों और अन्य हिन्दू ग्रन्थों का भी उल्लेख करता है जिनमें हिन्दू देवताओं का बारम्बार उल्लेख है। कई दोहों में इन्द्र का उल्लेख है।[29] विष्णु के एक अवतार वामन द्वारा ब्रह्माण्ड को मापने का भी स्वाभाविक उल्लेख है।[30] कुरल कहता है कि धन की देवी उन लोगों के घर में निवास करती है जो अतिथि का सम्मान करते हैं।[31] यह आलस्य को लक्ष्मी के प्रति असम्मान बताते हुए इसके विरुद्ध चेतावनी देता है।[32] हिन्दू शास्त्रों की संगति में यह देश की सम्पन्नता और

आध्यात्मिकता को एक न्यायी राजा के साथ जोड़ता है।[33] यह आगे कहता है कि राजा की शक्ति ब्राह्मणों के धर्मग्रन्थ और धर्म का आधार बनती है।[34]

ईसाई धर्मशास्त्रियों ने कुरल का उपयोग द्रविड़वादियों को हिन्दू धर्म के विरुद्ध एकजुट करने में हथियार की तरह किया, यह दावा करके कि यह मूलत: समतावादी था और बाद में हिन्दू धर्म के सम्पर्क में आकर प्रदूषित हो गया। लेकिन कुरल के समतावाद के बारे में कथन मिश्रित हैं। यह प्रत्यक्ष रूप से समकालीन भारतीय समाज में व्याप्त सामाजिक तौर-तरीकों की निन्दा करता है। यह कहता है कि अगर कोई ब्राह्मण वेदों को भूल भी जाये तो वह उसे बाद में याद कर सकता है, लेकिन उसे उस नैतिकता से कभी किसी भी तरह नहीं डिगना चाहिए जिसके साथ उसने जन्म लिया है।[35] उसने यह भी कहा है कि राजा जिसे अपना दूत नियुक्त करता है, उसे किसी भद्र परिवार से होना चाहिए।[36]

जो भी हो, कुरल हिन्दू धर्म के चौथे पुरुषार्थ, मोक्ष का उल्लेख नहीं करता। पोप ने इसका उपयोग इस बात के लिए एक साक्ष्य के रूप में किया कि तमिल समाज नैतिक रूप से भ्रष्ट और असभ्य था, और इसलिए तिरुवल्लुवर ने मोक्ष को छोड़ दिया था, क्योंकि उन्होंने 'सोचा कि उनके लोग उच्चतर शिक्षा के लिए तैयार नहीं थे'।[37] आज की द्रविड़ विद्वता की एक भिन्न रणनीति है, और मोक्ष की अनुपस्थिति को यह दावा करने के लिए व्याख्यायित करती है कि कुरल ने वैदिक आर्यों के पारलौकिक पराभौतिकवाद को अस्वीकृत कर दिया था।[38] लेकिन इसकी एक सीधी-सी व्याख्या है। अर्थशास्त्री रतन लाल बोस इंगित करते हैं कि दूसरे बहुत-से भारतीय ग्रन्थ जैसे अर्थशास्त्र, केवल तीन मूलभूत प्रेरणाओं और उद्देश्यों (पुरुषार्थों) की विवेचना करते हैं और यह उसी 'पारम्परिक ज्ञान की संगति में ही है कि त्रिवर्गों (तीन उद्देश्यों के लिए प्रयासरत)— धर्म (नीति), अर्थ (भौतिक संसाधन) और काम (यौन और अन्य आकांक्षाओं की पूर्ति), के बीच पूर्ण सन्तुलन होना चाहिए'।[39] न्यायमूर्ति रामा जोएस इंगित करते हैं कि लोकप्रिय हिन्दू विधि शास्त्र मनुस्मृति भी त्रिवर्ग की चर्चा करता है।[40] इस प्रकार, तिरुवल्लुवर अगर केवल तीन पुरुषार्थों का उल्लेख करते हैं और चौथे को छोड़ देते हैं तो यह कोई अनोखी बात नहीं है; यह नीतिपरक ग्रन्थों की भारतव्यापी परम्परा रही है।

ईसाई मत के अनुसार शैवमत की रूपरेखा तैयार करना

शैवमत को ईसाई मत में समाहित कर लेने के प्रयत्न न तो स्वत:स्फूर्त थे और न ही उन मिशनरियों की स्वाभाविक प्रतिक्रिया जिन्होंने स्थानीय परम्परा के सौन्दर्य को खोज निकाला था। यह औपनिवेशिक विद्वानों द्वारा उपयोग में लायी गयी एक रणनीति थी जो तब इस्तेमाल की गयी जब शैव धर्मशास्त्रियों ने शैव मत पर किये गये शुरुआती हमलों का असरदार खण्डन कर दिया।

शैवमत से अपने पहले ही सम्पर्क में प्रोटेस्टेंट मिशनरी विद्वानों ने कठोरतम शब्दों में शैव मत की निन्दा की। उदाहरण के लिए, अमरीकी मिशनरी सेमिनरी (बट्टीकोटा, श्रीलंका) ने, जो तमिलों के बीच काम कर रहा एक कट्टरतावादी प्रोटेस्टेंट गुट है, अपने तमिल-अंग्रेज़ी जर्नल 'मॉर्निंग स्टार' (Morning Star, 1841) का उपयोग शैव मतावलम्बियों और तमिलों को अँधेरे में रह रहे लोग बताते हुए उन पर प्रहार करने के लिए किया :

> शैव धर्म के अजीबो-गरीब सिद्धान्तों और परिकल्पनाओं में कुछ भी ऐसा नहीं है जिसे मानव के नैतिक चरित्र को उन्नत करने के लिए व्यवहार में लाया गया हो या उसे अपने संगी जनों के लिए उपयोगी बनाता हो ... अगर विश्व को शिव मत में धर्मान्तरित कर दिया जाये तो किसी भी व्यक्ति को मनुष्यों की नैतिकता या सुख में सुधार की उम्मीद नहीं होगी। हर व्यक्ति बिना अपनी आस्था की पवित्रता को मलिन किये उतना ही बड़ा झूठा या ठग—उतना ही बड़ा व्यभिचारी—गरीबों का उतना ही बड़ा दमनकर्ता—उतना ही बड़ा पाखण्डी और घमण्डी हो सकता है जितना वह पहले था।[41]

मिशनरियों ने आगे और दावा किया कि शैवमत सिर्फ़ ब्राह्मणों की बनायी चीज़ है, और इसमें कुछ भी मूल्यवान नहीं है, और ईसाइयत के साथ इसका कोई मेल नहीं है। शैवमत पर यह प्रहार नुकसानदेह हुआ, क्योंकि यह इतनी प्रिय परम्परा के प्रति अत्यधिक अपमानजक था, और अरुमुगा नवलार जैसे श्रीलंकाई तमिल शैव विद्वानों द्वारा इसका असरदार जवाब दिया गया।[42]

इसलिए, इस रणनीति को निन्दा-भर्त्सना की जगह अपनाने और आत्मसात करने वाली रणनीति में बदल दिया गया। चूँकि भक्ति संगीत और नृत्य से शैव सिद्धान्त का निकट का सम्बन्ध था, जी.यू. पोप ने इसे ईसाई समायोजन के लिए सर्वाधिक आकर्षक लक्ष्य माना। वर्ष 1900 में उन्होंने शैव सिद्धान्त के सर्वाधिक लोकप्रिय ग्रन्थों में से एक—तिरुवशकम—का अनुवाद प्रकाशित किया। उन्होंने व्याख्या की कि मिशनरियों के लिए इसका महत्व यह था कि शैव मत को तमिल धर्म के एक प्रारम्भिक स्वरूप के रूप में सम्मानजनक रूप से प्रस्तुत किया जा सकता था जिसमें ईसाइयत के साथ मिलती-जुलती विशिष्टताएँ थीं। उदाहरण के लिए, दोनों ने शिक्षा दी कि एक सर्वोच्च वैयक्तिक ईश्वर है और यह केवल एकत्व का पराभौतिक अमूर्तीकरण नहीं है जैसा कि बौद्ध और जैन धर्मों में है। शैव ग्रन्थों ने गुरु की अवधारणा को महत्व दिया जिसे पोप ने ईसा मसीह के समकक्ष ठहराया। उन्होंने लिखा कि इस ग्रन्थ के रचयिता ने :

> ...यह भी शिक्षा दी कि यह शिव की कृपापूर्ण इच्छा ही थी कि वे मानव रूप धारण करें, पृथ्वी पर गुरु की तरह अवतरित हों [...] उन्होंने घोषणा की कि मोक्ष का यह तरीका समाज के सभी वर्गों के लिए खुला है। उन्होंने बड़े ही उदात्त रूप से मुक्त आत्मा की अमरता की भी शिक्षा दी [...] यह देखा जायेगा कि किस

तरह कुछ विषयों में, जो महत्वहीन नहीं हैं, शैव प्रणाली ईसाइयत से मेल खाती है ...।[43]

अनेक तमिलों द्वारा पोप को नवीं शताब्दी के एक महान शैव सन्त मणिचावसागर के भजनों को अंग्रेज़ी में अनुवाद करने के लिए बड़े आभारपूर्वक याद किया जाता है, जो तमिलनाडु के हर शिव मन्दिर में गाया जाता है,[44] जो भी हो, पोप की भूमिका-रूपी-टिप्पणी शैवमत की छवि को हीब्रू प्रार्थनाओं और ईसाई काव्य के अनुरूप बनाने के उनके व्यापक ईसाई मत-प्रचारक उद्देश्यों को साफ-साफ उजागर कर देती है :

> जो पचास कविताएँ यहाँ सम्पादित, अनूदित, और व्याख्यायित की गयी हैं, दक्षिण भारत के सभी महान शैव[45] मन्दिरों में प्रतिदिन गायी जाती हैं, ये सबकी जबान पर हैं, और उत्तम लोगों के विशाल समूहों के हृदय को ठीक उसी तरह भाती हैं, जैसे डेविड की प्रार्थनाएँ यहूदियों और ईसाइयों को प्रिय हैं ... इस बात की उत्कट आकांक्षा होनी चाहिए कि यूरोप के महान और पवित्र काव्य का अधिकाधिक संचार मणिक्का-वसागर से मिलतीजुलती लोकप्रिय, सहज, लयबद्ध तमिल कविता में किया जाय। अगर किसी विदेशी ने तिरुवसगम के अध्ययन पर अनन्त कष्ट उठाया है (काश, ऐसा और अधिक परिणाम के साथ किया गया होता!), तो दक्षिण भारत के कुछ अंग्रेज़ी और तमिल में निपुण देसी विद्वानों को भी सम्भवत: इस बात के लिए लगाया जा सकता है कि वे यह पता लगायें कि क्या सौन्दर्य और गहन चिन्तन के अंग्रेज़ी के अक्षय भण्डार में हीब्रू प्रार्थनाओं से लेकर वर्तमान ईसाई काव्य में अध्ययन, नकल और अनुवाद के लिए समुचित सामग्री उन्हें नहीं मिल सकती।[46]

जब भी पोप तमिल काव्य के बारे में कुछ सकारात्मक पाते हैं तो वे उसे ईसाइयत से मिलता-जुलता प्रदर्शित करना चाहते हैं। वे जो भी 'भ्रष्ट' पाते हैं उसका दोष हिन्दू अन्धविश्वासों पर मढ़ देते हैं :

> यह देखा जा सकता है कि किस तरह शैव प्रणाली, कुछ ऐसे विषयों में जो महत्वहीन नहीं हैं, ईसाइयत के अत्यधिक निकट है और फिर भी कुछ दोष, जहाँ तक इसे एक अनिवार्य-सी लगने वाली आवश्यकता द्वारा पहुँचा दिया गया है, वैसे हैं जो कहीं भी पाये जाने वाले सर्वाधिक खेदजनक अन्धविश्वासों में होते हैं।[47]

बाद के ईसाई शास्त्रियों ने पोप से प्रेरणा लेकर शैव सिद्धान्त को ईसाइयत के निकट चित्रित करना प्रारम्भ कर दिया, और फिर भी उसमें सफल नहीं हुए। उदाहरण के लिए, लन्दन के एक ईसाई प्रकाशन ने 1942 में दावा किया :

> [शैव सिद्धान्त] पूरी तरह प्रेम के एक ईश्वर में विश्वास करता है। इसका यह भी विश्वास है कि प्रेम का यह ईश्वर, अपनी असीम करुणा के कारण इस विश्व में अपने भक्तों की सहायता के लिए आता है। लेकिन यह सिद्धान्त इससे आगे नहीं

जाता। ईसाई विश्वास यह है कि प्रेम इससे भी आगे जाता है। ईश्वर ने मनुष्य के चोले में अपनी पहचान करायी। उसने ईसा मसीह के रूप में जन्म लिया।[48]

ईसाई शास्त्र का विरोध करने वाले हिन्दू धर्मशास्त्र के तत्वों की हर निशानी को मिटाने के बारे में पोप बिलकुल निर्मम थे। सन 1853 में, जब एक ईसाई बने तमिल वेदनायकम शास्त्री ने गिरजे में प्रार्थनाओं के लिए तमिल भजनों की रचना की तो बिशप पोप ने उनका इस आधार पर कड़ा विरोध किया कि रचना में पारम्परिक तमिल काव्य संकेत का एक तत्व शामिल था, जिसे पोप ने गैर-ईसाई बताते हुए अस्वीकार कर दिया। भारतीय साहित्य के इतिहास के एक विद्वान स्टुअर्ट ब्लैकबर्न लिखते हैं :

शास्त्री ने, सफल हुए बिना, यह कह कर अपने भजनों में मौजूद प्राचीन तमिल कविता की पारम्परिक टेक का बचाव करने की कोशिश की, कि उसका उद्देश्य था बिना किसी आत्म-श्लाघा की ध्वनि के, भक्तों की ईश्वर भक्ति को अभिव्यक्त करना और इसके लिए अनुष्ठान करना ... 1853 में, जिस वर्ष पोप को तन्जोर में नियुक्त किया गया था, अमरीकी मिशनरी ई. वेब ने 'क्रिश्चियन लिरिक्स फॉर प्राइवेट ऐण्ड सोशल र्विशप' (Christian Lyricsfor Private and Social Worship) नामक पुस्तक प्रकाशित की जो तमिलों द्वारा प्रोटेस्टेंट भजनों के संग्रह का पहला प्रमुख प्रकाशन था, जिसमें वेब ने मुखपृष्ठ पर इस बात का उल्लेख किया कि संग्रह के अधिकांश भजनों के रचयिता वेदनायकम शास्त्री थे, लेकिन उन्होंने कविताओं के संकेत छन्दों को न तो इस काव्य संग्रह में शामिल किया और न ही इसके बाद 1859 में प्रकाशित किये गये संस्करण में।[49]

चुनिन्दा तौर पर समायोजित करने और भ्रम फैलाने की यह मिशनरी सफलता उसके बाद के अकादमीय तमिल अध्ययनों में रिसती चली गयी है।

प्राचीन कालजयी तमिल साहित्य का संशोधनवादी इतिहास

एम.एस. पूर्णलिंगम पिल्लई की पुस्तक 'ए प्राइमर ऑफ़ तमिल लिटरेचर' (A Primerof Tamil Literature, 1904) ने इस मिशनरी शोध को आधार के रूप में लिया और तमिल साहित्यिक इतिहास को आर्य/द्रविड़ संघर्ष के रूप में गढ़ा। कुरल और शैव सिद्धान्त के पुनर्सन्दर्भीकरण का काम इसी चौखटे के एक हिस्से के रूप में किया गया। पिल्लई ने कुरल की रचना की अवधि सन 100 तक के संगम काल की निर्धारित की, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया कि वह सर्वाधिक प्रभावशाली तमिल काल था और आर्यों तथा संस्कृत के प्रभाव से मुक्त था। उन्होंने पोप की प्रशंसा दुहरायी कि कुरल प्राचीन तमिल स्वर्ग का महानतम ग्रन्थ था, जिसमें धर्म और दर्शन के अत्यन्त विकसित स्वरूपों का वर्णन किया गया था। उन्होंने अनुभव किया कि इस ग्रन्थ में नैतिकता के सर्वमान्य नियम हैं जिनकी प्रशंसा सम्पूर्ण सभ्य विश्व द्वारा की जा सकती है।[50]

पिल्लई के तमिल साहित्य के इतिहास के अनुसार संगम काल के बाद, सन 100 से 600 के बीच, बौद्धों और जैनों का काल आया। उन्होंने बल देकर कहा कि बौद्ध और जैन (व्यक्तियों और उनके धर्म दोनों के रूप में) गैर-तमिल थे। इस अवधि में तमिल राष्ट्र तीन अलग-अलग जातीय समूहों द्वारा आबाद था : तमिल, आर्य और बौद्ध/जैन। पिल्लई के अनुसार, जहाँ एक ओर बौद्ध और जैन भी उत्तर भारत से आये, वे आर्यों के विपरीत, 'अपने पड़ोसियों के साथ शान्ति से रहते थे', 'कभी प्राचीन अप्रदूषित शैवमत पर प्रहार नहीं किया', और वे वर्ण-व्यवस्था की ओर उन्मुख या उससे परिचालित नहीं थे।[51] द्रविड़वादी-ईसाई मत-प्रचारक विवरण इस अवधि को तमिल साहित्य के विकास के लिए उपयुक्त काल के रूप में चित्रित करते हैं, हालाँकि विडम्बना है कि इसने ही देसी तमिल धर्म को विकृत किया।

इसके बाद सन 700 से 900 के बीच की अवधि को पिल्लई 'धार्मिक पुनरुत्थान काल' कहते हैं। उन्होंने दावा किया कि यही वह अवधि है जब प्राचीन तमिल धर्म ने अनेक शताब्दियों के अन्धकार के बाद स्वयं को फिर से दृढ़तापूर्वक अभिव्यक्त करना शुरू किया, हालाँकि इसे ऐसा करने के लिए उसे 'आर्यवाद' के साथ कई शर्मनाक समझौतों से होकर गुजरना पड़ा। वे व्याख्या करते हैं :

> कई सदियों के अर्से में तमिल शैवों को, जो शाकाहारी थे और जो आर्यों को उनके माँस खाने और मदिरा पीने डकी प्रवृत्ति के कारण म्लेच्छों और अछूतों के रूप में देखते थे, आर्यों के साथ-साथ रहने, आर्यों की अनुकूल बनने की क्षमता और राजनैतिक अनिवार्यताओं के चलते अपने पड़ोसियों के तौर-तरीकों और आदतों से समझौता करना और वेदों की सत्ता को स्वीकार करना पड़ा, [...] शैवमत, वैदिक नियमों को मानकर, वैदिक या वैदिक शैवमत में रूपान्तरित हो गया।[52]

पिल्लई ने तमिलों से शैव सिद्धान्त को इसके सभी आर्य और पौराणिक प्रभावों से मुक्त करने और उसे वापस उस अप्रदूषित स्थिति में लाने की अपील की जैसा कि यह प्राचीन काल में था। उन्होंने लिखा :

> शैव सिद्धान्त दक्षिण भारत का देसी दर्शन है और तमिल मानस की सर्वोत्तम उपज। [...] यह उच्च और महान प्रणाली आगमों या शैव धर्मग्रन्थों पर आधारित इस ऊँची और महान व्यवस्था को पौराणिक लेखकों ने प्रदूषित कर दिया जिनका एकमात्र उद्देश्य वेदों और आगमों के बीच संगति बिठाना था। [...] आर्यों के राजनीतिक प्रभुत्व के बढ़ने से दब जाने के कारण तमिल जनों ने इस व्यवस्था को स्वीकार कर लिया। [...] भक्ति या धर्मपरायणता के प्रति प्रेम ने, जो शैव प्रणाली का मूल विचार था, लोगों को उच्चता प्रदान की चाहे उनका वर्ण, रंग या जाति जो भी रही हो [...] ऐसे व्यापक उदार, ऊपर उठाने वाले, तर्कसंगत धर्म के बारे में ऐसी अवधारणा बना दी गयी है मानो यह पूर्णत: अनुदार, मनगढ़ंत, और संकीर्ण स्वार्थी व्यवस्था हो। इसलिए तमिल जनों का दायित्व है कि पौराणिक

पर्दे को उतार फेंके जिसने उनकी दृष्टि को धूमिल कर दिया है और ईश्वर के बारे में पुरानी परिकल्पना को पहचाने जैसा कि तमिल आगमों पर आधारित प्राचीन तमिल कविताओं में प्रतिष्ठापित था।[53]

'ए प्राइमर ऑफ तमिल लिटरेचर' (A Primer of Tamil Literature) नामक इस पुस्तक को विशेष रूप से विश्वविद्यालयों की परीक्षाओं की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए लिखा गया था, और इसमें विद्यार्थियों के लिए परिशिष्ट के रूप में सवालों के नमूने भी शामिल किये गये। इसके व्यापक उपयोग के माध्यम से यह एक ऐसा ग्रन्थ बन गया जिसे रॉनल्ड इन्डेन ने 'दादागिरी ग्रन्थ' कहा है, और हिन्दू धर्म द्वारा कथित रूप से भ्रष्ट किये जाने के पूर्व के सच्चे, मौलिक 'तमिल धर्म' पर आम राय इसी वजह से बनी हुई है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि किस तरह उपनिवेशवाद द्वारा बैठाई गयी हीन भावनाओं के प्रतिकार के लिए गौरवशाली अतीत की खोज में तमिल राष्ट्रवाद का उदय हुआ। उसने स्वयं को 'आर्य धर्म' के विरुद्ध स्थापित कर इसे सम्पन्न किया। तमिल धर्म की इस रचना ने समतावादी भक्ति पर आधारित वर्ण-मुक्त नैतिकता का दावा करते हुए दबे वर्गों को रिझाया।[54] फिर भी, पिल्लई ने सचेत किया कि समकालीन शैव सिद्धान्त को सही अर्थों में समतावादी नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि यह अगड़ी-जाति और निचली-जाति गैर-ब्राह्मणों के बीच सामाजिक विभाजन पर मुहर लगाता है। उन्होंने परिकल्पित प्राचीन अप्रदूषित अतीत के शुद्ध शैव सिद्धान्त में लौटने का आह्वान किया।

'तमिल धर्म' बना 'प्रारम्भिक भारतीय ईसाइयत'

मिशनरियों द्वारा गढ़े गये बाद के सिद्धान्तों ने यह दर्शाने के प्रयत्न किये कि कुरल और शैव सिद्धान्त आर्य विरोधी और ईसाइयत के सदृश थे। हाल में, इण्डिया इज़ ए क्रिश्चियन नेशन (India is a Christian Nation)[55] नामक एक अत्यधिक अनुमोदित ईसाई मत-प्रचारक प्रचार पुस्तक कॉल्डवेल और पोप द्वारा तमिल आध्यात्मिकता को ईसाइयत के एक अंग के रूप में पुनर्व्याख्यायित करने के लिए डाली गयी बुनियाद पर आगे बढ़ती है। यह 'शैव और वैष्णव मतों के छिपे हुए सत्यों को और किसी रूप में नहीं, बल्कि ''प्रारम्भिक भारतीय ईसाइयत'' के रूप में पहचानने की भारी सम्भावनाओं की चर्चा करती है'।[56]

इस परिकल्पना को संस्थागत और बाहर के देशों से मिलने वाले समर्थन की चर्चा आगे अध्याय 9 में की जायेगी। फिलहाल, इतना ही कहना काफ़ी होगा कि भारतीय जनसंख्या का औपनिवेशिक नस्ली वर्गीकरण, और भारत के धर्मों और आध्यात्मिकता का विखण्डन एक घातक मिश्रण बन गया है जो हमें एक विनाशकारी भविष्य की ओर ले जा रहा है।

7
द्रविड़ नस्लवाद और श्रीलंका

हमने देखा है कि किस तरह भाषाओं के शैक्षिक अध्ययनों ने यूरोपीय नस्ल विज्ञान में एक भूमिका निभायी, और औपनिवेशिक प्रशासकों तथा ईसाई मत-प्रचारकों ने कैसे इस विद्वता को फूट-डालो-राज-करो की रणनीति के लिए प्रयोग किया। श्रीलंका में नस्ली अस्मिताओं के विभाजन को और गहरा करने के लिए एक शुद्ध कल्पना जोड़ दी गयी। आज यह कल्पना इतनी प्रबल हो गयी है कि लोग इसके लिए खून बहाते हैं।

यह अध्याय इस घटनाक्रम की खोज निम्नलिखित महत्वपूर्ण संरचनाओं का उपयोग करते हुए करता है।

सिंहली-आर्य-बौद्ध पहचान

अमरीका में स्थापित थियोसॉफिकल सोसाइटी ने एक बौद्ध-आर्य-सिंहली पहचान निर्मित कर अपने दक्षिण भारत के अड्डे का इस्तेमाल श्रीलंका में बौद्ध पुनर्जागरण के लिए किया। इसका उद्देश्य था प्रबल औपनिवेशिक ईसाई मत-प्रचार का विरोध करने के एक तरीके के रूप में इसका उपयोग करना। श्रीलंकाई सिंहलियों ने स्वयं को उन आर्यों के रूप में देखना प्रारम्भ किया जिन्होंने श्रीलंका की खोज की और यहाँ सभ्यता लाये। इस प्रक्रिया में उन्होंने तमिलों पर एक निचली नस्ल का दाग लगा दिया। समय बीतने के साथ स्थितियाँ नियन्त्रण से बाहर होती चली गयीं।

श्रीलंकाई द्रविड़ पहचान

इस बीच धर्मशास्त्रों के विद्वानों ने लिमुरिया नाम के एक खोये हुए महादेश की परिकल्पना का प्रचार किया, और यह तमिलनाडु में लोकप्रिय भी हो गया। वहाँ से यह विशाल द्रविड़ विवरण के साथ एक हो गया और इसने द्रविड़ नस्लवाद को जन्म दिया। अन्ततः यह श्रीलंकाई तमिलों में फैलना शुरू हो गया। सिंहली राष्ट्रवाद द्वारा पहले से ही अलग-थलग कर दिये गये श्रीलंकाई तमिलों ने वैभवशाली प्राचीनता के अपने दावे को मजबूत बनाने के लिए द्रविड़वाद के इस स्वरूप को अंगीकार कर लिया। लिमुरिया मूल के द्रविड़ मिथक ने तमिलों को यह दावा करने कि वे ही श्रीलंका के मूल निवासी थे का अवसर दिया साथ ही सिंहलियों का वर्णन बाहरी आर्य हमलावरों के रूप में करने का भी।

पहचानों का टकराव

इस प्रकार, इस छोटे-से द्वीप में दो नस्ली अस्मिताओं ने ठोस स्वरूप ग्रहण किया। ईसाई मत-प्रचारक मानव जाति विज्ञान द्वारा बोये गये बीज का पोषण औपनिवेशिक

प्रशासन द्वारा किया गया जिसने एक नरसंहार को जन्म दिया जिसके कारण एक लम्बा गृह युद्ध चला और लगभग एक लाख लोग मारे गये।

चित्र 7.1 इस प्रक्रिया का सारांश प्रस्तुत करता है।

Fig 7.1 श्रीलंका में उपनिवेशवादी-ईसाई मत-प्रचारकों की संरचनाओं के संघर्ष

धर्मशास्त्रीय कपोल-कल्पना में पुराने भूगर्भ विज्ञान का मिलन

रॉबर्ट कॉल्डवेल के तमिल निकृष्टता के प्रारम्भिक विवरण की प्रतिक्रिया स्वरूप स्वदेशी तमिल विद्वानों ने एक सकारात्मक और अन्धराष्ट्रीयतावादी तमिल पहचान रचनी शुरू कर दी। उन्होंने कॉल्डवेल के विवरण में द्रविड़ों की स्थिति को नस्ली तौर पर निकृष्ट या नीचा बताये जाने को सुधारने के प्रयास किये। इसके लिए उन्होंने खोये हुए महादेश लिमुरिया वाले सिद्धान्त को भी शामिल कर लिया जिसे 1864 में ब्रिटिश प्राणी शास्त्री फिलिप ल्यूटली स्क्लैटर (Philip Lutley Sclater, 1829-1913) द्वारा तैयार किया गया था।[1] इस सिद्धान्त के अनुसार विशाल हिन्द महासागर क्षेत्र में वर्तमान मैडागास्कर से भारत और सुमात्रा तक लिमुरिया (Limuria) नामक एक बड़ा महादेश फैला था, और उसके बाद यह हिन्द महासागर में डूब गया। अफ्रीका और भारत, दोनों महाद्वीपों में वनस्पतियों और पशुओं के बीच समानताओं के लिए यही स्क्लैटर की व्याख्या थी। यह एक अन्य उदाहरण था जिसमें प्रकृति विज्ञान से उपजे एक विचार का नस्लवादी अवधारणाओं को समर्थन देने के लिए उपयोग किया गया। सन 1876 में, फ्रेडरिक एंगेल्स ने इन रोचक भूगर्भशास्त्रीय सिद्धान्तों को एक

मार्क्सवादी मोड़ दिया और लिमुरिया की कपोल-कल्पना को और फैलने में सहयोग दिया।[2]

1880 के दशक में थियोसॉफ़िकल सोसाइटी की संयुक्त संस्थापक मैडम हेलेना पेत्रोवना ब्लावात्सकी (Madam Helena Petrovna Blavatsky, 1831-91) ने लिमुरिया के इस विचार को लेकर इसे तन्त्र-मन्त्र वाले समूहों में लोकप्रिय बनाया। उन्होंने दावा किया कि लिमुरिया निवासियों ने 'बड़े-बड़े शहर बनाये थे, कला और विज्ञान को बढ़ावा दिया था और वे खगोलशास्त्र, स्थापत्य या वास्तुशास्त्र और गणित में पारंगत थे'।[3] ब्लावात्सकी 1879 में भारत पहुँची और तत्कालीन मद्रास के आदयार में बस गयीं जहाँ वे थियोसॉफिकल सोसाइटी के प्रधान कार्यालय को ले आयीं।[4] उन्होंने उस समय प्रचलित इण्डो-आर्य जाति विज्ञान को अपने 'कर्म सिद्धान्त पर आधारित विकास' के जाल के साथ जोड़ दिया ताकि नस्लवाद का एक रहस्यमय स्वरूप खड़ा कर सकें। उन्होंने कहा कि सभी नस्लें एक ही पूर्वपुरुष से निकली हैं... जिसके बारे में कहा जाता है कि वह 18,00,00,000 वर्ष पूर्व था, और 8,50,000 वर्ष पहले भी... जब विशाल महाद्वीप अटलांटिस (Atlantis) के अवशेष डूब गये'।[5] ब्लावात्सकी को विश्वास था कि आर्य अन्यों से श्रेष्ठ थे। इस प्रकार, थियोसॉफ़िकल कपोलकल्पना में अटलांटिस (श्वेत यूरोपियनों का निवास स्थल) पहले आया, और उसके बाद लिमुरिया, लेकिन इनके विवरणों में बहुत अन्तर था जो इस बात पर निर्भर था कि ऐसी कथाएँ कहाँ सुनायी गयीं। दक्षिण एशिया के लोगों के समक्ष अटलांटिस का कभी उल्लेख नहीं किया गया और लिमुरिया की चर्चा समुद्र द्वारा उनकी पुरानी सभ्यता को लील जाने की प्राचीन तमिल स्मृति के साथ की गयी।

ब्लावात्सकी के अनुसार हिन्दू मूर्ति-पूजा एक घोर अन्धविश्वास था, और इसने प्रमाणित किया कि हिन्दू एक ऐसी नस्ल के थे जो अप्रदूषित आर्य धर्म से पतित हो गये थे। उन्होंने लिखा :

> गूढ़ इतिहास हमें शिक्षा देता है कि मूर्तियाँ और उनकी पूजा चौथी नस्ल के साथ ही समाप्त हो गयी थी, तब तक के लिए जब तक कि बाद की संकर नस्लें (चीनी लोगों, अफ्रीकी नीग्रो, आदि) धीरे-धीरे उन्हें वापस नहीं लायीं। वेद किसी भी मूर्ति-पूजा का समर्थन नहीं करते; परन्तु सभी आधुनिक हिन्दू कृतियाँ अवश्य करती हैं।[6]

इस प्रकार, वेद विदेशी आर्यों के थे, जो शुद्ध थे, जबकि आधुनिक हिन्दू इन श्वेत आर्यों के नीच द्रविड़ मूल निवासियों के साथ सम्पर्क से उत्पन्न विकृत वर्णसंकर। जो भी हो, उस समय तक द्रविड़ों को उनका गौरवशाली अतीत लिमुरिया में उनकी उत्पत्ति के साथ प्रदान किया जा रहा था। धर्मशास्त्रियों द्वारा जब इसे महत्व दिया गया तो भारत में ब्रिटिश औपनिवेशक प्रशासकों की सरकारी नियमावलियों में इस 'इतिहास' का प्रवेश हो गया। भारतीय लोक सेवा के चार्ल्स डी. मैक्क्लीन ने लिमुरिया को तमिलों के सम्भावित उत्पत्ति स्थल के रूप में बताया।[7] द्रविड़ उत्पत्ति के लिमुरिया

वाले सिद्धान्त को लॉर्ड रिस्ली ने भी उद्धृत किया, हालाँकि थोड़े संशय के साथ। रिस्ली वही प्रशासक थे, जैसा कि हमने पहले देखा, जिन्होंने सभी भारतीयों को उनकी नाकों के आकार के अनुसार वर्गीकृत किया था।[8]

मूल निवासी तमिल विद्वानों ने अपने पूर्वजों के इस मिथकीय डूबे हुए महादेश के प्रति गर्व की अनुभूति की, और उसे तमिल साहित्य में उल्लिखित प्राचीन जलप्रलय के साथ जोड़ा, जिसके बारे में कहा गया था कि इसने अनेक तमिल नगरों को नष्ट कर दिया था। एस.एस. पूर्णलिंगम पिल्लई की पुस्तक, 'ए प्राइमर ऑफ तमिल लिटरेचर' (A Primer of Tamil Literature, 1904), ने तमिलों की उत्पत्ति की व्याख्या इस प्रकार की : 'तमिल या तमिलार निश्चित रूप से प्राचीन तमिलहम या लिमुरिया के मूल निवासी थे, जो कि भूमध्यरेखा के आस-पास हिन्द महासागर का एक महाद्वीप था और 100 शताब्दियों पूर्व डूब गया'।[9] इस प्रकार यूरोपीय नस्लवादी इतिहासों को मूल निवासी तमिल विद्वानों द्वारा स्वीकार और अंगीकार कर लिया गया, जिन्होंने उस विवरण में अपनी जातीय श्रेष्ठता के पेंच डाल दिये। टी.आर. शेष अय्यंगर की पुस्तक, ड्रैविडियन इण्डिया (Dravidian India) 1925 में प्रकाशित हुई जो आज भी हिन्दू विरोधी सिद्धान्तकारों द्वारा 'द्रविड़शास्त्र की अग्रणी पुस्तकों में से एक प्रमुख पुस्तक' के रूप में प्रशंसित है।[10] यह पुस्तक तमिलों की लिमुरियन उत्पत्ति का एक रेखाचित्र तैयार करती है :

> तब ये द्रविड़ कौन हैं? उनकी अलग पहचान, एच. रिस्ली कहते हैं, उनके छोटे आकार, काली त्वचा, लम्बे सिर, चौड़ी नाक और लम्बी भुजा, से बनती है जो शेष भारत के लोगों से अलग है। वे भारत की आबादी के मूल प्रारूप हैं... हीब्रू धर्मग्रन्थों ने एक भयानक जलप्रलय के विशेष वर्णन को सुरक्षित रखा है, भूगर्भशास्त्रीय अनुसन्धानों ने दिखा दिया है कि हिन्द महासागर कभी एक या महाद्वीप था और यह कि इस डूबे हुए महाद्वीप को कभी-कभी लिमुरिया भी कहा जाता था, जो मूलत: मैडागास्कर से मलय द्वीपसमूह तक फैला था, और जो दक्षिण भारत को अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया से जोड़ता था ... तमिल परम्परा में सुस्पष्ट संकेत हैं कि उस जलप्रलय से प्रभावित यह भूमि तमिलकम से मिली हुई थी और पानी घट जाने के बाद तमिल स्वाभाविक रूप से उत्तरी प्रान्तों में चले गये...[11]

इस प्रकार, रिस्ली द्वारा विभिन्न शारीरिक प्रारूपों के आधार पर किया गया भारतीयों का नस्लवादी वर्गीकरण धीरे-धीरे तमिल जनमानस में एक वैज्ञानिक ढंग से प्रमाणित सत्य के रूप में प्रक्षिप्त हो गया। लिमुरियन कपोल-कल्पना को बाइबल के जलप्रलय तथा नूह के पुत्रों की कथा में मिला दिया गया। अब तमिलों के पास एक नया इतिहास था और नयी नस्ली पहचान भी—जो सारी-की-सारी यूरोपीय अवधारणाओं का उपयोग कर गढ़ी गयी थी।

बिशप कॉल्डवेल से लिमुरियन उत्पत्ति का नाता

एक भारतीय ईसाई तमिल विद्वान देवनेय पवनार (1902-81) ने लिमुरिया के सिद्धान्त को कॉल्डवेल के षडयन्त्र वाले सिद्धान्त—'धूर्त बाहरी ब्राह्मण का तमिलों को सेवक बनाकर रखने'—के साथ मिला दिया। सन 1966 की अपनी पुस्तक की भूमिका में उन्होंने लिखा :

> अभी तक पश्चिम के लोग यह नहीं जानते हैं कि तमिल लिमुरिया मूल की एक अत्यन्त विकसित प्राचीन भाषा है, और सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों, दोनों के संस्कृतवादियों द्वारा व्यवस्थित ढंग से और समन्वित प्रयासों द्वारा दबायी जाती रही है और दबायी जा रही है, तभी से जब वैदिक साधु दक्षिण में गये, और अपने श्रेष्ठ रंग तथा प्राचीन तमिल राजाओं के आदिम भोलेपन का अधिकाधिक लाभ उठाते हुए उन्होंने स्वयं को धरती के देवता (भू-सुर) के रूप में प्रस्तुत किया, और तमिलों को धोखा देकर यह विश्वास दिला दिया कि उनके पूर्वजों की बोली या साहित्यिक भाषा का स्रोत दिव्य या स्वर्गीय था।[12]

तमिल अध्ययनों में पवनार के दृष्टिकोण को आज भी स्वत:सिद्ध माना जाता है। यहाँ तक कि तमिलनाडु राज्य सरकार के कन्याकुमारी स्थित संग्रहालय ने लिमुरिया की (जिसे कुमारी कन्दम के नाम से भी जाना जाता है) एक प्रदर्शनी लगायी है। अनेक विश्वविद्यालयी पाठ्यपुस्तकें और शैक्षिक शोध पत्र लिमुरिया को एक प्रमाणित सत्य बताते हैं, हालाँकि एक शताब्दी से भी अधिक समय से भूगर्भशास्त्रियों द्वारा डूब गये महादेश की परिकल्पना को अमान्य कर दिया गया है। उदाहरण के लिए, 1970 में तमिलनाडु विधान सभा पटल पर शिक्षा मन्त्री ने घोषणा की कि एक ईसाई विद्वान ने द्रविड़ों की लिमुरिया में उत्पत्ति को प्रमाणित कर दिया था। उन्होंने घोषणा की कि :

> फादर हेरास ने दिखा दिया है कि किस तरह [द्रविड़] सभ्यता लिमुरिया से दक्षिण भारत आयी, और उसके बाद हड़प्पा और मोहनजोदड़ो पहुँची, और वहाँ से बाद में टिगरिस और यूप्रेटीस और रोम आदि पहुँची... यह भी मैंने तब जाना जब मैं अन्नामलाई विश्वविद्यालय में पढ़ रहा था।[13]

तमिलनाडु के शैक्षिक प्रतिष्ठानों पर लिमुरियाई सिद्धान्त के दबदबे का आकलन निम्नलिखित उद्धरण से लगाया जा सकता है, जिसे 2003 में तमिलनाडु सरकार द्वारा प्रायोजित और पॉण्डिचेरी इन्स्टीटयूट ऑफ लिंग्विस्टिक्स ऐण्ड कल्चर (PondicherryInstitute of Linguistics and Culture) द्वारा आयोजित एक सेमिनार में पढ़े गये शोध पत्र से लिया गया है :

> लिमुरियाई तमिलों के बारे में बताते हुए पवनार तमिल के विकास को 1,00,000 से 50,000 वर्ष ईसा पूर्व तक का ढूँढ निकालेंगे। स्पेन्सर वेल्स और उनके दल के वैज्ञानिकों ने अब पाया है कि पहले व्यक्ति की उत्पत्ति 60,000 वर्ष पूर्व की है। हम तमिल अपने संस्कृति के एक धूमिल अतीत का दावा करने के लिए येन-केन-प्रकारेण 'दो-हज़ार वर्ष पुरानी' जैसे शब्दों का उपयोग करने के आदी हो गये

> हैं। अकेला ईसाई कैलेंडर द्रविड़ संस्कृति की स्थापना की अवधि [का आधार] नहीं हो सकता है। लाखों वर्ष पहले क्या हुआ, [यह जानने के लिए] हमें इसकी खोज में लगना होगा, और हमें अचानक हुई सिन्धु घाटी सभ्यता की खोज से ही सन्तुष्ट नहीं हो जाना है।[14]

एक दक्षिण भारतीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, के.पी. अरवानन, लिमुरिया के शोध का उपयोग द्रविड़ों और अफ्रीकियों के बीच जातीय सम्बन्ध को मनवाने के लिए तर्क देते हैं :

> द्रविड़ और काले अफ्रीकी सम्भवत: एक ही नस्ली शाखा के रहे होंगे ... हिन्द महासागर में अफ्रीकी और द्रविड़ महाद्वीपों के बीच कभी किसी तरह का भूमि सम्पर्क अवश्य रहा होगा... उन्होंने इस खोये हुए महादेश को 'कुमारी' कहा। आधुनिक भूगोल 'खोये हुए लिमुरिया' (कुमारी) के प्रसिद्ध सिद्धान्त की पुष्टि करता है।[15]

आधुनिक अफ्रीकी-दलित अभियान हामी और लिमुरियाई, दोनों मिथकों की परिकल्पनाओं से निकला है।

थियोसॉफी—ईसाई मत-प्रचार के खण्डन के लिए बौद्ध धर्म द्वारा आर्यों का उपयोग

दक्षिण भारत में द्रविड़ अलगाववादी पहचान के सृजन के समानान्तर इसी तरह की एक अन्य शरारत श्रीलंका में चल रही थी। बौद्ध को एक धर्म, सिंहली को एक भाषा और आर्य को एक नस्ल के रूप में मिश्रित करते हुए एक नयी पहचान गढ़ने की प्रक्रिया चल रही थी। सन 1856 में रॉबर्ट कॉल्डवेल ने अपने तुलनात्मक व्याकरण में तर्क दिया था कि सिंहली और तमिल भाषाओं के बीच कोई प्रत्यक्ष सम्बन्ध नहीं है। वर्ष 1866 में एक अन्य विद्वान जेम्स डी'आल्विस ने इस विचार को पकड़ लिया कि सिंहली भाषा 'आर्य या उत्तरी परिवार की थी, जो द्रविड़ या दक्षिणी भाषा वर्ग के विपरीत पहचानी जाती थी'।[16] जो भी हो, डी'आल्विस ने, जिन्हें अंग्रेज़ों के अधीन श्रीलंका का पहला सिंहलभाषा का राष्ट्रवादी माना जा सकता है, इस सिद्धान्त को अस्वीकृत कर दिया कि सिंहली भाषा संस्कृत से निकली थी; उन्होंने बताया कि इसके विपरीत दोनों एक ही प्राचीन नस्ल से निकली हैं। उन्होंने भारतीय मुख्य भूमि की जनसंख्या से सिंहली के किसी प्रकार के सम्बन्ध को भी अस्वीकृत कर दिया।[17] अंग्रेज़ शासकों ने 1871 की जनगणना में लोगों को अपनी नस्ल बताने के लिए विवश किया जिसके माध्यम से श्रीलंका के निवासियों पर भी नस्लवादी वर्गीकरण थोप दिया गया।[18]

क्रिश्चियन लासेन (Christian Lassen) और जेम्स इमर्सन टेनेट (James Emerson Tennent) जैसे विद्वानों द्वारा विपरीत दृष्टिकोण भी व्यक्त किये गये थे, जिन्होंने

सिंहली और तमिल को एक ही भाषा परिवार में रखा था। फिर प्रसिद्ध सिंहली विद्वान डब्ल्यू.एफ. गुणवर्धना भी थे जिन्होंने 1918 में ही घोषणा कर दी थी कि सिंहली और तमिल भाषाओं के बीच सम्बन्ध थे।[19] लेकिन मैक्स मूलर-कॉल्डवेल खेमा इस आम राय को स्वरूप देने में सफल हो गया कि सिंहली और तमिल दो भिन्न भाषायी और नस्ली श्रेणियाँ हैं। इस द्वीप को अलग करने में और इसके भविष्य की नियति निर्धारित करने में यह निर्णायक बन गया।[20]

धर्मपाल एक श्रीलंकाई बौद्ध भिक्षु थे जो थियोसॉफी से अत्यन्त प्रभावित थे। वे श्रीलंका के लोगों के बीच सिंहली-बौद्ध-आर्य पहचान को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण रहे। सन 1886 में जब थियोसॉफिस्ट सी.डब्ल्यू. लीडबीटर और हेनरी स्टील ओलकॉट श्रीलंका गये तब धर्मपाल उनके साथ थे।[21] इस प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व थे—डच से बौद्ध बने अल्फ्रेड अन्स्र्ट बुल्टजेन्स, जो बौद्ध धर्म पर भाषण देते हुए श्रीलंका में घूमते रहे। श्रीलंका के बौद्धों ने बुल्टजेन्स को गम्भीरता से लेना शुरू किया, इस बात पर गर्व करते हुए कि एक शिक्षित श्वेत व्यक्ति ने उनका अनुमोदन किया था। उस समय की एक रिपोर्ट के अनुसार :

> एक ऐसे समय में जब श्रीलंका में यूरोपीय कहते फिर रहे थे कि ईसाई धर्म ही पूर्ण सत्य है और बौद्ध धर्म पूरी तरह असत्य, बौद्ध (मतावलम्बी) बुल्टजेन्स को सुनने के लिए इकट्ठा होते थे और आश्चर्यचकित थे कि ऐसे शिक्षित लोग बौद्ध धर्म का आलिंगन करेंगे।[22]

इस प्रकार जब श्रीलंका में बुल्टजेन्स द्वारा चलायी जा रही एक पत्रिका 'द बुद्धिस्ट' (The Buddhist) ने 1897 में 'द आर्यन सिंहलीज' (The Aryan Singhalese) शीर्षक से एक लेख प्रकाशित किया तो उसने राष्ट्रीय बुद्धिजीवियों के बीच अपना गहरा प्रभाव छोड़ा।[23] एक अन्य धर्मविद डॉ. डैली ने सिंहलियों को बुल्टजेन्स का अनुकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया। बौद्ध धर्म की गलत पश्चिमी व्याख्या की आलोचना करते हुए बुल्टजेन्स ने तर्क दिया कि बौद्ध धर्म ईसाइयत से अधिक तर्कसंगत था। पाली सूत्रों के अपने ही अनुवाद का उपयोग करते हुए उन्होंने बौद्ध धर्म के अपने प्रारूप का चित्रण एक पश्चिमी आदर्श के रूप में किया।[24]

औपनिवेशिक संरचनाओं के बीच टकराव : आर्य-बौद्ध-सिंहली बनाम द्रविड़-शैव-तमिल

ईसाई मिशनरियों द्वारा नये चेले बनाने की गतिविधियों के विरुद्ध संघर्ष में श्रीलंका के बौद्धों ने बौद्ध धर्म को एक सम्माननीय तर्कसंगत आस्था के रूप में फिर से खोजने की प्रक्रिया प्रारम्भ की। गणनाथ ओबेसेकेरे बताते हैं :

> श्रीलंकाई बौद्ध भिक्षुओं और शिक्षित सामान्य जनों ने बौद्ध धर्म की पश्चिमी व्याख्या को प्रोटेस्टेंट और कैथोलिक मिशनों के खिलाफ उनके संघर्ष में विशेष रूप से आकर्षक पाया। शीघ्र ही देश के विद्वानों ने, जो पश्चिमी आलोचना के

तरीकों द्वारा अत्यन्त प्रभावित थे, बौद्ध धर्म के प्रति एक तर्कसंगत दृष्टिकोण अपनाया और मिथकों, पंथों, तथा भक्ति के तत्वों को धर्म के लिए अनावश्यक मानते हुए उन्हें अप्रदूषित और शुद्ध अवस्था वाले बौद्ध धर्म में जोड़ा गया या प्रक्षिप्तांश सरीखा माना। कुल मिलाकर, सामान्य खेतिहरों की लोक आस्थाओं को जीवात्मवाद या अन्धविश्वास के रूप में देखा गया जो पुराने धर्म की तर्कसंगत ब्रह्मविद्या के योग्य नहीं था।[25]

नवनिर्मित 'शुद्ध' बौद्ध धर्म को पश्चिम के लोगों के सामने सम्मानजनक ढंग से व्यवस्थित किया गया था, और इसने कुछ शत्रुओं की भी पहचान की जिनमें तमिल प्रमुख थे, और जिन्हें अश्रेष्ठ अनार्यों के रूप में वर्णित किया गया। इस अभियान के प्रमुख नायक धर्मपाल ने तमिलों को हादी देमालू (गन्दे तमिल) बताना शुरू कर दिया।[26] 1880 के दशक में मैडम ब्लावात्सकी ने श्रीलंकाई तमिलों और अफ्रीकियों को आर्यों से अनिवार्यत: नीच वर्गीकृत करना शुरू कर दिया था : 'चाहे जितनी संस्कृति हो, और सभ्यताओं के बीच जितनी ही पीढ़ियों का प्रशिक्षण ऐसे मानवीय नमूनों को उठाया नहीं जा सकता... उस बौद्धिक स्तर तक जैसे कि आर्य, सामी, और कथित तुरानियन हैं'।[27]

इन्हीं शुरुआतों के साथ नस्ली शत्रुताओं के पोषण ने श्रीलंका को तीस-वर्ष के गृह युद्ध के परिदृश्य में बदल दिया, जिसमें 80,000 से अधिक लोग मरे,[28] और 9,00,000[29] से अधिक लोग विस्थापित हुए, और इसने वैश्विक हथियारों के व्यापार को बढ़ावा दिया।[30] सन 2008 में कार्नेगी एनडाउमेंट फॉर इण्टरनैशनल पीस (Carnegie Endowment for International Peace) द्वारा श्रीलंका को 20 राष्ट्रों की सूची में शामिल किया गया था, जो उन विफल राष्ट्रों की श्रेणी में थे जो ध्वस्त होने के कगार पर पहुँच चुके थे।[31] 2009 में जातीय संघर्ष अपनी चरम सीमा पर पहुँच गया था, जब 20,000 नागरिक मारे गये थे।[32] हालाँकि हिंसा का अन्त तमिल अलगाववादी नेता के निधन के बाद हुआ, सन्देह के गहरे घाव जो तोड़-मरोड़ कर रचे गये इतिहास, पहचान और भाषा विज्ञान द्वारा लोगों में बसे हैं, आज भी भारतविद्या की एक अन्य भयावह विरासत है।

यूरोपीय लोगों द्वारा स्थापित नस्ली आधार पर अतिवादी हिंसा को कार्यरूप देने में नि:सन्देह श्रीलंका अकेला नहीं है। परिशिष्ट ग इसी तरह की एक प्रक्रिया का रेखांकन करता है जिसने रवाण्डा जनसंहार को घटित किया।

पहले के अध्यायों में यह दिखाया गया है कि किस तरह औपनिवेशिक शक्तियों द्वारा इतिहास, पहचान, और नस्ली श्रेणियाँ बनायी गयीं और उन्हें पोषित किया गया। उपनिवेशवाद के अन्त में भी, ऐसी श्रेणियाँ बनी रहीं, क्योंकि वे निहित स्वार्थों के लिए उपयोगी रहे। विवरणों पर नियन्त्रण उपनिवेश बनाने वाली सभ्यताओं को न केवल सांस्कृतिक श्रेष्ठता, बल्कि आर्थिक लाभ और नियन्त्रित सभ्यताओं पर राजनीतिक प्रभुत्व भी प्रदान करता है। जैसे ही एक बार मूल निवासी थोपे गये विवरणों को

चुपचाप स्वीकार कर लेते हैं, गृह युद्ध प्रारम्भ किया जा सकता है। यह रवाण्डा और श्रीलंका दोनों के लिए सच्चा रहा है, जहाँ आन्तरिक विभाजन का पोषण जनसंहार के संघर्ष बिन्दु तक किया गया। ऐसे संघर्ष तब नियन्त्रण करने वाली शक्तियों को एक बार फिर हस्तक्षेप करने का तर्क प्रदान करते हैं, जो अबकी बार मानवीय चिन्ताओं के लबादे से ढँके होते हैं।

भारत में भी निहित स्वार्थों द्वारा इस तरह के आन्तरिक विभाजन का पोषण और संचालन किया जाता रहा है। इन विभाजित गुटों को विश्व शक्तियों के साथ जोड़कर एक नेटवर्क तैयार कर दिया गया है। इसका इस पुस्तक के अन्तिम अध्यायों में विचार किया जायेगा।

8
हिन्दूधर्म को 'द्रविड़' ईसाइयत में पचाना

दक्षिण भारत में हिन्दू धर्म को ईसाई इतिहास और मत में ढालने की प्रक्रियाओं का एक सिलसिला शुरू हो गया है। यह द्रविड़ इतिहास के एक प्रारूप का उपयोग करता है जिसके अनुसार सन्त टॉमस भारत आये थे और यह भी कि तमिल कालजयी प्राचीन ग्रन्थों की रचना ईसाई प्रभाव में हुई। कहा जा रहा है कि ये हिन्दू रचनाएँ नहीं हैं, बल्कि ईसाइयत का ही एक स्वरूप हैं जो स्पष्टत: दक्षिण भारतीय है। यह बल देकर कहा गया कि तमिल प्राचीन कालजयी रचनाओं को वास्तव में द्रविड़ ईसाइयत कहा जाना चाहिए। इस तरह द्रविड़ आन्दोलन और और ईसाई धर्मान्तरण एक साझे शत्रु को नीचा दिखाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। जैसा कि हम दिखायेंगे, ईसाई पक्ष द्रविड़ पक्ष को अपने में मिला रहा है, क्योंकि ईसाई पक्ष की धन की व्यवस्था करने की अधिक क्षमता है, इसकी विश्व-व्यापी मिली-भगत है, और रणनीतिगत सोच में इसका लम्बा अनुभव है, जबकि द्रविड़ पक्ष के पास इस सबकी कमी है। इस परिकल्पना के अनुसार दावा किया गया कि आर्य प्रभावों ने तमिल आध्यात्मिकता में घुसपैठ की है जिसने अधिक शुद्ध द्रविड़ आध्यात्मिकता को प्रदूषित कर दिया, और कि यह प्रारम्भिक द्रविड़ आध्यात्मिकता ईसाइयत के समान ही थी। ऐसी मनगढ़न्त बातों के लिए चलाये जा रहे इन व्यापक कार्यक्रमों में विभिन्न संस्थागत तन्त्र लगे हुए हैं। इस अध्याय में कुछ अग्रणी संस्थाओं के बारे में चर्चा की जायेगी जो इसमें जुटी हैं।

चित्र 8.1 को इंगित करते हुए उल्लिखित प्रक्रिया के प्रत्येक खण्ड का परिचय अगले अध्याय में कराया जायेगा और बाद में उस पर विस्तार से चर्चा भी की जायेगी।

सन्त टॉमस का मिथक

वह कथा जो ईसाई अग्रदूत सन्त टॉमस के भारत में आने का काल सन 53 बताती है एक मध्यकालीन मिथक है जो बहुत दिनों से बना हुआ है।[1] यह परोक्ष रूप से अपने भीतर औपनिवेशिक और नस्लवादी विवरणों को समोये हुए है; उदाहरण के लिए यह कि ईसाइयत का एक शान्तिप्रिय दूत काली चमड़ी वाले भारतीयों के बीच भेजा गया जो उसके विरुद्ध हो गये और उसे मार दिया। इस मिथक का, बहरहाल, कोई ऐतिहासिक आधार नहीं है। फिर भी, इसे विभिन्न ईसाई संस्थाओं द्वारा एक स्वरूप देकर शक्तिशाली हथियार बना दिया गया है ताकि तमिलनाडु में हिन्दू संस्कृति को समायोजित किया जा सके। इसके लिए दक्षिण भारतीय संस्कृति के सभी सकारात्मक पहलुओं का श्रेय 'टॉमस की ईसाइयत' को दिया गया और इसमें जो भी घटिया तत्व हैं उनके लिए हिन्दू धर्म को दोषी ठहराया गया। भारतीय संस्कृति और

आध्यात्मिकता के साझे स्वरूप में से तमिलों को अलग करने के लिए यह एक हथियार की तरह भी काम करता है।

भारतीय ईसाई विद्वानों द्वारा अस्वीकार किया जाना

सन्त टॉमस के मिथक का प्रस्ताव जब पहली बार पेश किया गया था तो ईसाई विद्वानों द्वारा इसे अमान्य कर दिया गया था। उनमें विख्यात ईसाई भारतविद फादर हेनरी हेरास (Father Henry Heras, 1888-1955) भी शामिल थे जिन्होंने इस दावे का जोरदार विरोध किया कि मद्रास में टॉमस की कब्र मिली थी। जी.यू. पोप जैसे प्रारम्भिक मिशनरी विद्वानों द्वारा तमिल संस्कृति को इस मिथक के माध्यम से समायोजित करने के प्रयास ध्वस्त हो गए, विशेषकर तब जब प्राचीन तमिल साहित्य में ईसाई प्रभाव ढूँढ निकालने में ईसाई विद्वान विफल हो गए।

सन्त टॉमस मिथक का पुनरुज्जीवित होना

जो भी हो, 1970 के दशक में एम. देइवनयगम नाम के एक कट्टर ने प्राचीन कालजयी तमिल ग्रन्थों पर ईसाई अर्थ थोपकर उन्हें तोड़ना-मरोड़ना शुरू कर दिया। उस समय धरातल पर राजनीति ऐसी थी कि उनकी शोध-परिकल्पना को शक्तिशाली कैथोलिक पादरियों ने शैक्षणिक क्षेत्र में बढ़ावा देना शुरू पर दिया। हालाँकि प्रति तमिल विद्वानों द्वारा इसे बार-बार अस्वीकार कर दिया गया था, शैक्षणिक संस्थानों द्वारा जिनका नियन्त्रण द्रविड़ पहचान की राजनीति करने वाले कर रहे थे, देइवनयगम के शोध को प्रोत्साहित किया। उनमें इंटरनैशनल इंस्टीटयूट ऑफ़ तमिल स्टडीज और विशेष रूप से खड़ा किया गया मद्रास विश्वविद्यालय का क्रिश्चियन स्टडीज पीठ भी शामिल था। इस प्रकार, शिक्षा क्षेत्र के एक सुनियोजित हिस्से में सन्त टॉमसवादी द्रविड़ ईसाइयत के विचार ने जन्म लिया।

पुरातत्व के साक्ष्यों का गढ़ा जाना

ईसाई चर्च के कुछ उद्यमी लोग तो वैटिकन से भारी आर्थिक मदद के साथ पुरातात्विक साक्ष्यों को गढ़ने तक की सीमा तक गये। अचानक सन्त टॉमस की सलीबें विख्यात हिन्दू तीर्थ स्थलों के पास से पाये जाने की विस्मयकारी 'खोजों' की घोषणाएँ की गयीं। स्वाभाविक रूप से, इस उकसावे ने सामाजिक तनाव को जन्म दिया, जिसने इस अन्तर्राष्ट्रीय ईसाई दुष्प्रचार के लिए ईंधन उपलब्ध कराया कि हिन्दू लोग ईसाइयत पर आक्रमण कर रहे हैं। सन्त टॉमस के मिथक से जुड़ी हुई एक ऐसी ही धोखाधड़ी में मद्रास डायोसीस के आर्चबिशप शामिल थे, और 1975 में मद्रास उच्च न्यायालय में इसका सार्वजनिक खुलासा हुआ।

Fig 8.1 हिन्दू धर्म को 'द्रविड़' ईसाइयत में पचाने के लिए मंच की तैयारी

इंस्टीटयूट ऑफ़ एशियन स्टडीज

इसके समानान्तर, तमिलनाडु में ईसाइयों द्वारा नियन्त्रित 'इंस्टीटयूट ऑफ़ एशियन स्टडीज' ने तमिल संस्कृति और आध्यात्मिकता को दो भागों—आर्य और द्रविड़—में बाँटने के लिए एक परियोजना पर काम करना शुरू कर दिया। इस प्रकार तमिल आध्यात्मिकता के 'अच्छे' तत्वों को द्रविड़वादी ईसाइयत के रूप में वर्गीकृत किया गया तथा 'बुरे' भागों को आर्य ब्राह्मणवाद के रूप में निन्दित किया गया। तमिल हिन्दुओं को ईसाइयत में पचा लेने के लिए माहौल तैयार कर लिया गया कुछ इस तरह कि वह उनके द्रविड़ गौरव की तुष्टि करे। चित्र 8.1 में इसे दर्शाया गया है।

ईसाई प्रचार और द्रविड़ आन्दोलन

छठे अध्याय में हमने देखा कि रॉबर्ट कॉल्डवेल जैसे मिशनरी विद्वानों ने इस विचार का नेतृत्व किया कि ब्राह्मण आर्य आक्रमणकारी थे जिन्होंने पवित्रता की आड़ में वर्ण-व्यवस्था का उपयोग द्रविड़ों को अधीनस्थ करने के लिए किया। इस ब्राह्मण विरोधी चिन्तन को एक राजनीतिक सिद्धान्त में रूपान्तरित करने का नेतृत्व अंग्रेज़

प्रशासकों के सहयोग से गैर-ब्राह्मण तमिलों ने किया। मूल तमिल निवासियों द्वारा 1916 में गठित और अंग्रेजों द्वारा प्रोत्साहित जस्टिस पार्टी इस सिद्धान्त का पहला राजनैतिक वाहन बनी। इसने ब्राह्मणों को एक अलग नस्ल का विध्वंसक विदेशी घुसपैठिया बताया।[2] बाद में यह द्रविड़ आन्दोलन में बदल गया, जो जल्द ही खुल्लम-खुल्ला अत्यन्त नस्लवादी दृष्टिकोण अपना कर घोर ब्राह्मण विरोधी हो गया। यह मोहम्मद अली जिन्ना की अलगाववादी माँगों से साथ जुड़ा। सन 1944 तक यह आन्दोलन द्रविड़स्तान नाम से एक स्वतन्त्र राष्ट्र की स्थापना करने की माँग कर रहा था। यह आन्दोलन अंग्रेजी उपनिवेशवाद का सहायक था। यह भारतीय स्वतन्त्रता दिवस 15 अगस्त (1947) को एक 'काला दिवस' घोषित करने की सीमा तक गया।[3] शीघ्र ही यह आन्दोलन आजकल की एक अत्यन्त शक्तिशाली राजनीतिक पार्टी के रूप में उभरकर सामने आया जिसका नाम है द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम, या डीएमके, जिसका अर्थ है द्रविड़ोत्थान संघ।

रॉबर्ट कॉल्डवेल की प्रारम्भिक अवधारणा सामाजिक-आर्थिक नहीं, बल्कि नस्लवादी दृष्टिकोण से द्रविड़ आन्दोलन के ब्राह्मण विरोधी चिन्तन को तैयार करने का आधार बनी। दक्षिण एशिया के एक विद्वान पीटर वैन डर वीर स्पष्ट करते हैं :

> अधिकांश द्रविड़ उग्र सुधारवाद इस आम धारणा को रेखांकित करता है कि गैर-ब्राह्मण द्रविड़ जनों और संस्कृतियों को अधीनस्थ करने का काम द्रविड़वादी दक्षिण पर आर्यों की विजय पर आधारित था—जिसमें से अधिकांश रॉबर्ट कॉल्डवेल द्वारा गढ़ा गया था। कॉल्डवेल, जिन्होंने तिन्नेवेली मिशन में पचास वर्ष तक काम किया... अधिकांश अन्य मिशनरियों की तरह जिन्हें इस तथ्य का औचित्य सिद्ध करना होता था कि वे सबसे निचले वर्ण-समूहों के लोगों के धर्मान्तरण की ही सूचना दे पाते थे, ब्राह्मणों के प्रति विशेष रूप से वैर भाव रखते थे जिन्होंने धर्मान्तरण के उनके प्रयासों को विफल कर दिया था... ब्राह्मणों के प्रति कॉल्डवेल के द्वेष ने ब्राह्मण विरोध के उद्धरण सम्बन्धी ढाँचे और उसे सही ठहराने वाली लफ्फाजी में अपने लिए एक भव्य स्थान बना लिया है जो आज तक बरकरार है।[4]

पीटर वैन डर वीर के अनुसार द्रविड़वादियों ने अपने चिन्तन से कॉल्डवेल की प्रमुख बातों में से एक को हटा दिया है जिसका ईसाई धर्मान्तरण से लेना-देना है। 'ब्राह्मणों के प्रति कॉल्डवेल की नापसन्दगी सीधे ब्राह्मणों द्वारा धर्मान्तरण का विरोध करने से जुड़ी थी और निचले सामाजिक तबके पर ब्राह्मणों के व्यापक प्रभाव से भी जिन्होंने कॉल्डवेल का विरोध किया'।[5] कॉल्डवेल के एजेंडे को इस तरह हटाये जाने से द्रविड़वादी कॉल्डवेल को वैसा बनाने में सक्षम हो गये कि कॉल्डवेल पर्याप्त रूप से असाम्प्रदायिक दिखने लगें। कॉल्डवेल का दूसरा बिन्दु था उनकी रणनीतिगत माँग कि 'जब तक वर्ण-व्यवस्था समाप्त नहीं कर दी जाती तब तक ईसाई धर्मान्तरण की

कोइ आशा नहीं है',[6] जो द्राविड़ आन्दोलन के लिए अनुकूल नहीं था। इसे भी छोड़ दिया गया, क्योंकि द्रमुक आन्दोलन गैर-ब्राह्मण जातीय पहचान पर निर्मित था।

सम्पूर्ण द्रविड़ आन्दोलन के मर्मस्थल में रोपी गयी धर्मान्तरण रणनीति को सामाजिक उद्धार के भाषणों के बीच छिपाकर रखा गया था। आज विभिन्न स्तरों पर कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट ईसाई प्रचारक अभियान जोरदार ढंग से ईसाई-द्रविड़ मिली-भगत को पुनर्जीवित करने में लगे हुए हैं।

ईसाई प्रचारकों की छद्म-विद्वता

1960 के दशक के अन्त तक द्रविड़ आन्दोलन बहु-धार्मिक था और विभिन्न धर्मों के साथ एकीकृत था। इसकी पहचान पूरी तरह भाषा और जातीय पहचान के आधार पर परिभाषित थी।

1969 में इसमें सूक्ष्म रूप से परिवर्तन शुरू हो गया जब हिन्दू से ईसाई बने एक युवा एम. देइवनयगम ने एक तमिल पुस्तक प्रकाशित की जिसका नाम था 'वॉज तिरुवल्लुवर ए क्रिश्चियन?' (Was Thiruvalluvar a Christian?) इसका मुख्य शोध था कि सन्त टॉमस ने सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्राचीन कालजयी तमिल लेखक तिरुवल्लुवर का धर्मान्तरण कराकर उन्हें ईसाई बनाया था। इससे तिरुकुरल एक ईसाई ग्रन्थ बन जायेगा जिसे ब्राह्मणों और आर्यों का विरोध करने के लिए लिखा गया था।[7] उदाहरण के लिए, तिरुकुरल की उनकी ईसाइयत में रँगी व्याख्या दावा करती है कि वर्षा के वैभव की प्रशंसा में लिखी गयी कविताएँ वास्तव में ईसाइयत की पवित्र आत्मा का गुणगान करती हैं। संसार का त्याग करने वालों के वैभव का गुणगान करने वाली कविताओं की व्याख्या परमपिता परमेश्वर के बलिदान देने वाले पुत्र ईसा मसीह की प्रशंसा करने वाली कविताओं के रूप में की गयी। तिरुकुरल के पहले तीन अध्याय, इस व्याख्या के अनुसार, ईसाई त्रिमूर्ति—परमपिता परमेश्वर, उनके पुत्र ईसा मसीह, और पवित्र आत्मा—के प्रति श्रद्धांजलि हैं। राजनीतिक समर्थन से प्रोत्साहित होकर देइवनयगम ने आगे और भी लेखन किया और तिरुवल्लुवर की सुस्पष्ट हिन्दू अवधारणाओं को भी ईसाई अवधारणाओं के रूप में रखा।[8] उन्होंने जी.यू. पोप की इस अस्वीकृत अटकल को लिया कि तिरुवल्लुवर ईसाइयत से प्रभावित थे, और आगे यह दावा भी जोड़ दिया कि वास्तव में तिरुवल्लुवर सन्त टॉमस से मिले थे।

इस पुस्तक को एक मूर्खतापूर्ण अटकल माने जाने की बजाय उछाल कर एक राजनीतिक हथियार बनाने के पीछे राजनीतिज्ञों का हाथ था। उस समय तमिलनाडु में द्रविड़वाद समर्थक राजनीतिक पार्टी द्रमुक का शासन था जिसके मुख्य मन्त्री ने पुस्तक की एक प्रशंसा-भरी भूमिका लिखी थी, जबकि उसी पार्टी के राज्य मन्त्री ने इसका विमोचन किया। इस पुस्तक को 1972 में एक बार और बढ़ावा तब मिला जब क्रिश्चियन आर्ट्स ऐण्ड कम्युनिकेशन सेंटर के निदेशक ने इसे प्रोत्साहन देने के लिए

एक प्रसिद्ध ईसाई द्रविड़ श्रेष्ठतावादी के नेतृत्व में संगोष्ठी का आयोजन किया।[9] अचानक हुए इस घटनाक्रम ने तमिल हिन्दुओं को सदमे में डाल दिया, जिन्होंने अपने भोलेपन से महसूस किया और मान भी लिया कि वह द्रविड़ सिद्धान्त ही था, बिना सन्देह किये कि यह ईसाइयत को लुके-छिपे अन्दर दाखिल कराने की एक तैयारी थी।

प्रारम्भिक अस्वीकृति और अन्ततः चर्च का अनुमोदन

देइवनयगम की इन पुस्तकों पर शुरू में तमिल ईसाई धर्मशास्त्रियों और साथ-साथ शैक्षणिक क्षेत्र के विद्वानों द्वारा व्यापक आलोचना की गयी। उदाहरण के लिए, एक तमिल ईसाई और तिरुपति के वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय में तमिल अध्ययन के विभागाध्यक्ष एस. रास मणिक्कम ने इस दावे को खारिज कर दिया कि तिरुवल्लुवर ईसाई थे। उन्होंने लिखा :

> अब मुझे देइवनयगम के लेखन का विश्लेषण करने दें, जो हाल के दिनों में इस विचार का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं कि तिरुवल्लुवर ईसाई थे। वे तिरुकुरल में पाये जाने वाले अनेक गैर-ईसाई विचारों की नयी व्याख्या कर रहे हैं। इससे भी आगे उन्होंने 'इज तिरुवल्लुवर क्रिश्चियन?' 'हू इज द रिनाउनस्ड?' 'सेवेन बर्थ्स', 'हू आर द थ्री?' (*Is Thiruvalluvar Christian?, Who is the Renounced?, Seven Births, Who are the three?*) जैसे नामों से अनेक पुस्तकें प्रकाशित की हैं। उनकी पुस्तकों को गहराई से पढ़ने के बावजूद **हम उन व्याख्याओं को स्वीकार नहीं कर सकते जो वे दे रहे हैं**। वे कहते हैं कि तिरुवल्लुवर ने पुनर्जन्म की परिकल्पना को स्वीकार नहीं किया और यह भी कि जब तिरुवल्लुवर उसकी चर्चा करते हैं जिसने पाँचों इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर ली है तो उनका आशय ईसा मसीह से ही था, और यह कि वर्षा का वैभवगान वास्तव में पवित्र आत्मा की प्रशंसा ही थी, और भद्र व्यक्ति से तिरुवल्लुवर का आशय ईसाइयत से ही था, आदि। न तो ये व्याख्याएँ ही सन्तोषजनक हैं और न ही वे माध्यम जिनका उपयोग इन विचारों को आगे बढ़ाने के लिए वे करते हैं। **तिरुकुरल विशिष्ट ईसाई विचारों में से किसी को भी नहीं दर्शाता**। यहाँ तक कि ईसा मसीह के नाम का भी इसमें उल्लेख नहीं आया है। इसके विपरीत तिरुवल्लुवर स्पष्ट रूप से इन्द्र (25), विष्णु (610, 8, 103), लक्ष्मी (167, 84, 617), काम (1197), स्वर्ग के देवताओं (906, 1073, 18, 346) जैसे अनेक हिन्दू देवताओं का उल्लेख करते हैं।[10]

1975 में एक अन्य तमिल विद्वान कामत्ची श्रीनिवासन ने, जो धर्मान्तरण कर ईसाई बन गये थे और जिन्हें तमिलनाडु सरकार द्वारा तिरुकुरल पर शोध के लिए विशेष रूप से नियुक्त किया गया था, लिखा : 'जब कोई देइवनयगम द्वारा लिखी गयी पुस्तकों को पढ़ता है तो मन में ये सन्देह उत्पन्न होते हैं कि क्या इस व्यक्ति ने सचमुच

तिरुकुरल को समझा है, और इसमें भी सन्देह है कि क्या इस व्यक्ति ने ईसाइयत के उद्‌भव और विकास के इतिहास का अध्ययन समुचित रूप से किया है'।[11]

मद्रास विश्वविद्यालय में 'बीसवीं शताब्दी में तिरुकुरल शोध का विकासक्रम' विषय पर 1979 का एक पी-एच.डी. शोध ग्रन्थ देइवनयगम के बारे में निम्नलिखित निष्कर्ष पर पहुँचा :

> उन्होंने अपने शोध को कुछ इस प्रकार करना निर्धारित किया था कि यह प्रमाणित किया जा सके कि उनकी ईसाइयत की बाइबल सम्बन्धी परिकल्पनाएँ तिरुकुरल का मर्म बनी हैं। इस प्रकार इस शताब्दी के शुरू में शोध के जिस निष्कर्ष पर बल दिया गया वह यह था कि तिरुकुरल शैव सिद्धान्त का एक ग्रन्थ है, उसका अन्त आधुनिक समय में इस दावे के साथ हुआ कि तिरुकुरल की परिकल्पनाएँ बाइबल ने प्रदान कीं।[12]

जो भी हो, कितनी भी विद्वतापूर्ण आलोचनाएँ की गयीं वे देइवनयगम को द्रविड़ पहचान का राजनीतिक उपयोग करने से नहीं रोक पायीं। यह तमिल भाषियों को हिन्दू धर्म से दूर करने, और बाद में उन्हें ईसाइयत की ओर प्रोत्साहित करने का एक तरीका था।[13] न केवल देइवनयगम ने अपने द्रविड़ संस्कृति के ईसाई मूल के सिद्धान्त के विरुद्ध ईसाइयों द्वारा एक दशक तक किये जाने वाले प्रहारों को सफलता से झेला बल्कि 1980 में तिरुकुरल ऐण्ड बाइबल नाम से एक अन्य तमिल पुस्तक भी प्रकाशित की। वे ऊँचे उड़ रहे थे। सन 1983 में 'बाइबल, तिरुकुरल ऐण्ड शैव सिद्धान्त' (Bible, Thirukural and Saiva Siddhanta) विषय पर उनके पी-एच.डी. के शोध ग्रन्थ को मद्रास विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार कर लिया गया था। प्रतिष्ठित 'इंटरनेशनल इंस्टीटयूट ऑफ़ तमिल स्टडीज' ने देइवनयगम के शोध ग्रन्थ को एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया।

शैव सिद्धान्त के अग्रणी व्याख्याताओं ने उक्त शोध ग्रन्थ की असंख्य त्रुटियों, गलत व्याख्याओं और तोड़-मरोड़ कर की गयी विकृतियों को उजागर किया। एक पारम्परिक शैव धार्मिक स्थल तथा शैव शिक्षा की पीठ धरमपुरम अतीनम ने 1986 में एक बड़ी दो-दिवसीय संगोष्ठी इसी विषय पर आयोजित की। उसके बाद, शैव सिद्धान्त के एक विद्वान अरुणै वादिवेल मुथालियार ने, जो अब नहीं रहे, 300 पृष्ठों का एक खण्डन लिखा जिसे इंटरनेशनल शैव सिद्धान्त एसोसिएशन द्वारा 1991 में प्रकाशित किया गया था।[14] अपने आलोचकों का सामना करने और अपने शोध के समर्थन में साक्ष्य देने के लिए बहस करने के बदले देइवनयगम ने द्रविड़वादियों और निचली जातियों के नेताओं को यह घोषणा-पत्र जारी करने के लिए संगठित किया कि उनके शोध के उत्तर में लिखी गयी 300 पृष्ठों की पुस्तक आर्य ब्राह्मणों द्वारा द्रविड़ नस्ल को गुलाम बनाने का प्रयास है।[15]

देइवनयगम चेन्नई से एक तमिल पत्रिका प्रकाशित करते हैं जिसका नाम है 'ड्रैविडियन रिलिजन' (Dravidian Religion)। उनके अविश्वसनीय दावों को विस्तार

देकर जैनियों के एक विशेष पन्थ और साथ ही महायान बौद्ध धर्म को भी टॉमस की ईसाइयत से उपजने वाले आन्दोलनों में शामिल करने की कोशिश की गयी है।[16]

धोखे : पुरातात्विक और साहित्यिक

जिस समय देइवनयगम अपनी व्याख्याओं को गढ़ने में व्यस्त थे, माइलापुर के आर्चबिशप पुरातात्विक साक्ष्य निर्मित कर रहे थे ताकि सन्त टॉमस के मिथक को प्रमाणित किया जा सके। सन 1975 में उन्होंने हिन्दू से धर्मान्तरण कर ईसाई बने एक व्यक्ति को ऐसे पुरालेख सम्बन्धी साक्ष्य गढ़ने के लिए नियुक्त किया जिनसे सन्त टॉमस के दक्षिण भारत आगमन को प्रमाणित किया जा सके। जब यह भाड़े का बन्दूकची विफल हो गया तब आर्चबिशप ने उस पर न्यायालय में मुकदमा कर दिया। इस मामले में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए 'इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इण्डिया' (*Illustrated Weekly of India*) नामक पत्रिका ने सवाल उठाये।[17]

इस बीच, केरल के जंगलों में एक बहु-विख्यात हिन्दू तीर्थ स्थल में एक कैथोलिक पादरी ने घोषणा की कि उनके गिरजे के परिसर की खुदाई में पत्थर की एक सलीब मिली है जिसे सन 57 में टॉमस द्वारा स्थापित किया गया था। यह जगह नीलक्काल स्थित प्राचीन महादेव मन्दिर के नजदीक है, जो सबरीमाला के देवता की अट्ठारह पवित्र पहाड़ियों में है।[18] शीघ्र ही पाँच फुट लम्बी ग्रैनाइट की सलीब के साथ एक गिरजा बनाया गया और उच्चस्तरीय कैथोलिक पादरियों द्वारा उसका ईसाई संस्कार करके दैनिक प्रार्थनाएँ भी शुरू कर दी गयीं।[19]

अनेक प्रमुख नागरिकों को सलीब की नयी खोज पर सन्देह था, जिसमें डॉ. सी.पी. मैथ्यू (Dr. C.P. Mathew) जैसे प्रमुख ईसाई भी थे, जिन्होंने एक प्रमुख समाचार-पत्र में यह पत्र प्रकाशित किया :

> सलीब की शक्ल का, ग्रैनाइट की एक सलीब जो बताया जाता है कि उस जगह बरामद हुआ है, राज्य में साम्प्रदायिक सद्भाव की जड़ों पर ही चोट करने जा रहा है। अगर उसका कोई महत्व है, तो यह पुरातत्व विभाग ही है जिसे यह फैसला करना है। **कुछ संकीर्ण मानसिकता वाले, स्वार्थी ईसाई कट्टरवादी (पादरी और सामान्य जन दोनों) इसके पीछे हैं। सामान्य रूप से ईसाई समुदायों की कोई रुचि इस प्रकरण में नहीं है।20**

हिन्दुओं ने इसे अपने सर्वाधिक लोकप्रिय तीर्थ-स्थलों में से एक पर हमले जैसा माना, और पूरे केरल में हिन्दू मन्दिरों ने विरोध में काले झण्डे फहराये और पुजारियों ने काली मालाएँ पहनीं। एक हिन्दू स्वामी ने गिरजे को यह प्रमाणित करने की चुनौती दी कि सन्त टॉमस द्वारा ऐसी सलीब स्थापित की गयी थी, और पवित्र हिन्दू मन्दिर के निकट हिन्दू भूमि पर गिरजा बनाने के उनके अधिकार पर प्रश्न उठाये। बिशप की उपसमिति ने घोषणा की कि वह गिरजे को किसी अन्य स्थान पर ले जायेगी। जब

हिन्दुओं ने इस बात पर बल दिया कि कानून के तहत कोई भी प्राचीन पुरातात्विक वस्तु भारत के सभी पुरातात्विक स्थलों और मिली वस्तुओं के नियन्त्रक सरकारी संस्थान, पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग, की स्वतन्त्र जाँच का विषय होती है, तब रहस्यमय सलीब अचानक गायब हो गयी। भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग की स्वतन्त्र जाँच से भयभीत धोखाधड़ी करने वालों ने अपने कदम वापस लेना ही उचित समझा।[21]

केरल के एक इतिहासकार डॉ. सी.आई. आइजक ने स्पष्ट किया कि केरल में पहले ईसाई समुदाय के व्यापारिक केन्द्र थे जो समुद्र तट पर ही स्थित थे। उन्होंने लिखा :

> चर्च का श्रेणीबद्ध समूह दावा करता है कि सबरीमाला तीर्थाटन केन्द्र के निकट अन्दर की तरफ़ चयाल नामक एक और ईसाई बस्ती थी; लेकिन वह ईसाइयों की बस्ती नहीं थी, क्योंकि वहाँ मानव नहीं रहते थे और आज भी रहने लायक नहीं है। विद्वानों ने अब तक सन्देह से परे जाकर यह चिह्नित नहीं किया है कि चयाल नामक स्थान सबरी की पहाड़ियों के निकट है या नहीं। इसलिए, चर्च के इस तर्क का कोई आधार नहीं है।[22]

सन्त टॉमस के इतिहास को गढ़ना

देइवनयगम और उनके सहयोगियों के प्रमुख दावों को निम्न प्रकार सूचीबद्ध किया जा सकता है :

- सन्त टॉमस सन 52 के आस-पास भारत आये थे, जिसके परिणाम स्वरूप उत्तर भारत में ईसाइयत के प्रचार के लिए एक औजार के तौर पर संस्कृत का उदय हुआ, हालाँकि बाद में दुष्ट ब्राह्मणों द्वारा इस भाषा को हथिया लिया गया।
- वेदों की रचना ईसा मसीह के आने के काफी बाद, दूसरी शताब्दी में हुई।
- हिन्दू धर्म में शैव मत, वैष्णव मत और सभी वास्तुकला, मूर्तिशिल्प और भक्ति से जुड़ा विकासक्रम टॉमस की ईसाइयत के प्रभाव में खोजे जा सकते हैं।
- ब्राह्मण, संस्कृत और वेदान्त बुरी शक्तियाँ हैं जिन्हें तमिल समाज के पुनर्शुद्धिकरण के लिए समाप्त कर दिये जाने की जरूरत है।

चर्च ने अब देइवनयगम के साथ एक निकट रणनीतिगत सम्बन्ध स्थापित किया है ताकि सन्त टॉमस के भारत आगमन के लिए साक्ष्य प्रस्तुत किये जा सकें, और हिन्दू असहिष्णुता के विपरीत ईसाई अच्छाइयों को उभार कर दिखाया जा सके। इस गठबन्धन के परिणामस्वरूप 2006 में रोमन कैथोलिक चर्च द्वारा सन्त टॉमस संग्रहालय की स्थापना की गयी।[23] इसमें पत्थर की अनेक शिल्पाकृतियाँ और शिलालेख रखे गये हैं जिनके बारे में दावा किया गया है कि वे सन्त टॉमस काल के हैं

और असली हैं। ऐसे ही एक शिल्प में दो आकृतियाँ दिखायी गयी हैं, जिनमें से एक के नीचे यह व्याख्या है :

> दो आकृतियों वाला यह आधारस्तम्भ सन्त टॉमस के मकबरे के निकट पाया गया था। एक आकृति के बारे में कहा जाता है कि वह अपने बायें हाथ में पुस्तक थामे सन्त टॉमस हैं, जिनका दाहिना हाथ 'आशीर्वाद' या 'शिक्षा' देने की मुद्रा में है।

दूसरी आकृति के नीचे इस प्रकार लिखा है :

> इस आकृति की पहचान कन्डप्पा राजा (गोन्डोफेरिस) के रूप में की गयी है जो माइलापुर के राजा माने गये हैं जिनका सन्त टॉमस ने धर्मान्तरण किया था।

जो भी हो, गोन्डोफेरिस माइलापुर के राजा नहीं थे, बल्कि पहले इण्डो-पार्थियन राजा थे जो एक हज़ार मील दूर स्थित काबुल घाटी पर शासन किया करते थे। संग्रहालय की वेबसाइट में इस शिल्पकृति को सातवीं शताब्दी का बताया गया है, लेकिन गोन्डोफेरिस ने ईसा पूर्व पहली शताब्दी में शासन किया था। यह वेबसाइट इस मूर्तिशिल्प के बारे में एक और आश्चर्यजनक दावा करती है :

> लगता है बायाँ हाथ पुस्तक या कोई उपकरण पकड़े हुए है। अगर यह पुस्तक है तो यह आकृति ईसा मसीह के एक अनुयायी को भी प्रतिबिम्बित करती है! सम्भवत: सन्त बार्थोलोम्यू जिनके बारे में कहा जाता है कि वे ही सन्त मैथ्यू का गॉस्पेल भारत लाये थे... भारत के दो ईसानुयायी! हालाँकि बार्थोलोम्यू का ईसाई दूत बनकर भारत आना उतना प्रमाणित नहीं किया गया है जितना सन्त टॉमस का। बल्कि, महत्वपूर्ण यह है कि नयी दिव्य पदवी (वैटिकन II के बाद) ने 24 अगस्त को यह टिप्पणी दी थी : '... ईस के आरोहण के बाद, पारम्परिक कथा यह है कि, उन्होंने धर्म की शिक्षा भारत में दी थी और वहाँ शहीद हो गये थे'।[24]

जो भी हो, चूँकि नया सन्देश (न्यू टेस्टामेंट) चौथी शताब्दी में संकलित किया गया था और पुस्तक रूप में बाइबल 1455 में प्रिंटिंग प्रेस के अविष्कार के बाद ही लोकप्रिय हुआ था, सन्त टॉमस जब भारत आये तो वे जेबी आकार का बाइबल लेकर नहीं चल सके होंगे। यहाँ तक कि सबसे पुराना बाइबल पेपिरस (लेखन में उपयोगी जलज बनस्पति) सन्त टॉमस के सौ वर्ष बाद का है। चाहे जो हो, सन्त टॉमस के साथ सन्त बार्थोलोम्यू को दक्षिण भारत के ईसाई सन्त समूह में मिलाने से भारत में एक और द्रविड़ आन्दोलन की तैयारी हो गयी है, जिसमें बार्थोलोम्यू हिन्दू धर्म में और अधिक परिवर्तन लाते हैं।

सन्त टॉमस के माउंट चर्च की वेदी पर ईसा मसीह और मरियम का एक चित्र है जो स्पष्ट रूप से इटली के पुनर्जागरण काल का है। फिर भी चर्च घोषणा करती है कि इसे स्वयं सन्त टॉमस अपने साथ लेकर आये थे और इसे किसी और ने नहीं, बल्कि सन्त ल्यूक ने ही बनाया था। हाल में ही आये एक पश्चिमी आगन्तुक मार्टिन गुडमैन ने,

टॉमस मिथक के प्रति सहानुभूति रखते हुए भी इस मनगढ़न्त बात को अस्वीकार करते हुए इसके बारे में लिखा :

> वेदी के नीचे मैडोना और शिशु का एक चित्र है जिसे सन्त टॉमस द्वारा भारत लाया गया और जिसे सन्त ल्यूक द्वारा चित्रित बताया गया है। समय से पहले ही इटली के पुनर्जागरण काल में प्राप्त और विकसित की गयी शैली में इसका होना, वैसा ही चमत्कार है जैसा रक्त बहाती हुई सलीब।[25]

पहाड़ी पर पत्थर की एक सलीब है जिसके बारे कहा जाता है कि उसे स्वयं सन्त टॉमस ने तराशकर बनाया था।[26] वेदी पर स्थापित किये गये एक बोर्ड पर लिखा है :

> ईसा मसीह के शिष्य सन्त टॉमस को इसी पवित्र स्थल पर भाले से घोंपकर मार डाला गया था। इस बात के लिखित साक्ष्य हैं कि वेदी पर पत्थर की जो सलीब है उसे स्वयं सन्त टॉमस द्वारा नक्काशी करके बनाया गया था।

वेदी के अन्दर रखा एक चित्र काली चमड़ी वाले एक हिन्दू को प्रदर्शित करता है जिसके बाल ब्राह्मणों के पारम्परिक बालों की तरह हैं और वह ईसा मसीह के शिष्य को पीछे से छेद रहा है, जबकि सन्त टॉमस सलीब के आगे प्रार्थना में तल्लीन हैं। आधिकारिक कैथोलिक प्रकाशनों ने सन्त टॉमस की मृत्यु को एक ब्राह्मण द्वारा की गयी हत्या के रूप में वर्णित किया है :

> 3 जुलाई, 72 को ईसा मसीह के ये शिष्य पहाड़ी की ओर जाते समय कुछ चेन्नाम्ब्रनार ब्राह्मणों से मिले जो बलि चढ़ाने के लिए मन्दिर में जा रहे थे। उन्होंने चाहा कि सन्त टॉमस भी उनकी पूजा में शामिल हों; उन्होंने नि:सन्देह उनकी बात मानने से इनकार कर दिया और इसके विपरीत पूजा स्थल को सलीब के चिह्न से नष्ट कर दिया। ब्राह्मणों ने गुस्से में सन्त टॉमस को भाले से गोद डाला।[27]

लेकिन शताब्दियों के प्रमाण इन दावों को अमान्य कर देते हैं। तेरहवीं शताब्दी में मार्को पोलो ने भारत में टॉमस की कथा का वर्णन किया है, लेकिन उन्होंने किसी भी ब्राह्मण हत्यारे या बलिदान हो जाने का कोई उल्लेख नहीं किया। सन्त टॉमस से जुड़ी कथाओं में उनकी मृत्यु को हमेशा एक आदिवासी के हाथों दुर्घटना से मारे जाने के रूप में वर्णित किया गया जो उस समय एक मोर को तीर से मारने की कोशिश कर रहा था। मार्को पोलो की कथा के अनुसार :

> टॉमस जंगल में अपनी कुटिया के बाहर थे और अपने स्वामी ईश्वर की प्रार्थना कर रहे थे। उनके चारों ओर अनेक मोर थे... जब सन्त टॉमस प्रार्थना कर ही रहे थे तभी गवि नस्ल और वंश के किसी मूर्तिपूजक ने अपने धनुष से बाण छोड़ा ताकि वह सन्त के चारों ओर इकट्ठा मोरों में से एक को मारे।[28]

डब्ल्यू.डब्ल्यू. हण्टर (W.W. Hunter) विस्तार से बताते हैं कि किस प्रकार यह सामान्य कथा, जो ईसाई जगत में प्रचलित थी, समय बीतने के साथ-साथ धोखाधड़ी से भरी मनगढ़न्त बातों से भर गयी :

चर्च के आरम्भिक धर्मपिताओं का साहित्य स्पष्ट रूप से घोषित करता है कि सन्त टॉमस कैलामिना में शहीद हुए थे... चर्च की परम्परा भी समान रूप से स्पष्ट है कि सन 394 में ईसा मसीह के इस शिष्य के अवशेष मेसोपोटैमिया के एडेसा नामक स्थान में स्थानान्तरित किये गये थे। इसलिए भारत के दक्षिण-पश्चिमी समुद्र तट पर सन्त टॉमस की मृत्यु का स्थान निर्धारित करने का प्रयास असुविधाजनक स्थितियों में प्रारम्भ किया गया। जो भी हो, एक अनुकूल स्थान मद्रास के निकट पहाड़ी पर पाया गया है, जो प्राचीन भारत के अनेक पहाड़ी तीर्थ स्थलों में से एक है, जो विभिन्न धर्मों—बौद्ध, इस्लाम और हिन्दू—के लोगों का संयुक्त तीर्थस्थल बन गया है। ... भारतीयों के धर्मान्तरण के अपने प्रारम्भिक प्रयासों में उत्साही पुर्तगालियों को स्थानीय सन्त की एक टिकाऊ और प्रभावी जीवनी की भारी कमी महसूस हुई। [...] 1522 में गोवा से एक मिशन कोरोमण्डल समुद्र तट पर भेजा गया जिसने स्वयं को उस सुस्थापित कथा से अनभिज्ञ या बेहतर साबित किया जिसमें सन्त टॉमस के अवशेषों को सन् 394 में एडेसा स्थान्तरित करने का उल्लेख था और उनके अवशेष मद्रास के निकट एक समाधि में खोज निकाले जिसके साथ उस राजा के अवशेष भी दफ्न थे जिसे सन्त टॉमस ने धर्मान्तरित किया था। उन अवशेषों को बड़े ही उत्सव के साथ गोवा लाया गया, जो उस समय भारत की पुर्तगाली राजधानी थी, और वहाँ वे सन्त टॉमस चर्च में आज भी रखे हुए हैं। सन 1547 में सन्त टॉमस माउंट पर पह्लवी सलीब के पाये जाने ने ...इस कथा को एक ताजा रंग दे दिया। जहाँ तक इसके शिलालेख का सवाल है, यह फारस मूल को ही इंगित करता है, और सम्भवत: मैनिकेइन मूल की ओर। लेकिन जिस समय इसे खोद निकाला गया उस समय मद्रास में कोई नहीं था जो पह्लवी अक्षरों को पढ़ सके। एक ब्राह्मण धोखेबाज, यह जानकर कि शहीदों की स्थानीय माँग थी, सुविधानुसार एक मनगढ़न्त व्याख्या के साथ सामने आया। दुर्घटना में एक बाण लगने से हुई टॉमस की मृत्यु की सामान्य कथा इससे पहले एक क्रूर बलिदानी स्वरूप ग्रहण कर चुकी थी, जिसमें पत्थर मारकर और भाला घोंपकर हत्या कर देने की बात कही गयी थी, और मद्रास के नजदीक बड़ी और छोटी पहाड़ी पर इस दुखान्त कथा का प्रत्येक स्थल निर्धारित कर लिया गया था।[29]

भारतीय चर्च का इतिहास चामत्कारिक रूप से पवित्र अवशेषों को रणनीतिगत तरीके से खोद निकालने के मामले में उनकी कुशाग्रता और समय को भाँपने की काबिलियत के उदाहरणों से भरा पड़ा है, विशेषकर उन पवित्र हिन्दू स्थलों के पास जिन्हें वे अपने में मिलाना या हथियाना चाहते हैं। निश्चित रूप से, मिशनरी विद्वता के लिए उन 'कपटी हिन्दू मूर्तिपूजकों' पर आरोप लगाना कोई नयी बात नहीं है जो किसी भी धोखाधड़ी वाली मनगढ़न्त बात को उजागर कर देते हैं, जैसा कि अज्ञात ब्राह्मण

धोखेबाज के मामले में हुआ जिसे सलीब पर के शिलालेख के धोखाधड़ी-भरे अनुवाद के लिए दोषी पाया गया।[30]

सान थोम गिरजे से जुड़े पुरातात्विक साक्ष्य

पुर्तगालियों द्वारा खोज निकाले गये मकबरे की पहचान सन्त टॉमस के मकबरे के रूप में किये जाने को पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया गया, यहाँ तक कि उन विद्वानों द्वारा भी जो टॉमस की कथा के प्रति सहानुभूति रखते हैं। उदाहरण के लिए, ईसाई पुरातत्ववेत्ता फादर एच. हेरास लिखते हैं : 'कुछ प्रारम्भिक पुर्तगाली लेखकों ने मूल कथा के विवरणों को छिपाकर रखा है, और ये विवरण इस खोज के असत्य को उजागर करने के लिए पर्याप्त हैं'।[31] एक अन्य ईसाई विद्वान, टी.के. जोजेफ, (T.K. Joseph) टॉमस की कब्र वाले स्थान के बारे में कहते हैं : 'मैं पूरी तरह आश्वस्त हूँ कि यह कभी भी माइलापुर में नहीं रही है। मैंने यह बात अनेक बार कही है'।[32]

यह दिखाने के लिए भी साक्ष्य हैं कि वर्तमान सान थोम गिरजा एक हिन्दू मन्दिर के अवशेषों के ऊपर निर्मित किया गया है, जो मूल रूप से कपालीश्वर मन्दिर था। उदाहरण के लिए, हाल के इन विवादों के दोबारा उभरने के वर्षों पहले किया गया एक पी-एच.डी. शोध ग्रन्थ कहता है :

> सान थोम में पुरात्तवविदों द्वारा खोज निकाली गयी सामग्री से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि मन्दिर कहीं और अस्तित्व में रहा होगा और सर्वाधिक सम्भावना इस बात की है कि यह सान थोम समुद्रतट पर रहा होगा... क्योंकि पुराने मन्दिर के अवशेष सान थोम समुद्रतट पर ही पाये गये थे। पुरातत्वविदों ने सन 1923 में जब सान थोम गिरजे के परिसर में खुदाई की तो उनको शिलालेख और मूर्तियाँ मिलीं। शिलालेखों ने एक मन्दिर होने का संकेत दिया [...] सन्त अरुणागिरि नाथर भी इस बात का उल्लेख करते हैं कि समुद्रतट के बगल में कपालीश्वर मन्दिर था। ... इस प्रकार, निष्कर्ष में कहा जा सकता है कि पुराने कपालीश्वर मन्दिर को पुर्तगालियों द्वारा पन्द्रहवीं सदी में नष्ट कर दिया गया था, और नट्टू नयिनीअप्पा मुथालियार और उनके पुत्र द्वारा इसे इसके वर्तमान स्थान पर सोलहवीं शताब्दी में निर्मित किया गया।[33]

भारत सरकार द्वारा किये गये पुरातात्विक सर्वेक्षणों में पुष्टि होती है कि पुर्तगालियों ने एक हिन्दू मन्दिर के अवशेषों पर इस गिरजे का निर्माण किया। उन्होंने राजेन्द्र चोल का एक शिलालेख खोज निकाला है। साम्राज्यवादी चोल वैदिक धर्मानुयायी थे। मद्रास में सान थोम गिरजे से प्राप्त राजेन्द्र चोल के ग्यारहवीं शताब्दी के शिलालेख पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की 1967 की एक रपट कहती है कि शिलालेख में चोल राजा पर लक्ष्मी का वरदहस्त होने का उल्लेख है, 'जो उन्हें विजय और सम्पन्नता प्रदान करती हैं'।[34]

चाहे जो हो, इन स्वतन्त्र रपटों को कम प्रमुखता दी गयी और दबा दिया गया। उदाहरण के लिए, सम्पूर्ण तमिलनाडु में पढ़ायी जाने वाली छठी कक्षा की समाज विज्ञान की पाठ्य पुस्तक में एक तथ्य की तरह इसे खुले-आम पढ़ाया जा रहा है कि 'सन्त टॉमस सेंट टॉमस पहाड़ी पर रुके थे और उन्होंने ईसाइयत की शिक्षा दी थी। धार्मिक झगड़े के कारण उनकी हत्या कर दी गयी थी। उनका शरीर सान थोम गिरजे में दफनाया गया था'।[35] इनमें से किसी की भी अनुभवसिद्ध साक्ष्यों से पुष्टि नहीं हुई है। (परिशिष्ट घ में देखें इसी प्रकार का एक शरारतपूर्ण झाँसा जो मूल निवासियों को दिया गया था उन मिशनरियों द्वारा जिनकी रुचि उन्हें जीतने और उनकी भूमि हड़पने में थी।)

फिल्मों में सन्त टॉमस

हाल में ही इस मिथक का प्रचार करने के लिए कैथोलिक चर्च द्वारा सन्त टॉमस पर विशाल बजट की एक फिल्म की योजना बनायी गयी है। एक समाचार-पत्र की सूचना है :

> 'बेन हुर' (Ben Hur) और 'द टेन कमाण्डमेंट्स' (The Ten Commandments) जैसी हॉलीवुड की महान फिल्मों को ध्यान में रखते हुए, और इसके लिए समुचित बजट के साथ मद्रास-माइलापुर आर्चडायोसिस तीस करोड़ की लागत से सन्त टॉमस के जीवन और कार्य पर एक फिल्म बनायेगा, ईसा मसीह के बारह शिष्यों में से एक पर जिनके बारे में विश्वास किया जाता है कि भारत में उन्होंने ईसा मसीह के सन्देश का प्रचार किया था। सत्तर एमएम के पर्दे पर बनाई जाने वाली यह फिल्म ढाई घण्टे की होगी जिसमें हॉलीवुड तथा भारतीय फिल्म उद्योग के बड़े व्यक्तित्वों की भी भागीदारी होगी। [...] केरल और तमिलनाडु के लिए इस फिल्म का विशेष महत्व है जहाँ सन्त टॉमस ने भारत-प्रवास के दौरान अपने जीवन का एक बड़ा भाग बिताया था। विश्वास किया जाता है कि सन 72 में माइलापुर में शहीद होने से पहले उन्होंने केरल में सात गिरजों की स्थापना की थी। जनता पर तिरुवन्नमलाई के अरुणाचलम और अन्नाई वेलंगन्नी जैसी फिल्मों का आध्यात्मिक सान्त्वना देने वाला प्रभाव पड़ा था, आर्चबिशप ने बताया। उन्होंने अनुभव किया कि सन्त टॉमस के जीवन पर एक फिल्म का वैसा ही प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि यह सभी लोगों के लिए समानता और सम्मान की विषय-वस्तु के आस-पास घूमती है।[36]

इस अफवाह ने, कि फिल्म में तिरुवल्लुवर को सन्त टॉमस के एक शिष्य के रूप में दिखाया जायेगा, एक विरोध को जन्म दिया जिसमें कहा गया कि वह झूठा दावा था। फिल्म के पटकथा लेखक पॉलराज लावरधू सामी ने पटकथा का बचाव यह कहते हुए किया कि मद्रास विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत देइवनयगम के पी-एच.डी. शोध प्रबन्ध ने तिरुवल्लुवर के सन्त टॉमस से मिलने का साक्ष्य दिया था।[37] मूर्खतापूर्ण

अटकलों की यात्रा इसी तरह चलती रही है, शैक्षणिक वैधता प्रदान किये जाने से होते हुए मुख्यधारा के चिन्तन और लोकप्रिय संस्कृति तक।

हिन्दू धर्म आर्य-अंग्रेजी षडयन्त्र घोषित

सन्त टॉमस की इन मनगढ़न्त कथाओं को विजयी आर्यों और 'दुष्ट' ब्राह्मणों के व्यंग्य चित्रणों के साथ मिला दिया गया है। सन 2000 में देइवनयगम ने 'इण्डिया इन थर्ड मिलेनियम' (*India in Third Millennium*) नाम से एक पुस्तक प्रकाशित की, जो हिन्दू आध्यात्मिकता को हथियाने और इसे ईसाइयत के ही एक उप-धर्म में बदल देने का एक बहुत बड़ा प्रयास है। बीच-बीच में आर्यों को मूल खलनायक के रूप में चित्रित किया गया है :

> आर्यों का अपना कोई धर्म नहीं है। वास्तव में, आर्य बिना धर्म के लोग हैं। एकेश्वरवाद, स्वर्ग, नरक, पुनर्जन्म आदि परिकल्पनाओं के बारे में उनको कोई ज्ञान नहीं है। वे पशुओं और भेड़ों का माँस आग में पकाते थे और उसे सोम और सुरा जैसी शराबों के साथ खाते थे। वे प्रकृति-पूजा, नृत्य और लोकगीत गाने का आनन्द उठाने वाले और प्रसन्न रहने वाले लोग थे। समय बीतने के साथ इन्हीं लोक गीतों को 'वैदिक स्तोत्र' के रूप में जाना गया। ... आर्य एक समूहवाचक नाम है जो फारसी, ग्रीक, रोमन, शक, कुशान और हूण के लिए प्रयुक्त किया गया, जिनमें से सभी बिना किसी धर्म के भारत आये।[38]

वे अपने षडयन्त्र के सिद्धान्त को विस्तार से बताते हुए कहते हैं कि विदेशी ब्राह्मणों और ब्रिटिश उपनिवेशवादियों के एक 'दुष्ट' संयुक्त षडयन्त्र के रूप में हिन्दू धर्म का प्रारम्भ हुआ :

> अंग्रेज़ों का रंग गोरा है। उन्होंने इस बात पर गौर किया कि हिन्दू विधि (मनु धर्म) में जो गोरे नहीं हैं उन द्रविड़ भारतीयों (अवर्णों) को अश्रेष्ठ के रूप में दमित किया जाता है और गोरे रंग के विदेशियों (सवर्णों) को श्रेष्ठ माना जाता है। ... एक संयुक्त उपक्रम के रूप में हिन्दू धर्म का जन्म हुआ। **आर्य ब्राह्मण और अंग्रेज़, दोनों ही विदेशी हैं; इन दोनों ने मिलकर भारत के लोगों के विरुद्ध षडयन्त्र किया।** उन्होंने संयुक्त रूप से इस परिकल्पना का सृजन करके उसे फैलाना शुरू किया कि अंग्रेज़ी का शब्द 'हिन्दूइज्म' (Hinduism) (जिसका मूल अर्थ था हिन्दू विधि) का अर्थ 'हिन्दू धर्म' अर्थात्, भारतीय धर्म भी हो सकता है।[39]

वे इससे आगे दावा करते हैं कि शंकर, रामानुज और माधव आर्य ब्राह्मण थे जिन्होंने वेदव्यास की प्रारम्भिक रचनाओं को विकृत किया जिनके बारे में देइवनयगम दावा करते हैं कि वे द्रविड़ थे।[40] दूसरे शब्दों में हिन्दू धर्म के उन पक्षों को जिन्हें ईसाइयत के साथ स्थान दिया जा सकता है, उन्हें ईसाई प्रभाव के कारण हुआ बताया गया, जबकि उनको, जो इसके विपरीत थे, विदेशी ब्राह्मणों द्वारा की गयी विकृतियों के रूप में नीचा दिखाया गया। जहाँ एक ओर देइवनयगम को मूलत: मूर्ख के रूप में

देखा जाता था, वहीं उनकी दृढ़ता और अनवरत संलग्नता ने धीरे-धीरे उन्हें मुख्यधारा की ईसाई संस्थाओं और गिरजों के बीच महत्वपूर्ण बना दिया। सन 2004 आते-आते ईसाई प्रचारक मिशनरी उनके औपचारिक पाठ्यक्रमों में भाग लेने लगे थे जिन्हें चलते हुए 2010 तक छह महीने हो गये थे।

इंस्टीटयूट ऑफ़ एशियन स्टडीज

एशियाई अध्ययन संस्था (इंस्टीटयूट ऑफ़ एशियन स्टडीज) की स्थापना एक जापानी बौद्ध विद्वान और जॉन सैमुएल नाम के एक भारतीय ईसाई द्वारा संयुक्त रूप से की गयी थी। इसने अनेक पुस्तकें प्रकाशित कीं और 'जर्नल ऑफ द इंस्टीटयूट ऑफ एशियन स्टडीज' (*Journal of the Institute of Asian Studies*) नाम की एक पत्रिका का प्रकाशन भी शुरू किया। जहाँ इस संस्थान की शुरुआत भलमनसाहत-भरी थी, वहीं सैमुएल ने जापानी भागीदार से इसे अपने हाथ में ले लिया और इसके शोध और शिक्षा के कार्यक्रम को तमिल पहचान तथा संस्कृति को हिन्दू धर्म से अलग करने वाले कार्यक्रम की ओर मोड़ दिया। स्थानीय भावनाओं को प्रभावित करने के लिए इसने सभी अच्छी बातों के स्रोत के रूप में तमिल संस्कृति की प्रशंसा करना प्रारम्भ कर दिया, जबकि सर्व-भारतीय पहचान और सांस्कृतिक इतिहास को कम महत्व दिया। हिन्दू परम्पराओं को अलग, विदेशी को अलग खण्ड में रखा गया जबकि ईसाइयत और बौद्ध धर्म को तर्कसंगत बताया। इंस्टीटयूट की वेबसाइट दिखाती है कि यह उन धर्मों को पढ़ाता है जिन्हें बौद्ध, ईसाई, कौमारम, पन्निरुतिरुमराई और लोक अध्ययन के रूप में वर्गीकृत किया गया है।[41] उसमें हिन्दू धर्म जैसी कोई चीज है ही नहीं। इंस्टीटयूट ने कैलिफोर्निया, बर्कले जैसे विश्वविद्यालय से शोध सम्बन्ध स्थापित कर महत्व प्राप्त किया है, और उसके माध्यम से कोलोन विश्वविद्यालय के 'इंस्टीटयूट फ़ॉर इन्डोलॉजी एण्ड तमिल स्टडीज' और अन्य विश्वव्यापी परियोजनाओं के साथ सम्बन्ध भी स्थापित किया है।[42]

शिव और नटराज 'द्रविड़' घोषित

इंस्टीटयूट की विद्वता के एक नमूने का उदाहरण 1985 में छापी गयी एक पुस्तक में मिलता है जिसका नाम 'आनन्द ताण्डव ऑफ शिव सदानृत्तमूर्ति ' (Ananda-tandava of Siva Sadanrttamurti) है। इसके लेखक, कामिल वी. ज्वेलेबिल (Kamil V. Zvelebil) नाम के एक प्रमुख चेक (Czech) द्रविड़वादी ने बल देकर घोषित किया है कि एक दिव्य नर्तक के रूप में शिव की परिकल्पना, विशेष रूप से आनन्द ताण्डव करते हुए, 'नि:सन्देह एक इण्डो-द्रविड़ अविष्कार है'।[43] वे बल देकर कहते हैं कि 'हमें भारत के उत्तरी और दक्षिणी भाग के बीच अन्तर करना ही चाहिए'।[44] उसके बाद वे उत्तर भारत में शिव के सभी साक्ष्यों को धृष्टता के साथ महत्वहीन बताते हुए रद्द कर देते हैं :

> भारत के उत्तरी भाग में नृत्य करते हुए देवता के रूप में शिव के कुछ प्रतिरूपण चालुक्य, वाकाटक और पल्लव काल के पहले से अस्तित्व में हैं, उन्हें शिव नटराज विषय-वस्तु के प्रारम्भिक पूर्वसूचकों से अधिक कुछ भी नहीं माना जा सकता।[45]

ज्वेलेबिल उत्तर भारत में पाँचवीं शताब्दी के गुप्त काल के नृत्य करते हुए शिव के पुरातात्विक साक्ष्य को स्वीकार करते हैं, लेकिन शीघ्र ही वे अस्वीकार करते हुए कहते हैं कि 'गुप्त मूर्तिशिल्प में नटराज की विषय-वस्तु अधिक महत्वपूर्ण नहीं थी', और 'वास्तव में नृत्य करते हुए देव के रूप में कुछ प्रतिरूप गुप्त काल के अन्तिम दिनों में दक्षिण भारत में उद्भूत और विकसित नटराज की परिकल्पना के प्रभाव और उसकी प्रेरणा से होने लगे थे'।[46] यह संक्षिप्त विश्लेषण उन्हें भरोसे के साथ यह निष्कर्ष निकालने की अनुमति देता है कि नटराज दक्षिण भारत के द्रविड़ थे। वे उत्तर के साथ शिव के जैव सम्बन्ध के विशाल साक्ष्यों की उपेक्षा करते हैं जो हजारों वर्षों में विकसित होकर भारत की सामूहिक आध्यात्मिक चेतना में बदल गये हैं, जैसे कि :

- सिन्धु घाटी सभ्यता में पाये गये शिव से सम्बद्ध पुरावशेष
- शिव का निवास स्थल कैलाश पर्वत तिब्बत में है
- हिमालय पर्वत श्रृंखला को उनके पवित्र भौगोलिक क्षेत्र के रूप में माना जाता है
- शिव की गंगा उत्तर में बहती है
- अमरनाथ की प्रसिद्ध गुफा उसमें स्थित शिवलिंग के कारण तीर्थयात्रियों को आकर्षित करती है
- शैव स्थलों के पुरातात्विक अवशेष मध्य एशिया में मिले हैं

दक्षिण भारत की संस्कृति को शेष भारत से और अलग करने के अपने प्रयासों में ज्वेलेबिल शिव के नृत्य का उल्लेख करने वाले संगमोत्तर काल के साहित्य का उद्धरण देते हैं और निष्कर्ष निकालते हैं :

> यह स्पष्ट है कि तमिल दक्षिण में नृत्य करते हुए देव की एक महत्वपूर्ण स्वतन्त्र परम्परा थी जो काँची के पल्लव शासन काल में पूरी तरह पुष्पित और विकसित होनी शुरू हुई।[47]

उन विद्वानों ने भी जो आर्य/द्रविड़ विभाजक दृष्टान्त के भीतर कार्य करते हैं, इंगित किया है कि ऋग वेद में भी रुद्र (शिव) के नृत्य और संगीत का उल्लेख है।[48] ईसा पूर्व दूसरी शताब्दी के उत्तर भारतीय शुंग वंश शासन काल के वाद्य उपकरण के साथ एक शिव प्रतिमा का उदाहरण शिवराममूर्ति द्वारा इंगित किया गया है जो नटराज मूर्तिकला के विशेषज्ञ माने जाते हैं।[49] यद्यपि ज्वेलेबिल सी. शिवराममूर्ति के अन्य कार्यों का व्यापक उल्लेख करते हैं, इस तथ्य को नजरन्दाज कर देते हैं।

दक्षिण भारत ने भारतीय आध्यात्मिकता में व्यापक योगदान किया है, विशेषकर नटराज के रूप में शिव के दिव्य प्रतिरूप को विकसित और परिष्कृत बनाने में। जो भी हो, कुछ द्रविड़वादी यह स्थापित करना चाहते हैं कि दक्षिण भारतीय परम्पराएँ बिल्कुल स्वतन्त्र परम्पराएँ हैं जिन्हें केवल कृत्रिम रूप से ही सर्व-भारतीय या वैदिक परम्पराओं से जोड़ा गया है। भारतीय संस्कृति से दक्षिण भारत की आध्यात्मिक परम्पराओं को सन्दर्भ-च्युत बनाने का यह प्रयास, इन परम्पराओं को ईसाई परम्पराओं के रूप में पुनर्सन्दर्भीकृत करने के लिए एक अन्तरिम कदम बन जाता है।

स्कन्द-मुरुगा का समायोजन

1991 में 'इंस्टीटयूट ऑफ़ एशियन स्टडीज' ने ज्वेलेबिल द्वारा लिखी एक अन्य पुस्तक का प्रकाशन किया जिसका नाम 'टैमिल ट्रेडिशन्स ऑन सुब्रमण्य-मुरुगन' (*Tamil Traditions on Subrahmanya-Murugan*) था। यह तथ्य आर्य/द्रविड़ विभाजकता को और आगे बढ़ावा देने के कार्यक्रम को प्रस्तुत करता है। यह पुस्तक बारम्बार ब्राह्मणों की तुलना आर्यों से करती है, और हिन्दू धर्म को बौद्ध और जैन धर्मों को समाप्त करने के लिए एक तन्त्र मात्र बताती है। यह व्याख्या करती है कि चतुर ब्राह्मणों की 'रणनीति' हमेशा से 'उनके विरोधियों के सर्वाधिक सम्मानजनक पक्षों को अंगीकृत कर लेने की रही है'। इस प्रकार हिन्दू धर्म, 'एक विशेष वातावरण में एक विशेष प्रकार के मानस की उपज है, एक विशेष प्रकार का धर्म जिसका मुकाबला उसके ही तरीकों से किया जाना चाहिए'।[50]

स्वयं को सन्तुलित विद्वान के रूप में स्थापित करने के लिए ज्वेलेबिल पहले 'भारतीय सांस्कृतिक विकास के प्रति भोले-भाले दृष्टिकोण की त्रुटियों' के प्रति सचेत करते हैं 'जो दृष्टिकोण इस सब को मूल-निवासी-विषयक पक्षों (मुख्यत: द्रविड़) और परिष्कृत इण्डो-आर्य प्रवृत्तियों के बीच तनाव में बदल देता है'।[51] परन्तु केवल दो पृष्ठों के बाद ही वे उसी गड्ढे में गिर पड़ते हैं जिसके बारे में उन्होंने ख़बरदार किया था। वे ब्राह्मण-आर्यों पर द्रविड़ आध्यात्मिकता को संस्कृत के साँचों में ढालने का आरोप लगाते हैं। वे दावा करते हैं कि स्थानीय तमिल ढाँचे को 'बाद के टिप्पणीकारों की इन कोशिशों के माध्यम से आंशिक रूप से बलात्कार द्वारा और आंशिक रूप से अपनाने और समायोजन करके तमिल विचारधारा और सिद्धान्तों को ब्राह्मण-संस्कृत के जबरदस्ती-एकरूपता-स्थापित-करन े-वाले ढाँचे में ढाला गया'।[52]

उसके बाद वे तमिलों के महान भक्ति साहित्य के पुनर्जागरण को संस्कृत प्रभाव द्वारा लाये गये एक पतन के रूप में नीचा दिखाते हैं। उनके अनुसार, दुष्ट आर्य सामाजिक बुराइयाँ लाये जिनमें 'महाकाव्यों, पुराणों की आर्य पुराकथाओं का सशक्त विकास; भाषा का संस्कृतिकरण; कर्मकाण्डीय शुद्धता का रूढ़ीकरण; दृष्टान्तों का प्रदूषण; कट्टर वर्ण-व्यवस्था की धारणा; सामन्ती ढाँचे में उपयोग में लाये जाने वाले राजा के ईश्वर होने की अवधारणा; कट्टर कर्मकाण्ड' आदि शामिल और विस्तृत थे।

दमन के परिणामस्वरूप तमिल जनों ने 'भक्ति' का सहारा लिया 'एक भावनात्मक बाढ़ के रूप में जिसमें जीवन की समस्याओं के सामाधान के तर्कसंगत प्रयास डूब जाते हैं; जो जीवन और इसकी समस्याओं के प्रति एक अतार्किक और तर्कविरोधी तरीका है'।[53] यह कथित यूरोपीय श्रेष्ठता का ही नमूना है जिसका प्रदर्शन करते हुए ज्वेलेबिल बल देकर कहते हैं कि 'तमिलनाडु ने ''वास्तविक'' पुनर्जागरण जैसे विकासक्रम का साक्षात्कार नहीं किया है ... ऐसा कोई विकासक्रम नहीं है जिसकी तुलना यूरोप के पन्द्रहवीं-सोलहवीं शताब्दी के पुनर्जागरण से, सत्रहवीं-अट्ठारहवीं शताब्दी के यूरोपीय तर्कवाद से, या उन्नीसवीं शताब्दी के यूरोपीय अनुभववाद या सकारात्मकतावाद से की जा सके'।[54] लेकिन तमिल जहाँ एक ओर यूरोपीयों से श्रेष्ठता में कम हैं, वहीं वे हिन्दू भक्ति आन्दोलन द्वारा प्रदूषित होने से पहले बेहतर थे, क्योंकि वे पन्थ निरपेक्ष, असाम्प्रदायिक, आशावादी और साहसी थे, तथा माँस खाते और शराब पीते थे। ज्वेलेबिल लिखते हैं :

> जो भी हो, भक्ति के रुझान के पहले तक, कथित 'काले युग' के पहले, तमिल प्राचीन कालजयी रचनाकाल में, मुरुगन काल में, व्यक्ति स्पष्ट, आशावादी, सहज, जीवन के धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण वाला था, एक माँस खाने वाले और शराब पीने वाले सामन्तवाद के पहले के समाज के साहसी युग में, तुलनात्मक रूप से सहज, लेकिन सार्थक धार्मिक अवधारणाओं के साथ।[55]

इस तरह ज्वेलेबिल कॉल्डवेल के सिद्धान्त का ही नवीनीकरण करते हैं कि ब्राह्मणों द्वारा तमिल आध्यात्मिकता को धोखा देने और बन्दी बनाने के पहले यह आदिम सामन्तवाद से पहले की संस्कृति थी जो असली ईसाइयत में परिवर्तन के लिए तैयार थी। ब्राह्मणों के हस्तक्षेप ने इसे क्षति पहुँचाई, जबकि तमिल जनों को जिस चीज की वास्तविक आवश्यकता थी, वह ईसाइयत द्वारा 'परिष्कार' की ही थी ताकि उनके पास एक मान्य धर्म हो सके। कॉल्डवेल ने प्रस्ताव रखा था कि एक बार अगर ब्राह्मणों का छल हटा दिया गया तो सहज मस्तिष्क वाले द्रविड़जन ईसाई प्रचारकों के घेरे में शामिल होने के लिए तैयार हो जायेंगे।

'इंस्टीटयूट ऑफ़ एशियन स्टडीज' में जॉन सैमुएल (John Samuel) का मिशन था कि कॉल्डवेल ने जहाँ उसे छोड़ा था, वहाँ से उसे आगे ले जाना। उन्हें दक्षिण भारत और श्रीलंका में तरह-तरह के एन.जी.ओ. के साथ काम कर रहे एक पश्चिमी विद्वान पैट्रिक हैरिगन द्वारा सहायता दी जाती है।[56] हैरिगन ने स्वयं को दक्षिण भारत और श्रीलंका के हिन्दू रहस्यवाद और लोक परस्पराओं के एक प्रमुख शोधकर्ता के रूप में स्थापित किया है, जिसके माध्यम से उन्होंने एक विशाल आँकड़ों का कोष तैयार किया है और तमिल आध्यात्मिकता तथा प्रमुख हिन्दू मन्दिरों पर चालीस वेबसाइटें चला रहे हैं।[57] उन्होंने अत्यन्त लोकप्रिय मुरुगन पूजा परम्परा[58] के संरक्षकों के साथ अपने सम्पर्कों का उपयोग सैमुएल की सहायता करने के लिए किया है, ताकि उस परम्परा का ईसाईकरण किया जा सके, जो लम्बे समय से चर्च द्वारा

समायोजन के विरोध कर रही थी। मुरुगन तमिलनाडु के एक अत्यन्त लोकप्रिय देवता हैं। सैमुअल ने कई अन्तर्राष्ट्रीय मुरुगन सम्मेलनों का आयोजन किया है जिनमें मुरुगन की व्याख्या हिन्दू सन्दर्भ से बाहर की गयी। यह इस दावे के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा कि यह देवता ईसाई देवता का ही एक भ्रष्ट रूप है या गलत ढंग से पहचाना गया ईसाई सन्त। सन 1999 में आयोजित उनके सम्मेलन के दौरान 'हिन्दूइज्म टुडे' (*Hinduism Today*) ने सैमुएल और हैरिगन का साक्षात्कार लिया और सैमुएल के सूक्ष्म हिन्दू विरोधी पूर्वाग्रह की रपट प्रकाशित की जिसमें उनके द्वारा मुरुगन की दिव्यता को कम करने का प्रयत्न किया गया था, जो एक ऐसा आरोप था जिसे कम करने में हैरिगन ने स्पष्टीकरण दे कर सहायता की।[59]

सैमुएल ने देइवनयगम का अनुमोदन किया, इस बात पर बल देते हुए कि प्रमुख हिन्दू आध्यात्मिक परम्पराएँ सन्त टॉमस की ईसाइयत के प्रभाव में उत्पन्न हुईं। यहाँ तक कि बहुज्ञात सोमस्कन्द मूर्तिशिल्प को—जिसमें स्कन्द-मुरुगन के बाल्य स्वरूप को दिखाया गया है और जिसे सोमस्कन्द कहा जाता है, और दोनों ओर उनके माता-पिता पार्वती और शिव विराजमान हैं—को अब ईसाई ट्रिनिटी से उद्भूत माना जा रहा है। जॉन सैमुएल लिखते हैं :

> यह बिल्कुल स्पष्ट है कि सोमस्कन्द की आकृतियाँ और अम्मई-अप्पन-मगन की अवधारणा ईसाई ट्रिनिटी शिक्षा के उद्घाटन के अलावा कुछ भी नहीं है। यहाँ ध्यान रहे कि शुरू में भगवान मुरुगन के कोई पिता नहीं थे। शैव मत द्वारा ट्रिनिटी की शिक्षा के प्रभाव पर विस्तृत शोध करने का श्रेय पूरी तरह डॉ. एम. देइवनयगम और डॉ. डी. देवकला को जाता है।[60]

इस तरह, पहले के शैक्षणिक संस्थानों ने एक धार्मिक उत्साही द्वारा स्पष्टत: गढ़ी गयी परिकल्पना को समर्थन दिया। शैक्षणिक वैधता की आभा सृजित करने के बाद, अगला कदम है 'टॉमस की द्रविड़वादी ईसाइयत' को लोकप्रिय ब्राह्मण विरोधी द्रविड़ राजनीति के साथ एकीकृत करना। इसका परिणाम है तमिलों के लिए एक विभाजक जातीय-धार्मिक पहचान।

'पंचम वेद' का गढ़ा जाना

रॉबर्ट डी नोबिली (Robert de Nobili, 1577-1656) एक शरारती ईसाई थे जिन्होंने ब्राह्मण का वेष धारण कर यह दावा करते हुए एक धोखाधड़ी की कि उन्हें एक पुराना ग्रन्थ मिला है और जो पूरी भारतीय परम्परा को ईसाइयत के ही एक भ्रष्ट उप-धर्म की तरह दिखायेगा। इसे उन्होंने पंचम वेद का नाम दिया। इसे ईसा वेद के रूप में प्रस्तुत किया गया था और यूरोपीय भारतविदों द्वारा इसे लोकप्रिय भी बनाया गया। फ्रांस में इसे वॉल्टेयर सहित विख्यात बुद्धिजीवियों द्वारा समर्थन दिया गया, जिन्होंने इसकी प्रशंसा में लिखा :

> यह पाण्डुलिपि नि:सन्देह उस काल की है जब योगियों का प्राचीन धर्म विकृत होना प्रारम्भ हो गया था; हमारे अपने पवित्र ग्रन्थों को छोड़कर, यह एक ही ईश्वर में विश्वास करने वाला सर्वाधिक सम्माननीय स्मारक है। इसे 'इज़ूर वेदम' (*EzourVeidam*) कहा जाता है : मानो इसे कोई सत्य वेदम, वेदम भाष्य, शुद्ध वेदम जैसे नामों से पुकारे।[61]

1774 में पियरे सोन्नराट (Pierre Sonnerat) नामक एक फ्रांसीसी प्रकृतिवादी और अनुसन्धान कर्ता इस 'इज़ूर वेदम' की एक प्रति के साथ भारत आये थे। उन्होंने ब्राह्मणों से शिक्षा ग्रहण की ताकि वास्तविक वेदों को समझ सकें, और इस पंचम वेद की पुष्टि करने योग्य हो जायें। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि वह दस्तावेज नकली था और वैदिक आध्यात्मिक तत्वों को ईसाई शास्त्र के साथ मिलाने के लिए धोखाधड़ी से रचा गया था। ईसाई धर्मशास्त्र को उसमें छिपाकर घुसाने के लिए समायोजन किये गये ताकि कोई उसमें ब्राह्मण के वेष में मिशनरी की पहचान न कर पाये। सन 1782 में उस फ्रांसीसी ने भारत की अपनी यात्रा के विवरण प्रकाशित किये और 'इज़ूर वेदम' की धोखाधड़ी का भण्डाफोड़ किया :

> हमें सतर्क रहना चाहिए कि हम भारतीयों की धार्मिक पुस्तकों में 'इज़ूर वेदम' को शामिल न करें, जिसका रॉयल लाइब्रेरी में एक तथाकथित अनुवाद भी है, और जिसे सन 1778 में प्रकाशित किया गया था। यह निश्चित रूप से चार वेदों में से नहीं है, नाम मात्र का भी नहीं। यह विवादों की पुस्तक है, जिसे मसुलीपट्टम में एक मिशनरी द्वारा लिखा गया। **इसमें विष्णु को समर्पित पुराणों में से अनेक का खण्डन है, जो वेदों से अनेक शताब्दी बाद के हैं। लेखक सब कुछ को ईसाइयत में बदलने का प्रयास करता दिखायी देता है; उन्होंने कुछ त्रुटियों का भी समावेश किया ताकि कोई ब्राह्मण के वेष में छिपे मिशनरी को पहचानने में सफल न हो सके।** किसी कारण से वॉल्टेयर और कुछ दूसरों ने गलतियाँ कीं जब उन्होंने इस पुस्तक को उतना महत्व दिया जितना कि नहीं दिया जाना चाहिए था, और जब उन्होंने इसे एक धार्मिक पुस्तक माना।[62]

अपमानित होने से बचने के लिए इस अमान्य कर दिये गये अभिलेख को छिपाकर रखा गया, और 'नोवेलिस एक्विजिशन्स फ्रैंकेइसेस' में एक अमहत्व के नाम 'Exhibit No. 452' के तहत प्रदर्शित किया गया। इस परियोजना के विफल होने के बाद भी उन्नीसवीं शताब्दी के मैक्स मूलर जैसे भारतविदों ने डी नोबिली को इस धोखाधड़ी से दोषमुक्त करने के सशक्त प्रयास किये, या कम-से-कम इतने प्रयास किये कि धोखाधड़ी में उनके योगदान को बहुत कम करके दिखाया जाये—यह आरोप लगाते हुए कि पूरा प्रकरण नोबिली के कुछ भारतीय नौकरों का कमाल था। इस छल के उद्घाटित होने के लगभग एक सौ वर्ष बाद सन 1861 में मैक्स मूलर ने नोबिली के प्रयास के लिए उनकी प्रशंसा की :

... यह विचार कि वे, जैसा कि उन्होंने कहा, एक नये या पाँचवे वेद की शिक्षा देने आये हैं, जो खो गया था, प्रदर्शित करता है कि वे जिस धर्मशास्त्रीय प्रणाली पर विजय प्राप्त करने आये थे उसके सबल और दुर्बल पक्षों को वे कितनी अच्छी तरह से जानते थे।[63]

इस विफलता के बाद भी, मिशनरियों ने ईसाइयत को सत्य और मूल वैदिक धर्म कहना प्रारम्भ कर दिया। इस प्रचार की सफलता इस तथ्य से ही स्पष्ट है कि आज तमिलनाडु के तीन दक्षिणी जिलों (तिरुनेलवेली, टुटीकोरिन, और कन्याकुमारी) में सामान्य हिन्दुओं द्वारा भी ईसाइयत को इंगित करने के लिए वेदम (वैदिक धर्म) शब्द का उपयोग किया जा रहा है, वेदा-कोइल (वैदिक मन्दिर) शब्दावली चर्च को, और वेदा-पुथकम (वैदिक पुस्तक या ग्रन्थ) शब्दावली बाइबल को इंगित करती है। मिशनरी सभाओं और सम्मेलनों को 'वेदगामा शिक्षा गोष्ठी' और धर्मशास्त्री महाविद्यालयों को 'वेदगामा स्कूल' कहा जाता है। वेदों पर यह ईसाई अधिकरण निर्बाध रूप से जारी है।

रॉबर्ट डी नोबिली की विरासत को जारी रखने के क्रम में, अनेक वैदिक शब्दावलियों का ईसाईकरण किया जा रहा है ताकि हिन्दुओं के बीच गलतफहमी पैदा की जा सके। उदाहरण के लिए, धर्म दीपिका एक मिशनरी शोध पत्रिका है, जिसे एक ईसाई प्रचारक संस्थान 'माइलापुर इंस्टीटयूट ऑफ़ इण्डिजेनस स्टडीज' द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है। सन 2000 में इसने एक आलेख प्रकाशित किया जिसने ऋग वेद के पुरुष सूक्त में जो प्रजापति आते हैं, उन्हें जनता की पापमुक्ति के लिए 'ईसा मसीह के बलिदान के बारे में एक पैगम्बरीय उद्घाटन' के रूप में चित्रित किया। यह एक ईसाई प्रचारक रणनीति है। इसने प्रजापति को ईसा मसीह की एक वैदिक भविष्यवाणी के रूप में दिखाने की सम्भावनाओं की जाँच की, और इस प्रकार 'ईसा मसीह ही वास्तविक प्रजापति हैं'।[64] इसके बाद दक्षिण भारत में एक प्रमुख प्रचार अभियान शुरू हुआ। उसी वर्ष चेन्नई के एक अन्य ईसाई प्रचारक दल ने हाल ही में धर्मान्तरित लोगों के साथ 'प्रजापति' नाम से एक नृत्य नाटक का मंचन प्रारम्भ किया।[65] यह नाटक धर्मान्तरण का एक जोरदार उपकरण बन गया है जिसे रामेश्वरम और कांचीपुरम जैसे महत्वपूर्ण हिन्दू तीर्थाटन केन्द्रों के नजदीक मंचित किया जाता है। हिन्दू/ईसाई सम्भावित संघर्ष वाले क्षेत्रों में इस नाटक के मंचनों की अध्यक्षता राज्य सरकार के पर्यटन मन्त्री और अन्य राजनीतिज्ञ करते रहे हैं, जिनमें से सब-के-सब द्रविड़ आन्दोलन के ही होते हैं।[66]

इस विचार को कि वेद ईसा मसीह के आगमन की भविष्यवाणी हैं, और इसलिए ईसाइयत वेदों का ही साकार होना है, रायमुण्डो पाण्णिकर जैसे एक अत्यन्त प्रमुख धर्मशास्त्रियों ने भी, जो ईसाई हैं, आगे बढ़ाया है। चेल्लपा नाम के चेन्नई के एक लोकप्रिय ईसाई प्रचारक स्वयं को साधु बताते हैं और वैदिक देवता अग्नि के नाम पर अग्नि मिनिस्ट्रीस नामक एक ईसाई प्रचारक संगठन चलाते हैं। वे दावा करते हैं कि

चूँकि वेदों में प्रजापति ईसा मसीह के आने का पूर्वानुमान था, इसलिए बिना ईसा मसीह के वैदिक खोज अपूर्ण है। उनका मुख्य लक्ष्य श्रीलंकाई तमिल हिन्दू समुदाय है, जो सम्पूर्ण विश्व में शरणार्थियों के रूप में बिखरा हुआ है, और जिसे आसानी से प्रभावित किया जा सकता है।[67] सन 2009 में, उन्होंने बड़े-बड़े पोस्टर लगाये जिनमें एक ईसाई-ब्राह्मण संगठन की घोषणा की गयी थी। इसने उस क्षेत्र के हिन्दुओं में क्रोध उत्पन्न किया जिन्होंने इस बात पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया कि ईसाई-ब्राह्मण शब्दावली एक धोखा था, और बाद में चेन्नई पुलिस ने उनके पोस्टरों को हटा दिया।[68]

हिन्दू लोकप्रिय संस्कृति का ईसाईकरण

नवरात्रि एक त्योहार है जिसमें लगातार नौ रात्रि तक दिव्य मातृ देवी की पूजा होती है। दसवाँ दिन विजयदशमी के नाम से एक महत्वपूर्ण दक्षिण भारतीय हिन्दू परम्परा के रूप में जाना जाता है (उत्तर भारत में इसे दशहरा के नाम से जाना जाता है)। दक्षिण भारत के हिन्दुओं के लिए यह एक पवित्र दिन है जब उनके बच्चों की शिक्षा प्रारम्भ करने का अनुष्ठान किया जाता है। ईसाई ने भी इसी दिन से अपने बच्चों को शिक्षा शुरू कराने लगे हैं। सन 2008 में, एक समानान्तर अनुष्ठान का आयोजन किया गया ताकि ईसाई सन्दर्भ में हिन्दू धार्मिक पद्धति की नकल की जा सके :

> जहाँ हिन्दू बच्चों ने 'हरि श्री गणपतये नमः' लिखा वहीं ईसाई बच्चों ने ईसा मसीह की प्रशंसा में शब्द लिखे... समारोह के लिए भारी संख्या में लोग आये। बच्चों ने 'येशु दैवम' जैसे शब्द चावल के दानों से भरी थाली में लिखे।[69]

इस सफलता ने केरल के एक प्रमुख शहर कोट्टयम के सेंट बेसेलियस गिरजे के पादरी को प्रोत्साहित किया जो इससे भी आगे गये। सन 2009 में उन्होंने दावा किया कि विजयदशमी की एक ईसाई ऐतिहासिक पृष्ठभूमि थी, क्योंकि यही वह समय है जब जेहोवा ने ईसा मसीह को ज्ञान दिया। इस ईसाईकृत संस्करण में सरस्वती और लक्ष्मी के स्थान पर, जो क्रमशः बुद्धि और सम्पत्ति की देवियाँ हैं, ईसाई सन्तों पॉल और सिबैस्टियन को लाया गया। पादरी ने आगे और दावा किया कि महाशिवरात्रि का पर्व मसीह रात्रि का विकृत रूप है। यह वही दिन था जब ईसा मसीह ने अपने अनुयायियों से चौकन्ने रहने को बोला था।[70] ये उदाहरण हैं कि किस प्रकार दक्षिण भारत में सन्त टॉमस मिथक की घुसपैठ होने के साथ हिन्दू त्योहारों का धीरे-धीरे ईसाईकरण किया जा रहा है।

हिन्दू कला का ईसाईकरण

> वास्तव में, नृत्य मन्दिरों में पूजा का एक स्वाभाविक और आवश्यक अंग है। ... सिर्फ़ भारत में ही ऐसे ईश्वर की परिकल्पना है जो नृत्य करते हैं। शिव नटराज हैं, नृत्य करने वालों के स्वामी, जो चेतना के प्रासाद में नृत्य करते हैं और उसमें

ब्रह्माण्ड की लय बुनते हैं। उनके ब्रह्माण्डीय नृत्य में सृजन, संरक्षण, पुनर्सृष्टि, आच्छादन और शुभाशीष के दिव्य विशेषाधिकार भी हैं... भारत में नृत्य धर्म के साथ इतने निकट से जुड़ा हुआ है कि आज इस अनिवार्य पृष्ठभूमि से इसके अलग हो जाने के बारे में सोचना भी असम्भव हो गया है।

—रुक्मिणी देवी अरुण्डेल[71]

हिन्दू कला-रूपों और वैदिक परम्पराओं के अन्य पक्षों को मिशनरी विद्वानों द्वारा ईसाई घुसपैठ और समायोजन के लिए लक्षित किया जा रहा है। भरत नाट्यम एक लोकप्रिय हिन्दू आध्यात्मिक नृत्य विधा है जिसका मूल वेदों में नृत्य के उल्लेख में खोजा गया है। इसे भरत मुनि द्वारा नाट्य शास्त्र के लिखे जाने के भी पहले औपचारिक स्वरूप दे दिया गया था, जो ईसा पूर्व दूसरी शताब्दी में मंचीय कला और सौन्दर्य शास्त्र पर लिखा गया एक बीज ग्रन्थ है। तमिल महाकाव्य चिलापथिकरम प्राचीन नगर केन्द्रों में किये जाने वाले कालजयी नृत्य प्रदर्शनों का वर्णन विस्तार से करता है। सामान्य जनों के लिए मंचीय कलाओं को आध्यात्मिक प्रथाओं के रूप में रखा गया था; इनमें वे भी शामिल थे जिनमें धर्मग्रन्थों तक सीधे पहुँच स्थापित करने लायक न तो योग्यता थी और न ही रुझान।

नृत्य का हमेशा से ही एक पवित्र पहलू रहा है, और जिन्होंने इसके तरीकों को संरक्षित, सिंचित और प्रचारित किया उनमें पाशुपत (शैव) घुमन्तू साधु शामिल थे जिन्होंने इसका उपयोग आनन्दातिरेक तक ले जाने वाले के एक तरीके के रूप में किया।[72] भरत नाट्यम हिन्दू ब्रह्माण्डविज्ञान के उत्पत्ति-पालन-संहार चक्र पर आधारित है, जिसे शिव के नृत्य के रूप में भी देखा जाता है। डॉ. आनन्द कुमारस्वामी के शब्दों में :

ब्रह्म की रात्रि में, प्रकृति निष्क्रिय रहती है, और तब तक नृत्य नहीं कर सकती जब तक कि शिव की इच्छा न हो : आनन्दातिरेक में बेसुध वे अपनी उस स्थिति से जागते हैं, और उनका नृत्य निष्क्रिय पदार्थ में जगाने वाली ध्वनि की धड़कती तरंगें भेजता है, और फिर पदार्थ भी नाचने लगते हैं जो उनके चारों ओर एक वैभव सदृश लगते हैं। नृत्य करते हुए ही वह इसके बहुस्तरीय घटनाक्रम को संचालित करते रहते हैं। समय पूरा होने पर, वे अब भी नृत्य करते हुए अग्नि के द्वारा सभी स्वरूपों और नामों को नष्ट कर देते हैं और नया विश्राम देते हैं। यह काव्य है; लेकिन विज्ञान से कम भी नहीं।[73]

नृत्य के इस स्वरूप ने, जो आध्यात्मिक, कलात्मक और दार्शनिक जगत को एक सूत्र में बाँधता है, भौतिकविज्ञानी और दार्शनिक फ्रिट्जोफ कापरा जैसे अनेक आधुनिक पश्चिमी विद्वानों को प्रेरित किया है, जो लिखते हैं : 'तब, आधुनिक भौतिकविज्ञानी के लिए शिव का नृत्य उप-परमाण्विक पदार्थ का नृत्य है'।[74] स्वर्गीय कार्ल सागाने, जो एक खगोल भौतिकविज्ञानी थे, शिव की मूर्ति में 'आधुनिक

खगोलशास्त्रीय विचारों की एक प्रकार की पूर्वानुभूति देखी'।[75] रुक्मिणी अरुण्डेल भारतीय नृत्य के दर्शन की व्याख्या इस प्रकार करती हैं :

> यह पुरुष और प्रकृति की आत्मा है, गति के उद्‌भव की एक अभिव्यक्ति, एक सच्ची रचनात्मक शक्ति जो युगों-युगों से आगे बढ़ायी और सौंपी जाती रही है। आध्यात्मिक काव्य का सृजन करने वाले ध्वनि और लय के इस मूर्त स्वरूप को नृत्य या नाट्य कहा जाता है... इस नृत्य की पहली झलक हमें स्वयं शिव से मिलती है, योगियों के एक योगी से। वे हमें ब्रह्माण्डीय नृत्य दिखाते हैं और हमारे लिए जो कुछ भी अस्तित्व में है, उसकी एकता का चित्रण करते हैं... उनके नृत्य की ब्रह्माण्डीय लय उनके चारों ओर आत्मा-युक्त पदार्थों को आकर्षित करती है, जो स्वयं को इस अनन्त और सुन्दर ब्रह्माण्ड की विविधताओं में प्रकट करते हैं।[76]

बौद्ध, जैन और बाद के सूफी मुसलमानों ने इन मंचीय कलाओं के सौन्दर्य को उच्च सम्मान दिया, विशेषकर नृत्य, काव्य और संगीत को। उन्होंने इनको अपने धार्मिक और पन्थ निरपेक्ष मंचनों के लिए अंगीकृत किया।

भारतीय आध्यात्मिक नृत्य का ईसाई अपमान

सत्रहवीं शताब्दी से ईसाई मिशनरियों ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य रूपों को मूर्तिपूजकों की प्रथा के रूप में देखते हुए उन पर सशक्त प्रहार किये हैं। इसे बहुधा मानवाधिकार के आधार पर देवदासी प्रथा पर प्रहार करते हुए अभिव्यक्त किया गया। देवदासियाँ मन्दिर की नर्तकियाँ थीं, जिन्हें बचपन में ही किसी विशेष देवता को समर्पित कर दिया जाता था। दसवीं और ग्यारहवीं शताब्दी में यह प्रथा अपने चरम पर थी, लेकिन कुछ सौ साल बाद शक्तिशाली राजाओं द्वारा संरक्षित मन्दिरों की यह पारम्परिक प्रथा मुगल शासनकाल में धीरे-धीरे लुप्त होती गयी, विशेषकर तब से जब मुगलों ने इसे लोकप्रिय मनोरंजन में बदल दिया, जिसमें आध्यात्मिकता नहीं रह गयी। देवदासी प्रथा कुछ मामलों में इतनी नीचे गिर गयी कि मन्दिर की नर्तकियों का उपयोग वेश्यावृत्ति के लिए किया जाता था, उपनिवेशवादियों द्वारा इसकी व्यापकता को बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया।

भारत के अंग्रेज़ी-शिक्षा प्राप्त सम्भ्रान्त लोगों में से अनेक ने अपनी विरासत की औपनिवेशिक निन्दा को स्वीकार कर लिया और इसकी 'आदिमता' के लिए क्षमा याचना की। उनमें से कुछ समाज सुधारक बन गये और उन्होंने देवदासी प्रणाली को नैतिक और यहाँ तक कि सामाजिक-स्वास्थ्य के आधार पर घृणित पाया।[77] जो भी हो, देवदासियों ने अपने अस्तित्व को खतरे में पाया और औपनिवेशिक सरकार को हस्तलिखित आवेदन भेजे, जिनमें भरत नाट्यम के आध्यात्मिक आधार को स्पष्ट किया गया था। शैव आगमों से उन्होंने यह कहते हुए शिव के उद्धरण दिये कि 'पूजा के समय मुझे प्रसन्न करने के लिए प्रतिदिन शुद्ध नृत्य की व्यवस्था अवश्य की जानी

चाहिए। इस नृत्य को उन महिलाओं द्वारा किया जाना चाहिए जो नर्तकियों के ऐसे ही परिवारों की हों और पाँच आचार्य उनकी संगत करें'। चूँकि प्रत्येक हिन्दू द्वारा इन आगमों को पूजा जाता है, देवदासियों ने पूछा, 'हमारे समुदाय को मन्दिर की सेवा के अनिवार्य अंग के रूप में उन्नति न करने और अस्तित्व में न बने रहने देने का क्या कारण हो सकता है?' अपनी परम्परा को निभाने के लिए उनको कठोर दण्ड देने के प्रस्ताव को उन्होंने विरोध किया, यह कहते हुए कि 'सभ्य विश्व में उसके जैसा कोई कानून नहीं था'।[78]

अपने पारम्परिक व्यवसाय के उन्मूलन के बदले उन्होंने अपनी ऐतिहासिक स्थिति को बहाल करने के लिए बेहतर शिक्षा की माँग की। उन्होंने यह कहते हुए अतीत की तरह धार्मिक, साहित्यिक और कलात्मक शिक्षा चाही कि 'हममें गीता का ज्ञान और रामायण की सुन्दरता का समावेश करायें और हमें आगमों को समझायें और पूजा की विधियाँ भी बतायें'। इससे देवदासी बालिकाओं को प्रेरणा मिलेगी कि वे स्वयं को मैत्रेयी, गार्गी और मणिमेकलाई जैसी स्त्री सन्तों की तरह ढालें, और वेदों की स्त्री गायिकाओं जैसी बनें, ऐसी कि :

> ... हम एक बार फिर नैतिकता और धर्म के शिक्षक बन जायें। ... आप जो छोटे समुदायों के लिए अपने मधुर प्रेम की डींग हाँकते हैं, हम प्रार्थना करते हैं कि आप हमें जीने और अपना मोक्ष स्वयं प्राप्त करने के लिए काम करने, ज्ञान और भक्ति में स्वयं को अभिव्यक्त करने, और बढ़ते हुए भौतिकतावाद की धुन्ध और उसकी आँधी में भारत के धर्म की ज्वाला जलाये रखने, और विश्व के समक्ष भारत के सन्देश की व्याख्या करने का अवसर दें।[79]

ऐसे प्रयासों के बावजूद भरत नाट्यम पर मिशनरी प्रभाव का दबदबा जारी रहा जिसे अनैतिक के रूप में देखा जाता रहा और वह लगभग निश्चित विलुप्ति के संकट का सामना करता रहा। उदाहरण के लिए, मिशनरी विद्वता द्वारा समर्थित एक द्रविड़वादी ने इस नृत्य को 'वैसा जीवनस्रोत कहा जो वेश्यावृत्ति के विकास को बढ़ावा देता है'।[80]

जो भी हो, हिन्दू विद्वानों ने कला के इस स्वरूप पर लगाये गये ईसाई लांछनों को हटाने के लिए अथक प्रयास किये। उनमें से प्रमुख थीं रुक्मिणी देवी अरुण्डेल (1904-86), जिन्होंने 1936 में कलाक्षेत्र अकादमी ऑफ़ डांस एण्ड म्यूजिक की स्थापना कर इस नृत्य को संरक्षण दिया और पुनर्जीवित किया। उन्होंने मध्यवर्गीय परिवारों की बालिकाओं के लिए (यहाँ तक कि बालकों के लिए भी) भरत नाट्यम सीखने को सामान्य रूप से एक स्वीकार्य गतिविधि बना दिया। यद्यपि इसका संचालन एक आधुनिक संस्थान की तरह किया गया, इसने एक पारम्परिक गुरुकुल की तरह ही काम-काज किया जिसमें गणपति देव की प्रार्थना, शाकाहार, और गुरु-शिष्य सम्बन्ध पर ध्यान केन्द्रित किया गया। सम्पूर्ण तमिलनाडु में विकेन्द्रीकृत, एक-पर-एक शिक्षण की गुरु-शिष्य परम्परा का तरीका इस पुनर्जीवन के एक अंग के रूप

में तरह-तरह से फैला। इस प्रकार, समाप्त हो जाने के बदले, जैसा कि मिशनरियों, उपनिवेशवादियों और उनके भारतीय अन्तरंग सहयोगियों द्वारा वांछित था, भरत नाट्यम फिर एक बार एक आध्यात्मिक कला रूप में दक्षिण भारत में सुस्थापित हो गया, और उसने भारत भर में तथा विदेशों में भी प्रशंसा प्राप्त करना प्रारम्भ कर दिया। 'कलाक्षेत्र' विकसित होकर एक विश्वविद्यालय बन गया जिसका चेन्नई में एक बड़ा परिसर है।

रणनीतिगत परिवर्तन : हिन्दू नृत्य का सूक्ष्म ईसाई समायोजन

हाल के वर्षों में, मिशनरी फिर एक बार भरत नाट्यम को निशाना बना रहे हैं। लेकिन इस बार ऐसे उम्मीदवार के तौर पर जिसे ईसाइयत में पचाने के लिए नियन्त्रण में लिया जाना हो। यह रणनीतिगत पलटा भरत नाट्यम के प्रति बढ़ते उत्साह के उत्तर में है, जिन उत्साहियों में अनेक पश्चिमी नारीवादी भी शामिल हैं, जो भारतीय नृत्य को इस रूप में देखते हैं कि वह नारी की यौन भावना को मूल्यवान बनाता है।[81] पश्चिम के लोगों ने शुरू में हिन्दू प्रथाओं और चिह्नों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए इस नृत्य को लिया, और हिन्दू गुरुओं के अधीन अध्ययन किया, जिन्होंने अनाड़ी की तरह ईसाई शिष्यों का स्वागत किया। आज भरत नाट्यम के ईसाईकरण अभियान में जो लोग अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं उनमें से प्रत्येक को प्रारम्भ में हिन्दू गुरुओं द्वारा पढ़ाया गया था।[82] भारत में अनेक असन्देही, या सम्भवत: अवसरवादी, हिन्दू गुरु हैं जो ईसाई विद्यार्थियों को अपनी छत्रछाया में लेकर इस कलारूप की शिक्षा देते हैं। इन ईसाई शिष्यों ने अति कठिन परिश्रम किया और इनमें से कई तो उदाहरण देने योग्य हो गये, जो हिन्दू विषयवस्तुओं पर नाचते और समाचार माध्यमों तथा दर्शकों को भाव-विभोर कर देते।

जो भी हो, वे पारम्परिक हिन्दू कला और ईसाई सौन्दर्यशास्त्र तथा मत के बीच संघर्षों में फँस गये। एक प्रमुख रोमन कैथोलिक पुजारी और हिन्दू कलारूपों के नर्तक फादर फ्रांसिस बारबोजा (Father Francis Barboza) स्वीकार करते हैं कि 'मैंने जिस प्रमुख कठिनाई का सामना इस नृत्य को करने में किया, वह भारतीय शास्त्रीय नृत्य का अद्वितीय पक्ष है, जैसे, हाथ की मुद्राएँ और भाव-भंगिमाएँ।' वे स्वीकार करते हैं :

> संस्कृत साहित्य को लगातार आगे रखने से, मानो यह बढ़-चढ़कर भारतीय ही हो, आपमें से कुछ तमिल, तेलुगू, और कन्नड़ भाषियों में राष्ट्रीय गौरव की भावना आयी होगी। हम अंग्रेज़ों की तुलना में आपको संस्कृत से कम ही लेना-देना है। उजड्ड यूरोपीय लोग बीच-बीच में भारत के मूल निवासियों को 'निगर' कहने वालों के रूप में जाने जाते हैं, लेकिन गर्वीले संस्कृत भाषियों और लेखकों की तरह उन्होंने दक्षिण के लोगों को वानर सेना नहीं कहा।[48]

पश्चिम के लोग अब भी इस बात की उपेक्षा करते हैं कि स्वयं तमिलों में रामायण की एक सम्पन्न परम्परा है जिसे उनके ही महान कवि कंबन द्वारा उनकी अपनी ही भाषा में लिपिबद्ध किया गया है। उपर्युक्त वेबसाइट (www.historyforkids.org) की रामायण की व्याख्या स्वयं औपनिवेशिक काल के ब्राह्मण विरोधी उत्साहियों और नस्लवादियों की व्याख्या पर आधारित है। इस व्याख्या का अनेक पश्चिमी विद्वानों द्वारा खण्डन किया गया है, जिनमें अनेक वे हैं जो अन्य मामलों में द्रविड़ पहचान के सिद्धान्त को मानते हैं। उदाहरण के लिए, कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले में तमिल के प्राध्यापक जॉर्ज हार्ट जो संस्कृत में पी-एच.डी. भी कर चुके हैं, लिखते हैं :

> दुर्भाग्य से, एक संक्षिप्त अवधि के लिए इस महाकाव्य को सांस्कृतिक रूप से—आर्य बनाम द्रविड़—पढ़ना प्रचलित हो गया। यह, मेरे विचार में, इस महाकाव्य की मौलिक परिकल्पना को ही गलत ढंग से पढ़ना है, जो है : जीवन के दो दृष्टिकोणों के बीच विरोध, एक राम के रूप में और दूसरा रावण के रूप में प्रतीक बनाकर। कम्बन को जिसने इतना महान बनाया वह दोनों दृष्टिकोणों की अत्यन्त विश्वसनीय और सुन्दर ढंग से उनकी प्रस्तुति थी—रावण सबसे बड़ा राजा था और इस तरह से इस विश्व का प्रतीक, और राम दूसरे आयाम के प्रतीक। और यह न भूलें, रावण ब्राह्मण था।[49]

साउथ इण्डियन सोशल हिस्टरी रिसर्च इंस्टीटयूट (SISHRI), चेन्नई के इतिहासकार और पुरालेखवेत्ता एस. रामचन्द्रन एक आर्य नस्ल के रूप में राम का चित्रण करने में तथ्यात्मक भूल की ओर ध्यान दिलाते हैं।[50] ऐसे प्रत्याख्यानों के बाद भी, राष्ट्रवादी सिंहली रावण को एक मूल निवासी सिंहली राजा मानते हैं और नस्ली गर्व का एक प्रतीक, जबकि राम को एक भारतीय आक्रमणकारी जिन्हें अस्वीकार कर दिया जाना चाहिए।[51] तमिल श्रेष्ठतावादी और साथ ही श्रीलंका के अलगाववादी रामायण की अपनी-अपनी नस्ली व्याख्याओं का उपयोग करते हुए इस घृणा के भाव को समान रूप से अपने में सँजोये रखते हैं। लिट्टे के आधिकारिक रेडियो, 'द वॉय ऑफ टाइगर्स' (The Voice of Tigers) ने एक नाटक 'सॉयल ऑफ लंका' का

प्रसारण किया था, जिसमें राम को एक आर्य आक्रमणकारी के रूप में दिखाया गया था जो नस्ल के रूप में आज के सिंहलियों से सम्बन्धित थे, और रावण को वैभवशाली मूल निवासी द्रविड़ सम्राट के रूप में चित्रित किया गया था जिनसे आर्यों ने धूर्ततापूर्वक सत्ता हथिया ली थी। इस नाटक की प्रशंसा में लिखे सन्देश में लिट्टे के दिवंगत नेता प्रभाकरण ने लिखा था कि आज के संघर्ष को उन्हीं घटनाक्रमों की निरन्तरता के रूप में दिखाया गया था।[52]

13
भारत : एक नवसंरक्षणवादी मोर्चा[1]

यह और इसके बाद का अध्याय बताता है कि ईसाई दक्षिणपन्थी और पन्थ निरपेक्ष वामपन्थी किस प्रकार भारत का 'एक अंधकार के क्षेत्र' के रूप में चित्रण करने में एकजुट हो जाते हैं। चाहे वे बाइबल के चश्मे का उपयोग करें या पन्थ निरपेक्ष मानवतावादी चश्मे का, वे एक अस्त-व्यस्त और दमनकारी जंगली मोर्चे की छवि पर एक हो जाते हैं, जिसे तत्काल ही संयुक्त राज्य अमरीका के हस्तक्षेप की आवश्यकता है। यह अध्याय उन संगठनों का वर्णन करता है जो बाइबल के चश्मे का उपयोग कर रहे हैं, जबकि उनके उदारवादी पन्थ निरपेक्ष समकक्षों पर अगले अध्याय में चर्चा की जायेगी।

चित्र 13.1 संयुक्त राज्य अमरीका में दक्षिणपन्थी विचार-मंचों के एक नेटवर्क को प्रदर्शित करता है जो नीति निर्धारण के स्तर पर प्रभावशाली हैं। वे उत्पीड़न साहित्य एकत्रित करने के लिए भारत पर निगरानी रखते हैं ताकि वे भारतीय समाज के नकारात्मक दृष्टिकोण को और सबल बना सकें, समाचार माध्यमों को बुलाकर भारत के विरुद्ध प्रचार कर सकें और भारत विरोधी तर्कों को प्रोत्साहित कर सकें। वे संयुक्त राज्य अमरीका द्वारा यहूदी-ईसाई हितों के दृष्टिकोण से भारतीय मामलों में हस्तक्षेप के लिए तर्क देते हैं। मानवाधिकार की आड़ में संयुक्त राज्य अमरीका में दलित आन्दोलन वास्तव में ईसाई दक्षिणपन्थी घुसपैठ का एक मोर्चा है। भारत में जितनी भी बुराइयाँ हैं उनकी व्याख्या हिन्दू धर्म में अन्तर्निहित बुरी प्रवृत्तियों के आधार पर की जाती हैं, और ईसाई धर्मान्तरण को अंधकारमय मूर्तिपूजकों के तन्त्र द्वारा उत्पीड़ित मानवता के लिए मुक्ति लाने वाले की तरह दिखाया जाता है।

विकासशील देशों में अधिकांश ईसाई प्रचारक मिशनों को पश्चिम की सरकारों द्वारा उनकी सभ्यता के ध्वजवाहकों के रूप में देखा जाता है, और तीसरे विश्व के समुदायों को पश्चिम के प्रति निष्ठावान बनाने के लिए एक निवेश के रूप में—दूसरे शब्दों में, उपनिवेशवाद के एक सौम्य रूप में। ईसाई प्रचारक संगठनों के लिए, भारत सबसे अच्छी फसल काटने का मैदान उपलब्ध कराता है जहाँ प्रभाव में सहजता से आ जाने वाली आत्माओं को नियन्त्रित किया जा सकता है जिन्हें एक जगह हाँका जा सकता है। यद्यपि एक शताब्दी से भी अधिक समय से ईसाई प्रचार पश्चिम की विदेश नीति का एक अंग रहा है, शीत युद्ध काल में यह नाटकीय रूप से विस्तारित हुआ है, और अब वैश्वीकरण के युग में ईसाई प्रचार बहुराष्ट्रीय उद्यमों के रूप में काम कर रहा है।

Fig 13.1 भारत में अमरीकी हस्तक्षेप के लिए जमीन की तैयारी

हिन्दुओं के धर्मान्तरण के लिए बहुराष्ट्रीय निगम

1966 में एक प्रमुख घटना घटी जब 'बिली ग्रेहम इवैंजेलिस्टिक असोसिएशन' (Billy Graham Evangelistic Association) ने अमरीका की 'क्रिश्चियैनिटी टुडे' (Christianity Today) पत्रिका के साथ साझेदारी में बर्लिन में ईसाई धर्मान्तरण पर एक विश्व कांग्रेस प्रायोजित की। इस अवसर पर वहाँ विश्व के 100 से अधिक देशों से 1200 प्रतिनिधि पहुँचे। इसी कड़ी में 1974 में स्विस आल्प्स के शहर लॉजैन में रणनीतिगत चर्चा के लिए दस दिनों का आयोजन किया गया जिसमें 150 से अधिक राष्ट्रों से 2700 प्रतिभागी एकत्रित हुए। 'टाइम' पत्रिका ने इस लॉजैन कांग्रेस का वर्णन 'एक दुर्जेय मंच, सम्भवत: अब तक की ईसाइयों की सर्वाधिक विस्तार वाली बड़ी सभा' के रूप में किया।[2] उससे योजना की जो रूपरेखा उभरकर आयी उसे लॉजैन ऑकेजनल पेपर्स कहा गया, और उसे 'ऐतिहासिक महत्वपूर्ण अभिलेख' के रूप में वर्णित किया गया 'जो व्यापक रूप से जाने-माने ईसाई प्रचारक नेताओं के साथ वैश्विक विचार-विमर्श में उभरकर आया है'।[3] उसके बाद विश्व के विभिन्न भागों में लोगों को इकट्ठा किया गया ताकि एक ईसाई विश्व का सृजन किया जा सके, या वह जिसे लेखक प्रदीप निनियन टॉमस 'ईसाई उम्मत' कहते हैं।[4]

लक्ष्य के रूप में हिन्दुओं के विश्लेषण के लिए एक विशेष कार्यबल का गठन किया गया, और उन्हें आने वाले कुछ दशकों में धर्मान्तरित करने के लिए रणनीतियाँ बनायी गयीं। इस कार्यबल की बैठक 1980 में थाईलैंड में हुई, और इसकी रपट को ईसाई प्रचारकों के बीच 'द थाइलैण्ड रिपोर्ट ऑन हिन्दूज' (The Thailand Report on Hindus) के नाम से जाना जाता है।[5] रपट ने हिन्दुओं को विभिन्न लक्षित भागों में वर्गीकृत किया, प्रत्येक भाग जिन विषयों का सामना कर रहा है उसकी व्याख्या इस आधार पर की कि वे कौन-से आधार हैं जो उन्हें धर्मान्तरण के लिए निशाना बनाते हैं; रपट ने उनकी पहचान भी की जिनकी ओर से धर्मान्तरण का प्रतिरोध सामने आयेगा। यह रणनीतिगत योजना कॉरपोरेट मार्केटिंग नजरिये का उपयोग करते हुए बनायी गयी जिसे स्वोट (SWOT) विश्लेषण के रूप में जाना जाता है (यानी शक्तियों, कमजोरियों, अवसर और खतरे का विश्लेषण)। रपट हिन्दू समाज के प्रभाव में आ जाने की सम्भावना वाले वर्गों की पहचान करती है। उदाहरण के लिए, 'अर्बन इवैंजेलिज़्म' (Urban Evangelism) वाला भाग यह कहता है कि 'हिन्दुओं की निम्न श्रेणियाँ ईसा मसीह के प्रति खुले मन वाली हैं : झोपड़पट्टियों में रहने वाले लोग; स्कूलों और विश्वविद्यालयों में जाने वाले युवा; बेरोजगार युवा जो बेसब्री से नौकरी खोज रहे हैं'। 'स्टूडेंट इवैंजेलिज़्म' (Student Evangelism) वाले भाग में यह निम्न सम्भावित प्रभावक्षेत्र का उल्लेख करता है जिनका दोहन ईसा मसीह के नाम पर किया जाना है :

> एक पारम्परिक हिन्दू घर से आया हुआ विद्यार्थी ईसाई सुसमाचार के प्रति खुले दिमाग का प्रतीत होता है, क्योंकि महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों के पन्थ निरपेक्ष वातावरण में रहते हुए उसकी धार्मिकता टूट चुकी होती है। ग्रामीण पृष्ठभूमि से पढ़ने के लिए शहर में आने वाले विद्यार्थी अकेलेपन से ग्रस्त होते हैं, और ईसाई मित्रता के माध्यम से ईसाई प्रभाव के प्रति खुले होते हैं। अन्य भाषाई क्षेत्रों से आकर अनजान भाषा क्षेत्र में पढ़ रहे विद्यार्थी ईसाई युवाओं से मित्रता के लिए खुले होते हैं (उदाहरण के लिए, हैदराबाद के किसी इंजीनियरी/ मेडिकल/ तकनीकी महाविद्यालय में पढ़ने वाला बंगाली उत्तर भारतीय)। अन्तर्राष्ट्रीय विद्यार्थी एक अन्य समूह हैं जो नये प्रभावों के प्रति खुले हैं (उदाहरण के लिए, भारत में मलेशियाई, ईरानी, और अफ्रीकी विद्यार्थी)।[6]

विद्यार्थियों के धर्मान्तरण के लिए बनायी गयी रणनीतियों में ऐसे कार्यक्रम शामिल हैं :

- ईसाई विद्यार्थियों को हिन्दू विद्यार्थियों से गहरी मित्रता विकसित करने का प्रशिक्षण दें
- हिन्दू विद्यार्थियों के लिए विशेष बाइबल अध्ययन का कार्यक्रम चलायें
- जब विद्यार्थियों को सचमुच आवश्यकता हो तो उनकी आर्थिक सहायता करें

'सामाजिक चिन्ताओं के लिए रणनीति' मिशनरियों को सचेत करती है कि 'सरकार या जनता के लिए सन्देह का कोई स्थान न छोड़ें'। रपट ईसाई प्रचारकों को निर्देश देती है कि जब भी सम्भव हो, उन्हें समाज सेवा को ईसाई धर्मान्तरण से जोड़ना चाहिए, सामाजिक कार्यकर्ता को यह ध्यान दिलाते हुए कि 'समाज सेवा के लिए स्थानीय चर्च की दीर्घावधि योजना और बजट निर्माण में उनके आस-पास रहने वाले गैर-ईसाई समुदायों के धर्मान्तरण की प्राथमिकता झलकनी चाहिए'। यह रपट एक समिति द्वारा तैयार की गयी थी जिसकी अध्यक्षता इवैंजेलिकल फेलोशिप ऑफ़ इण्डिया ने की थी, और जिसमें अन्य अन्तर्राष्ट्रीय चर्च समूहों के अलावा वर्ल्ड विजन के अधिकारी भी शामिल थे।[7]

भारत की शक्तियों की पहचान धर्मान्तरण के लिए और अवरोधक के रूप में

सन 2000 में 'द थियोलॉजी स्ट्रैटेजी वर्किंग ग्रुप' (The Theology Strategy Working Group) और 'लॉजैन कमेटी फॉर वर्ल्ड इवैंजेलाइजेशन' (Lausanne Committee for World Evangelization) की तरह 'द इंटरसेसरी वर्किंग ग्रुप' (The Intercessory Working Group) ने छह प्रमुख रणनीतियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया, जिन्हें उन्होंने 'आध्यात्मिक संघर्ष आध्यात्मिक युद्ध' कहा। उद्देश्य था 'शत्रु' की पहचान के लिए बाइबल के ढाँचे का उपयोग, वह किस प्रकार कार्य करता है, और किस प्रकार ईसाई प्रचारक संगठन 'सर्वाधिक प्रभावशाली ढंग से सभी लोगों के धर्मान्तरण के लिए' इस शत्रु का मुकाबला कर सकते हैं।[8] तमिलनाडु के एक मिशनरी ने, जिन्होंने उस सम्मेलन में भाग लिया था, आगे बढ़कर अपने वेबसाइट में यह भी दावा किया कि ईसा मसीह ने उन्हें 'मेरे लिए एक सेना खड़ी करने' का आदेश दिया था, और यह कि उन्होंने गोष्ठियों और शिविरों के माध्यम से '16000 से अधिक उत्साही प्रशासक (मिनिस्टर्स ऑफ़ द चर्च)' खड़े कर दिये थे।[9] 'भारतीय सन्दर्भों में आध्यात्मिक संघर्ष' (Spiritual Conflict in the Indian Context) शीर्षक के अपने शोध पत्र में उन्होंने भारत की अखण्डता की पहचान ईसाइयत के लिए एक प्रमुख अवरोधक के रूप में की :

> परन्तु भारतीय होने की भावना एक जोड़कर रखने वाला कारक है जिसने देश को पूरी तरह जोड़कर एक बना दिया है। आज, 'अनेकता में एकता' का प्रदर्शन करते हुए भारत एक ही इकाई का चित्रण करता है। **जो भारत का गुण माना जाता है, वही दुर्भाग्यवश धर्मान्तरण के लिए बाधा है**।[10]

विदेशी चर्चों द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाली सुविधाओं—जैसे अन्तर्राष्ट्रीय यात्राएँ, अध्यवसायिक अवसर—और सम्मान के बदले अनेक भारतीय जो ऐसी सभाओं की गतिविधियों में शामिल रहते हैं वही कुछ बोलते हैं जो पश्चिमी धन के स्रोत सुनना चाहते हैं। आश्चर्य नहीं कि भारतीय ईसाई प्रचारकों द्वारा तैयार किया गया उपर्युक्त शोध पत्र आगे बढ़कर दावा करता है कि 'प्राचीन तमिल साहित्य किसी भी

मूर्ति या मूर्तिपूजा का उल्लेख नहीं करता', और भारत में मूर्तियों की परम्परा आर्यों ने प्रारम्भ की। 'जो लोग स्वयं को मूर्ति पूजन में समर्पित कर देते हैं वे वास्तव में मूर्ख लोग हैं, वे स्वयं के बुद्धिमान होने का दावा करते हैं। ईश्वर ने कहा कि वह उन्हें अधम वासनाओं को सौंप देंगे। यह बताता है कि किस तरह भारत के लोग, मूर्ति पूजक, पथभ्रष्ट किये गये और तरह-तरह की अधम वासनाओं को समर्पित कर दिये गये'। गरीबी, महामारियाँ और प्राकृतिक आपदाएँ—सभी को भारत पर ईश्वर के अभिशाप के रूप में व्याख्यायित किया गया जो मूर्तिपूजा के कारण दिया गया। उदाहरण के लिए, शोध पत्र एक प्रमुख भूकम्प को गणपति पूजा का उत्सव मनाने पर ईश्वर के कोप के रूप में व्याख्यायित करता है। दक्षिण भारत में प्रचलित शिवलिंग की पूजा और साथ ही अय्यपन की पूजा को 'नैतिक और यौन विकृतियों' के उदाहरण के रूप में उद्धृत किया गया, जो 'हिन्दू धर्म में काफी संख्या में हैं'।[11]

ईसाई प्रचार के हथियार के रूप में विकास

जैसे ही परिपक्वता बढ़ी और भारत आधारित विशेषज्ञता हुई, इस अभियान ने विकास की भाषा को ईसाई धर्मान्तरण के लिए समो लिया। ईसाई प्रचारक विद्वान एडगर जे. एलिस्टन स्पष्ट करते हैं :

> विश्व के धर्मान्तरण पर 1963 में हुई बर्लिन कांग्रेस के प्रारम्भ हुए और लॉजैन अभियान और सन 2000 के आन्दोलन की असंख्य बैठकों से होते हुए और साथ ही एशियाई, अफ्रीकी और लैटिन अमरीका के विकास के अगुवों द्वारा किये जा रहे शोधों में सन्दर्भीकृत सन्तुलन पर अत्यधिक ध्यान केन्द्रित किया गया है। ईसाई प्रचारकों को अब 'इवैंजेलिज़्म' या 'विकास' के बीच निश्चित रूप से चयन नहीं करना चाहिए, बल्कि उन्हें उन तरीकों की खोज करनी चाहिए जो विषयों को स्थानीय परिस्थिति में समुचित रूप से सन्तुलित कर सकें।[12]

ईसाई प्रचारक 'विकास' शब्द का उपयोग उस प्रकार करते हैं जो पन्थ निरपेक्ष अर्थ से भिन्न होते हैं। 2001 में यूनेस्को की ओर से 'सांस्कृतिक बहुलता पर सार्वभौमिक घोषणा' (The Universal Declaration on Cultural Diversity, UNESCO 2001) विकास की व्याख्या यह कहते हुए करती है कि सांस्कृतिक विविधता 'मानव के लिए आवश्यक है जिस प्रकार प्रकृति के लिए जैव विविधता' और यह घोषणा 'अधिक सन्तोषजनक बौद्धिक, भावनात्मक, नैतिक और आध्यात्मिक अस्तित्व प्राप्त करने' के महत्व पर बल देती है। जो भी हो, ईसाई प्रचारक विकास सभी प्रकार की धार्मिकताओं को ध्वस्त कर एक समान एकेश्वरवाद में बदल कर आध्यात्मिक विविधता को नष्ट करने का लक्ष्य रखता है। **एलिस्टन रणनीति को स्पष्ट करते हैं : 'विकास एक प्रक्रिया है जिसके तहत पुरुष और स्त्रियाँ जीवित रूप में व्याप्त ईश्वर के साथ ईसा मसीह में विश्वास के माध्यम से एक निष्ठावान सम्बन्ध में पिरोये जाते**।[13]

लॉजैन अभियान वर्ल्ड विजन जैसे समूहों के साथ सहयोग करता है जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यू.एन.डी.पी.) जैसी पन्थ निरपेक्ष विकास एजेंसियों में घुसपैठ कर ली है, ताकि किसी को सन्देह हुए बिना ही वे आसान पहुँच स्थापित कर सकें। वर्ल्ड विजन इंटरनेशनल में डेवलपमेंट एण्ड फूड रिसोर्सेज के उपाध्यक्ष ब्रायन्ट मेयर्स अपनी स्थिति के समर्थन में एक अन्य ईसाई प्रचारक विद्वान को उद्धृत करते हैं कि 'भले समेरियावासी की सेवा वाले तत्व को कभी-कभी ईसाई धर्मान्तरण पर कालानुक्रम रूप से प्राथमिकता दी जाती है, चर्च का मिशन तब तक पूरा नहीं होता जब तक कि हम मेल-मिलाप करने और पाप से मुक्ति के सन्देश की घोषणा नहीं करते'।[14]

आर्थिक रूप से गरीब समाज में ईसाई प्रचारक विकास की ऐसी गतिविधियाँ चर्च तथा चर्च-नियन्त्रित संस्थानों के हाथों व्यापक शक्ति छोड़ते हुए बड़ी उथल-पुथल मचा सकती हैं। रवाण्डा जनसंहार में ईसाइयत की भूमिका का अध्ययन कर टिमोथी लौंगमैन ने देखा कि इस तरह के ईसाई धर्मान्तरण आधारित विकास ने किस तरह चर्चों को वही निरंकुश शक्तियाँ प्रदान कीं जो उसे मध्यकालीन यूरोप में हासिल थीं :

> चर्च के पादरी के पास व्यापक शक्तियाँ थीं, क्योंकि उनमें नौकरी में रखने और निकाल देने, सहायता वितरित करने और यह निर्धारित करने कि किन का बपतिस्मा किया जा सकता है, किनका विवाह कराया जा सकता है और किन्हें चर्च में दफनाया जा सकता है... आदि की क्षमता थी ... चर्च सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक शक्ति का वास्तविक केन्द्र था।[15]

ईसाई प्रचारक सामग्री : पैट रॉबर्टसन

अनेक लोगों का यह गलत विश्वास है कि अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश ही थे जिन्होंने संयुक्त राज्य अमरीका की सरकार के समर्थन के साथ देश के बाहर ईसाई प्रचार के विस्तार की पहल की थी। हार्वर्ड के एक इतिहासकार निऑल फर्गुसन (Niall Ferguson) ध्यान दिलाते हैं कि किस प्रकार विदेशों में चल रही ईसाई प्रचारक गतिविधियों में कुछ ऐसी चीजें रही हैं 'जो ब्रितानी साम्राज्य और आज के अमरीकी साम्राज्य में समान रूप से हैं', क्योंकि 'छोटी संख्या में ईसाई प्रचारक मिशनरी भी काफी कुछ प्राप्त कर सकते हैं, चूँकि उनके पास उनके देशों की धार्मिक सभाओं से भारी मात्रा में आया धन होता है'।[16]

विदेश नीति में संलग्नता और संगठित ईसाइयत का सशक्त प्रभाव लगभग एक शताब्दी से अस्तित्व में है ही, और जिमी कार्टर और बिल क्लिंटन जैसे 'उदारवादी' अमरीकी राष्ट्रपति भी ईसाई प्रचारक थे जिन्होंने संयुक्त राज्य अमरीका के चर्चों द्वारा विदेशी धर्मान्तरण का समर्थन किया। सन 1600 के दशक से ही अमरीकियों का एक बड़ा प्रतिशत अपने उन राजनीतिक नेताओं के साथ अधिक सहजता का अनुभव करता रहा है जो सार्वजनिक रूप से ईसाई रहे हैं। आज संयुक्त राज्य अमरीका की

मुख्यधारा के राजनीतिक उम्मीदवार के लिए यह अनिवार्य-सा हो गया है कि वह सार्वजनिक रूप से और विश्वसनीयता से यह प्रदर्शित करें कि वह सच्चे यहूदी-ईसाई हैं। यहाँ तक कि बराक ओबामा को भी बार-बार कहना पड़ा कि उन्होंने चर्च में पूजा की, और उनके प्रारम्भिक चुनाव प्रचार अभियानों में उनके भाषण (उनके प्रतिद्वंद्वी हिलरी क्लिंटन की तरह) अधिकतर चर्चों में हुए।

पैट रॉबर्टसन अमरीकी संस्कृति की इस शाखा के एक जीते-जागते प्रतीक हैं। औसत अमेरिकियों को हिन्दू धर्म की जो छवि बतायी जा रही है उसका एक उदाहरण उस वीडियो डॉक्यूमेंटरी में मिलता है जिसमें पैट रॉबर्टसन और उनके पुत्र गॉर्डन रॉबर्टसन (Gordon Robertson) को दिखाया गया है जो हिन्दू विचित्रता का विवरण तैयार करने के लिए भारत यात्रा पर आये थे। उन्हें हिन्दुओं की प्रात:काल की प्रार्थनाओं का उपहास करते दिखाया गया है, जो गंगा को 'शिव का वीर्य' बताते हैं, और दावा करते हैं कि लोगों 'से आशा की जाती है कि वे अपने पापों को ईश्वर के वीर्य से धो डालें'। रॉबर्टसन और आगे बढ़कर हिन्दू धर्म को बुरी प्रवृत्तियों, जैसे बहुदेववाद, वाला बताते हैं। वह अपने पुत्र के इस दावे का समर्थन करते हैं कि 'जहाँ कहीं भी आप इस तरह की मूर्तिपूजा पाते हैं, वहाँ आप लोगों को गरीबी में पिसता हुआ पायेंगे। वह भूमि अभिशप्त रही है'।[17]

अमरीकी प्राय: 'शैतानी' चरित्रों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से हिन्दू धर्म से जुड़ा हुआ मानते हैं। रॉबर्टसन कहते हैं, 'शिव विनाश के देवता हैं और उनकी पत्नी मृत्यु की देवी हैं—वह भयानक आँखों वाली काली, कुरूप प्रतिमा'। उसके बाद वे सुझाव देते हैं कि मृत्यु और विनाश की बुरी प्रवृत्तियाँ उनमें पायी जाती हैं जो हिन्दू देवीदेवताओं की पूजा करते हैं : 'मेरा आशय है कि ये लोग अपने ईश्वर के नाम पर अन्य मानवों की हत्या के लिए तत्पर रहते हैं'। हिन्दू धर्म को दानवी बताकर रॉबर्टसन महज एक बहुत पुराना नमूना आरोप फिर से लगाते हैं। डॉ. गॉर्डन मेल्टन, इंस्टीटयूट फ़ॉर द स्टडी ऑफ़ अमरीकन रिलिजन्स के निदेशक और अनेक अन्य सन्दर्भ पुस्तकों के लेखक, स्पष्ट करते हैं : 'पूर्व के धर्मों और अफ्रीकियों के धर्मों के सन्दर्भ में अधिकांश रूढ़िवादी ईसाइयों के रुझान यही रहे हैं कि उन धर्मों के देवी-देवता, वास्तव में, साक्षात दानव ही हैं'।[18]

हिन्दुओं को ईसाई बनाये जाने की अमरीका में मार्केटिंग होती है जो मूर्तिपूजकों को भय और दानवी दमन के जीवन से बचाने के एक कार्य के रूप में लोकप्रिय भी है, और इसके लक्ष्य होते हैं हिन्दू देवी-देवता, गुरु, समाज, अनुष्ठान और कोई भी प्रवक्ता जो धर्म की ओर से बोलने का साहस करता है। प्रोफेसर कुसुमिता पेडर्सन ने कहा कि ऐसे हिन्दू विरोधी बयान 1920 की दशक का याद दिलाते हैं जब कु क्लक्स क्लैन उदीयमान था, और राष्ट्रीय विश्वास यह था कि सभी अमरीकियों को ईसाई होना ही चाहिए। 'वास्तव में रॉबर्टसन जो कह रहे हैं वह यह है कि ... हिन्दू इंजीनियर, डॉक्टर और कम्प्यूटर विशेषज्ञ जो यहाँ रह रहे हैं वे वापस अपने घर चले जायें। यह एक

बहुत बड़ा बयान है जो उन्होंने दिया है'।[19] ऐसे घृणा फैलाने वाले बयानों ने अतीत में जनसंहार तक पहुँचाया है।

चूँकि सांस्कृतिक पहचानों को विदेशियों के प्रति विकर्षण या घृणा फैलाने की मानसिकता से तैयार किया जाता है, उनकी हत्या स्वीकार्य-सी लगने लगती है। प्रोफेसर पेडर्सन ने आगे कहा : 'ऐसा रवाण्डा में हुआ। समाचारपत्रों और मीडिया ने इस तरह का माहौल बनाना प्ररम्भ कर दिया कि फलाने-फलाने को मार देना चाहिए। उसके बाद कुछ महीनों तक फलाने-फलाने मारे जाते रहे। वाणी की स्वतन्त्रता पर कहीं-न-कहीं एक सीमा रेखा खींची जानी चाहिए, परन्तु हम अमरीकी बस यह नहीं जानते कि कहाँ'।[20] घृणा के बीज, अगर बिना विरोध के रहे, फिर एक बार हिंसा के खर-पतवार की तरह उग सकते हैं।

पैट रॉबर्टसन ने अपने टेलिविजन कार्यक्रम में, जिसे बहुत लोग देखते हैं, कहा : 'भारत की सभी समस्याओं में से एक अन्य सभी से अधिक उभरकर सामने आती है। वह समस्या है मूर्ति पूजा की। कहा जाता है कि हिन्दू देवी-देवता हज़ारों लाखों हैं। इन सब ने एक राष्ट्र को आध्यात्मिक शक्तियों का बँधुवा बनाकर रखा है, जिन शक्तियों ने हज़ारों वर्षों से अनेक लोगों को धोखा दिया है'। उनके पुत्र ने इसका और आगे विस्तार करते हुए कहा : 'बाइबल उस भू-भाग की चर्चा करता है जिसे वहाँ के निवासियों की करतूतों के आधार पर अभिशाप दिया जाता है। तुम इन मूर्तियों को प्रत्येक हरे वृक्ष तले, प्रत्येक पहाड़ की चोटियों पर, स्थापित करो और ऐसा करते हुए तुम अपनी धरती को अभिशप्त कर रहे हो। और जो दमन है उसे हम साक्ष्य के रूप में देखते हैं'।[21]

ईसाई अमरीका में ये दृष्टिकोण मुख्यधारा में आ गये हैं, और अच्छी तरह वित्त पोषित और सुनियोजित दीर्घावधि अभियान के परिणाम हैं। सन 1999 में, संयुक्त राज्य अमरीका में सदर्न बैप्टिस्ट कन्वेंशन ने दीवाली के अवसर पर हिन्दुओं के लिए एक दिशा-निर्देश इस बयान के साथ जारी किया : 'मुम्बई आध्यात्मिक अंधकार का शहर है। प्रत्येक दस व्यक्ति में से आठ हिन्दू ऐसे दास हैं जो भय और परम्परा से झूठे देवों से बँधे हैं'।[22] इस तथ्य पर अवश्य ही ध्यान देना चाहिए कि उदारवादी पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर और बिल क्लिंटन 2006 तक आजीवन सदर्न बैप्टिस्ट (Southern Baptist) रहे। इन दोनों ने नये और अधिक समावेशी बैप्टिस्ट कन्वेंशन के गठन में मुख्य भूमिका निभाई। उत्तर अमरीका स्थित अनेक भारतीय ईसाई प्रचारक ऐसे अति-दक्षिणपन्थी प्रोटेस्टेंट श्रेष्ठता वाले विचारों को प्रतिध्वनित करने के लिए सूचीबद्ध किये गये हैं, और विशाल मंगलवादी सरीखे कुछ तो भारत में अत्यधिक धन से वित्तपोषित इन पश्चिमी ईसाई प्रचारक कार्यक्रमों के नेता बन गये हैं। उनमें से कुछ को इस नयी वैश्विक सभ्यता के युद्ध में अगले मोर्चे के सेनापति के रूप में तैनात किया गया है।

अमरीकी दक्षिणपन्थी ईसाइयों द्वारा दलित आन्दोलन

अमरीकी ईसाई प्रचारक संगठन संयुक्त राज्य अमरीका स्थित दलित गुटों की डोर थामे है जिनका विशिष्ट उद्देश्य है इस दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना कि भारत की सारी जाति समस्या हिन्दू धर्म के कारण ही है, और हिन्दू धर्म 'जाति के अलावा और कुछ नहीं' है। संक्षेप में, हिन्दू धर्म = जाति = नस्लवाद। ये संगठन शैक्षिक विद्वानों के एक समूह तथा भारत के आन्दोलनकारियों पर निर्भर करते हैं जो संयुक्त राज्य अमरीका के ईसाई प्रचारक संगठनों के भारतीय सहयोगियों से सम्बद्ध हैं।

अमरीकी दक्षिणपन्थी राजनीतिज्ञों और संरक्षणवादी विचार-मंचों ने एक दूसरे से हाथ मिला लिया है और दलित ईसाई प्रचारकों को एकजुट कर रहे हैं ताकि इस दृष्टिकोण को सामने लाया जाये कि भारत की अधिकांश समस्याएँ मूर्तिपूजन के परिणाम हैं और इनका समाधान ईसाइयत है। ऐसे दो समूहों, दलित फ्रीडम नेटवर्क और ऑल इण्डिया क्रिश्चियन काउंसिल के कार्य इन जटिल सम्बन्धों को दिखाते हैं।

दलित फ्रीडम नेटवर्क (डी.एफ.एन.)

संयुक्त राज्य अमरीका में कोलोराडो स्थित दलित फ्रीडम नेटवर्क पश्चिम द्वारा संचालित संगठन का एक उदाहरण है जो अमरीका के सत्ता के केन्द्रों में नीतिगत तर्कों के माध्यम से भारतीय दलित मुक्ति का अगुवा होने का दावा करता है। अपने मिशन का वर्णन करते हुए यह कहता है कि यह 'ईसा मसीह के आदेश का अनुकरण करने के लिए है जिन्होंने हमें "धरती का नमक" और "विश्व का प्रकाश" कहा था'।[23] इसकी स्थापना 2002 में 'अखिल भारतीय ईसाई परिषद' (All India Christian Council, इसी अध्याय में आगे इसकी चर्चा की गयी है) के प्रमुख डॉ. जोजेफ डी'सूजा ने एक पूर्व मिशनरी नैन्सी रिक्स के साथ मिलकर की थी।[24] इसका ईसाई एजेंडा स्पष्ट है जो इसके अच्छे सम्पर्कों वाले कार्यपालक पदाधिकारियों की सम्बद्धताओं से ही झलकता है।[25] निदेशकों की इस सूची को ध्यान से देखने पर कुछ ऐसे सम्बन्ध उजागर होते हैं।

इसके निदेशकों में से एक संयुक्त राज्य अमरीका के कांग्रेस सदस्य दक्षिणपन्थी नेता ट्रेन्ट फ्रैंक्स (Trent Franks) के कार्यालय के एक पूर्व उच्चाधिकारी थे। एक अन्य मूडी बाइबल इंस्टीटयूट, जिसे इनसाइक्लोपीडिया ऑफ़ क्रिश्चियैनिटी 'बीसवीं शताब्दी में अन्तर-साम्प्रदायिक कट्टरतावाद का प्रमुख संस्थान कहती है', के उपाध्यक्ष हैं।[26] दो निदेशक ओ.एम. (Operation Mobilization) से हैं, जो संयुक्त राज्य अमरीका स्थित एक 'अन्तर्राष्ट्रीय ईसाई मिशन एजेन्सी है जिसके 110 से अधिक देशों में तथा समुद्री सफर करने वाले दो जलपोतों में 5400 कार्यकर्ता हैं'।[27] एक अन्य कैडमोन्स कॉल एक ईसाई रॉक समूह के प्रमुख गायक हैं, जिनके गीत बाइबल के प्रतीकों का उपयोग करते हुए भारत का दानवीकरण करते हैं। उदाहरण के

लिए, इसका 'मदर इण्डिया' गीत भारत की पीड़ा के कारक के रूप में बाइबल के ईडेन गार्डेन में साँप का उल्लेख करता है :

> पिता परमेश्वर, तुमने भारत माता के लिए अपने आँसू बहाये हैं। आपकी आत्मा भारत पर आती है और उसने आपके आलिंगन में मुझे बाँध दिया। साँप ने कहा और विश्व ने उसके विष पर विश्वास कर लिया। ... पिता, मुझे क्षमा कर दें, क्योंकि मैने विश्वास नहीं किया है। भारत माता की तरह, मैं कराहा और दुखी हुआ हूँ।[28]

डी.एफ.एन. के सलाहकार बोर्ड के सदस्यों में शामिल लोग हैं :[29]

- विलियम आर्मस्ट्रांग, एक पूर्व रिपब्लिकन सिनेटर जो अब कोलोराडो क्रिश्चियन यूनिवर्सिटी के साथ हैं, जो नियमित रूप से भारत में ईसाई प्रचारक टीम भेजता है।[30]
- लुइस बुश, जिनकी रणनीतिगत प्रभाव वाली ईसाई प्रचारक गतिविधियों का उद्घाटन तहलका की खोजपूर्ण रपट में किया गया है।[31]
- टॉमस मैक्कैली, जो मैक्लेलन फाउण्डेशन का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो स्वयं को एक 'ईसाई शिक्षा धर्मार्थ न्यास'[32] के रूप में वर्णित करता है, और विज्ञान के विपरीत संयुक्त राज्य अमरीका के सृष्टिवाद के लिए स्थापित अग्रणी संस्थानों को वित्त प्रदान करता है।[33]
- जॉर्ज माइली, एन्टीओक नेटवर्क के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष, एक संगठन जिसका मूल 'नार्थ अमरीकन इवैंजेलिकल स्ट्रीम ऑफ़ क्रिश्चियैनिटी' में है, जिसने मिशनरी समर्थक लॉजैन कोवेनेंट को अपने 'आस्था के वक्तव्य' के रूप में अंगीकृत कर लिया है।[34]
- जॉन गिलमैन, डेस्प्रिंग इंटरनेशनल के प्रमुख, जो भारत में अपने उद्देश्य को बहुत स्पष्ट रूप से वर्णित करता है :

> हज़ारों लाख देवी-देवताओं की पूजा लुप्त हो जायेगी। मूर्तिपूजा उतार फेंकी जायेगी। परन्तु इसे कौन विस्थापित करेगा? भारत में राष्ट्रीय दलित नेता चर्च से अपील करते हैं, 'आप आइये और अपने ईसा मसीह के बारे में बताइये। आप हमें अपने ग्रन्थ की शिक्षा दीजिये'। उनका विश्वास है कि भारत के लिए यही एकमात्र आशा है, एक राष्ट्र जो हो सकता है कि एक रक्त रंजित गृहयुद्ध के मुहाने पर खड़ा है—या इतिहास के विपरीत पवित्र आत्मा के दिल पर से बोझ उतारने के कगार पर। इस समय भारत में आत्मा पर विजय पाने का जो बेहतर अवसर है वैसा पहले कभी नहीं रहा है।[35]

डी.एफ.एन. इस तथ्य को छिपाने के लिए दलित चेहरे का उपयोग करता है कि यह भारत पर अमरीकी दक्षिणपन्थी षडयन्त्र की कट्टर कार्यान्वयन शाखा है। दलित छाप इसे भारतीय मामलों में हस्तक्षेप करने के लिए एक सामाजिक हैसियत प्रदान

करती है, जैसा कि इसने 2006 में हुए कैलिफोर्निया पाठ्यपुस्तक विवाद में किया। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने समाचार छापा कि किस तरह डी.एफ.एन. ने भारतीय संस्कृति के पारम्परिक नकारात्मक चित्रण के समर्थन में प्रमाण पत्र दिया। उन्होंने स्वयं को हिन्दू अछूत के रूप में प्रस्तुत किया :

> अन्य हिन्दू समूह—जिनमें 'अछूत' जाति के सदस्य भी शामिल थे—श्री विट्जेल की ओर से मैदान में कूद पड़े। अछूतों के लिए वकालत करने वाले दलित फ्रीडम नेटवर्क ने शिक्षा बोर्ड को लिखा कि वेदिक एण्ड हिन्दू एजूकेशन फाउण्डेशन द्वारा प्रस्तावित परिवर्तन 'भारतीय इतिहास के एक दृष्टिकोण को प्रतिबिम्बित करता है जो ... भारत में वर्ण-आधारित भेदभाव के कड़वे सच को ... कम करके बताता है। ... लिखित भारतीय इतिहास में परिवर्तन के लिए राजनीतिक प्रेरणा वाले संशोधनवादियों को अनुमति न दें।[36]

वह पाठ्यपुस्तक विवाद एक वैध मानवीयता की वकालत करने वाले समूह के रूप में डी.एफ.एन. की विश्वसनीयता की स्थापना के लिए उपयोगी था। यह जानामाना तरीका एक उदाहरण है कि किस तरह संयुक्त राज्य अमरीका में गुटबाज़ी वाले विभिन्न समूह अपनी विश्वसनीयता स्थापित करते हैं।

डी.एफ.एन. के राजनीतिक पक्षपोषण के उदाहरण

बेंजामिन मार्श संयुक्त राज्य अमरीका के विदेश विभाग से तालमेल रखने के मामले में डी.एफ.एन. के प्रभारी हैं। अमरीका भर के चर्चों और सम्मेलनों में वे डी.एफ.एन. की ओर से बराबर बोलते हैं।[37] उन्होंने कैलिफोर्निया पाठ्यपुस्तक विवाद में पश्चिमी शैक्षिक विद्वानों के साथ निकट सम्बन्ध स्थापित करते हुए काम किया, जहाँ उन्हें दक्षिण एशियाई शैक्षिक विद्वानों के एक नामित समूह में शामिल किया गया जबकि वास्तव में वे एक राजनीतिक ईसाई प्रचारक हैं। इस समूह में, डी.एफ.एन. का परिचय 'वॉशिंगटन में दलित आन्दोलन की ओर से एक वास्तविक जाँबाज' के रूप में कराया गया था।[38] मार्श ने उत्तर अमरीका के हिन्दुओं पर डी.एफ.एन. द्वारा किये जा रहे गुटबाजी के प्रयासों का विरोध करने का आरोप लगाया; ये प्रयास चाहते हैं कि अमरीकी कांग्रेस 'वर्ण-व्यवस्था या इसके आधुनिक प्रभाव से निपटे'। उन्होंने इन हिन्दुओं पर डी.एफ.एन. के 'भारत में अछूत प्रथा की उपस्थिति को स्वीकार करने सम्बन्धी एक प्रस्ताव पारित करने के चल रहे प्रयास' का विरोध करने का आरोप लगाया।[39]

एक शैक्षिक भारतविद मंच के एक परिनियामक ने अपने सदस्यों से डी.एफ.एन. के साथ परिचय बढ़ाने को कहा।[40] उसके बाद शीघ्र ही मार्श ने मंच से भारत में ईसाई धर्मान्तरण कराने वालों के अधिकारों को प्रोत्साहित करने का एक आवेदन प्रस्तुत किया। यद्यपि उस आवेदन पर अनेक वैसे समूहों ने हस्ताक्षर किये थे जो अपने ईसाई कट्टरतावाद के लिए जाने जाते हैं—जैसे 'नैशनल असोसिएशन ऑफ इवैंजेलिकल्स,

सदर्न बैप्टिस्ट कन्वेंशन, ओपन डोर्स इण्टरनैशनल' (National Association of Evangelicals, Southern Baptist Convention, Open Doors International) और www.rightmarch.com (एक उग्रपरिवर्तनवादी दक्षिणपन्थी समूह)—इस शैक्षिक मंच के परिनियामक ने इसे एक विशेष अनुमोदन प्रदान किया।[41] डी.एफ.एन. ने शैक्षिक जगत और चर्च में अपने व्यापक समर्थन के आधार की सहायता से अमरीकी सरकार में घुसपैठ बना ली है। वह भारत से वक्ताओं और आन्दोलनकारियों को अमरीकी सरकार के आयोगों, नीति निर्धारक विचार-मंचों और चर्चों के समक्ष गवाही देने के लिए बुलाता है, जिसका स्पष्ट उद्देश्य भारत में संयुक्त राज्य अमरीका के हस्तक्षेप को बढ़ावा देना होता है।[42] ऐसे ही एक आन्दोलनकारी हैं उदित राज, जो 'अखिल भारतीय अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति संगठनों का महासंघ' के अध्यक्ष हैं।[43] राज भारत में दलितों की एक विशाल रैली आयोजित करने और हिन्दुओं के बौद्ध धर्म में सामूहिक धर्मान्तरण कराने के बाद विख्यात हुए, जो संयुक्त राज्य अमरीका के ईसाई प्रचारकों को अच्छा लगा। लेकिन कुछ भारतीय ईसाइयों, जैसे रैशनलिस्ट एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया के अध्यक्ष सनल एडामारूकू द्वारा इस गतिविधि पर नैतिक प्रश्न उठाये गये। उन्होंने भारतीय चर्चों में बड़ी मात्रा में अमरीकी धन लाने के गुप्त उद्देश्यों की ओर ध्यानाकर्षित किया। एडामारूकू ने भारत में इन अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा किये जाने वाले जोड़-तोड़ को स्पष्ट करते हुए लिखा :

> दिल्ली बैठक का आधिकारिक आयोजनकर्ता संगठन था अखिल भारतीय अनुसूचित जाति और जनजाति सम्मेलन, जो सरकारी कर्मचारियों का एक छतरी संगठन है और जिसके सदस्यों की संख्या तीस लाख से ज़्यादा है। लेकिन इस आयोजन का गुप्त सूत्रधार और धन प्रदाता संगठन था ऑल इण्डिया क्रिश्चियन काउंसिल (ए.आई.सी.सी.), जो ईसाई प्रचारक चर्च का ही एक घटक है, जिनमें भाँति-भाँति के 'पुन: अवतरित हुए' नव-प्रोटेस्टेंट और मिशनरी संगठन शामिल हैं, और जिसे बैप्टिस्टों और पेन्टिकोस्टलों द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया है।[44]

उक्त रैली में विशेष रूप से सम्मानित लोगों में विदेशी सम्बद्धता वाले ईसाई प्रचारक जोसफ डी'सूजा और के.पी. योहन्नान थे। एडामारूकू स्पष्ट करते हैं कि ये बैप्टिस्ट और पेन्टिकोस्टल वित्तीय कारणों से बौद्ध धर्म में सामूहिक धर्मान्तरण को प्रोत्साहित कर रहे थे :

> ईसाई प्रचारक नेटवर्क आखिर हिन्दुओं का बौद्ध धर्म में सामूहिक धर्मान्तरण क्यों प्रायोजित करते हैं? संयुक्त राज्य अमरीका और अन्यत्र रहने वाले समर्थकों और धनदाताओं के लिए जून महीने में जन सम्पर्क अभियान प्रारम्भ किया गया था, जिसने यह गलत आभास देकर लोगों के हृदय और बटुए खुलवा दिये कि बड़ी संख्या में मछलियाँ ईसाई जाल में सीधे फँसने जा रही हैं। 'इस उपमहाद्वीप में चर्चों की स्थापना का अभियान चलाने वाली सबसे बड़ी संस्था— गॉस्पल फ़ॉर एशिया' ने दलितों की दुर्दशा और हिन्दू धर्म छोड़ने की उनकी योजना पर ध्यान

> केन्द्रित करना प्रारम्भ किया।... इसके लिए बड़ी उदारता से धन भेजा गया। लेकिन बड़ी संख्या में मछलियों के फँसने का प्रचार करते समय भी ए.आई.सी.सी. के नेता जानते थे और बहुत अच्छी तरह उन्होंने आकलन कर लिया था कि दलित केवल बौद्ध धर्म में ही धर्मान्तरित होंगे। उनका लक्ष्य दिल्ली के धर्मान्तरित होने वाले लोग नहीं थे, यद्यपि उन्होंने इसका उपयोग धनदाताओं को लालच देने के लिए किया, ताकि उनके मुँह में पानी आ जाये। उनका उद्देश्य बौद्ध धर्मान्तरण का उपयोग एक फच्चर के रूप में करने का था जिससे सहस्राब्दी के विशाल धर्मयुद्ध के लिए भारत के द्वार खोले जायें। यह योजना केवल इस शर्त पर ही फलीभूत हो सकती थी कि घी में मिशनरियों की उँगलियाँ नज़र न आयें।[45]

ए.आई.सी.सी. की वेबसाइट संयुक्त राज्य अमरीका की विदेश नीति के तहत भारत में हस्तक्षेप करने की वकालत करने में उदित राज की भूमिका को इस तरह स्पष्ट करता है :

> अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति संगठनों के महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज ने श्री ट्रेन्ट फ्रैन्क्स (संयुक्त राज्य अमरीका के एक कांग्रेस सदस्य) से दिल्ली में दो वर्ष पहले मुलाकात की और भारत में दलितों की स्थिति उन्हें बतायी। और उसके बाद डॉ. उदित राज संयुक्त राज्य अमरीका की यात्रा पर गये, विशेष रूप से वॉशिंगटन, और वहाँ भारत के गाँवों और शहरों में दलितों के साथ क्या हो रहा है, उसका एक स्पष्ट चित्र प्रस्तुत किया और भारत में अपना व्यवसाय आरम्भ करने वाली अमरीकी कम्पनियों से हस्तक्षेप का अनुरोध किया और यह कि वे भारत में दलित समुदाय के हितों के लिए काम करें। उनकी इस वॉशिंगटन यात्रा के अगले कदम के रूप में एक सहभागी एजेन्सी दलित फ्रीडम नेटवर्क ने इस मामले पर आगे काम किया और संयुक्त राज्य अमरीका के हॉउस ऑफ़ रिप्रजेन्टेटिव में यह समवर्ती प्रस्ताव पारित करवा लिया।[46]

ट्रेन्ट फ्रैन्क्स एरिजोना से प्रतिनिधि के रूप में संयुक्त राज्य अमरीका की कांग्रेस में आये हैं, जो एक ऐसा राज्य है जहाँ दलित बहुत कम संख्या में हैं। उन्होंने दलित मामलों में ऐसी रुचि इसलिए ली है क्योंकि दक्षिणपन्थी ईसाइयों के साथ उनके सम्बन्ध हैं। सन 2007 में उक्त प्रस्ताव को प्रस्तुत करते हुए फ्रैन्क्स ने कहा, ‘यह प्रस्ताव सुनिश्चत करेगा कि एक सरकार के रूप में और एक राष्ट्र के रूप में हम किसी भी प्रकार से वर्ण के आधार पर भेदभाव और अछूत प्रथा को भारत के साथ नीतिगत सम्बन्धों या हमारे प्रत्यक्ष विदेशी सहायता के माध्यम से न तो प्रोत्साहित करेंगे और न ही लागू करेंगे’। उसके बाद का भाषण इस बात का एक अच्छा उदाहरण है कि किस तरह उत्पीड़न साहित्य उच्च आधिकारिक स्थानों तक पहुँचता है।[47]

इस तरह के प्रस्ताव केवल निजी मत हैं, इनकी कोई वैधानिक शक्ति नहीं है। इनमें से कई तो कुछ विशिष्ट स्वार्थ सिद्धि के लिए पारित किये जाते हैं और अधिकतर

अमरीकी कांग्रेस के सदस्य वोट करने से पहले इन्हें पढ़ते भी नहीं। पर इसका प्रभाव भारत में बहुत होगा। और जो कोई भी भारत में अमरीका का और अधिक हस्तक्षेप चाहता है, उसके लिए यह प्रस्ताव कागज़ों के भण्डार को और ऊँचा कर देगा। वास्तव में, एक छद्म-दलित वेबसाइट ने इस प्रस्ताव का ढिंढोरा पीट कर कहा, कि वह एक 'ऐतिहासिक कानून' है।[48]

कांचा इलाइया : 'हम संस्कृत की हत्या कर देना चाहते हैं'

एक अन्य महत्वपूर्ण चिन्तक हैं कांचा इलाइया जिन्हें डी.एफ.एन. द्वारा विश्व स्तर पर 'दलित अधिकारों के लिए अभियान चलाने वाले अग्रणी नेता' के रूप में प्रोत्साहित किया जा रहा है। डी.एफ.एन. ने उन्हें एक पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप दिया है।[49] उनकी एक पुस्तक, 'मैं हिन्दू क्यों नहीं हूँ' (Why I am Not a Hindu) अनेक अमरीकी विश्वविद्यालयों के हिन्दू धर्म के प्रारम्भिक पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित की गयी है। एक बेल्जियन भारतविद कोनराड एल्स्ट ने इस पुस्तक की समीक्षा की और इसका समानान्तर नाजी साहित्य में यहूदी-विरोधी उपहास-सामग्री में पाया :

> ये हिन्दू विरोधी शक्तियाँ आर्यों के आक्रमण की परिकल्पना का अन्तिम छोर तक दोहन कर रही हैं, और भारतीय राजनीति में पागलपन की हद तक नस्लवाद की भारी खुराक पहुँचा रही हैं। उदाहरण के लिए कांचा इलाइया की पुस्तक वाई आई एम नॉट ए हिन्दू (कलकत्ता, 1996) को पढ़ें, जिसे राजीव गाँधी फाउण्डेशन ने प्रायोजित किया, इसके ब्राह्मण विरोधी कार्टूनों के साथ : ब्राह्मण खलनायकों की चुरकियों को उनके सिर के पिछले हिस्से से हटाकर केवल उनके कानों के सामने लायें, और आप उन्हें नाजी समाचार पत्र डेर श्टूमेर (Der Stumer) के यहूदी-विरोधी कार्टूनों की सटीक नकल पायेंगे।[50]

संस्कृत के प्रति इलाइया की घृणा भी उतनी ही उग्र है। 'इण्डियन एक्सप्रेस' की रपट के अनुसार कांचा इलाइया ने मानवाधिकार पर भारत के राष्ट्रीय सम्मेलन के सामने यह कहते हुए जोरदार भाषण दिया था, 'हम इस देश में संस्कृत की हत्या कर देना चाहते हैं'।[51] एक साक्षात्कार में उन्होंने यह सफाई भी दी, 'हमें आई.आई.टी. और आई.आई.एम. संस्थानों को बन्द कर देना चाहिए, क्योंकि वे देश के ऊँचे वर्णों की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हैं'।[52] इलाइया की पुस्तकें प्रदर्शित करती हैं कि किस प्रकार दलित आन्दोलन ने द्रविड़ अलगाववादियों की भाषण शैली को आत्मसात कर लिया है, जैसे दमन की जड़ के रूप में संस्कृत और हिन्दू धर्म का दानवीकरण। भारत की अनेक साझी विरासतों को दलितों की शिकायतों की जड़ की तरह प्रस्तुत किया गया है।

क्रिश्चियन टुडे पत्रिका इलाइया की उपलब्धियों की सूची में यह भी शामिल करती है कि 'उन्होंने संयुक्त राज्य अमरीका की कांग्रेस की सभा में हाल ही में अपना बहुप्रचारित साक्ष्य दिया,' जिसमें उन्होंने 'दलितों के विरुद्ध चल रही हिंसा और

भेदभाव की असलियत' के लिए हिन्दू धर्म पर दोषारोपण किया।[53] क्रिश्चियन टुडे के साथ एक साक्षात्कार में उन्होंने हिन्दू धर्म की तुलना नाजीवाद से की, और इसे 'आध्यात्मिक फासीवाद' के रूप में वर्णित किया। उनके तर्क के आधार हिटलर द्वारा हिन्दू प्रतीकों को गलत ढंग से अपनाये जाने पर आधारित हैं, जिसके लिए वे हिन्दू धर्म को दोषी ठहराते हैं। 'हिन्दू धर्म एक प्रकार का आध्यात्मिक फासीवाद है,' वह व्याख्या करते हैं, 'क्योंकि हिन्दू पुस्तकें कहती हैं कि उन्हें आर्यों ने लिखा था, और नाजी जर्मनी हिटलर विश्वास करता था कि वह आर्य नस्ल का था'; और इसलिए 'हिन्दू और आर्य जर्मनवासी जिन प्रतीकों का उपयोग करते हैं वे समान हैं, जैसे कि स्वास्तिक और यह अवधारणा कि हमेशा चन्द लोग ही होते हैं जो अन्य से श्रेष्ठ होते हैं ... इसलिए हिन्दू धर्म आध्यात्मिक रूप से बिलकुल ही फासीवादी प्रणाली है और यही कारण है कि हमारा देश अनेक प्रकार से उत्पीड़ित हुआ।'[54]

ईसाई प्रचारक संगठनों द्वारा इलाइया के लिए आये दिन संयुक्त राज्य अमरीका की यात्राओं को प्रायोजित किया जाता है, जिनका उद्देश्य है उन्हें जनाधिकार का एक बड़ा नेता बनाना, और इस तरह उनके प्रभाव को और बढ़ाया जा रहा है। उदाहरण के लिए, टेक्सास स्थित संगठन गॉस्पेल फ़ॉर एशिया ने घोषणा की :

> गॉस्पेल फ़ॉर एशिया डॉ. कांचा इलाइया को प्रायोजित करने में प्रसन्नता का अनुभव करता है, जो भारत के सर्वाधिक प्रभावशाली मानवाधिकार नेताओं में से एक हैं ... जो इस देश के जनाधिकार आन्दोलन के लिए मार्टिन लूथर किंग जूनियर का अर्थ है वही आज भारत के जनाधिकार आन्दोलन में डॉ. इलाइया का है... ऑल इण्डिया क्रिश्चियन काउंसिल के सलाहकार की भूमिका में वे भारत की निचली जातियों में सामाजिक-आर्थिक, धार्मिक, और राजनैतिक स्थितियों पर नेताओं को सलाह देते हैं।[55]

इलाइया साउथ एशियन स्टडीज के शैक्षिक सम्मेलनों में प्रसिद्ध वक्ता भी रहे हैं जो विस्कोन्सिन विश्वविद्यालय, मैडिसन में हर साल आयोजित किये जाते हैं।

'पोस्ट हिन्दू इण्डिया' (Post-Hindu India)[56] नामक अपनी हाल की पुस्तक में इलाइया सामान्यत: हिन्दू धर्म के विरुद्ध घृणा का एक नस्लवादी सिद्धान्त गढ़ते हैं, विशेष रूप से ब्राह्मणों के विरुद्ध। वे छद्म-वैज्ञानिक नस्लवाद को पुनर्जीवित करने का प्रयास करते हैं। जिसे वे 'ब्राह्मणवादी मनोविज्ञान' कहते हैं, उसका अध्ययन करने के आशय से वे इस बयान से शुरू करते हैं : 'ब्राह्मणों के मनोविज्ञान को समझने के लिए कोई भी शोध नहीं हुआ है'। उसके बाद वे यह कहते हुए ब्राह्मणों को उप-ब्राह्मणों के रूप में चित्रित करने के लिए आगे बढ़ते हैं कि ब्राह्मण सामुदायिकता 'पेंगुइन और भेड़ों की सामुदायिकता की तरह काम करती है, जो अस्तित्व के लिए व्यक्तिगत संघर्ष हेतु ऊर्जा का निर्माण शायद ही करती है'। वे कहते हैं कि ब्राह्मण पशुओं से भी बदतर हैं, क्योंकि उनके मामले में, पशुवृत्ति भी 'अल्पविकसित' होती है :

पशुओं में शिकार करने और चरने की प्रक्रिया उनके व्यापक सामाजिक सामूहिकता के घेरे में उनके व्यक्तिगत प्रयासों से होती है। लेकिन ब्राह्मण अपनी सामाजिक सामूहिकता में कोई भी व्यक्तिगत उद्यम की अनुमति नहीं देते थे। उन्होंने पेंगुइन और भेड़ों की अल्पविकसित पशुवृत्ति को मनुष्यों में लागू किया।[57]

वे नस्लवाद के छद्म-विज्ञान को पुनर्जीवित करने के लिए आगे बढ़ते हैं : 'मानवों में विभिन्न नस्ली रुझान भिन्न प्रकार से वृत्तियों का निर्माण करते हैं'। उसके बाद, वे घृणा की लफ्फाजी की ओर आगे बढ़ते हैं जो सामाजिक डार्विनवाद से ओतप्रोत है।

> सभी परजीवी व्यक्तिवाद के निरन्तर भय से पीड़ित रहते हैं।... एक समुदाय के रूप में ब्राह्मण धरती से कुछ भी पैदा नहीं कर सकने की पशुवृत्ति में सहभागी हैं। यह मानवीय वर्ण सभी अन्य सामाजिक समुदायों से उसी समय से अलग हैं जब से मानव बन्दरों से क्रमशः विकसित हुए। ... इस असामान्य परजीवी वृत्ति ने ब्राह्मणों को आध्यात्मिक फासीवाद की सामाजिक प्रक्रिया निर्मित करने को विवश कर दिया जो इस परजीवीवाद का किला बन गयी।[58]

वे निष्कर्ष निकालते हैं कि ब्राह्मणों के बाल्यकाल का निर्माण अपने आप में 'आनुवांशिक और अरूपान्तरणीयता की सामाजिक प्रवृत्ति वाला होता है'।[59] इस घृणा के आधार पर वे भारत में एक गृह-युद्ध की परिकल्पना करते हैं, और दलित-बहुजनों से अपील करते हैं कि वे समष्टि और व्यष्टि स्तरों पर गृह-युद्ध प्रारम्भ करें।[60] हिन्दू देवी-देवताओं अपनी विकृत परिकल्पनाओं का उद्धरण देते हुए इलाइया भारत में एक पूर्ण 'सशस्त्र युद्ध' का सुझाव देते है :

> ऐतिहासिक रूप से अगड़ी जातियों ने पिछड़ी जातियों के लोगों को हथियारों के बल पर दबाया, जैसा कि हिन्दू देवी-देवताओं का स्रोत अपने आप में हथियारों के उपयोग की संस्कृति में जड़ जमाये है। एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. को इसलिए भारत से हिन्दू हिंसा को समाप्त करने की प्रक्रिया में सशस्त्र युद्ध की ओर मुड़ना ही होगा।[61]

हिंसक उभार की तर्ज पर, जैसा कि यूरोप में हुआ था, इलाइया एक 'बड़े गृह-युद्ध' की भविष्यवाणी करते हुए इसे एक 'अनिवार्य बुराई'[62] के रूप में देखते हैं और दावा करते हैं कि 'भारत में गृह युद्ध में अगुवाई करने की विशाल क्षमता दलितों में है' जिनको 'बौद्धों और ईसाइयों का भी साथ होगा ... जो एक ही वृक्ष के रूप में विकसित हो रहे हैं'। जो भी हो, इलाइया बौद्ध धर्म का नाम सिर्फ ऊपरी तौर पर लेते हैं ताकि हिन्दू धर्म के विरुद्ध एक संगठित सेना खड़ी की जा सके, क्योंकि इस पुस्तक में अन्यत्र वह कहते हैं कि भारतीय दलित ईसा मसीह को बुद्ध से अत्यधिक शक्तिशाली मुक्तिदाता के रूप में पाते हैं।[63]

ऐसी विषाक्त और घृणा से भरी पुस्तक का प्रकाशन सेज पब्लिकेशन्स जैसी एक सम्मानित प्रकाशन संस्था ने किया है जो एक चेतावनी का संकेत होना चाहिए। इससे भी अधिक आश्चर्यजनक बात यह है कि सेज पब्लिकेशन्स ने एक असामान्य कदम

उठाते हुए प्रकाशन की ओर से एक विशेष टिप्पणी प्रकाशित की है जिसमें लेखक की 'अद्वितीय शोध प्रक्रिया और तर्कों की सूक्ष्मता' की प्रशंसा की गयी है।

डी.एफ.एन. की हाल की गतिविधियाँ

2005 में कांचा इलाइया के साथ-साथ डी.एफ.एन. के प्रतिनिधियों ने मानवाधिकार पर संयुक्त राज्य अमरीका की सरकार की उप-समिति के समक्ष साक्ष्य दिये थे, जिसमें उन्होंने भारत के विरुद्ध हस्तक्षेप की अमरीकी नीतियों के पक्ष में तर्क दिये थे। उस सुनवाई का शीर्षक था 'वर्ण-व्यवस्था के शिकार 20 करोड़ लोगों के लिए समानता और न्याय'।[64] वैश्विक मानवाधिकार पर गठित संयुक्त राज्य अमरीका के आयोग के अध्यक्ष ने यह कहते हुए डी.एफ.एन. के रुख का समर्थन किया था कि 'धर्मान्तरण करके ईसाई बने लोगों और ईसाई मिशनरियों को विशेष रूप से लक्ष्य बनाया जा रहा है, और ईसाइयों के विरुद्ध हिंसा पर प्राय: सजा नहीं मिलती'। जॉन दयाल ने, जिनके डी.एफ.एन. के साथ निकट सम्बन्ध हैं, भारत की इस आलोचना की प्रशंसा एक 'ऐतिहासिक क्षण' के रूप में की थी।[65]

2006 में वॉशिंगटन के कैपिटल हिल में दक्षिणपन्थी ईसाई मूलतत्ववादी सिनेटर रिक सैन्टोरम (Rick Santorum) द्वारा एक 'धार्मिक स्वतन्त्रता दिवस' का आयोजन किया गया था। डी.एफ.एन. के जोजेफ डी'सूजा ने उसमें मुख्य भाषण दिया था जिसमें उन्होंने 'हिन्दू अतिवाद' को सभी प्रकार की धार्मिक हिंसा के लिए उत्तरदायी ठहराया था। उन्होंने विश्व समाज से अनुरोध किया कि भारत के आन्तरिक संघर्षों में तथा भारत के राज्यों के धर्मान्तरण के अनुचित तरीकों को प्रतिबन्धित करने वाले कानूनों का विरोध करने के लिए वे हस्तक्षेप करें।[66] उस अवसर का उपयोग यह घोषणा करने के लिए किया गया कि भारत में होने वाली 'विश्व धार्मिक स्वतन्त्रता दिवस' की रैली में 1,00,000 दलित ईसाई भाग लेंगे। क्रिश्चियैनिटी टुडे पत्रिका ने क्रिश्चियन सॉलिडैरिटी वर्ल्डवाइड के आरोपों का समर्थन किया, जो गलत तौर-तरीकों से ईसाई प्रचारक धर्मान्तरण को रोकने के लिए बनाये गये भारतीय कानूनों को निरस्त करवाने की कोशिशों में लगी है।[67]

2007 में डी.एफ.एन. और उससे सम्बद्ध संगठनों ने कांग्रेसनल ह्यूमन राइट्स कॉकस के विवरण में प्रभावी भूमिका निभायी जिसका विषय था 'अछूत : दलित महिलाओं की दुर्दशा'। इस कॉकस ने नैन्सी रिक्स (डी.एफ.एन. अध्यक्ष), जोजेफ डी'सूजा (डी.एफ.एन. अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष), कुमार स्वामी (ऑल इण्डिया क्रिश्चियन काउंसिल) के साक्ष्य सुने। और अमरीका स्थित एक जानी-मानी भारत विरोधी आन्दोलनकारी स्मिता नरूला ने भी डी.एफ.एन. के सन्देश को आगे बढ़ाया।[68] इस विवरण ने एक समवर्ती प्रस्ताव के लिए मार्ग प्रशस्त किया।

भारत की आन्तरिक समस्याओं में अन्तराष्ट्रीय हस्तक्षेप के लिए ऐसी दलील के अलावा डी.एफ.एन. इस काम के लिए धन की व्यवस्था भी करता है जिसे वह 'दलित सशक्तीकरण' कहता है। ऐसा ही एक मोर्चा है ऑपरेशन मर्सी चैरिटबल कम्पनी (ओ.एम.सी.सी.), जो स्पष्ट रूप से ईसाई 'गुड शेफर्ड' स्कूलों की स्थापना का लक्ष्य रखती है।[69] 'एक हज़ार दलित एडच्यूकेशन एण्ड इमैनसिपेशन सेंटर' खोलने की इसकी एक महत्वाकांक्षी योजना है।[70] इसकी वेबसाइट पाठकों को सूचित करती है कि यह संगठन 'गाँधी, नेहरू और अम्बेडकर द्वारा हमें दी गयी स्वतन्त्र लोकतान्त्रिक परम्परा में' विश्वास करता है। जो भी हो, डी.एफ.एन. के अध्यक्ष जोजेफ डी'सूजा स्वयं वर्ण-व्यवस्था मिटाने के लिए महात्मा गाँधी की सेवाओं के मूल्य को कम करके दिखाते हैं।[71] इस प्रकार ओ.एम.सी.सी. केवल डी.एफ.एन. के एक अन्य मोर्चे की तरह काम करती है, और स्वयं को एक गाँधी समर्थक चेहरा प्रदान करती है ताकि वह अपने गाँधी विरोधी रुख को सन्तुलित कर सके।

ऑल इण्डिया क्रिश्चियन काउंसिल (ए.आई.सी.सी.)

हालाँकि डी.एफ.एन. अमरीका का संगठन है, इसका सम्बन्ध ऑल इण्डिया क्रिश्चियन काउंसिल से है, जिसे 'चर्च संस्थानों और ईसाई व्यक्तित्वों के भारत में सबसे बड़े गठबन्धन' और 'हर प्रकार के ईसाइयों, मिशन एजेंसियों, संस्थानों, फेडरेशन और सामान्य ईसाई नेताओं के एक राष्ट्रव्यापी गठबन्धन' के रूप में वर्णित किया गया है।[72] यह 'क्रिश्चियन सॉलिडैरिटी वर्ल्डवाइड' (Christian Solidarity Worldwide, सी.एस.डब्ल्यू.) से सम्बद्ध रही है, जिसका नेतृत्व बैरोनेस कैरोलिन कॉक्स द्वारा किया जाता है।[73] (सी.एस.डब्ल्यू. और बैरोनेस पर अधिक जानकारी के लिए अध्याय 16 देखें) सी.एस.डब्ल्यू. ने ईसाई-दलित गठजोड़ के वैश्वीकरण को सुगम बनाया है, जैसा कि 2001 के डर्बन सम्मेलन में, जहाँ इसने भारत सरकार के विरुद्ध रुख की अगुवाई की थी।[74] इसके नायकों में से एक, जॉन दयाल, भारत द्वारा उत्पीड़न के विरुद्ध साक्ष्य देते रहे हैं और पश्चिम के संस्थानों से हस्तक्षेप की अपील करते रहे हैं।[75]

ए.आई.सी.सी. भारतीय उत्पीड़न साहित्य की उस ढंग से प्रस्तुति करने में दक्ष है जो लोगों का ध्यान आकर्षित करती है। उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य अमरीका की कांग्रेस के सदस्य एडॉल्फस टाऊन्स ने, जिन्होंने 1998 में भारत को आतंकवादी राष्ट्र घोषित करना चाहा था,[76] ए.आई.सी.सी. द्वारा विकसित किये गये उत्पीड़न साहित्य का उपयोग भारत को 'एक वास्तविक लोकतन्त्र नहीं, बल्कि एक धर्मशासित अत्याचारी' के रूप में चित्रित करने के लिए किया, और कहा कि संयुक्त राज्य अमरीका को 'धार्मिक स्वतन्त्रता का उल्लंघन करने वाले के विरुद्ध अवश्य ही समुचित प्रतिबन्ध लगाने चाहिए'।[77]

अपने जन सम्पर्क अभियान को जारी रखते हुए, ए.आइ.सी.सी. ने इस बात का श्रेय लिया कि उसकी क्रिश्चियन सॉलिडैरिटी वर्ल्डवाइड और डी.एफ.एन. के साथ भागीदारी है जिसके परिणामस्वरूप ही इंग्लैण्ड के विदेश विभाग द्वारा 'दलित दासता पर एक बयान' जारी किया गया। सन 2007 में ए.आई.सी.सी. ने मानवाधिकार आयोग और ब्रसेल्स में यूरोपीय यूनियन के सांसदों को इस अत्याचार के सम्बन्ध में बताया और स्कॉटलैंड और नॉर्वे की सुनवाइयों में भी भाग लिया। उस वर्ष जब ब्रिटेन के हाउस ऑफ़ कॉमन्स ने वर्ण-आधारित दमन पर बहस की तो एक सांसद ने खुलेआम ए.आई.सी.सी. द्वारा उनकी भारत यात्रा प्रायोजित करने की चर्चा की।[78]

2007 में संयुक्त राज्य अमरीका की संसदीय मानवाधिकार समिति के समक्ष दलित महिलाओं की दुर्दशा पर ए.आई.सी.सी. और डी.एफ.एन. के नेताओं द्वारा गवाही देने के बाद[79] निकेलोडिओन टीवी ने, जो बच्चों का एक चैनल है, एक एमी (Emmy) पुरस्कृत लोकप्रिय बच्चों के सामाचार कार्यक्रम में एक कार्यक्रम प्रसारित किया जिसका शीर्षक था 'अनटचेबल किड्स ऑफ़ इण्डिया', जिसमें ए.आई.सी.सी. और ऑपरेशन मर्सी के बारे में बताया गया।[80] इस व्यापक प्रचार को विकसित करने के बाद, ए.आई.सी.सी. ने आगे के राजनैतिक प्रभाव के लिए अपना आधार तैयार किया। ए.आई.सी.सी. अध्यक्ष ने व्यक्तियों की तस्करी रोकने, और दलितों के शोषण के खिलाफ प्रस्ताव पारित करवाने के लिए मुख्य रूप से संयुक्त राज्य अमरीका के सेनेटरों और उसके राजदूत से भेंट की। उनकी दलीलें विशेष रूप से भारत की राज्य व्यवस्था के विरुद्ध थीं। ए.आई.सी.सी. और क्रिश्चियन सॉलिडैरिटी वर्ल्डवाइड संयुक्त राज्य अमरीका और यूरोपीय अधिकारियों को 'दलित और ईसाई उत्पीड़न' पर जानकारी देने के लिए एक-दूसरे के साथ सक्रिय सहयोग करते हैं।[81]

2009 में ए.आई.सी.सी. के जोजेफ डी'सूजा को कनाडा की क्रॉसरोड्स क्रिश्चियन कम्युनिकेशन्स के एक टीवी टॉक शो में दलित अधिकारों के लिए एक जिहादी के रूप में पेश किया गया था। उन्होंने भारत के सभी भागों में दलितों पर अत्याचार को एक मुख्यधारा के नियम के रूप में बताया, जिसके कारण टीवी कार्यक्रम के संचालक यह बोल पड़े कि भारत का लोकतन्त्र एक धोखा है। डी'सूजा के लिए वे अम्बेडकर और गाँधी नहीं थे जिन्होंने दलितों के जीवन को बेहतर बनाया, बल्कि वह स्लमडॉग मिलियनेयर फिल्म थी, जिसकी उन्होंने गलत ढंग से व्याख्या यह दावा करने के लिए की कि दलित गाँवों में पाँच वर्ष से अधिक उम्र की सभी बच्चियों को उनके माता-पिता द्वारा यौन दासता में डालने के लिए एक या दो हज़ार डालरों में बेच दिया जाता है।[82] इस कार्यक्रम को '100 हंटली स्ट्रीट' नामक एक ईसाई प्रचारक मीडिया समूह द्वारा प्रसारित किया गया, जो अपने कट्टरपन्थ और गैर-ईसाई समूहों पर लांछन लगाने के लिए जाना जाता है।[83] अमरीकी समाचार माध्यम पहले से ही कई महीनों तक अटकलें लगाते रहे कि क्या स्लमडॉग मिलियनेयर में जिस युवा महिला ने

अभिनय किया उसे उसके दबे-कुचले धन के लालची परिवार ने भारी राशि लेकर बेच दिया होगा या नहीं।

ए.आई.सी.सी. बड़ी चतुराई से स्वयं को दमित लोगों के प्रतिनिधि के रूप में स्थापित करती है। उदाहरण के लिए, धार्मिक स्वतन्त्रता या विश्वास पर संयुक्त राष्ट्र संघ की विशेष दूत सुश्री अस्मा जहाँगीर भारत आयीं तब क्रिश्चियन सॉलिडैरिटी वर्ल्डवाइड ने 'सिकंदराबाद में ए.आई.सी.सी. नेताओं से विशेष दूत के कर्मचारियों का कृपापूर्वक परिचय कराया था। सी.एस.डब्ल्यू. के तर्क देने वाले अधिकारी जहाँगीर से पिछले वर्ष उनके लन्दन दौरे के समय मिले'।[84] अपनी रपट में जहाँगीर ने ईसाई संगठनों के दृष्टिकोणों को ही प्रतिध्वनित किया, और ए.आई.सी.सी. द्वारा जारी पर्चे में कहा गया कि उनका 2008 का भारत दौरा सी.एस.डब्ल्यू. (यूनाइटेड किंगडम) के भागीदार के रूप में ए.आई.सी.सी. ने आयोजित किया था। उड़ीसा का दौरा करने के बाद उनकी रपट में धार्मिक स्वतन्त्रता के राज्य स्तरीय अधिनियमों पर चिन्ता व्यक्त की गयी थी जिनमें अनैतिक तरीकों से धर्मान्तरण पर रोक लगायी गयी थी, और आगे इसने माँग की कि ईसाई बने पूर्व दलित समुदायों के लोगों को हिन्दू दलितों के लिए आरक्षित सकारात्मक सरकारी कार्यक्रमों में हिस्सा दिया ही जाना चाहिए। दोनों विचार ए.आई.सी.सी. के मुख्य विषय रहे हैं।[85]

अपनी संयुक्त राज्य अमरीका की नेटवर्किंग के साथ ए.आई.सी.सी. ने भारतीय राजनीति में भी अपनी बाँहें चढ़ानी शुरू कर दी हैं। इसने सत्तारूढ़ पार्टी को भारत के महाराष्ट्र राज्य में होने वाले विधान सभा चुनावों के लिए ईसाई उम्मीदवारों की अपनी एक सूची दी थी।[86]

भारत के विरुद्ध ईसाई लॉबिंग के साथ संयुक्त राज्य अमरीका के राजनीतिज्ञों और अधिकारियों के सम्बन्धों के उदाहरण

1980 के दशक से ही उन ईसाई प्रचारक गुटों के साथ अनेक अमरीकी राजनीतिज्ञों और नियुक्त नौकरशाहों के मजबूत सम्बन्ध रहे हैं जो भारत में हस्तक्षेप का समर्थन करते हैं। इसके उदाहरणस्वरूप हम ऐसे कुछ राजनीतिज्ञों की सूची बनायेंगे।

संयुक्त राज्य अमरीका की कांग्रेस के सदस्य क्रिस्टोफर स्मिथ ने, जो 'ग्लोबल ह्यूमन राइट्स ऐण्ड इण्टरनैशनल ऑपरेशन्स' (Global Human Rights and International Operations) की अफ्रीका पर गठित समिति के अध्यक्ष हैं, भारत में दलितों द्वारा झेले गये मानवाधिकार उल्लंघनों और भेदभाव के मामले पर 2005 में एक सुनवाई की थी। इसके विभिन्न आयोजनों में डी.एफ.एन. के आन्दोलनकारियों का दबदबा था और कांग्रेस सदस्य स्मिथ ने उनके रुख का समर्थन किया। स्मिथ एक कट्टर ईसाई हैं जो गर्भपात विरोधी और अन्य कट्टरपन्थी विश्वासों के लिए जाने जाते हैं, और जिन्होंने सुनियोजित ढंग से उन कार्यक्रमों को बन्द करवा दिया जो उन दलित

महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए थे जो उनके ईसाई मूल्यों के तहत चलने को तैयार नहीं थीं : यह ईसाइयत है, न कि दलित सशक्तीकरण या महिला अधिकार, जिसके लिए वे मत बना रहे हैं।[87]

आइ.डी.एस.एन. विदेशी और भारतीय संस्थानों के एक सम्पूर्ण नेटवर्क में दलित अध्ययनों को प्रायोजित करता है और उनके साथ सहयोग करता है, और इसका उपयोग शैक्षिक शोध की आपूर्ति में करता है जो इसके राजनीतिक सक्रियतावाद को समर्थन देते हैं।

इण्डियन इंस्टीटयूट ऑफ दलित स्टडीज

इण्डियन इंस्टीटयूट ऑफ दलित स्टडीज (आई.आई.डी.एस.)[78] का गठन नई दिल्ली में किया गया जिसके लिए फोर्ड फाउण्डेशन से मिले 3,00,000 अमरीकी डालर के प्रारम्भिक अनुदान का उपयोग किया गया।[79] इसके भारत प्रमुख एन.सी.डी.एच.आर. के मार्टिन मैकवान नामक ईसाई हैं, जो इस नेटवर्क के नौ संस्थानों में से तीन का संचालन करते हैं। आई.आई.डी.एस. के भारतीय सम्बद्ध मुख्यत: ईसाई संगठन हैं, जिनके बहुधा हिन्दू नाम होते हैं लेकिन ईसाइयों द्वारा नियन्त्रित होते हैं। इसके विदेशी सहयोगी मुख्यत: ईसाई अन्तर्राष्ट्रीय संगठन हैं,[80] और साथ ही साथ डेनिश विदेश मन्त्रालय।

आई.आई.डी.एस. के न्यासी डी.एस.एन.-यू.के. को यूनाइटेड किंगडम में लेबर पार्टी के सांसदों के साथ गुट बनाकर दबाव डालने के लिए जानकारियाँ उपलब्ध कराते हैं।[81] आई.आई.डी.एस. ने भारत में दलितों के विरुद्ध उत्पीड़न पर एक रपट तैयार की है जिसे उसने संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत को उनके आई.डी.एस.एन. के धन पर किये गये भारत के दौरे में समय सौंपा।[82] इस अन्तर्राष्ट्रीय भूमिका से उत्साहित होकर, आई.आई.डी.एस. ने एक महत्वाकांक्षी शोध परियोजना अपने हाथ में ली ताकि 'उन देशों में वर्ण आधारित भेदभाव पर नये ज्ञान और अभिलेख तैयार किये जायें जहाँ इस विषय पर शोध और अभिलेख सीमित रहे हैं'।[83] इसके लिए नेपाल, पाकिस्तान, बांगलादेश और श्रीलंका तक आई.आई.डी.एस. का विस्तार किया गया जिसे डेनिश सरकार द्वारा धन दिया गया। इसके तहत तैयार रपटें उन देशों में नये आन्दोलन पैदा भी करने लगी हैं, जो सम्पूर्ण उपमहाद्वीप को और अधिक विखण्डित करने का ही एक मार्ग है।

आई.आई.डी.एस. ने स्वयं को एक विचार मंच में बदल लिया है जो अन्तर्राष्ट्रीय ग्राहकों के लिए प्रायोजित शोध उत्पादित करता है। उदाहरण के लिए, इसके पास ईसाई सहायता के लिए एक प्रशिक्षण पुस्तिका तैयार करने की परियोजना है ताकि शेष भारत के मुकाबले गरीबों का सशक्तीकरण हो और उनको ईसाइयत में धर्मान्तरित किया जा सके।[84] एक अन्य परियोजना है जर्मन लुथेरन चर्च को योजनाएँ उपलब्ध कराने की ताकि भारत में विशेष समूहों को लक्ष्य बनाया जा सके।[85]

अपनी ईसाई नींव को छिपाकर इसने पन्थ-निरपेक्ष ग्राहकों को आकर्षित करने में भी सफलता पायी है। ऐसा एक उदाहरण है इसका वाशिंगटन स्थित इण्टरनैशनल फूड

पॉलिसी रिसर्च इंस्टीटयूट के लिए किया गया सामाजिक-आर्थिक शोध। इससे सम्बद्ध कुछ लोग आई.आई.डी.एस. में निहित ईसाई रूढ़िवाद को नहीं जानना चाहते, क्योंकि यह जनता के समक्ष वामपन्थी के रूप में उनकी अपनी छवि के अनुकूल है। उदाहरण के लिए, न्यू यॉर्क यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लॉ में सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स एण्ड ग्लोबल जस्टिस की फैकल्टी डायरेक्टर, स्मिता नरूला, आई.आई.डी.एस. के विदेशी एसोसिएट में से एक हैं।[86] अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में वे भारत के मानवाधिकार की निराशाजनक चित्रण प्रस्तुत करने में मार्टिन मैकवान के साथ सहयोग करती हैं।[87] उन्होंने संयुक्त राज्य कांग्रेस के समक्ष डी.एफ.एन. द्वारा वस्तुस्थिति की जानकारी देने के लिए की गयी बैठक में भी भाग लिया, जो दक्षिणपन्थी ट्रेन्ट फ्रैंक्स (जो डी.एफ.एन. के बोर्ड के सदस्य हैं) द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव के तहत आयोजित किया गया था, और जिसमें संयुक्त राज्य अमरीका की सरकार से अनुरोध किया गया था कि वह जातिगत भेदभाव के विषय पर भारत पर दबाव डाले।[88] फिर भी, यह उनके लिए महत्वपूर्ण है कि वे एक वामपन्थी के रूप में दिखें जो दक्षिणपन्थ से घृणा करती हैं।

आई.आई.डी.एस. ने प्रिंस्टन विश्वविद्यालय के सहयोग से भारत में शहरी श्रमिक बाज़ार में भेदभाव का अध्ययन करने के लिए अपनी शोध पद्धति देने के लिए एक त्रि-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।[89] अन्य पश्चिमी विश्वविद्यालय जो इसके ग्राहकों में हैं उनमें डेनमार्क यूनिवर्सिटी का धर्म विभाग; स्टॉकहोम यूनिवर्सिटी का समाजिक मानवशास्त्र विभाग; न्यू यॉर्क की सिटी यूनिवर्सिटी; और यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ करोलिना का इंस्टीटयूट ऑफ एफ्रिकन अमरीकन रिसर्च शामिल हैं।[90]

स्वीडिश साउथ एशियन स्टडीज नेटवर्क (एस.ए.एस.नेट.)

स्वीडिश साउथ एशियन स्टडीज नेटवर्क (एस.ए.एस.नेट.) को प्रभावी ढंग से आई.डी.एस.एन. के एक अंग के रूप में बदल दिया गया है। स्टॉकहोम एन्थ्रोपॉलॉजिकल रिसर्च ऑन इण्डिया (एस.ए.आर.आई.) भारत के अन्दर संघर्षों की छान-बीन करने के लिए एक विभाजनकारी ढाँचे के निर्माण के एस.ए.एस.नेट. के कार्यक्रम का एक अंग है। अच्छी तरह वित्त सम्पोषित इस कार्यक्रम की एक शोधकर्ता, ईवा-मैरिया हार्टमैन, आई.आई.डी.एस. की एक शैक्षिक शिक्षाविद के रूप में भी सूचीबद्ध हैं।[91] उनके शोध के विषयों में एक है 'हमारा क्रोध जल रहा है—दलित आन्दोलन में स्थानीय प्रथा और वैश्विक सम्पर्क' (Our Fury is Burning – Local Practice and GlobalConnections in the Dalit Movement)। इसके निकाले गये सारांश के अनुसार :

> यह अध्ययन समकालीन दलित आन्दोलन के अन्दर सांस्कृतिक के साथ-साथ सांगठनिक पक्षों पर ध्यान केन्द्रित करता है, ताकि पहचान के निर्माण से जुड़ी प्रक्रियाओं की पड़ताल की जा सके। ... यह भी प्रदर्शित किया जायेगा कि किस

प्रकार दलित गतिविधियाँ 'हिन्दुओं' और 'हिन्दू मूल्यों' के साथ उनके साझे मुख्य टकराव के सन्दर्भ में अनाभिव्यक्त ज्ञान की साझेदारी करने लगी हैं।[92]

'पहचान निर्माण से सम्बन्धित प्रक्रियाएँ' हार्टमैन के हस्तक्षेपों की ओर संकेत करती हैं, जैसा कि वे स्पष्ट करती हैं कि वे सूक्ष्म तरीकों से दलित पहचान को ईसाइयत की ओर मोड़ना चाहती हैं। उदाहरण के लिए, वे गाँधी के बारे में वी.टी. राजशेखर के अपमानजनक दृष्टिकोण को विशेष महत्व देती हैं, क्योंकि गाँधी ने समाधान के रूप में ईसाइयत में धर्मान्तरण को अमान्य कर दिया था।[93] हार्टमैन ने एस.ए.एस.नेट. द्वारा 2006 में आयोजित किये गये शैक्षिक विचार-विमर्श में भी भाग लिया था।[94] इसके भारत को विखण्डित करने के एजेंडे को 'वर्तमान भारत की विभिन्न छवियाँ' की अगुवाई करने के आवरण में ढँककर रखा गया था। स्वीडन के दलित सॉलिडैरिटी नेटवर्क ने चर्चा प्रारम्भ की और एक रपट भी साथ में रखी गयी जिसका शीर्षक था 'कोई छुटकारा नहीं—ब्रिटेन में वर्ण आधारित भेदभाव' (No Escape—Caste, Discrimination in the U.K.), जिसका उपयोग ब्रिटेन में प्रवासी भारतीय जनसंख्या को वर्ण-समर्थक प्रारूप में प्रस्तुत करने के लिए किया गया।[95]

यूनिवर्सिटी ऑफ कॉपेनहैगेन के क्रॉस-कल्चरल एण्ड रीजनल स्टडीज विभाग के पीटर बी. एण्डर्सन आई.आई.डी.एस. में एक शोध सहयोगी हैं जो ईसाई मिशन अध्ययनों पर काम करते हैं।[96] सन 2007 में, वह 'TELC (तमिल इवैंजेलिकल लुथेरन चर्च) अमंग कैथोलिक्स, पेंटेकोस्टलस एण्ड हिन्दूस' विषय पर बोले। उसी बैठक में, मुख्य वक्ता थे यूनिवर्सिटी ऑफ विस्कॉन्सिन, मैडिसन के प्रोफेसर रॉबर्ट एरिक फ्राइकेनबर्ग जिन्होंने 'भारत में मिशन और मिशन अभिलेख आधारित शोध' (Mision and Mision Archive related research in India), और 'राजनीतिक धर्म के रूप में हिन्दुत्व' (Hindutva as a political religion)पर शोध पत्र प्रस्तुत किये।[97] पूरा अभ्यास आक्रमण प्रारम्भ करने के पूर्व शत्रु के भू-भाग से जानकारियाँ ढूँढ़ने के सदृश ही अधिक दिखता है, न कि एक ऐसे शैक्षिक अभ्यास की तरह जिसका उद्देश्य सचमुच अन्य संस्कृति और समाज को समझना हो।

आई.डी.एस.एन. ने स्वीडन में गोष्ठियाँ भी आयोजित कीं, जिनमें इसके न्यासी एलोइसियस इरुदयम ने 'दलित स्त्रियाँ : सर्वाधिक उत्पीड़ित' (Dalit Women : The Most Opresed) जैसे विषयों पर व्याख्यान दिये। एक और स्टॉकहोम यूनिवर्सिटी गोष्ठी का आयोजन उपसला यूनिवर्सिटी के राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक स्टेन विडमाल्म (Sten Widmalm) के सहयोग से किया गया, जो भारत में ग्रामीण शासन का अध्ययन करते हैं।[98] सन 2007 में भारत के निर्मला निकेतन नामक एक कैथोलिक संस्थान के विद्यार्थियों ने डॉ. अम्बेडकर के जन्म दिवस पर एक रैली आयोजित करने के लिए आई.डी.एस.एन. के साथ सहयोग किया,[99] इस तथ्य को छिपाते हुए कि आई.डी.एस.एन. ने अम्बेडकर लिखित भारत के संविधान के विरुद्ध स्वयं को अन्य विरोधी शक्तियों के साथ गठजोड़ में शामिल कर रखा था।

इस प्रकार आइ.डी.एस.एन. साउथ एशियन स्टडीज के विद्वानों और स्वयं के अपने भारतीय सहयोगियों के बीच गठबन्धन बनाते हुए एक शक्तिशाली गठजोड़ बन गया है। आई.डी.एस.एन. के अलावा, दलित झण्डा उठाये और भी ईसाई प्रचारक संस्थान हैं, जो पश्चिमी ग्राहकों के लिए गुप्तचर-सूचनाएँ इकट्ठा करने की गतिविधियों को चलाते हैं जिनकी रुचि में शैक्षिक, ईसाई प्रचारक और राजनीतिक उद्देश्य शामिल हैं।

तमिलनाडु थियोलॉजिकल सेमिनरी

यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबर्ग के एक समाजशास्त्री ह्यूगो गोरिंज 'दलितों की सामाजिक-राजनीतिक लामबन्दी' (Socio-Political Mobilization of Dalit) विषय पर दक्षिण भारत में काम करते हैं। वह दलितों के साथ तत्काल निकट सम्बन्ध बनाने में सहायता के लिए तमिलनाडु थियोलॉजिकल सेमिनरी को धन्यवाद देते हैं। 'राजसी सम्मान देने के अलावा, उन्होंने मुझे राज्य के उत्तरी भाग के दलित आन्दोलन और आन्दोलनकारियों से परिचय कराया जिसे मैंने अन्यथा उपेक्षित कर दिया होता'।[100] उन्हें सेमिनरी में ठहराने वाले दलित रिसोर्स सेंटर का मुख्य उद्देश्य भारत में विभिन्न दलित आन्दोलनों की गतिविधियों के बारे में सूचना संकलित करना है।[101]

तमिलनाडु थियोलॉजिकल सेमिनरी विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय ईसाई प्रचारक संगठनों के साथ सहयोग के लिए एक केन्द्रीय एजेन्सी के रूप में काम करती है और अपने आँकड़ों के प्रभावशाली कोष का उपयोग दलित विषयों को ईसाई ढाँचे में ढालने की रूपरेखा तैयार करने में करती है। उदाहरण के लिए, यह युवा नेताओं को प्रशिक्षण देने के लिए कार्यशालाएँ आयोजित करती है; इन कार्यशालाओं का आयोजन स्टूडेंट्स क्रिश्चियन मूवमेंट द्वारा किया जाता है और वर्ल्ड काउंसिल ऑफ चर्चेज उन्हें प्रायोजित करता है। ऐसी 'सशक्तीकरण कार्यशालाओं' का लक्ष्य युवा विद्यार्थियों में जुनून की लहर पैदा करना है और इस प्रकार उन्हें भारत में ईसाइयत के प्रसार के लिए काम कर रहे विभिन्न समूहों में शामिल कराया जाता है।[102] इस तरह 'शक्तिसम्पन्न युवाओं' से आशा की जाती है कि वे अन्तर्राष्ट्रीय शक्तियों के इशारे पर नाचें जो शक्तियाँ धन की थैलियों, विदेश यात्रा के अवसरों, सम्मानजनक नियुक्तियों, और निःसन्देह सामाजिक और राजनीतिक जीवन की धर्मशास्त्रीय व्याख्या को नियन्त्रित करती हैं। दबे-कुचले लोगों का कल्याण एक सुविधाजनक शीर्षक है जिसके तहत यह सब काम किया जाता है।

गुरुकुल लुथेरन थियोलॉजिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च इंस्टीटयूट, चेन्नई

सन 1931 में स्थापित और 1953 में दर्जा बढ़ाये गये इस संस्थान का सम्बन्ध कुख्यात सेरमपुर कॉलेज से है, जिसका उपयोग कभी ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन को सुगम बनाने के लिए किया गया था।[103] इसमें दलित धर्मशास्त्र का एक विभाग है, जिसके अध्यक्ष हैं एम. अजारिया, जो 1983 में वर्ल्ड काउंसिल ऑफ चर्चेज की आम सभा में दलित विषयों का प्रतिनिधित्व करने वाले पहले व्यक्ति थे। अजारिया डब्ल्यू.सी.सी. जैसे अन्तर्राष्ट्रीय ईसाई मंच में दलितों के विषयों को उठाने वाले प्रारम्भिक भारतीय ईसाइयों में से एक थे, और एक विदेशी सभा में 'आन्तरिक भारतीय मामलों' को उठाने के लिए शुरू-शुरू में साथी भारतीय ईसाई प्रतिनिधियों द्वारा उनकी आलोचना की गयी थी।[104] वे डर्बन सम्मेलन में भी भाग ले चुके हैं।[105]

अजारिया ने एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में एड्रियन बर्ड के दलित धर्मशास्त्र पर पी-एच.डी. शोध प्रबन्ध के लिए अधिकांश आँकड़े दिये, जिसने निष्कर्ष निकाला कि 'हिन्दू धर्म से दलित बहिर्गमन' एक 'मुक्तिप्रदाता अनुभव' है।[106] दलित वॉयस में लिखने वाले अजारिया तर्क देते हैं कि हिन्दू सिद्धान्त दलितों को कैद करते हैं। एम.एम. टॉमस दलित वॉयस के एक अन्य प्रशंसक हैं और इसके समर्थन में धर्मशास्त्रों को उपलब्ध कराते हैं। यह हिन्दू धर्म के शैक्षिक अध्ययन का वह प्रकार है जिसे भारतीयों द्वारा बहुधा प्रस्तुत किया जाता है, जिसके लिए विदेशी संस्थानों द्वारा धन उपलब्ध कराया जाता है। इससे सृजित सामग्री की आपूर्ति पश्चिम के गुट बनाकर दबाव डालने वाले नेटवर्कों को की जाती है।

गुरुकुल कॉलेज वह आधार भी प्रदान करता है जिससे विदेशी ईसाई प्रचारक शिक्षण संस्थान विभिन्न लक्षित भारतीय समुदायों का अध्ययन करते हैं। इसका एक उदाहरण है गिंडा पी. हैराहाप का शोध प्रबन्ध, जिसे संयुक्त राज्य अमरीका की लुथर सेमिनरी में कॉन्ग्रिगेशनल मिशन ऐण्ड लीडरशिप पर डॉक्टर ऑफ मिनिस्ट्री की उपाधि के लिए प्रस्तुत किया गया था। शोध प्रबन्ध एक उदाहरण के रूप में गुरुकुल कॉलेज की रणनीतिगत भूमिका की जाँच करता है कि 'किस प्रकार भारतीय लुथेरन चर्चों ने धार्मिक बहुलतावाद और हिन्दू कट्टरपन्थ की चुनौतियों का उत्तर ''गरीबों और हाशिये पर मौजूद दलितों और आदिवासियों के बीच अपने मिशनरी कार्यों'' का लाभ उठाते हुए दिया है।[107] इस प्रकार, गुरुकुल भारतीय परम्पराओं के विरुद्ध ईसाई प्रचारक कार्यक्रमों के लिए जानकारी इकट्ठी करने के लिए एक केन्द्र के रूप में भी काम करता है।

सन 2006 में, भारत में जर्मनी के राजदूत ने लुथेरन मिशनरियों के आगमन की 300वीं वर्षगाँठ की अध्यक्षता की, और 2008 में जर्मनी के महावाणिज्य दूत इस अवसर पर सम्मानित अतिथि थे। गुरुकुल और गूर्ग-ऑगस्ट यूनिवर्सिटी, गॉटिन्जेन के बीच एक करारनामे पर हस्ताक्षर से जर्मन सम्पर्कों को और बढ़ावा मिला।[108] ऐसे सम्पर्क 'दलित धर्मशास्त्र' को प्रचारित करते हैं जैसा कि दलित वॉयस के पृष्ठों में व्यक्त किया गया है, और हिटलर के प्रशंसकों, यहूदियों के जनसंहार से इनकार करने

वालों, और चुनिन्दा षडयन्त्र सिद्धान्तकारों के साथ समान आधार की साझेदारी करते हैं।[109]

संस्थान का एक आयाम सामाजिक विकास भी है।[110] 'नयी अन्तर्राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था सम्बन्धी शोध केन्द्र' (Centre for Research on New International Economic Order, सी.आर.ई.एन.आई.ई.ओ.) की स्थापना 1979 में गुरुकुल कॉलेज में एक पन्थ-निरपेक्ष नाम से विकास सम्बन्धी एन.जी.ओ. के रूप में की गयी थी। सन 1998 के शैक्षिक वर्ष के बाद गुरुकुल, सी.आर.ई.एन.आई.ई.ओ. और फिनिश लुथेरन चर्च के विद्यार्थियों और कर्मचारियों का आदान-प्रदान कार्यक्रम चल रहा है। सी.आर.ई.एन.आई.ई.ओ. फिनिश और कनाडा की लुथेरन चर्चों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों में भी भाग लेता है।[111]

गुरुकुल एम्सटर्डम स्थित फ्री यूनिवर्सिटी की फैकल्टी ऑफ थियोलॉजी द्वारा विकसित किये गये 'कंटेकस्चुअल ऐण्ड क्रॉस-कल्चरल थियोलॉजी' (Contextual and Cros-Cultural Theology) में स्नातकोत्तर उपाधि कार्यक्रमों में एक महत्वपूर्ण भागीदार है, जिसका सौम्य-ध्वनि वाला उद्देश्य है 'अन्तर-सांस्कृतिक धर्मशास्त्री मिलन की सम्पन्नता की फसल काटना'।[112] इसके एक अंग के रूप में यह एक स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थी को उच्च शिक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष एम्सटर्डम भेजता है। ऐसे सम्पर्क संयोग नहीं होते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ एम्सटर्डम के डॉ. मार्टिन बाविंक ने 'वन सी, थ्री कन्टेनडर्स : लीगल प्लूरलिस्म इन द इनशोर फिशरीज ऑफ़ द कोरोमण्डल कोस्ट, इण्डिया' विषय पर अपना पी-एच.डी. शोध प्रबन्ध प्रस्तुत किया।[113] वे डॉमिनिकन चर्च के एक सक्रिय सदस्य हैं, जो दक्षिण भारतीय मछुआरे समुदायों पर आधिकारिक जानकारी वाले व्यक्ति बन गये हैं, और जो भारतीय तटीय समुदायों के लोक नियमों और अधिकारों पर अध्ययनों का नेतृत्व करते हैं। सन 2009 में, बाविंक कमिशन ऑन लीगल प्लूरलिज्म के अध्यक्ष नियुक्त किये गये, जो इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लीगल साइंस (आई.ए.एल.एस.) से सम्बद्ध एक अन्तर्राष्ट्रीय समिति है। यह विभिन्न पश्चिमी संस्थानों और स्थानीय एन.जी.ओ., जैसे मूवमेंट फॉर द रिकॉग्निशन ऑफ इण्डिजेनस पीपल्स राइट्स, के बीच एक शक्तिशाली बिचौलिये का काम करती है।[114] यह चर्च को तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों में धर्मान्तरण गतिविधियों को नियोजित करने में न केवल सहायता प्रदान करती है, बल्कि पश्चिम को रणनीतिगत रूप से महत्वपूर्ण भारत के तटीय क्षेत्रों के विकास की गतिविधियों और साथ ही साथ स्थानीय समुदायों को नियन्त्रित करने की अनुमति देती है। दक्षिण भारत के ईसाई मछुआरों में कैथोलिक चर्च की शक्तिशाली राजनीतिक पकड़ है। यह राजनीति में अत्यधिक सक्रिय है, जिसके लिए वह लैटिन अमरीकी मुक्ति धर्मशास्त्री प्रारूपों का उपयोग करती है, जिसे भारत में रह रहे यूरोपीय पादरियों ने भारतीय ईसाई नेताओं को सिखाया है।[115] यह सब 'विकास' की आड़ में किया जा रहा है।

लेकिन एक शोधकर्ता की रपट में एक अलग वास्तविकता बतायी गयी जो लिखते हैं, 'तटीय सामाजिक संगठनों के केन्द्र में कैथोलिक चर्च की भूमिका है जिले के कृषि और शहरी समुदायों से अलग मछुआरे गाँव स्थापित करना जहाँ प्रतिस्पर्धी संस्थागत शक्तियाँ धार्मिक संस्थानों की शक्ति को सीमित कर देती हैं।'[116] इसने मछुआरे समुदाय को रणनीतिगत रूप से भारत की लम्बी समुद्री सीमा पर रखा है, जिसके विदेशी शक्तियों की चपेट में पड़ने का जोखिम है।

दलित अलगाववाद का प्रचार करने वाले व्यक्तिगत विद्वान

अनेक व्यक्तिगत विद्वान भी, जिन्हें रणनीतिगत रूप से यूरोपीय देशों के नीति-निर्माता संस्थानों या भारतीय शैक्षिक संस्थानों में बैठाया गया है, इस विभाजनकारी ज्ञान के विकास और उसे कार्यान्वित करने को सुगम बनाते हैं। वे एक राष्ट्र के रूप में भारत के बारे में वैसा दृष्टिकोण प्रदान करते हैं जो फासीवाद और नस्लवाद अपना रहा है। वे महात्मा गाँधी समेत सभी भारतीय समाज सुधारकों को, एक दमनकारी सामाजिक व्यवस्था का समर्थक, के रूप में प्रस्तुत करते हैं। उन प्रत्येक भारतीयों को जो देशभक्त हैं, नस्लवादी संकल्पनाओं या उद्देश्यों वाला बताया जाता है, जबकि उन लोगों को जो भारतीय समाज को नस्लवादी तरीके से व्याख्यायित करते हैं या जो अलगाववाद को प्रोत्साहित करते हैं, प्रबुद्ध मानवतावादी बताया जाता है। क्रिस्टोफी जाफ्रीलॉट और गेल ऑमवेट ऐसे विद्वानों के उदाहरण हैं जिनके कार्य इस स्वरूप को प्रदर्शित करते हैं। इस प्रक्रिया को चित्र 17.2 में चित्रित किया गया है।

Fig. 17.2 भारत के विखण्डन में दो विद्वानों की विश्वदृष्टियों का समावेश

क्रिस्टोफी जाफ्रीलॉट (Christophe Jaffrelot)

क्रिस्टोफी जाफ्रीलॉट, 'अन्तर्राष्ट्रीय अध्ययन और शोध संस्थान' (Centre for International Studies and Research, meer., सी.ई.आर.आई.) के निदेशक, एक फ्रांसीसी विद्वान हैं जो दक्षिण एशिया के राजनीतिक विषयों का अध्ययन कर रहे हैं। वे यह कहते हुए ब्रितानी उपनिवेशवाद को भारत के दमित वर्गों के लिए एक मुक्तिदाता शक्ति के रूप में देखते हैं कि 'निचली जातियों की मुक्ति को सकारात्मक भेदभाव की एक व्यवस्था के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया है जिसे अंग्रेजों ने बनाया था'।[117]

जाफ्रीलॉट हिन्दू धर्म और हिन्दू सामाजिक नेताओं को, जिनमें महात्मा गाँधी भी शामिल हैं, लगातार वर्ण-पूर्वाग्रहों से ग्रस्त नेताओं के रूप में चित्रित करते हैं। गाँधी को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में चित्रित किया गया है जिन्होंने छुआ-छूत के विरुद्ध अपने संघर्ष में स्वयं से समझौता कर लिया और पीछे हटकर एक रूढ़िवादी हिन्दू पहचान अपना ली। जाफ्रीलॉट लिखते हैं :

> सन 1924 में ट्रावनकोर राज्य के वैखम दलितों ने एक स्थानीय मन्दिर में जा पाने या कम-से-कम मन्दिर से लगी सड़क का उपयोग करने के लिए सत्याग्रह प्रारम्भ किया। गाँधी ने इस जमावड़े का समर्थन किया और वैखम गये, लेकिन स्थानीय पुजारियों से उनकी बातचीत का कोई परिणाम नहीं निकला। पुजारियों ने उनके सभी समझौता प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया और उनके तर्कों ने उन्हें अस्पृश्यता के बारे में अपनी स्थिति पर पुनर्विचार के लिए उत्प्रेरित किया... वे वैखम आन्दोलन में रुचि खो बैठे और बाद में विभिन्न सार्वजनिक सभाओं में उन्होंने स्वयं को एक सनातनी घोषित किया, अर्थात् सनातन धर्म, रूढ़िवादी हिन्दुओं के अनुसार 'शाश्वत धर्म' का अनुयायी।[118]

यह विवरण पूरी तरह मनगढंत है, क्योंकि वास्तव में गाँधी ने स्वयं को वैखम सत्याग्रह के प्रारम्भ से पहले ही एक 'सनातनी हिन्दू' घोषित कर दिया था।[119] गाँधी प्रयास कर रहे थे (व्यापक सफलता के साथ) रूढ़िवाद से अपनाये गये सनातन धर्म और वर्णाश्रम शब्दों को एक अधिक समतावादी संकल्पना के उपयुक्त बनाने के। यह भी कि जाफ्रीलॉट द्वारा वैखम सत्याग्रह को एक विफल और सामाजिक समानता आन्दोलन की भावना को हतोत्साहित करने वाले के रूप में चित्रित करना एक भूल थी। केरल के प्रख्यात इतिहासकार, एस.एन. सदाशिवन, लिखते हैं :

> सत्याग्रह प्रगतिशील शक्तियों की जीत थी, एक सहसा उत्पन्न मानवीय उभार, सामाजिक पुनरुत्थान की एक बड़ी लहर और एक भँवर जिसने भारत भर के विकृत और हठी रूढ़िवाद को अन्तिम चेतावनी दी कि वे स्वेच्छा से अपनी युगों पुराने दमनकारी गतिविधियाँ समाप्त कर दें।...वैखम सामाजिक स्वतन्त्रता के लिए भारत में आयोजित होने वाले आन्दोलनों में सबसे बड़ा और सबसे लम्बा चलने वाला जनान्दोलन था और इसमें भाग लेने के लिए की गयी अपील पर सभी समुदायों के लोगों ने तत्काल अनुकूल प्रतिक्रिया व्यक्त की थी...[120]

वे और आगे ध्यान दिलाते हैं कि जाफ्रीलॉट के आरोपों के विपरीत, आन्दोलन का जोर कम होने के बदले वह वास्तव में केरल के अन्य मन्दिरों वाले शहरों तक फैल गया और विभिन्न पवित्र स्थानों के मन्दिरों की सड़कों पर दलित हिन्दू चले। सन 1927 में गाँधी भी पुन: केरल आये और सरकार को उसके वचनों की याद दिलायी। अन्तत: सरकार नरम हुई और प्रत्येक व्यक्ति द्वारा, चाहे उसका जन्म किसी भी समुदाय में क्यों न हुआ हो, बिना किसी रोक-टोक के मन्दिरों के आसपास की सड़कों के उपयोग करने के अधिकार को माना।[121]

जाफ्रीलॉट किसी भी सामाज सुधारक के सकारात्मक गुणों की माप इस पैमाने पर करते हैं कि उन्होंने स्वयं को हिन्दू समाज से कितना अलग किया है। इस प्रकार जोतिबा गोविन्दराव फुले (1827-90) की प्रशंसा 'निचली जातियों को एक वैकल्पिक मूल्य व्यवस्था देकर उन्हें संस्कृतमय करने के फन्दे' से बचाकर निकालने के लिए की गयी। पहली बार उन्हें एक जातीय समूह के रूप में प्रस्तुत किया गया था जिसे

एक प्राचीन स्वर्णिम युग की विरासत मिली थी और इसलिए जिसकी संस्कृति व्यापक हिन्दू समाज की संस्कृति से अलग थी'।[122] दूसरे शब्दों में, फुले की भारतीय समाज की विभाजनकारी व्याख्या ने जाफ्रीलॉट की योजना में उनके लिए एक विशेष स्थान अर्जित किया। जाफ्रीलॉट फुले के ईसाइयत और ईसा मसीह के प्रति सम्मोहन की प्रशंसा करते हैं :

> फुले के लिए ईसा मसीह समानता और भ्रातृत्व के प्रतीक हैं। वे उन्हें गरीबों का प्रवक्ता मानते हैं।... ईसाई मूल्यों और प्रतीकों को सामान्य लोगों के बीच उन्हीं की भाषा में बताते हुए लोकप्रिय बनाने के माध्यम से फुले ने लोगों को एक नयी, सकारात्मक पहचान से सम्पन्न किया।[123]

जहाँ जाफ्रीलॉट ने हिन्दू राजनीति में नस्लवाद का अविष्कार करने के लिए घुमावदार तरीके वाला रास्ता अपनाया, उन्होंने द्रविड़ पहचान गढ़ने में नस्लवाद के प्रचलन के प्रति आँखें मूँदे रखने वाला रवैया विकसित कर लिया। वे ई.वी. रामास्वामी की प्रशंसा एक 'पश्चिमी व्यक्तिवादी धारा में समतावादी' के रूप में करते हैं।[124] जाफ्रीलॉट ने इस तथ्य पर भी गुमराह किया कि कुड़ी अरसु, रामास्वामी के आन्दोलन की आधिकारिक शोध पत्रिका, खुले रूप से हिटलर की प्रशंसा करती है और यहूदियों तथा ब्राह्मणों के बीच समानान्तर ढूँढ़ निकालती है। कुड़ी अरसु व्यापक रूप से हिटलर के यहूदियों से घृणा करने के कारणों को उद्धृत करती है, जैसा कि मीन काम्फ में पाया जाता है और किस प्रकार उन्होंने जर्मन समाज में यहूदियों के वर्चस्व को समाप्त करने का संकल्प लिया था। यह प्रशंसात्मक ढंग से वर्णन करती है कि किस प्रकार हिटलर ने जर्मनी में यहूदियों के प्रभुत्व को समाप्त करने के अपने संकल्पित वचन को पूरा किया, और यह चेतावनी देती है कि दक्षिण भारत के ब्राह्मण वही ख़तरा उपस्थित करते हैं जो पूर्व-नाजी जर्मनी में यहूदी करते थे।[125] वे पेरियार के अफ्रीकी-द्रविड़ नस्लवाद की प्रशंसा 'निचली जातियों की पहचान की एक प्रत्यक्ष जातीय अवधारणा' के रूप में करते हैं। वे उनकी स्थिति की तुलना दक्षिण अफ्रीका के अश्वेतों से करते हैं।

जाफ्रीलॉट को पश्चिमी संस्थानों द्वारा हिन्दू राष्ट्रवादी आन्दोलन पर एक आधिकारिक व्यक्तित्व माना जाता है। उनके शोध ग्रन्थ 'भारत में हिन्दू राष्ट्रवादी आन्दोलन' (The Hindu Naूग्onaत्ग्ेू श्दनसहू in India) को 1996 में कोलम्बिया यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा प्रकाशित किया गया था। वे हिन्दू राष्ट्रवाद को निरन्तर एक जातीय राष्ट्रवाद के रूप में चित्रित करते हैं,[126] और इसे एक 'विशेष प्रकार का नस्लवाद' बताते हैं।[127] उनके शोध को उत्पीड़न साहित्य में व्यापक रूप से 'डहिन्दू समूहों के एक आधिकारिक अध्ययन' के रूप में उद्धृत किया गया था जिसकी गुजरात के दंगों के बाद पश्चिमी समाचार माध्यमों में बाढ़ आ गयी थी।[128] भारत से सम्बद्ध फ्रांस की विदेश नीति में जाफ्रीलॉट का प्रबल प्रभाव भी है। सी.ई.आर.आई.,

जहाँ वे काम करते हैं, एक विचार मंच है जो सी.ए.पी., फ्रांस के विदेश मन्त्रालय की नीति योजना ईकाई, के साथ मिलकर काम करता है।[129]

गेल ऑमवेट (उaग्त् ध्स्न्ू) : द्रविड़ों और दलितों को इकट्ठा करना

जोड़-तोड़ कर दलित अध्ययनों को एक स्वरूप देने वाले शिक्षाविदों में गेल ऑमवेट का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। वे बर्कले स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया की एक समाजशास्त्री हैं, और सन 1983 में भारत की नागरिक बनीं। वे उन्नीसवीं शताब्दी की औपनिवेशिक श्रेणियों को मार्क्सवाद के अधीन संरचनाओं के साथ मिलाती हैं, और भारतीय संस्कृति को इस रूप में देखती हैं कि वह अगड़ी जातियों द्वारा निचली जातियों को हज़ारों वर्षों से अपने अधीन रखने के लिए रची गयी है। कोई भी चीज जिसने उपनिवेशवाद के विरुद्ध भारतीयों को उनके संघर्ष में एकजुट किया वे केवल 'उच्च-जाति के प्रतीक' हैं।[130] यहाँ तक कि वे आर्य श्रेष्ठता की प्रवृत्ति महात्मा गाँधी में भी बताती हैं, यह कहते हुए कि उन्होंने 'आर्यों को अपने पूर्वजों के रूप में देखा। उन्होंने जिसे उद्योगवाद की बुराई के रूप में देखा उसके विपरीत उन्होंने आदर्श, सामंजस्यपूर्ण ग्रामीण समाज की ओर वापस जाना चाहा जिसमें परम्पराएँ ही शासन करती थीं। इसे ही उन्होंने राम राज्य कहा'।[131]

ऑमवेट मध्यवर्गीय दलितों को फटकारती हैं जब वे स्वयं को शेष भारतीय समाज के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत करते हैं, और कहती हैं कि वे अपनी जड़ों के प्रति लज्जित हैं।[132] इस प्रकार, ऑमवेट लॉर्ड रिस्ली की 'हिन्दू समाज से अनार्यों की बड़ी संख्या को अलग करने की ब्रिटिश औपनिवेशिक परियोजना' को पुनर्जीवित कर रही हैं।[133] इसके अतिरिक्त, यह दावा करते हुए वे हिन्दू धर्म को नस्लवाद से जोड़ने के प्रयास करती हैं कि 'लोगों को किसी-न-किसी कारण जैविक संरचना में नीच और सामाजिक रूप से ख़तरनाक के रूप में देखा जाता है'।[134]

वे दलित और द्रविड़ आन्दोलनों की परस्पर विरोधी धाराओं में सैद्धान्तिक तालमेल बिठाने के प्रयास करती हैं।[135] ऑमवेट द्रविड़ आन्दोलन के तमिल पहचान तक सीमित हो जाने को एक विफलता की तरह देखती हैं। इसके बदले वे सम्पूर्ण भारत में एक द्रविड़ उपस्तर की पहचान चाहती हैं। वह 'एक तथ्य' के रूप में कहती हैं कि 'द्रविड़ (या तमिल)-भाषी सिंधु घाटी सभ्यता पश्चिमोत्तर भारत में स्थित थी' और वे 'सभी स्थानों पर अनार्य (प्राय: द्रविड़, कभी-कभी ऑस्ट्रो-एशियाई या अन्य) लोकप्रिय धार्मिक पन्थों के मूल और सम्पूर्ण भारत में सांस्कृतिक प्रथाओं के साक्ष्य' देखती हैं।[136] इन 'तथ्यों' के आधार पर वे वैसे आन्दोलन शुरू करने के प्रयास कर रही हैं जो उसे नकारेगा जिसे वह 'वैदिक-आर्य विरासत' कहती हैं। उनके शैक्षिक शोध का स्पष्ट उद्देश्य भारतीय संस्कृति का दानवीकरण करना और सम्पूर्ण भारत के विखण्डन और विद्रोह को वैध ठहराना।

सन 2001 में डर्बन में वर्ण को नस्ल के समतुल्य बताने के अभियान में वे इसके समर्थन में दलीलें देने वाले ईसाइयों के साथ मिल गयी थीं। प्रमुख भारतीय समाजशास्त्री आन्द्रे बेटेल ने ऐसे प्रयासों को 'राजनीतिक रूप से शरारतपूर्ण' और 'इससे भी बदतर, वैज्ञानिक रूप से बकवास' कहा।[137] गेल ऑमवेट ने इसके उत्तर में दो भागों में एक आलेख लिखा जिसका शीर्षक था 'वर्ण, नस्ल और समाजशास्त्री' (Caste, Race and Sociologists), जिसमें उन्होंने विशेष रूप से केवल आर्य नस्ल के सिद्धान्त पर ही भरोसा किया जिसका उपयोग औपनिवेशिक भारतविदों ने वर्ण-व्यवस्था को व्याख्यायित करने के लिए किया था।[138] उनकी बेहद शान से की गयी अम्बेडकर की प्रशंसा और एक लोकप्रिय ठप्पे के रूप में अम्बेडकर के उपयोग के बावजूद उनके द्वारा कही गयी बातों का एक भी उद्धरण नहीं दिया गया, हालाँकि अम्बेडकर ने इस विषय विशेष पर कई खण्डों में लिखा था। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि अम्बेडकर को उद्धृत करने से उनकी अपनी स्थिति का खण्डन हो जाता, क्योंकि अम्बेडकर ने आर्यों द्वारा आक्रमण किये जाने के सिद्धान्त का दो-टूक खण्डन किया था।

ऑमवेट तो मैककिम मैरिऑट (McKim Mariot) रॉनल्ड इण्डेन (Ronald Inden)और निकोलस डर्क्स (Nicholas Dirks) जैसे समकालीन विद्वानों के शोधों का भी अवमूल्यन करती हैं, जिन्होंने वर्ण-व्यवस्था को मजबूत बनाने में ब्रितानी उपनिवेशवाद की भूमिका को दिखाया; वे इन विचारों को 'हिन्दुत्व के सर्वाधिक कट्टर तर्ककर्ताओं को प्रसन्न करने वाले' के रूप में देखती हैं।[139]

जहाँ वे भारतीय राष्ट्र के विरुद्ध तर्क देती हैं और भारतीय उद्योगपतियों की आलोचना करती हैं, वे भारतीय अर्थव्यवस्था के उस ढंग से वैश्वीकरण का समर्थन करती हैं, जो भारत को पश्चिम का अनुचर बना देगा। उनके पूर्व वामपन्थी सहकर्मी वैश्वीकरण पर उनके रुख का विश्लेषण करते हुए उनके लेखन में उल्लेखनीय निरन्तरता पाते हैं। वे इस बात पर ध्यान दिलाते हैं कि किस प्रकार वे ब्रिटिश शासन के लिए दलितों के मुँह में अंग्रेजी राज के लिए प्रशंसा के शब्द डालती हैं। इन आलोचकों के अनुसार :

> ऐसी स्थिति ऑमवेट के हाल के उदारवाद समर्थक रुख को आधिकारिक बनाती है : नव-उपनिवेशवाद और आर्थिक निर्भरता अमूर्त शैक्षिक अवधारणाएँ हैं, जो कृषि समुदाय के जीवन के लिए अप्रासंगिक हैं।[140]

ऑमवेट दलित मोर्चों का उपयोग करने वाले ईसाई प्रचारक आन्दोलनकारियों के साथ काम करती हैं। जहाँ संयुक्त राज्य अमरीका में डी.एफ.एन. और यूरोप में आई.डी.एस.एन. दलित कार्ड का उपयोग करते हुए भारत को दी जाने वाली अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक सहायता को नियन्त्रित करने के प्रयास कर रहे हैं, वहीं ऑमवेट ने ईसाई आन्दोलनकारी मार्टिन मैकवान और उनके आई.आई.डी.एस. सहकर्मी सुखदेव थोराट के साथ सन 2000 में 'सामाजिक न्याय परोपकारिता : धन उपलब्ध

कराने वाले संगठनों का नजरिया और रणनीतियाँ' (Social Justice Philanthropy: Approaches and Strategies of Funding Organizations)नामक पुस्तक प्रकाशित की है। इस पुस्तक का उद्देश्य है विश्व भर की धन दाता एजेंसियों को सुझाव देना, ताकि वे अपने धन वर्ण विभाजन की उनकी अवधारणा के समर्थन में दें।[141]

पराकाष्ठा

इस अध्याय में दिये गये कुछ संगठनों और व्यक्तियों के वर्णन के अलावा अनगिनत दूसरे भी हैं। उदाहरण के लिए, सन 2008 में एक मध्य यूरोपीय ईसाई नेटवर्क BosNewsLife के सदस्य विशाल अरोड़ा ने वॉशिंगटन के सेंटर ऑन धर्म एण्ड पॉलिटिक्स में एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।[142] इस शोध पत्र ने हिन्दू धर्म को दलित अधिकारों के विरुद्ध के रूप में, तथा ईसाई राजनीतिक समूहों को उनके लिए संघर्षरत के रूप में चित्रित किया। विभिन्न भारतीय राज्यों में धोखाधड़ी से धर्मान्तरण को रोकने के लिए जो कानून लागू हैं उन्हें अरोड़ा द्वारा 'धर्मान्तरण-विरोधी' कानूनों के रूप में चित्रित किया गया। उनके शोध पत्र ने उत्पीड़न के आँकड़े दिये और सेंट टॉमस के (हिन्दुओं के हाथों) शहीद होने को भारत में ईसाइयत के प्रारम्भ के रूप में वर्णित किया।[143] उन्होंने अनेक ईसाई प्रचारक और मिशनरी संगठनों का वर्णन 'धार्मिक स्वतन्त्रता के क्षेत्र में सक्रिय रूप से संलग्न' के रूप में किया।[144]

> ये सब संस्थान और व्यक्ति एक अच्छी तरह संयोजित अन्तर्राष्ट्रीय अभियान के अंग हैं जो यूरोपीय एजेंसियों को हर उपलब्ध संसाधन के माध्यम से वर्ण समस्या के अन्तर्राष्ट्रीयकरण करने के लिए समर्थन देता है। सन 2009 में टाइम्स ऑफ इण्डिया में छपे एक समाचार के अनुसार भारतीय अधिकारियों ने भारत को 'यूरोपीय देशों' द्वारा एक नवीकृत भारत-विरोधी आक्रमण का मुकाबला करता हुआ पाया, 'जो भारत को इस आरोप पर पछाड़ना चाहते हैं कि वर्ण-व्यवस्था नस्लवाद का ही एक स्वरूप है' और कि 'स्कैंडिनेवियाई देशों ने वर्ण-व्यवस्था पर अपने पुराने रुख को पुनर्जीवित कर लिया है'। भारतीय अधिकारियों ने इसकी वजह इस क्षेत्र में स्थिरता पर पैदा होने वाले अन्तर्निहित ख़तरे को स्पष्ट कर दिया है, क्योंकि तब 'भारत का प्रत्येक वर्ण एक भिन्न नस्ल हो जायेगी'।[145]

18
भारत की ईसाई उम्मत

'भारत में अन्तर्राष्ट्रीय और साथ ही स्थानीय चैनलों का ईसाई प्रसारण का उद्‌भव राष्ट्रों की भौगोलिक सीमाओं से बहुत दूर तक जाकर एक ''ईसाई उम्मत'' के साथ पहचान स्थापित करने के लिए स्थान उपलब्ध कराता है।'

—प्रदीप नाइनन टॉमस, भारतीय ईसाई विद्वान[1]

हमने देखा है कि किस तरह विदेशी विद्वता का उपयोग लगभग दो शताब्दियों से भारतीय पहचान में हेर-फेर करने के लिए किया जाता रहा है, और किस तरह हाल के अन्तर्राष्ट्रीय हस्तक्षेप विभिन्न अलगाववादी समूहों को शक्तिसम्पन्न बनाते हैं। भारत के गरीब क्षेत्रों में ईसाई प्रचारक चैनलों के माध्यम से विदेशी धन की बहुत बड़ी राशि के आ जाने से चर्च और उनसे जुड़े मिशन कुकुरमुत्तों की तरह उग आने योग्य बन गये हैं। बहुधा, नये चर्च स्थानीय संस्कृतियों और परम्पराओं के विरुद्ध झड़पों में शामिल होते हैं, जिन्हें नये-नये धर्मान्तरित लोगों के मन में एक बुराई की तरह चित्रित किया जाता है। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु के कन्याकुमरी जिले में इस गहन रणनीति ने एक ईसाई बहुसंख्यक वर्ग का सृजन कर भी दिया है, और अब सार्वजनिक उत्सवों, या उनकी परम्पराओं या प्रतीकों के प्रदर्शन के समय हिन्दुओं पर भारी दबाव डाला जाता है। वैसे प्रचार के माध्यम से, जो अन्य बहुलतावादी समाजों में घृणित साहित्य माने जायेंगे, नये धर्मान्तरित लोग भर्ती किये जाते हैं। हिन्दू धर्मस्थलों को बहुधा हिंसात्मक तरीकों से नष्ट किया जाता है और स्थानीय गाँवों के नाम ईसाई नामों में बदले जाते हैं। आदिवासी आध्यात्मिक और चिकित्सा प्रणालियों को विलुप्त किया जा रहा है, और विदेशी विकल्पों से उन्हें हटाया जा रहा है या उनका नाम बदलकर ईसाइयत में मिलाया जा रहा है।

यह आक्रामक धर्मान्तरण बहुधा स्थानीय लोगों में हिंसात्मक प्रतिक्रियाएँ उत्पन्न करता है जो अपनी संस्कृति और परम्पराओं को इन आक्रमणों से बचाने का प्रयास करते हैं। क्रोधित मूल निवासी बहुधा समर्थन के लिए हिन्दू राष्ट्रवादी संगठनों की ओर मुड़ते हैं, क्योंकि पन्थ-निरपेक्ष समूह ऐसे पचड़ों से अलग ही रहना पसन्द करते हैं या ईसाई पक्ष को ही सहायता देना पसन्द करते हैं। उसके बाद ऐसे गठबन्धनों को समाचार माध्यमों द्वारा ईसाइयत से संघर्षरत हिन्दू राष्ट्रवादियों के रूप में चित्रित किया जाता है, तब भी जब इन झड़पों में से अनेक उस समय प्रस्फुटित हुई होती हैं जब मूल निवासी अपनी ऐतिहासिक पहचान और संस्कृतियों की रक्षा करना चाह रहे होते हैं। आक्रामक ईसाई धर्मान्तरण ने इस हिंसा चक्र को भड़काया है।

ईसाई प्रचारक संगठनों द्वारा समर्थित अन्तर्राष्ट्रीय समाचार माध्यम ऐसे काण्डों को व्यापक रूप से प्रसारित करते हैं, लेकिन ईसाई प्रचारकों की प्रारम्भिक भड़काऊ

गतिविधियों की उपेक्षा करते हैं। इस प्रकार के समाचार माध्यमों द्वारा ध्यान केन्द्रित करने के परिणामस्वरूप उत्पीड़न साहित्य का उत्पादन होता है। पश्चिम में समाचार माध्यमों, शिक्षाविदों, और नीति निर्माताओं के बीच उत्पीड़न साहित्य के कुटीर-उद्योग का प्रसार होता है। संघर्ष वाले क्षेत्रों को अन्धकार वाले क्षेत्र के रूप में चित्रित किया जाता है जो सभ्य विश्व के हस्तक्षेप की बाट जोह रहा है। यह पश्चिम से ईसाई प्रचारक हितों के लिए और अधिक धन के लिए उत्प्रेरित करता है, और यह चक्र चलता रहता है।

चित्र 18.1 इन प्रक्रियाओं का एक सिंहवलोकन प्रस्तुत करता है, जिसका वर्णन और अधिक विस्तार से किया जायेगा।

Fig. 18.1 हिंसा के चक्र का सृजन

संस्थाओं को धन देना और उन्हें बनाना

यह अध्याय दिखायेगा कि अन्तर्राष्ट्रीय ईसाई प्रचारक संगठनों ने विकास जैसी पन्थ-निरपेक्ष अवधारणाओं के उपयोग के माध्यम से भारत के ईसाईकरण के लिए महत्वाकांक्षी योजनाएँ बनायी हैं। वर्ल्ड विजन जैसे संगठन ने, जिसने पश्चिमी गुप्तचर एजेंसियों के साथ भागीदारी कर ली है, सम्पूर्ण भारत में व्यापक अवसंरचना (नेटवर्क) सृजित करने के लिए भारी वित्तीय राशि का निवेश किया है। पश्चिम से सरकारी सहायताएँ, जैसे यू.एस.एड द्वारा धन देना भी, इन ईसाई प्रचारक संस्थानों के माध्यम से किया जा रहा है।

समाचार माध्यम

भारत में इसाइ प्रचारक सैटेलाइट टीवी चैनल कुकुरमुत्ते की तरह उग आये हैं ताकि वे ईसाइयत के रूढ़िवादी संस्करण का प्रसार कर सकें जो जनसमुदाय को संयुक्त राज्य अमरीका के दक्षिणपन्थी ईसाइयों से भावनात्मक रूप से जोड़ते हैं। हम यह प्रदर्शित करेंगे कि ऐसे खुल्लम-खुल्ला ईसाई प्रचारक चैनलों के अतिरिक्त ईसाई पत्रकारों ने सुनियोजित तरीके से भारत के पन्थ-निरपेक्ष समाचार माध्यमों में घुसपैठ की है, जहाँ वे दुनिया को भारत का उत्पीड़न साहित्य प्रदान करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय ईसाई मीडिया नेटवर्क (जैसे गेग्राफा और बॉसलाइफ) द्वारा तैनात किये जाते हैं।

गुप्तचरी

डेनवर स्थित प्रोजेक्ट जोशुआ जैसी बड़े पैमाने पर चलायी जा रही परियोजनाओं द्वारा, भारतीय समुदायों के व्यापक मानवशास्त्रीय अध्ययन कराये जा रहे हैं। ईसाई प्रचारक बिक्री और पश्चिमी गुप्तचर एजेंसियों के साथ आँकड़ों के आदान-प्रदान के लिए वे हर एक भारतीय समुदाय का विवरण तैयार करते हैं। वे अन्तर-राष्ट्रीय एजेन्सियों के मार्ग को सुगम बनाते हैं ताकि वे भारतीय समुदायों में अपने हस्तक्षेप का बन्दोबस्त दूर से ही कर लें। इसमें ईसाइयत के बारे में शिक्षित करने की आड़ में सामाजिक उथल-पुथल पैदा करना भी शामिल है जो लक्षित समुदायों को कमजोर बनाता है। ऐसे भी संस्थान हैं जो ईसाई प्रचारक उद्देश्यों के लिए भारत का शैक्षिक अध्ययन करते हैं और जिनके भारतीय ईसाई प्रचारक संस्थानों के साथ औपचारिक सम्बन्ध हैं।

ये सभी कारक मिलकर भारत में एक प्रबल जनाधार निर्मित करते हैं जो वित्तीय, सांस्थानिक और भावनात्मक स्तर पर पश्चिम के दक्षिणपन्थ पर निर्भर हो। चित्र 18.2 प्रदर्शित करता है कि किस प्रकार विभिन्न पश्चिमी एजंसियाँ—सरकारी और गैर-सरकारी दोनों प्रकार के खिलाड़ी—सामाजिक और राजनीतिक स्तरों पर प्रभावी नियन्त्रण के लिए भारत में संस्थागत ढाँचों को सहारा देने वाला तन्त्र निर्मित करने में निवेश कर रहे हैं।

Fig. 18.2 भारत में अन्तर-राष्ट्रीय नियन्त्रण और हस्तक्षेप लिए संस्थाओं का निर्माण

संयुक्त राज्य अमरीका आधारित भारतीय ईसाइयत का विस्तार

ईसाई प्रचारक संगठनों के माध्यम से भारत के अन्दर पश्चिमी प्रभुत्व के लिए प्रभावी ढंग से एक आधार निर्मित किया जा रहा है। उद्देश्य है एक रूढ़िवादी ईसाइयत का प्रसार और उसमें विश्वास करने वाले अनुयायियों की ऐसी जनसंख्या का निर्माण जिसका पश्चिम के प्रति प्रबल भावनात्मक सम्बन्ध और उस पर निर्भरता हो। संयुक्त राज्य अमरीका में ईसाई दक्षिणपन्थ विशेष रूप से सक्रिय है और इस मामले में महत्वाकांक्षी भी।

भारत के संविधान निर्माताओं ने ईसाई प्रचारक आक्रमण के विरुद्ध मूल निवासी समुदायों के धर्मों की रक्षा के लिए कानून बनाये थे। लेकिन भारत के अन्दर और बाहर की ईसाई प्रचारक शक्तियाँ इन कानूनों को हटाने के लिए मिलकर प्रयास कर रही हैं, जो संवेदनशील सीमाक्षेत्रों के राज्यों, जैसे अरुणाचल प्रदेश और हिमाचल प्रदेश, और भारत में अन्यत्र गलत हथकण्डे अपनाकर धर्मान्तरण करना प्रतिबन्धित करते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के क्वीन्सलैण्ड विश्वविद्यालय के पत्रकारिता और संचार के प्राध्यापक, प्रदीप नाइनन टॉमस (Pradip Ninan Thomas), स्पष्ट करते हैं कि किस

प्रकार संयुक्त राज्य अमरीका का गठजोड़ तमिलनाडु की राजनीति में गहरी घुसपैठ कर चुका है :

> जहाँ पैट रॉबर्टसन, पॉल क्रोच और अन्य भारत में राजनीति को प्रभावित करने में सीधे संलग्न नहीं हैं, वे संयुक्त राज्य अमरीका में एक गुट के रूप में अवश्य ही काम कर रहे हैं। उनके भारतीय समकक्ष स्थानीय राजनीति में अत्यधिक संलग्न हैं। जहाँ एजरा सर्गुनम, जिन्होंने एव्री ट्राइब, एव्री टंग सम्मेलन का आयोजन किया था, डी.एम.के. से जुड़े हुए हैं (इसी कारण डी.एम.के. और कांग्रेस के बड़े प्रभावशाली नेता, जिनमें भारतीय वित्त मन्त्री पी. चिदम्बरम भी शामिल थे, उस सम्मेलन में उपस्थित रहे), एस.आई.एस.डब्ल्यू.ए. ट्रस्ट (साउथ इण्डिया सोल विनर्स एसोसिएशन) जो टी.बी.एन. के वितरण अंग के रूप में काम करता है, के डॉ. प्रकाश ए.आई.ए.डी.एम.के. के प्रबल समर्थक हैं और राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष भी। ईसाई प्रचारकों द्वारा धार्मिक सम्मेलनों और धर्मान्तरण के आयोजन के लिए अनुमति हेतु राजनीतिक सम्पर्क आवश्यक होते हैं, जैसे कि बेनी हिन का है, जिनका भारत में कुछ वर्गों द्वारा विरोध किया जाता है। इसके बदले में ये संगठन भारी मात्रा में विदेशी धन उपलब्ध कराने वाले भामाशाह बनते हैं, विशेषकर संयुक्त राज्य अमरीका से आने वाले धन के लिए, जो भारत के राजनीतिक सन्दर्भ में बहुत बड़े आयोजन करने के लिए आवश्यक है, जैसे बेनी हिन के क्रूसेड।[2]

इसके बाद, हम संयुक्त राज्य अमरीका स्थित प्रमुख खिलाड़ियों की एक दृष्टान्त सूची प्रस्तुत करेंगे।[3]

विशाल मंगलवादी : भारत के पैट रॉबर्टसन

विशाल मंगलवादी एक भारतीय अमरीकी ईसाई प्रचारक हैं जिनका सन्देश आश्चर्यजनक ढंग से यूरोप केन्द्रित ईसाइयत है। वे दावा करते हैं कि अंग्रेजों के अधीन उपनिवेशवाद भारत के लिए बहुत अच्छा था, और उन्होंने ब्रितानी औपनिवेशिक काल के सबसे दुष्ट ईसाई प्रचारक, विलियम कैरी (Wiliam Carey), की विशेष रूप से प्रशंसा करते हुए एक पुस्तक लिखी है।[4] उनका शोध यह है कि भारत के कष्ट इसके मूर्तिपूजक धर्म के कारण ही रहे हैं। भारत उन समाजों में से एक है जिसने 'अनेक स्थानीय और क्षेत्रीय देवताओं की ओर देखा है', या 'स्वयंसिद्ध प्रमाण मान लिया है कि जीवन का उद्देश्य परम शून्य के साथ एकाकार होना है जो अन्तिम सत्य है', या किसी तरह 'गूढ़ दार्शनिक और धार्मिक रहस्यों' में खो गया है। वहीं दूसरी ओर, 'एकमात्र सभ्यता जिसने अपनी प्रेरणा के लिए मुख्य रूप से बाइबल की ओर ही देखा, वह पश्चिम है, जो कि मानवीय क्रूरता, निराशा और पतन पर विजय पाने में सक्षम रहा है', और सभी भारतीयों के लिए यही अनुकरणीय प्रारूप होना चाहिए। वे खेद प्रकट करते हैं कि पश्चिम अपनी सफलता में आत्मतुष्ट हो गया है, यह

भूलते हुए कि बाइबल ही वह 'पुस्तक थी जिसने पश्चिम को विश्व अर्थव्यवस्था, राजनीति और संस्कृति में सबसे आगे रखा था'।[5]

मंगलवादी औपनिवेशिक ईसाई धर्मान्तरण को 'औपनिवेशिक शासन को सुधारने और भारत का भला करने के लिए' एक भद्र प्रयत्न मानते हैं। इतिहास की उनकी व्याख्या यह है कि जहाँ भारत की स्वतन्त्रता महात्मा गाँधी के आन्दोलन के परिणामस्वरूप आयी, वहीं वास्तव में भारत की स्वतन्त्रता ईसा मसीह के सन्देश द्वारा उत्पादित फल है। भारत का एक स्वतन्त्र और आधुनिक राष्ट्र में रूपान्तरण एक विशाल प्रयोग था जिसे बाइबल के विश्व दृष्टिकोण से संचालित नेताओं द्वारा परिकल्पित और कार्यान्वित किया गया था। ये महान नेता, उनके अनुसार, अंग्रेज़ ईसाई प्रचारक थे! दूसरे शब्दों में, अंग्रेज ईसाई प्रचारकों को ही भारत के सच्चे संस्थापक माना जाना चाहिए।

वे गाँधीवादी अहिंसा की ख्याति को भी झूठ मानते हैं जिसे 'फिल्म में किस्से की तरह गढ़ा गया' है।[6] वे सारे हिन्दू धर्म को हिन्दुत्व के समतुल्य, सारे हिन्दुत्व को 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' और 'सांस्कृतिक फासीवाद' से युक्त बताते हैं। **भारतीय लोकतन्त्र विफल हो गया है**, वे आरोप लगाते हैं, और इसका कारण यह है कि इसने बाइबल का उपयोग अपने दिशा निर्धारण यन्त्र के रूप में नहीं किया। वे ऐसी भाषा में योग पर प्रहार करते हैं जो वस्तुनिष्ठ और बौद्धिक दिखती है, और इस तरह वे जो प्रदान कर रहे हैं उसे अधिकांश पश्चिमी लोग योग और हिन्दू धर्म के विभिन्न पन्थों का एक अत्यधिक विचारशील और सन्तुलित विश्लेषण मानेंगे।[7] लेकिन उनके निष्कर्ष पूर्वाग्रह से ग्रस्त और अपमानजनक हैं। उदाहरण के लिए, वे बल देकर कहते हैं कि सत्य तक पहुँचने के लिए तन्त्र पागलपन के उपयोग के बारे में नहीं हिचकता। तन्त्र मानता है कि स्वयं सृष्टि एक दिव्य पागलपन है; इसलिए, स्वस्थचित्तता को ईश्वर के मन्दिर के बाहर छोड़ ही देना होगा।

चूँकि वे इस परिकल्पना से प्रारम्भ करते हैं कि हिन्दू धर्म एक भ्रम है, विभिन्न गुरुओं और पन्थों का उनका विश्लेषण उन्हें इन दो सम्भावनाओं तक पहुँचाता है : 'प्रश्न है कि क्या वे मादक पदार्थों के कारण भ्रम में हैं, या क्योंकि उन्होंने अपनी आध्यात्मिक यात्रा का प्रारम्भ एक झूठे विश्व दृष्टिकोण से किया जिसे उन्होंने गलती से सत्य का मानचित्र मान लिया था?' हिन्दू धर्म की मौलिक समस्या नैतिकता है, जिसे केवल बाइबल ही सुलझा सकता है, वे बल देकर कहते हैं। यह दर्शन या योग सम्बन्धी प्रयासों द्वारा सुलझने योग्य नहीं है। नीचे उद्धृत अंश का पहला पैराग्राफ उनके रोगनिर्णय का सार प्रस्तुत करता है कि भारतीय संस्कृति हिन्दू धर्म के कारण पीड़ित है और उसके बाद का पैराग्राफ बाइबल के अनुसार उनका निदान प्रस्तुत करता है :

> भारतीय दार्शनिक परम्परा, अपनी सारी तेजस्विता के बावजूद, एक ऐसी संस्कृति को जन्म नहीं दे सकी जिसने मानवाधिकार और व्यक्तियों के

> अन्तर्निहित मूल्य को स्वीकार किया। न ही योग का एकेश्वरवाद भारतीय समाज को परम नैतिकता के लिए एक ढाँचा दे सका—सही और गलत, न्यायपूर्ण और अन्यायपूर्ण की एक प्रबल भावना। योग अभ्यासों ने हमारे शरीरों को लचीलापन प्रदान किया है, लेकिन दुर्भाग्यवश योग के दर्शन ने हमारी नैतिकताओं को कुछ अधिक ही लचीलापन ला दिया है—और हमें [अर्थात भारतीयों को] विश्व के सर्वाधिक भ्रष्ट राष्ट्रों में से एक बना दिया है।
>
> बाइबल सिखाती है कि मानव की समस्या जैविक या पराभौतिक नहीं बल्कि **नैतिक** है। ईश्वर ने मनुष्य की उत्पत्ति एक अच्छे जीव के रूप में की थी। (क्या आप एक सर्वशक्तिमान सृष्टिकर्ता से इससे अलग किसी और चीज की आशा करेंगे?) हमारे पहले माता-पिता [ऐडम और ईव] ने ईश्वर की अवज्ञा करने का मार्ग चुना और इसलिए पापी बन गये। वही प्रवृत्ति हम सभी तक चलती चली आयी... बचपन से ही हमारा रुझान बुराई की ओर है... हमारी केन्द्रीय समस्या, बाइबल के अनुसार, यह है कि हम पापी हैं। हमें एक दैवी त्राता की आवश्यकता है जो हमारे पापों को क्षमा कर दे और हमारे हृदयों को—हमारे अस्तित्व के मर्मस्थल को रूपान्तरित कर दे।[8]

मंगलवादी आगे दावा करते हैं कि ब्रितानी साम्राज्य के माध्यम से ईसाइयत के सभ्य बनाने वाले प्रभावों के पूर्व भारतीय धर्म मूलत: बर्बर था। वे बल देकर कहते हैं कि अंग्रेजी राज को हटाने से भारत फिर से फिसलकर वापस बर्बरता में चला गया :

> लेकिन अब जबकि भारत में ईसाई प्रभाव घट गया है, पुराना तान्त्रिक पन्थ खुले-आम सतह पर वापस आ रहा है। भारत में लगभग बावन ज्ञात केन्द्र हैं जहाँ तन्त्र की शिक्षा दी जाती है और उसका अभ्यास कराया जाता है। अपने सर्वाधिक अपरिष्कृत रूप में इसमें यौन अंगों की पूजा, यौन नंगे नाच भी शामिल होते हैं जिनमें रक्त और मानव वीर्य पीना, काला जादू, मानव बलि और शमशान भूमि में मृत व्यक्तियों के सड़ते शवों के माध्यम से दुष्ट आत्माओं से सम्पर्क भी शामिल हैं, आदि।[9]

उनके व्याख्यान और शोध पत्र विश्व भर के प्रमुख धर्मशास्त्रीय केन्द्रों में प्रस्तुत किये गये हैं। वे अमरीकी ईसाई प्रचारक और शैक्षिक समर्थन का उपयोग करते हुए भारत की धार्मिक राजनीति में भी अत्यधिक सक्रिय हैं।[10] पहले उन्होंने पन्थ-निरपेक्ष राजनीति भी आजमायी और वे सत्ता के पद तक पहुँचे। सन 1990 के दशक में, जनता दल के राष्ट्रीय मुख्यालय में कृषि सुधार के पर्यवेक्षण के प्रभारी भी बनाये गये, जो उस समय भारत की सत्तारूढ़ पार्टी थी।[11] उसके बाद उन्होंने मध्य प्रदेश में 'ग्रामीण विकास' के लिए एक ईसाई संगठन शुरू किया, दिल्ली में एक धर्मशास्त्री शोध संस्थान स्थापित किया, और कई दशकों तक भारत में विभिन्न अल्पसंख्यक राजनीतिक पार्टियों में भाग लिया। अब वे अपनी इन सभी विशेषज्ञताओं का उपयोग अमरीकी विश्वविद्यालयों के परिसरों में 'दक्षिण एशिया के लिए शैक्षणिक संसाधन' विकसित

करने, और साथ ही साथ अमरीकी सेमिनेरियों के लिए 'हिन्दू अध्ययन' विशेषज्ञता प्रदान करने में कर रहे हैं।[12]

हर प्रकार के ईसाई शास्त्रियों द्वारा व्यापक रूप से यह 'प्रमाणित' करने के लिए मंगलवादी को आधिकारिक रूप से उद्धृत किया जाता है कि हिन्दू धर्म श्रेष्ठता में ईसाइयत से नीचे है। उदाहरण के लिए, एक वेबसाइट उनकी आधिकारिकता का उल्लेख यह दावा करने के लिए करती है कि हिन्दुओं में 'ईसाई दान प्रवृत्ति को समझने में वास्तविक कठिनाई है क्योंकि हिन्दू धर्म में ऐसी कोई समान परम्परा नहीं है'।[13]

उनके लेखन भारत में साम्प्रदायिक गृह युद्धों और वर्ण-आधारित युद्धों की चर्चा विस्तार से करते हैं। माओवादी-ईसाई हत्यारों द्वारा एक अस्सी वर्षीय वृद्ध हिन्दू साधु की हत्या के बाद उड़ीसा में हुई हाल की साम्प्रदायिक हिंसा के आलोक में मंगलवादी ने एक फ्रांसीसी ईसाई पत्रिका *Journal Chretien* में एक लम्बा लेख लिखा। उन्होंने विस्तार से लिखा कि किस तरह ईसाइयों और माओवादियों का एक साथ होना खनिज सम्पदा से समृद्ध पूर्वी राज्य उड़ीसा में एक नयी सत्ता संरचना को जन्म दे सकता है :

> उड़ीसा में ईसाई समर्थक माओवादियों ने अनेक विशिष्ट हिन्दू नेताओं को, जो ईसाई विरोधी हिंसा के लिए जिम्मेवार हैं, पहले ही चेतावनी दे रखी है कि उनके ही नाम उनके अगले निशाने पर हैं। कुछ सौ 'ईसाई-माओवादी' गुरिल्ला उड़ीसा में सत्ता-समीकरण बदल देंगे।[14]

स्वाभाविक प्रसन्नता के साथ वे अपने पाठकों को सूचित करते हैं कि 'कम-से-कम एक अच्छे अमरीकी ईसाई (सम्भवत: जो ईसाई-माओवादी गठजोड़ से अनभिज्ञ हैं) ने अपने कांग्रेस सदस्य से पूछा है कि क्या उन्हें उड़ीसा में ईसाइयों को बन्दूकें खरीदने में सहायता देनी चाहिए'। भारत की बीमारियों के लिए 'हिन्दू धर्म के देवताओं, जिनके तुष्टिकरण की आवश्यकता है', पर आरोप लगाते हुए वे शोक व्यक्त करते हैं कि हिन्दुओं ने 'अंग्रेज ईसाइयों द्वारा निर्मित स्वच्छ संस्थानों' को भ्रष्ट कर दिया है। पन्थ-निरपेक्षता के एक कट्टर विरोधी, वे लिखते हैं :

> पन्थ-निरपेक्ष लोकतन्त्र विफल हो गया है, लेकिन भारत में कोई वैसा मंच नहीं है जो बाइबल के आर्थिक और राजनीतिक चिन्तन की शिक्षा देता है। चर्च को अपने युवाओं को सुधार के लिए प्रशिक्षित करना चाहिए और न्याय के संस्थानों को चलाना चाहिए जिसे हिन्दू पन्थ-निरपेक्षता ने भ्रष्ट कर दिया है। ईसा मसीह और माओ उड़ीसा में एक साथ हो गये हैं, क्योंकि हज़ारों वर्षों से दमित लोगों ने हिन्दू सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था के विरुद्ध खड़े होने का निर्णय किया है।[15]

रवि जकारियाज इंटरनैशनल मिनिस्ट्रीज

सम्पूर्ण उत्तर अमरीका का एक शक्तिशाली ईसाई नेटवर्क, रवि जकारियाज अन्तर्राष्ट्रीय दूतालय (Ravi Zacharias Internatinal Ministries), राजनीतिक सिद्धान्त और धन दोनों प्रदान करने के लिए भारतीय समूहों के साथ दृढ़तापूर्वक जुड़ा हुआ है। उनमें से कुछ जोरदार ढंग से अन्तर्राष्ट्रीय अनुदानों की याचना करते हैं, जबकि अन्य व्यक्तिगत धर्मादा दान पर भरोसा करते हैं। कुछ अपने ईसाई प्रचारक सम्पर्कों का उल्लेख करते हैं, जबकि अन्य अपनी धार्मिक जड़ों के बारे में अधिक नहीं बताते। फिर भी सभी कुछ हद तक गोरों के अपराध बोध पर भरोसा करते हैं ताकि वे भारत के दबे-कुचले लोगों को बचाने में उनकी सहायता कर सकें।

मंगलवादी के ऐसे निकट सहयोग के उदाहरणों में एक हैं रवि जकारियाज।[16] सन 1984 में उन्होंने संयुक्त राज्य अमरीका में रवि जकारियाज इंटरनैशनल मिनिस्ट्रीज की स्थापना की, 'ईसाई धर्मान्तरण, ईसाई मण्डनवाद और प्रशिक्षण' के मिशन के साथ।[17] जकारियाज युवाकाल में उत्तर अमरीका चले गये थे, जहाँ अन्य लोगों के अलावा बिली ग्राहम द्वारा उनका पोषण किया गया था। वे सर्वाधिक प्रभावी पादरियों में से एक बन गये हैं जो धर्मशास्त्रियों, सरकारी नीति निर्धारकों और विद्यार्थियों को परामर्श देते हैं और जिनका विश्व भर में प्रभाव है।

उन्हें एक ऐसे व्यक्ति के रूप में स्थापित किया गया है 'जो हिन्दू धर्म में डूबे रह कर पले-बढ़े',[18] हालाँकि वास्तव में वह एक ऐसे परिवार से आते हैं जो कई पीढ़ियों से ईसाई रहे हैं।[19] हिन्दू धर्म का मूल 'दक्षिण के काली चमड़ी वाले द्रविड़ों, भारत के मूल निवासियों' और 'गोरी चमड़ी वाले अपनी ही मूर्तिपूजक धर्म के मिश्रण वाले आर्यों' के धार्मिक विश्वासों के मिलन में ढूँढ़ निकालते हुए,[20] वे द्रविड़ ईसाइयत को आगे बढ़ाते हैं, जिसके लिए वे दक्षिण भारतीय विद्वानों—आदि शंकर से लेकर डॉ. राधाकृष्णन तक—की परम्परा में सेंट टॉमस को भी घुसाते हैं।[21] मंगलवादी की तरह वे भी विकासशील देशों की सभी सामाजिक समस्याओं के लिए पूर्वी धर्मों को दोषी ठहराते हैं, जबकि उपनिवेशवाद के प्रभावों को पूरी तरह अनदेखा कर देते हैं। उनके द्वारा थाईलैंड में वेश्यावृत्ति की उच्च दर को बौद्ध धर्म से जोड़े जाने ने संयुक्त राज्य अमरीका के एक वर्ग में आक्रोश उत्पन्न किया और उनकी कड़ी आलोचना की गयी।[22]

जकारियाज, दक्षिणपन्थी राजनीतिक लेखक दिनेश डी'सूजा और राजनीतिज्ञ तथा लुईसियाना के गवर्नर बॉबी जिन्दल जैसे अन्य भारतीयों के साथ, अमरीकी ईसाइयों में महत्वपूर्ण हो गये हैं। हालाँकि डी'सूजा और जिन्दल कैथोलिक हैं, वे भी जकारियाज की तरह राजनीतिक रूप से दक्षिणपन्थी प्रोटेस्टेंट रूढ़िवादी शक्तियों के साथ मिले हुए हैं।[23] उदाहरण के लिए, सन 2008 में बॉबी जिन्दल ने वैज्ञानिकों के विरोध की उपेक्षा की और एक विधेयक को अनुमति दे दी (लुईसियाना साइंस एडच्यूकेशन ऐक्ट) जिसे व्यापक रूप से 'राज्य में सृष्टिवाद के द्वार खोलना' माना जाता है।[24]

इंटरनैशनल इंस्टीटयूट ऑफ चच मैनेजमेंट

भारतीय ईसाइयत फैलाने के लिए सर्वाधिक प्रबलता से अनुदान की याचनाओं में से एक का दृष्टान्त भारत स्थित इंटरनैशनल इंस्टीटयूट ऑफ चर्च मैनेजमेंट द्वारा दिया गया है,[25] जो अमरीकी संगठनों को याचना पत्र भेजता है। उनके पत्रों में से एक इस कथन के साथ प्रारम्भ होता है : 'हम निम्नलिखित परियोजनाओं के लिए 10 लाख डालर के अनुदान हेतु आवेदन करना चाहेंगे'। जिन गतिविधियों के लिए यह धन की याचना करता है वे इस प्रकार सूचीबद्ध हैं :

- भारत में एक चर्च खरीदना या निर्मित करना
- गरीब विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति जो धर्मशास्त्रीय महाविद्यालयों के शुल्क भुगतान नहीं कर सकते
- भारत और विदेशों में ईसाई नेतृत्व गोष्ठियाँ आयोजित करना; 'नेतृत्व' हिन्दू धर्म के बारे में नकारात्मक विचारों का प्रसार करने के लिए एक सभ्य शब्द है, जैसे 'मुक्ति' ईसाई धर्मान्तरण के लिए
- अनाथालयों, विधवाओं, वृद्धों, अपंगों और अन्य जरूरतमन्द लोगों के लिए जो आपदाओं से पीड़ित हैं
- बच्चों के लिए सहायता
- पुस्तकालयों के लिए पुस्तकें
- अवसादग्रस्त लोगों के लिए परामर्श
- धर्मशास्त्री अध्ययनों के लिए दिन में चलने वाले महाविद्यालय, सन्ध्या में चलने वाले महाविद्यालय और आवासीय महाविद्यालय के रूप में ईसाई पुरोहिताई के कार्यों का विस्तार
- भारत की विभिन्न भाषाओं और बोलियों में ईसाई पुस्तकों के अनुवाद
- ऑनलाइन इंटरनेट, टीवी, वीडीसी, डीवीडी, रेडियो, पुस्तकों और पत्रिकाओं के माध्यम से ईसा मसीह के सन्देश का प्रसार
- सुदूर क्षेत्रों में जिन लोगों तक पहुँच नहीं है, वहाँ तक पहुँचना

यह याचना पत्र सैकड़ों ईसाई धार्मिक, खैराती और सामाजिक कार्य परियोजनाओं की सेवा में पच्चीस वर्षों की मिनिस्ट्री के रिकार्ड का उल्लेख करता है। ऐसी याचना भारत और संयुक्त राज्य अमरीका दोनों देशों में शुद्ध रूप से वैध है। यह भारतीय ईसाई प्रचारक समूह अपने पत्र में सबसे ऊपर अपनी सम्बद्धताओं का उल्लेख करता है, और इनमें शामिल है : इंटरनैशनल इंस्टीटयूट ऑफ चर्च मैनेजमेंट ऑफ न्यू यॉर्क; अमरीकन एक्रेडिटिंग एसोसिएशन ऑफ थियोलॉजिकल इंस्टीटयूशन्स, नॉर्थ कैरोलाइना; एपोस्टॉलिक काउंसिल ऑफ एडच्यूकेशनल अकाउंटैबिलिटी, कोलोराडो;

और नैशनल एसोसिएशन फॉर थियोलॉजिकल एक्रिडिटेशन, बेंगलुरू। अहानिकारक दिखने वाले ये संस्थान भारतीय लोगों के बीच वास्तव में ईसाई रूढ़िवाद फैलाते हैं, जिसमें सृष्टिवाद का छद्मविज्ञान भी शामिल है।[26]

वर्ल्ड विजन (World Vision)

वर्ल्ड विजन सबसे बड़े ईसाई बहुराष्ट्रीयों में से एक है और धर्मान्तरण कराने की इसकी भूख अत्यन्त आक्रामक है। इसकी कुख्याति एक पश्चिमी विद्वान द्वारा दिये गये निम्न विवरण से ही स्पष्ट है :

